# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-26-09-2024

# पंजाब पुलिस ने एक युवक को उठाया

**पिपराइच (एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बरसैनी टोला उजरी पट्टी में बुधवार अपराह्न पंजाब से आयी पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया।

मिली जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी वाजिद अली सालों से बाहर रहता था। इधर कुछ महीनों से घर आया था। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार इधर कुछ महीनों में वाजिद अली का रहन-सहन काफी विलासितापूर्ण हो गया था। जिसे गांव वाले बाहर की कमाई समझ रहे थे। आज शाम को पंजाब पुलिस ने पिपराइच थाने पुलिस के सहयोग से उक्त युवक को उसके घर से हिरासत में लिया। उसके घर से दो बैग जिसमें कुछ सामान था उसे भी पंजाब पुलिस अपने कब्जे में लेकर चली गयी। इस सम्बन्ध में पिपराइच थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम आनंद सिंह ने बताया कि मामला बाहर का था। पंजाब से पुलिस आयी थी एक युवक को अपने साथ ले गयी है उन्होंने कहा कि साइबर सेल से संबंधित मामला है।

# हत्या के प्रयास के जुर्म में एक को चार साल की कैद

गोरखपुर (एसएनबी)। हत्या के प्रयत्न का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव ने बिहार राज्य के पश्चिमी चंपारण जिले के बगहा थाना क्षेत्र के कैलाश नगर निवासी अभियुक्त बृजेश साहनी उर्फ विदेशी को चार साल के कठोर कारावास एवं पांच हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को चार माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रविंद्र यादव एवं प्रमोद मौर्य का कहना था कि वादी एसएचओ मंगला प्रसाद सिंह 23 अगस्त 2011 को शांति व्यवस्था और चेकिंग गश्त में मामूर थे। गश्त करते समय छावनी रेलवे स्टेशन पहुंचे तो जरिए मुखबीर सूचना मिली सात आठ बदमाश असलहे से लैस होकर ट्रेन में घटना करने के फिराक में पिपराइच रेलवे स्टेशन पर एकत्र हुए है। जिस पर अभियुक्तों ने जान मारने की नियत से पुलिस वालो पर फायर करना शुरू कर दिया। पुलिस वाले भी आवश्यक बल प्रयोग कर घेरकर एक अभियुक्त को रेलवे लाइन के किनारे से पकड़ लिया।पकड़े गए व्यक्ति से नाम पता पूछा गया ओर जमा तलाशी में उसके पास से एक अवैध तमंचा और दो कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में उसने बताया कि करीब 15 दिन पूर्व ट्रेन में लूटपाट की थी।

# दो संदिग्धों को लोगों ने पकड़ा, पुलिस ने छोड़ा

- शाहपुर क्षेत्र में खाकी वर्दी में दोनों मांग रहे थे चंदा
- सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को बताया बहरूपिया

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : शाहपुर क्षेत्र के लोगों में नकाबपोश की दहशत बनी हुई है। इस बीच बुधवार को शिवपुर सहबाजगंज सेक्टर नंबर तीन में घर-घर चंदा मांग रहे संदिग्ध दो युवकों को लोगों ने पकड़ लिया। दोनों खाकी वर्दी पहने हुए थे। पूछताछ के बाद लोगों ने पुलिस को बुलाकर सिपुर्द कर दिया। पुलिस ने दोनों को थाने ले जाने के बाद यह कहते हुए छोड़ दिया कि बहरुपिया हैं। पुलिस का कहना है कि इनके दो और साथी क्षेत्र में घूमकर मांग रहे थे। उनसे भी पूछताछ की गई है।

शाहपुर क्षेत्र में एक सप्ताह से लोगों में नकाबपोश की दहशत है। लोगों के घरों में लगे सीसी कैमरे में अर्धनग्न युवक नुकीले हथियार के साथ घूमते हुए कैद हुए हैं। इससे लोग सतर्क हैं। बुधवार को शिवपुर सहबाजगंज सेक्टर नंबर तीन में दो युवक मंदिर बनवाने के लिए एक घर से चंदा मांगने पहुंचे। आशंका होने पर लोगों ने पकड़कर पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि वह मध्य प्रदेश के उज्जैन शहर के रहने वाले हैं। मंदिर निर्माण के लिए उनकी टीम गुजरात समेत कई शहरों में चंदा मांग रही है। दोनों ने खाकी वर्दी पहनी थी, जिस पर लगे नेमप्लेट व बैज पर बहरूपिया लिखा था। उनके पास एक डायरी भी मिली। इसमें कई शहरों के अधिकारियों और थाने की मुहर लगी थी। फोटो और कुछ प्रमाण पत्र भी थे। शाहपुर पुलिस का कहना है कि पूछताछ में दोनों ने बताया कि उनके दो और साथी हैं। उन्हें भी थाने बुलाकर पूछताछ की गई तो चारों ने अपना नाम लालनाथ, अमरनाथ, लालदेव और मुकेश नाथ बताया। चारों कोतवाली क्षेत्र की एक लान में ठहरे हैं और शहर में घूमकर करतब और कला दिखाकर रुपये मांगते हैं।

सादे कपड़े में घूम रही पुलिस: नकाबपोश की दहशत से शाहपुर क्षेत्र के हनुमंत नगर, सालिकराम नगर, मानस विहार समेत अन्य मोहल्ले के लोग रात भर टोली बना पहरा दे रहे हैं। लाठी, डंडा, टार्च लेकर सीटी बजाकर घूम रहे हैं। वहीं, शाहपुर पुलिस की टीम भी सादे कपड़े में अलग-अलग क्षेत्रों में घूम रही है।

# पुरानी रंजिश में मारपीट के मामले में केस दर्ज

जासं, गोरखपुर : गुलरिहा क्षेत्र के ग्राम बजहां में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। बजहां निवासी गोलू भारती ने पुलिस को बताया कि 24 सितंबर की रात 11 बजे पड़ोसी सुनेल, ऋतु के साथ दो अज्ञात लोग लाठी-डंडा लेकर आए और पुरानी रंजिश में घर से कुछ दूरी पर सो रहे पिता को पीटने लगे। शोर मचाते वह घर पहुंचे तो आरोपित वहां भी आ गए और पिता के साथ उन्हें और पत्नी को भी पीटा। ग्रामीणों के आने पर आरोपित फरार हो गए।

**एसडीओ के सीयूजी नंबर पर फोन कर दी गाली:** गोरखपुर : विद्युत वितरण खंड प्रथम के एसडीओ के सीयूजी नंबर पर फोन कर एक व्यक्ति ने गाली देते हुए पीटने और पावर हाउस में आग लगाने की धमकी दी। एसडीओ ने बुधवार को गुलरिहा थाने में शिकायत की। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसडीओ प्रद्युम्न सिंह ने बताया कि मंगलवार की रात 11:30 बजे सीयूजी नंबर पर उपभोक्ता ने फोन किया था।

**शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, केस दर्ज:** गोरखपुर : शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। बुधवार को युवती ने थाने में तहरीर दी, जिसके आधार पर सहजनवां पुलिस ने आरोपित विशाल यादव पर केस दर्ज किया है।

युवती का आरोप है कि युवक एक वर्ष से शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बना रहा था। शादी करने के लिए कहने पर मारने की धमकी देने लगा।

# नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दस वर्ष का कारावास

गोरखपुरः नाबालिग से दुष्कर्म करने का आरोप सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट राहुल आनंद ने चौरी चौरा थाना क्षेत्र के दुधई निवासी अभियुक्त अजीत को दस वर्ष का कठोर कारावास एवं दस हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को तीन माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक राघवेंद्र त्रिपाठी एवं अरविंद श्रीवास्तव कहना था कि घटना 26 मार्च, 2015 की सुबह करीब चार बजे की है। अभियुक्त वादी की 16 वर्षीय बेटी को बहला फुसलाकर कर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर उक्त निर्णय दिया।

हत्या के प्रयास मामले में एक को चार वर्ष का कारावास : गोरखपुर : हत्या के प्रयत्न का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव ने बिहार राज्य के पश्चिमी चंपारण जिले के बगहा थाना क्षेत्र के कैलाश नगर निवासी अभियुक्त बृजेश साहनी उर्फ विदेशी को चार वर्ष का कठोर कारावास एवं पांच हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को चार माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रविंद्र यादव एवं प्रमोद मौर्य का कहना था कि वादी एसएचओ मंगला प्रसाद सिंह 23 अगस्त, 2011 को शांति व्यवस्था और चेकिंग गश्त में थे। उसी समय छावनी रेलवे स्टेशन पहुंचने पर मुखबिर से सूचना मिली कि सात आठ बदमाश असलहे से लैस होकर ट्रेन में घटना करने के फिराक में पिपराइच रेलवे स्टेशन पर एकत्र हुए है। पुलिस वालों के मौके पर पहुंचे। अभियुक्तों ने जान मारने की नीयत से पुलिस वालों पर फायर शुरू कर दिया। पुलिस वाले भी आवश्यक बल प्रयोग किया और घेरकर एक अभियुक्त को रेलवे लाइन के किनारे से पकड़ लिया। उसकी जाम तलाशी में उसके पास से एक अवैध तमंचा और दो कारतूस बरामद हुआ।

# क्षेत्राधिकारी खजनी को दी गई भावभीनी विदाइ

**GORAKHPUR (25 Sept):** . खजनी क्षेत्राधिकारी दरवेश कुमार के स्थानांतरण बांसगांव हो गया है. बुधवार को सीओ कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमे थानाध्यक्ष खजनी सदानंद सिन्हा, क्षेत्राधिकारी के स्टाफ व खजनी तहसील के लोग शामिल हुए, लोगों ने उन्हें माला पहना कर सम्मानित किया. कार्यक्रम में एसआई विवेक चतुर्वेदी, आलोक कुमार तिवारी, सनी चौधरी सुदामा व अन्य लोग मौजूद रहे.

# चार घंटे तक लापता रही छात्रा अपहरण की सूचना से हड़कंप

बांसगांव, हिन्दुस्तान संवाद। क्षेत्र से 12वीं की एक छात्रा कॉलेज से छुट्टी के बाद चार घंटे लापता रही तो परिजनों ने अपहरण की सूचना दे दी। पुलिस को बताया गया कि छात्रा का अपहरण हो गया है। यह सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई और फिर तालाब के पास से युवती को बरामद कर लिया।

बताया जा रहा है कि उसके पास से एक मोबाइल फोन भी मिला है जिससे एक नंबर पर बातचीत हुई है। पुलिस ने युवती की निशानदेही पर उसकी साइकिल बरामद कर ली है। फिलहाल, चार घंटे छात्रा कहां रही और उसके साथ क्या घटना हुई है, इस गुत्थी को पुलिस सुलझाने में जुटी है।

बांसगांव इलाके के एक गांव की रहने वाली इंटर की छात्रा पास के ही इंटर कॉलेज में 12वीं की छात्रा है। वह रोजाना दोपहर में एक बजे छुट्टी होने के बाद घर चली आती थी लेकिन आज पांच बजे तक घर नहीं लौटी तो परिजन परेशान हो गए। परिजनों को किसी ग्रामीण ने अपहरण की जानकारी दे दी। इसके बाद पिता ने डायल 112 पर अपहरण करने की जानकारी दे दी। यह सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई। इसी बीच युवती एक तालाब किनारे मिल गई। गांव वालों को तब उसने बताया कि नशीला पदार्थ सुंघाकर अपहरण कर लिया गया था। महिला पुलिस कर्मी उससे पूछताछ कर रही है।

# खराब ईंट पर एसपी नार्थ ने लगाई फटकार

पिपराइच। थाना परिसर में चार मंजिला बैरक निर्माण में खराब ईंट देखकर एसपी नार्थ ने कड़ी फटकार लगाई। बुधवार को पिपराइच थाना में पहुंचे एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव खराब ईंटों को देखकर बिफर गए। इस दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था के प्रबंधक को फटकार लगाते हुए ईंट को वापस करा दिया। कड़े शब्दों में सुधार करने का निर्देश दिया। पिपराइच थाना परिसर में करीब दो करोड़ रुपये की लागत से कुल 32 कमरों सहित चार मंजिला बैरक का निर्माण हो रहा है। साथ ही चार कक्षों के विवेचना भवन का निर्माण भी होना है। बुधवार को एसपी नार्थ अचानक थाने पहुंचे। निर्माण के लिए ट्रॉली पर सेम ईंट जाते देखकर उन्होंने जांच की।

# कैंपियरगंज में ऑटो चालक ने दर्ज कराया केस

कैंपियरगंज। क्षेत्र के महावनखोर के पास सोनौली हाइवे पर मंगलवार को ऑटो व कार की टक्कर में पुलिस ने ऑटो चालक अरविंद पांडेय की तहरीर पर टाटा नेक्सान कार के चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया। जानकारी के मुताबिक, महराजगंज जनपद के कोल्हुई थाना क्षेत्र के महदेवा पांडेय निवासी ऑटो चालक अरविंद पांडेय ने पुलिस को बताया कि मंगलवार की सुबह 6.30 बजे फरेंदा से सवारी लेकर पीपीगंज की ओर जा रहा था।

# छात्रा से छेड़खानी का उलाहना देने पर पीटा

घघसरा। सहजनवा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा से मनबढ़ युवक ने अश्लील बातें करते हुए छेड़खानी की। आरोप है कि उलाहना देने गए युवती के भाई को आरोपी और परिजनों ने मारपीट कर घायल कर दिया। छात्रा के भाई की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा को मनबढ़ युवक परेशान करता था। 22 सितंबर को कोचिंग से आ रही छात्रा को रास्ते में रोककर मनबढ़ अश्लील बातें करने लगा। विरोध पर छात्रा को जान से मारने की धमकी दी।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, केस दर्ज

सहजनवा। क्षेत्र के एक गांव की युवती ने युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। युवती ने शादी करने को कहा तो युवक ने इनकार कर दिया। इसके बाद युवती ने थाने में तहरीर दी। इसके आधार पर केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। युवती का आरोप है कि युवक एक वर्ष से शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बना रहा था। शादी करने के लिए कहने पर मारने की धमकी देता था। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर लिया गया है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# भटहट में पुरानी रंजिश में मारपीट, केस दर्ज

भटहट। गुलरिहा क्षेत्र के ग्राम बजहां में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट मामले में पुलिस ने अज्ञात समेत चार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। बजहां निवासी पीड़ित गोलू भारती ने पुलिस को बताया कि 24 सितंबर की रात 11 बजे उसके पट्टीदार बुनेल, ऋषु के साथ दो अज्ञात लोग लाठी डंडा लेकर आये और पुरानी रंजिश को लेकर उसके पिता जो घर से कुछ दूरी पर सो रहे थे। आरोपित उन्हें मारने पीटने लगे। मारपीट से जान बचाकर शोर मचाते हुए भागकर घर पहुंचे। शोर सुनकर पारिवारिक लोग बीच बचाव करने पहुंचे। तभी आरोपित उसे व उसकी पत्नी व माता को मारने पीटने के साथ ही गालियां देने लगे। उधर, मारपीट व शोर सुनकर गांव के लोग पहुंचकर जान बचाई इसके बाद भी आरोपित जान से मारने की धमकी देने लगे। पुलिस आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज करते हुए जांच पड़ताल कर रही है।

# एक करोड़ की ठगी करने वाले को पुलिस ने उठाया

## कार्रवाई

- जालंधर में ऑफिस खोलकर विदेश भेजने के नाम पर की थी ठगी, केस
- तलाश में आई पुलिस ने स्थानीय पुलिस की मदद से पकड़ा, वारंट पर ले गई

पिपराइच, हिन्दुस्तान संवाद। पंजाब के जालंधर में ऑफिस खोलकर विदेश भेजने के नाम पर एक करोड़ की ठगी कर गांव लौटे युवक को पुलिस ने पकड़ लिया। पंजाब पुलिस ने स्थानीय पुलिस की मदद से वरसैनी टोला उजरी पट्टी के वाजिद अली (35) पुत्र निजामुद्दीन को गिरफ्तार कर बुधवार को कोर्ट में पेश किया और वारंट बी पर लेकर पंजाब चली गई। वाजिद अली पर पंजाब के जालंधर शहर के एक थाने में धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज है। जिसमे वह वांछित चल रहा था। पंजाब पुलिस ने पिपराइच थाने पर उसकी शिनाख्त कराई, इसके बाद साथ ले गई।

वाजिद पर दुबई, अरब समेत कई देशों में भेजने के नाम पर लोगों से करीब एक करोड़ रुपये का हेरा फेरी करने का आरोप है। पंजाब पुलिस को सूचना मिली कि वह पिपराइच स्थित अपने गांव में रह रहा है। इसके बाद बुधवार को पंजाब पुलिस पिपराइच थाने पहुंची। पिपराइच पुलिस की मदद से उसके घर जाकर उसे गिरफ्तार किया। वाजिद की गिरफ्तारी के बाद उसके घर के सदस्य भी ट्रेन से पंजाब के जालंधर शहर के लिए रवाना हुए। इस बारे में एसपी उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पिपराइच से एक वांछित को पंजाब पुलिस साथ लेकर गई है। उसपर धोखाधड़ी का केस जालधंर के थाने में दर्ज है।

# पुलिस की वर्दी में चंदा मांग रहे दो को पकड़ा

पादरीबाजार। शाहपुर थाना क्षेत्र में पुलिस की वर्दी पहनकर चंदा मांग रहे दो लोगों को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया और पुलिस को सुपुर्द कर दिया। नेमप्लेट की जगह पर बहुरुपिया लिखा होने की वजह से पुलिस समझ गई थी। लेकिन, पुलिस ने थाने ले जाकर पूछताछ की। जांच में बहुरुपिया की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने वर्दी न पहनने की हिदायत देकर छोड़ दिया। शाहपुर में नकाबपोश का कथित वीडियो वायरल हुआ था। इसके बाद लोग सतर्क हो गए हैं।

## व्यापारी का रुपयों से भरा बैग उड़ाया

कैंपियरगंज। फरेंदा मंडी से चावल खरीद कर लौट रहे बाइक सवार व्यापारी संदीप अग्रहरी के बाइक से दो उचक्कों ने 39 हजार पांच सौ रुपये नकद, दुकान व गोदाम की चाबी रखा बैग उड़ा लिया। पीड़ित व्यापारी की तहरीर पर पुलिस ने दो अज्ञात उचक्कों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

पीपीगंज के भारद्वाज नगर निवासी संदीप अग्रहरी ने पुलिस को बताया कि चावल खरीदने के लिए घर से 52,500 रुपये लेकर महराजगंज जिले के आनंदनगर फरेंदा गए थे। वहां कैंपियरगंज के अलेनाबाद में गाड़ी में टांग कर एक फूल की दुकान पर फूल लेने चला गया। दोबारा मंडी में पहुंचा। वहां से जानकारी ली तो बताए की बैग साथ लेकर गए थे।

# जमीन के विवाद में पैरवी के लिए बन गई फर्जी अधिवक्ता, जेल

- पुलिस की जांच में आरोपित के पास मिला फर्जी परिचय पत्र
- कुछ फरियादियों से रुपये लेकर लिख देती थी प्रार्थना पत्र

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। दीवानी कचहरी में पकड़ी गई महिला जालसाज जमीन विवाद में पैरवी के लिए फर्जी अधिवक्ता बनी थी। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

पकड़ी गई महिला की पहचान खजनी के खुटहना निवासी सुलोचना गौड़ के रूप में हुई। बार एसोसिएशन के मंत्री गिरजेश मणि त्रिपाठी की तहरीर पर केस दर्ज किया गया। उन्होंने पुलिस को बताया कि दीवानी कचहरी परिसर में कई दिनों से एक महिला अधिवक्ता के होने की जानकारी मिल रही थी। इसे देखते हुए परिसर में उसकी तलाश की जा रही थी।

मंगलवार को महिला को अधिवक्ता की ड्रेस पहने पकड़ लिया गया। पुलिस ने जांच की तो उसके पास से एक फर्जी परिचय पत्र भी मिला। उसने पूछताछ में बताया कि उसकी जमीन का एक विवाद चल रहा है, इसी की पैरवी के लिए उसे थाने जाना पड़ता है। इसी वजह से उसने फर्जी अधिवक्ता बनने का फैसला लिया।

दीवानी कचहरी में घूमने के दौरान कुछ फरियादी मिल जाते थे, तो उनका प्रार्थना पत्र भी लिख देती थी, जिसके बदले कुछ रुपये मिल जाते थे।

### दिन भर बेड खाली न होने का हवाला देकर रेफर करते रहे इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर

# एम्स : मरीज रेफर करने पर हंगामा माननीयों के हस्तक्षेप के बाद भर्ती

**मनमानी**

गोरखपुर, कार्यालय संवाददाता। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के इमरजेंसी में इलाज के लिए आए मरीज को इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर बुधवार को पूरे दिन रेफर करते रहे। रात में जब मामला ज्यादा बिगड़ गया तब परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद 112 पुलिस की टीम पहुंच गई। सूचना पर सांसद और सहजनवां विधायक ने मामले में हस्तक्षेप किया। इसके बाद मरीज को रात दस 10 बजे के बाद फिर से भर्ती किया गया। जबकि, पर्चे पर उसे रेफर कर दिया गया था।

चिलुआताल थाना क्षेत्र के मुहम्मदपुर माफी के रहने वाले प्रमोद कुमार गुप्ता (37) को चार दिन पहले घर में काम करने के दौरान चोट लग गई थी। उन्होंने घर के पास स्थित मेडिकल स्टोर से दवा ली व ड्रेसिंग कराई। इस बीच बुधवार सुबह अचानक पैर में तेज दर्द होने लगा, तो परिजन सुबह 10 बजे इलाज के लिए एम्स ले गए। वहां पहुंचने पर इमरजेंसी वार्ड में तैनात डॉक्टर ने परिजनों से कहा की बेड खाली नहीं है।

आरोप है कि मरीज की बहन ने इसका विरोध किया तो डॉक्टर उलझ गए और अपशब्द कहने लगे। इस बीच मरीज के साले बालेन्दु के आग्रह पर किसी तरह 11 बजे पर्चा बना। इसके बाद मरीज डेढ़ घंटे तक स्ट्रेचर पर लेटा रहा। आरोप है कि इलाज के नाम पर मरीज के परिजनों को परेशान किया जाता रहा। परेशान परिजनों ने शाम चार बजे सांसद रविकिशन शुक्ल के पीआरओ पवन दुबे से शिकायत की। इसके बाद उन्होंने सहयोगी को मौके पर भेजते हुए इलाज शुरू कराया।




- विवाद पर रात नौ बजे सांसद-विधायक को दी गई सूचना
- इसके बाद रेफर किए गए मरीज को किया गया भर्ती

"इमरजेंसी वार्ड में मरीज को स्थिति के अनुसार भर्ती किया जाता है। बेड खाली रहता है तो मरीज को जरूर भर्ती किया जाता है। यदि मरीज को बीआरडी रेफर कर दिया गया था फिर उसका इलाज शुरू हुआ तो इमरजेंसी वार्ड के डॉक्टरों को लापरवाही है। इसकी जांच करवा कर दोषी के ऊपर कार्रवाई की जाएगी।
-डॉ. अरूप मोहंती, मीडिया प्रभारी, एम्स

## रात में आठ बजे डॉक्टर ने बना दिया रेफर का पर्चा

मरीज के परिजनों का आरोप है कि रात में आठ बजे के आसपास एक बार फिर इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर ने कहा कि बेड खाली नहीं है न ही कोई सीनियर डॉक्टर यहां पर इलाज के लिए मौजूद है। आप लोग अपने मरीज को लेकर यहां से जाइए। इतना ही नहीं इसी बीच मरीज के रेफर का पर्चा भी बना दिया गया। इस पर रात नौ बजे के आसपास परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया और मामले की सूचना 112 नंबर पुलिस को दी। जानकारी के बाद सांसद रवि किशन शुक्ला और सहजनवां विधायक प्रदीप शुक्ला ने हस्तक्षेप कर जिम्मेदारों से बात की तो रात में मरीज को भर्ती किया गया।

# कैंटीन से सिर्फ पैकेज्ड फूड बेचने की मिलेगी अनुमति

- कैंटिन में खाना-नाश्ता बनाने पर फिलहाल रोक
- खाद्य सुरक्षा टीम ने किया कैंटीन का निरीक्षण

गोरखपुर, कार्यालय संवाददाता। एम्स में बंद कराए गए पुष्पा फूड सेंटर की जांच करने बुधवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की टीम पहुंची। लाइसेंस के लिए तय किए गए मानकों की जांच करने के बाद तीन सदस्यीय टीम ने रिपोर्ट खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के अधिकारी को दी है। जांच टीम के अनुसार, पुष्पा फूड सेंटर को जल्द ही कैंटीन में पैकेज्ड फूड बेचने की अनुमति मिल जाएगी। हालांकि, अभी कैंटीन में खाना और नाश्ता नहीं बनाया जा सकेगा।

बता दें, एम्स में बिना लाइसेंस के पांच कैंटीन चल रहे थे। खाने में कीड़े और एक्सपायरी नमकीन, बिस्कुट बेचे जाने की शिकायत के बाद 11 सितंबर को खाद्य विभाग ने छापेमारी की थी। इस दौरान पुष्पा फूड के सभी कैंटीन बंद कर दिए गए थे। इसके बाद से संचालक ने लाइसेंस के लिए आवेदन किया था। बुधवार को फूड इंस्पेक्टर उमाशंकर सिंह, प्रतिमा त्रिपाठी, विजय नंद कैंटीन की जांच करने पहुंचे थे।

# ठगी के मामले में युवक को पंजाब पुलिस ने उठाया

पिपराइच, हिन्दुस्तान। पंजाब के जालंधर में ऑफिस खोलकर विदेश भेजने के नाम पर एक करोड़ की ठगी कर गांव लौटे युवक को पुलिस ने पकड़ लिया। पंजाब पुलिस ने स्थानीय पुलिस की मदद से वरसैनी टोला उजरी पट्टी के वाजिद अली (35) पुत्र निजामुद्दीन को गिरफ्तार कर बुधवार को कोर्ट में पेश किया और वारंट बी पर लेकर पंजाब चली गई। वाजिद अली पर पंजाब के जालंधर शहर के एक थाने में धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज है। जिसमे वह वांछित चल रहा था।

पंजाब पुलिस ने पिपराइच थाने पर उसकी शिनाख्त कराई, इसके बाद साथ ले गई। वाजिद पर दुबई, अरब समेत कई देशों में भेजने के नाम पर लोगों से करीब एक करोड़ रुपये का हेरा फेरी करने का आरोप है। पंजाब पुलिस को सूचना मिली कि वह पिपराइच स्थित अपने गांव में रह रहा है। इसके बाद बुधवार को पंजाब पुलिस पिपराइच थाने पहुंची।

पिपराइच पुलिस की मदद से उसके घर जाकर उसे गिरफ्तार किया। वाजिद की गिरफ्तारी के बाद उसके घर के सदस्य भी ट्रेन से पंजाब के जालंधर शहर के लिए रवाना हुए। इस बारे में एसपी उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पिपराइच से एक वांछित को पंजाब पुलिस साथ लेकर गई है। उसपर धोखाधड़ी का केस जालधंर के थाने में दर्ज है।

# रांग साइड में चलने पर 68 का चालान

गोरखपुर। शहर में रांग साइड में वाहन चलाने वालों के खिलाफ यातायात पुलिस ने कार्रवाई शुरू की है। बुधवार को एसपी ट्रैफिक संजय कुमार के नेतृत्व में टीआई मनोज कुमार राय और टीएसआई रामवृक्ष यादव ने अन्य यातायातकर्मियों के साथ मोहद्दीपुर से कूड़ाघाट तक रांग साइड (उल्टी लेन) में वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान कुल 68 वाहनों का चालान किया गया। नो पार्किंग जोन में खड़े 109 वाहनों का चालान पुलिस टीम ने किया। आठ वाहनों को क्रेन से उठाकर पुलिस ने यातायात यार्ड में पहुंचा दिया। गलत लेन में न चलने के प्रति जागरूक भी किया।

# योगेंद्र सिंह सीओ कैंट बनाए गए

गोरखपुर। एसएसपी ने चार सीओ का कार्यक्षेत्र बदल दिया। सीओ गोरखनाथ रहे योगेंद्र सिंह को सीओ कैंट का बनाया गया। उनकी जगह पर बांसगांव सीओ रहे रवि कुमार सिंह को भेजा गया। सीओ खजनी रहे दरवेजश कुमार को सीओ बांसगांव ओर सीओ अपराध रहे उदय प्रताप सिंह को सीओ खजनी बनाया गया।

इसके अलावा गैर जनपद तबादला हो चुके बेलघाट थानेदार नवनीत सागर को पुलिस लाइन भेजा गया। उनकी जगह पर निरीक्षक श्यामदेव चौधरी को नया थानेदार बनाया गया।

# दुष्कर्म के आरोपित को दस साल की सजा

गोरखपुर। नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट राहुल आनंद ने चौरी चौरा थाना क्षेत्र के दुधई निवासी अभियुक्त अजीत को दस साल के कठोर कारावास एवं दस हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को तीन माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक राघवेंद्र त्रिपाठी कहना था कि घटना 26 मार्च 2015 की सुबह करीब चार बजे की है। अभियुक्त वादी की 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

# 70 हजार रुपये में एक युवक ने खरीदा था, दो वर्ष से बाइक चला रहा था आकाश

गोरखपुर। चौरीचौरा थाने में रखी गई बाइक दूसरे के नाम थी। बिना कागज के उसे दूसरे को सौंप दिया गया। भोपा बाजार की अनुराधा ने इसकी शिकायत एडीजी से की तो एसएसपी ने सीओ चौरीचौरा को इसकी जांच सौंप दी। इसके बाद बाइक को महदेवा स्थित एक गोदाम से बरामद हुई। साथ ही दो वर्ष पहले बाइक को बेचने की बात भी सामने आई। पूछताछ में पता चला कि दो वर्ष से बाइक आकाश जायसवाल चला रहा था। भोपा बाजार की रहने वाली अनुराधा ने एडीजी को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उसके पति देवानंद की बाइक को पुलिस ने पकड़ लिया और चौरीचौरा थाने में खड़ी कर दी। वह अपने पति के साथ बाइक लेने के लिए थाने पहुंची तो पुलिस ने देने से मना कर दिया और आरसी लाने को कहा। इधर, एसएसपी ने प्रार्थना पत्र की जांच करने के लिए सीओ चौरीचौरा को निर्देश दिया। ब्यूरो

# दुष्कर्म मामले में 10 साल का कारावास

गोरखपुर। नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट राहुल आनंद ने चौरीचौरा थाना क्षेत्र के दुधई निवासी अभियुक्त अजीत को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ हीदस हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर आरोपी को तीन माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। आरोपी 26 मार्च 2015 की सुबह 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर कर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया था।

# हत्या के प्रयास में चार साल की सजा

गोरखपुर। हत्या के प्रयत्न का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव ने बिहार राज्य के

**अदालत से**

पश्चिमी चंपारण जिले के बगहा थाना क्षेत्र के कैलाश नगर निवासी आरोपी बृजेश साहनी उर्फ विदेशी को चार साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही पांच हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर आरोपी को चार माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

# विदेश भेजने के नाम पर एक करोड़ ठगे, गिरफ्तार

## जालंधर के एक थाने में धोखाखड़ी के केस में वांछित था वाजिद अली

पिपराइच (गोरखपुर)। विदेश भेजने के नाम पर लोगों से करीब एक करोड़ रुपये ठगने के आरोपी को पंजाब पुलिस ने बुधवार सुबह क्षेत्र के वरसैनी टोला उजरी पट्टी गांव से गिरफ्तार कर लिया। स्थानीय पुलिस की मदद से पंजाब पुलिस ने यह कार्रवाई की। इसके बाद मेडिकल जांच कराकर उसे साथ लेकर चली गई।

पुलिस के अनुसार, ग्राम वरसैनी टोला उजरी पट्टी निवासी वाजिद अली (35) पुत्र निजामुद्दीन जालंधर में रहकर लोगों को विदेश भेजने का काम करता था। वाजिद पर दुबई, अरब समेत कई देशों में

**मेडिकल कराने के बाद पंजाब पुलिस आरोपी को साथ ले गई**

भेजने के नाम पर कई लोगों से करीब एक करोड़ रुपये ठगने के आरोप में केस दर्ज था। केस दर्ज होने के बाद से वह फरार था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। इसी बीच पंजाब पुलिस को सूचना मिली कि वह पिपराइच स्थित अपने गांव में रह रहा है।

इसके बाद बुधवार को पंजाब पुलिस पिपराइच पहुंची। पिपराइच पुलिस की मदद से उसके घर दबिश दी और उसे गिरफ्तार कर लिया। मेडिकल जांच कराने के बाद पुलिस उसे अपने साथ पंजाब लेती गई। वाजिद की गिरफ्तारी को लेकर घरवालों ने भी कुछ भी बताने से इनकार कर दिया।

उसकी गिरफ्तारी के बाद उसके घर के सदस्य भी ट्रेन से पंजाब के जालंधर के लिए रवाना हो गए। इस बारे में एसपी उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पिपराइच से एक वांछित को पंजाब पुलिस साथ लेकर गई है।

उसपर जालधंर के एक थाने में धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज है।

# बच्चे नहीं हुए तो पत्नी को पीटकर घर से निकाला

गोरखपुर। चिलुआताल क्षेत्र के मोहरीपुर पासी टोला निवासी एक महिला ने अपने पति पर मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि उसे बच्चे पैदा नहीं हो रहे थे, इस वजह से पति ने ऐसी हरकत की है।

पुलिस को दी शिकायत में कुसुम ने बताया कि करीब 20 वर्ष पहले मोहरीपुर पासी टोला निवासी पंचम पासवान से उसकी शादी हुई थी। लगभग सात वर्ष पूर्व ससुर दुक्खी की मौत होने के बाद पूरी पैतृक संपत्ति मेरे पति पंचम पासवान के नाम हो गई। पति पंचम पासवान दो साल से शराब पीने लगा और मारपीट कर मायके से पैसा लाने का दबाव बनाने लगा। एक वर्ष पूर्व मुझे मारपीट कर घर से निकाल दिया और धमकी दी कि 20 वर्ष से तुमको

# विदेश भेजने के नाम पर एक करोड़ ठगने वाले को पंजाब पुलिस ने दबोचा

अमर उजाला ब्यूरो

पिपराइच (गोरखपुर)। विदेश भेजने के नाम पर लोगों से करीब एक करोड़ रुपये ठगने के आरोपी को पंजाब पुलिस ने बुधवार सुबह क्षेत्र के वरसैनी टोला उजरी पट्टी गांव से गिरफ्तार कर लिया। स्थानीय पुलिस की मदद से पंजाब पुलिस ने यह कार्रवाई की। इसके बाद मेडिकल जांच कराकर उसे साथ लेकर चली गई।

पुलिस के अनुसार, ग्राम वरसैनी टोला उजरी पट्टी निवासी वाजिद अली (35) पुत्र निजामुद्दीन जालंधर में रहकर लोगों को विदेश भेजने का काम करता था। वाजिद पर दुबई, अरब समेत कई देशों में भेजने के नाम पर कई लोगों से करीब एक करोड़ रुपये ठगने के आरोप में केस दर्ज था।

केस दर्ज होने के बाद से वह फरार था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। इसी बीच पंजाब पुलिस को सूचना मिली कि वह

**जालंधर के एक थाने में धोखाखड़ी के केस में वांछित था पिपराइच का वाजिद अली**

पिपराइच स्थित अपने गांव में रह रहा है। इसके बाद बुधवार को पंजाब पुलिस पिपराइच पहुंची। पिपराइच पुलिस की मदद से उसके घर दबिश दी और उसे गिरफ्तार कर लिया। मेडिकल जांच कराने के बाद पुलिस उसे अपने साथ पंजाब लेती गई। वाजिद की गिरफ्तारी को लेकर घरवालों ने भी कुछ भी बताने से इनकार कर दिया।

उसकी गिरफ्तारी के बाद उसके घर के सदस्य भी ट्रेन से पंजाब के जालंधर के लिए रवाना हो गए। इस बारे में एसपी उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पिपराइच से एक वांछित को पंजाब पुलिस साथ लेकर गई है। उसपर जालधंर के एक थाने में धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज है।

# लोगों ने दो संदिग्ध वर्दीधारियों को पकड़ा, पुलिस ने छोड़ा

अमर उजाला ब्यूरो

पादरी बाजार (गोरखपुर)। शाहपुर, गुलरिहा और पिपराइच थाना क्षेत्र से सटी कॉलोनियों में नकाबपोशों की दहशत बनी हुई है। इस बीच बुधवार को शिवपुर सहबाजगंज सेक्टर नंबर तीन में घर-घर चंदा मांग रहे दो संदिग्ध युवकों को लोगों ने पकड़ लिया। दोनों खाकी वर्दी पहने थे। पूछताछ के बाद लोगों ने पुलिस को बुलाकर सौंप दिया।

उधर, पुलिस ने दोनों को थाने से यह कहते हुए छोड़ दिया कि दोनों बहुरूपिया हैं। पुलिस का कहना है कि इनके दो और साथी क्षेत्र में घूमकर चंदा मांग रहे थे। उनसे भी पूछताछ की गई है। शाहपुर क्षेत्र में एक सप्ताह से लोगों में नकाबपोश की दहशत बरकरार है। लोगों के घरों में लगे सीसी कैमरे में अर्धनग्न नकाबपोश नुकीले हथियार के साथ घूमते हुए कैद हुए हैं। इससे लोग सतर्क हैं। बुधवार को शिवपुर सहबाजगंज सेक्टर नंबर तीन में दो



**पकड़े गए वर्दीधारी।** स्रोत सोशल मीडिया

युवक मंदिर बनवाने के लिए चंदा मांगने एक घर पहुंचे। आशंका होने पर लोगों ने दोनों को पकड़ लिया और पूछताछ करने लगे तो उन्होंने बताया कि वह मध्यम प्रदेश के उज्जैन शहर के रहने वाले हैं। मंदिर निर्माण के लिए उनकी टीम गुजरात समेत कई शहरों में घूमकर चंदा मांग रही है।

दोनों ने खाकी वर्दी पहनी थी, जिस पर लगे नेम प्लेट व बैज पर बहरुपिया लिखा था। दोनों के पास एक डायरी भी मिली, जिसमें कई शहरों के अधिकारियों और थाने की मोहर लगी थी।

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-26-09-2024

# दुर्गा पूजन में खलल डालने वालों पर होगी कार्रवाई

**मईल(एसएनबी)।** दुर्गा पूजन व प्रतिमा विसर्जन को लेकर शान्ति व्यवस्था कमेटी की बैठक बुधवार को मईल थाना परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक में क्षेत्राधिकारी आदित्य कुमार गौतम ने कहा कि दुर्गा पूजा का त्योहार हिंदू वर्ग का प्रमुख त्यौहार है इस पर्व पर मां दुर्गा की पूजा होती है जगह-जगह दुर्गा प्रतिमा स्थापित कर पूरे नवरात्र तक मां दुर्गे की आराधना की जाती है। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि दुर्गा पूजन के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखें। शराब और नशा युक्त किसी भी सामग्री का उपयोग न करें। पंडाल में हवन दीप प्रजनन करते समय हमेशा सावधानी बरते। प्रतिमा पंडाल में अग्निशमन सामग्री की व्यवस्था रखें। उन्होंने कहा की दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान अशान्ति फैलाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी मूर्ति संस्थापक सुरक्षा समिति बनाकर अपने पंडाल की स्वयं सुरक्षा करें। थानाध्यक्ष अमित कुमार राय ने कहा कि किसी भी व्यक्ति द्वारा अशांति फैलाने वाले व्यक्ति की सूचना तत्काल पुलिस को दें। इस अवसर पर मुख्य रूप से सी अरविंद कुमार, रंजीत कुमार सिंह, विद्यानंद पाठक, अली चौधरी, राकेश सिंह ,डक्टर राम मनोहर तिवारी, रिंकू सिंह, गोपाल यादव, पारुल यादव ,विनीत उपाध्याय, शक्ति चौधरी सहित क्षेत्र के डीजे संचालक व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# न्यायालय के आदेश पर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**सलेमपुर(एसएनबी)।** कोतवाली थाना क्षेत्र के बभनौली पाण्डेय गांव निवासी अनिरुद्ध कुशवाहा पुत्र शिवपूजन कुशवाहा ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि मेरे गांव के पृथ्वीनाथ पाण्डेय पुत्र बैकुण्ठनाथ पाण्डेय, रातू पाण्डेय पुत्र पृथ्वीनाथ पाण्डेय व संकटमोचन उर्फ सूरज पाण्डेय पुत्र राजू पाण्डेय 27 जून की दस बजे रात में दरवाजे पर चढ़ आए तथा दरवाजे पर रखी हुई मोटर साईकिल तोड़ने लगे। विरोध पर माँ बहन, बेटी भद्दी भद्दी गालियां देते हुए लाठी डण्डा मारने पीटने के बाद जान माल की धमकी देते हुए घर में घुस चावल आटा दरवाजे पर उठाकर फेक दिए। जिससे प्रार्थी का लगभग पचासो हजार रुपया का नुकसान हो गया। वे लोग ईट पत्थर चलाने लगे। पत्थर चलाने से पृथ्वीनाथ पाण्डेय की नतीनी के सिर में पर चोटे आई। लोगो के दौड़कर आने पर उपरोक्त लोग भाग गए। मारने पीटने के बाद उल्टे इन लोगों ने मेरे व परिवार के अन्य लोगों के विरुद्ध अनुचित दबाव बनाने के लिए धारा 147, 323, 352, 336, 452, आईपीसी के तहत केस दर्ज करा दिया है। जबकि मैं भी कोतवाली में तहरीर दिया लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नही होने पर घटना की सूचना पुलिस कप्तान को दी। इस मामले में पुलिस ने जब कार्रवाई नही कि तो मैं न्यायालय में वाद दायर कर दी। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने बभनौली पांडेय गांव निवासी पृथ्वीनाथ पाण्डेय पुत्र बैकुण्ठनाथ पाण्डेय, रातू पाण्डेय पुत्र पृथ्वीनाथ पाण्डेय व संकटमोचन उर्फ सूरज पाण्डेय पुत्र राजू पाण्डेय के खिलाफ धारा 323, 504, 506, 452, 427, 336 के तहत केस दर्ज किया है।

# मुद्दों को लेकर सछास का प्रदर्शन

**देवरिया(एसएनबी)।** छात्रों, नौजवानों की समस्याओं, बेरोजगारी एवं पुलिसिया उत्पीड़न को लेकर समाजवादी छात्र सभा एवं फ्रंटल संगठनों के कार्यकर्ताओं राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी देवरिया हरिशंकर लाल को सौंपा। कई दर्जन युवा कार्यकर्ता जिला सपा कार्यालय में एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए स्लोगन लिखी तख्तीयो के साथ जोरदार प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुँचे।

इस दौरान समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष मनोज यादव ने कहा की भाजपा सरकार छात्र-छात्राओं का शोषण कर रही है। कलेजो व महाविद्यालयों की फीस वृद्धि कर सरकार पीडीए के छात्रों को शिक्षा से दूर करना चाहती है। सरकार पेपर लीक कराकर नौजवानों को रोजगार से दूर करना चाहती है। सरकार महाविद्यालयों में तत्काल छात्र संघ चुनाव कराये ताकि नौजवानों को राजनीती में आने के अवसर मिले, अन्यथा छात्र सभा आंदोलन को बाध्य होंगी।



प्रदर्शन करते समाजवादी छात्र सभा के नेता।

समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष रणवीर यादव ने कहा की भाजपा सरकार में महगाई, बेरोजगारी, खराब कानून व्यवस्था, पुलिसिया उत्पीड़न, महिलाओ पर हो रहे अत्याचार, किसानों की समस्याओं,पिछड़े, दलितों व अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार से प्रदेश की जनता त्रस्त है। प्रदेश का किसान कही बाढ़ की विभीषिका से त्रस्त है तो कही सूखे की मार से परेशान है। सरकार को तत्काल प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देना चाहिए।

ज्ञापन एवं प्रदर्शन के दौरान यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष खुर्शीद आलम, लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष दिव्यांश श्रीवास्तव, अभिजीत यादव, गिरीश जायसवाल, विवेक रंजन,अशोक यादव,अनिल यादव, दिनेश यादव, धीरज पाल सिंह, सुनील यादव, धीरज, विवेक, अवनीश गोलू, मुकेश राजभर, रोहित यादव, अंकित सिंह, बलवंत, अभिषेक, मनीष सिंह, आयुष कुमार, काका चौधरी, विकास यादव, पंकज यादव, राहुल यादव, अशोक चौहान, प्रेम प्रकाश, सुहेल अंसारी, लारेब रहमान, राधेश्याम, सुनील गुड्डू आदि मौजूद रहे।

# अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**देवरिया(एसएनबी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनोज कुमार तिवारी ने निरूद्ध कैदियों के रिहाई हेतु जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण में ऐसे निरूद्ध बंदी जो दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 436(क) दं.प्र.सं से आच्छादित हैं तथा पूर्ण सजा के सापेक्ष आधी सजा से अधिक अवधि व्यतीत कर चुके हैं उससे संबंधित बंदियों के मामलों को जिला कारागार के अधीक्षक द्वारा अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी के समक्ष प्रस्तुत की गयी।

जनपद न्यायाधीश ने निर्देशित किया कि जो भी बंदी उक्त निर्देशों के अनुरूप रिहाई के पात्रता के अन्तर्गत आते हैं उनके नियमानुसार रिहाई की कार्रवाई की जाये। उन्होंने पाकशाला, चिकित्सालय तथा बैरकों का निरीक्षण किया तथा निरंतर स्वच्छता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया। जनपद न्यायाधीश ने महिला कैदियों के साथ रह रहे उनके छोटे बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था कराने हेतु विशेष निर्देश दिया।



जिला कारागार का निरीक्षण कर बाहर निकलते अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी के सदस्य।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कारागार में निरूद्ध बन्दियों हेतु पुस्तकें व लाइब्रेरी की व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि ऐसे बन्दी जिनकी जमानत न्यायालय से हो चुकी है परन्तु जमानतदार के अभाव में कारागार में निरूद्ध है उनके प्राप्त प्रार्थना पत्र पर चर्चा की गयी व उसके संबंध में जिला कारागार के अधीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। ऐसे विचाराधीन बंदियों जिनके विरूद्ध अधिकत्तम 7 वर्ष के दण्डादेश संबंधित अपराधिक विचारण लम्बित हैं और वे कारागार में निरूद्ध हैं, से संबंधित मामलों पर विचार-विमर्श किया गया। अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी के द्वारा जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों की समस्याओं को सुना गया। सचिव ने जेल में निरूद्ध बंदियों की समस्याओं की सुनवाई सुनिश्चित करते हुये जेल के बंदियों को विधिक सहायता, स्वच्छता पर जोर देते हुये कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समस्त बंदियों के विधिक सहायता/विधिक साक्षरता प्रदान करने हेतु सदैव तत्पर हैं। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजू कुमारी द्वारा जिला कारागार में बंदियो के सुरक्षा व उनके अधिकारो हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस दौरान जिला कारागार अधीक्षक प्रेम सागर शुक्ला, जेलर राजकुमार वर्मा, डिप्टी आदित्य, न्यायालय कर्मी व जेल वार्डन उपस्थित रहे।

# हड़ताल पर पाबंदी के खिलाफ न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता


बरहज : एसडीएम को मांग पत्र सौंपते अधिवक्ता संघ।


रुद्रपुर : ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता गण।


भाटपाररानी : एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता। फोटो : एसएनबी

**देवरिया(एसएनबी)।** न्यायपालिका द्वारा अधिवक्ता आंदोलनों व हड़ताल पर पाबंदी से क्षुब्ध अधिवक्ता बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर बुधवार को न्यायिक कार्य से विरत रहे। इस वजह से मुकदमों में सामान्य तारीखें पड़ीं।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सिंहासन गिरि एवं जिला कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कुमार मिश्र ने कहा कि किसी अधिवक्ता के निधन पर न्यायिक कार्य से विरत रहकर संवेदना व्यक्त करना हमारा अधिकार है। हम उस दिन कैसे न्यायिक कार्य करेंगे। सरकार ने अभी तक एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू नहीं किया। उसे लागू किया जाना अधिवक्ता हित में है। इसके अलावे अधिवक्ताओं को मानीटरिंग सेल की मीटिंग में भी प्रशासनिक एवं न्यायिक अधिकारी नहीं बुलाते हैं। इस मीटिंग में अधिवक्ताओं का रहना जरूरी है। इसे लेकर हम लोगों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया है। यह ज्ञापन देश के प्रधानमंत्री, प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं हाईकोर्ट को भेजा जाएगा। आज की हड़ताल में तहसीलों से लेकर जिला मुख्यालय के अधिवक्ताओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

**बरहज कार्यालय** के अनुसार बार एसोसिएशन तहसील इकाई बरहज के अधिवक्ताओं ने बुधवार को संघ के अध्यक्ष नागेन्द्र सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित 8 सूत्रीय मांग पत्र उपजिलाधिकारी अंगद यादव को सौंपा। सौंपे पत्रक में मांग किया है कि अधिवक्ताओं के हित को देखते हुए सभी अधिवक्ताओं की मूलभूत एवं मौलिक अधिकार की रक्षा के लिए प्रदेश स्तरीय समिति बनाया जाय। साथ ही अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को तत्काल लागू किया जाय। विधि आयोग उत्तर प्रदेश में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट तत्काल लागू किया जाय, प्रदेश के सभी न्यायालयों में सीसीटीवी कैमरा लगाने के साथ ही प्रत्येक गांव गरीब के जनता को सस्ता एवं सुलभ न्यायालय आसानी के साथ उपलब्ध कराया जाय। मण्डल स्तर पर उच्च न्यायालय प्रयागराज की एक विशेष खण्ड पीठ की स्थापना की जाय। जनपद स्तर पर मानिटरिंग सेल की बैठक में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं मंत्री को शामिल किया जाय। केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा जारी लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ ही सभी अधिवक्ताओं का सामूहिक स्वास्थ्य बीमा कराया जाए। पत्रक सौंपने वालों में चन्द्रभूषण यादव, उदय राज चौरसिया, रामायण तिवारी, विपिन तिवारी, लक्ष्मी दीक्षित, गिरिश वर्मा, मूरलीधर यादव सहित अधिवक्ता उपस्थित रहे।

**रुद्रपुर कार्यालय** के अनुसार तहसील बार एसोसिएशन रुद्रपुर के अधिवक्ताओं द्वारा बुधवार को उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के विरोध में जिला अधिवक्ता संघ इलाहाबाद (प्रयागराज) के आह्वान पर तहसील बार संघ के अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया और अपनी मांगों के समर्थन में 6 सूत्रीय प्रस्ताव पारित कर राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुश्री श्रुति शर्मा को सौंपा। दिये गये ज्ञापन में अधिवक्ताओं के हितों पर कुठारघात करने वाले आदेश को वापस लेने, अधिवक्ता प्रोटेक्शन बिल लाने, अधिवक्ताओं को सामूहिक स्वास्थ्य बीमा योजना पालिसी के तहत 10 लाख रुपये तक का लाभ देने, विधान परिषद में अधिवक्ताओं के लिये सीट आरक्षित किये जाने की मांग प्रमुख रूप से रखी गयी। ज्ञापन बार संघ के अध्यक्ष सभा मणि मिश्र और महामंत्री आनन्द शंकर मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में संघ के बरिष्ठ व कनिष्ठ अधिवक्ताओं ने अपना विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान रमेश मणि त्रिपाठी, राजेश त्रिपाठी, बृजबिहारी पाण्डेय, बालेन्दु पाण्डेय, रामाश्रय पाण्डेय, सत्यप्रकाश सिंह, शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय, शशिभूषण निगम, आनन्द सिंह, शशिभूषण सिंह, सत्यप्रकाश गुप्त, अजीत त्रिपाठी, पंकज शुक्ला, रामेश्वर मणि, विकास त्रिपाठी, सत्यपाल यादव, अनिल यादव आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

**भाटपाररानी कार्यालय** के अनुसार स्थानीय तहसील परिसर में बार एसोसिएशन संघ की बैठक अध्यक्ष सुशील कुमार ओझा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें न्यायिक कार्य से विरत रहने का अधिवक्ताओं ने निर्णय लिया। अंत में अपने छः सूत्रीय मांगों का पत्र उपजिलाधिकारी रत्नेश तिवारी को सौंपा।

अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार ओझा ने बताया कि प्रयागराज अधिवेशन में अधिवक्ताओं ने उत्पीड़न आदि समस्याओं पर विचार विमर्श के दौरान निर्णय लिया गया था कि 25 सितम्बर को पूरे प्रदेश के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहकर उच्च न्यायालय द्वारा बिना समुचित अवसर दिये आदेश पारित करने को नैसर्गिक न्याय के नियम के विरूद्ध बताया। इस दौरान मुख्य रूप से चन्द्रचूड़ तिवारी, नागेश दुबे, चंद्रभान प्रसाद, विजय तिवारी, नगीना सिंह, देवानंद मिश्र, राजू सिंह, रजनीश तिवारी, अभिषेक सिंह आदि मौजूद रहे।

# पिता-पुत्र समेत 3 पर गंभीर धाराओं में केस

सलेमपुर। पुरानी रंजिश को लेकर गांव के कुछ लोगों द्वारा एक व्यक्ति के घर मे घुस कर लाठी डंडे से पिटाई करने तथा दरवाजे पर रखी बाइक तोड़ने के मामले में पुलिस ने पिता-पुत्र समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है।

कोतवाली क्षेत्र के बभनौली पाण्डेय गांव निवासी अनिरुद्ध कुशवाहा पुत्र शिवपूजन कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर दिया कि उनके गांव के पृथ्वीनाथ पाण्डेय पुत्र बैकुण्ठनाथ पाण्डेय, रातू पाण्डेय पुत्र पृथ्वीनाथ पाण्डेय व संकटमोचन उर्फ सूरज पाण्डेय पुत्र राजू पाण्डेय 27 जून की दस बजे रात को दरवाजे पर चढ़कर मोटर साईकिल तोड़ दिया। मना करने पर अशब्दों का प्रयोग करते हुए लाठी डण्डा लेकर जान माल की धमकी देते हुए घर में घुसकर चावल, आटा दरवाजे पर उठाकर फेंक दिया। उसका 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ। मारने पीटने के बाद उन लोगों ने परिवार के अन्य लोगों के विरुद्ध केस दर्ज करा दिया।

# शांति पूर्ण ढंग से करें मूर्ति विसर्जन

मईल। दुर्गा पूजन व प्रतिमा विसर्जन को लेकर शान्ति व्यवस्था कमेटी की बैठक बुधवार को मईल थाना परिसर में हुई। पुलिस क्षेत्राधिकारी आदित्य कुमार गौतम ने मूर्ति संस्थापक,डी जे संचालक व क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों से कहा कि दुर्गा पूजा का त्योहार हिंदू वर्ग का प्रमुख त्यौहार है। इस दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखें। पंडाल में हवन दीप प्रजनन करते समय हमेशा सावधानी बरते। थानाध्यक्ष अमित कुमार राय ने कहा कि प्रतिमा स्थापित करने से लेकर मूर्ति विसर्जन तक सदैव सौहार्द का वातावरण बनाए रखें।

# सोंदा में अवैध प्लाटिंग ढहाने का आदेश

## एक एकड़ से अधिक भूमि पर की गई है अवैध तरीके से प्लाटिंग, मची खलबली

- विनियमित क्षेत्र के नियत प्राधिकारी की तरफ से लोगों को 30 दिन का दिया गया मौका
- प्लांटिंग करते समय 30 फीट सड़क छोड़ी गई और न ही ले आउट पास कराया गया

जागरण संवाददाता, देवरिया: शहर में अवैध रूप से प्लाटिंग करने वालों का खेल जारी है, जिसके कारण भूमि खरीदने वालों को सड़क समेत अन्य सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है। इसे देखते हुए नियत प्राधिकारी की तरफ से अवैध प्लाटिंग ढहाने के लिए कार्रवाई की तैयारी है। शहर के सोंदा में करीब एक एकड़ से अधिक भूमि पर बिना ले-आउट प्लाटिंग करने के मामले में विनियमित क्षेत्र के नियत प्राधिकारी ने ढहाने का आदेश दिया है। यहां न तो सड़क निर्माण के लिए 30 फीट चौड़ाई में भूमि छोड़ी गई है और न ही अन्य सुविधाओं का ध्यान रखा गया है।

देवरिया महायोजना-2001 और महायोजना-2031 में नए आवासीय भू-क्षेत्र में 30 फीट चौड़ाई में सड़क होने पर ही मानचित्र स्वीकृत करने का प्रविधान है। शहर में प्लाटिंग करने वाले इस प्रविधान को ठेंगा दिखा रहे हैं। 30 फीट चौड़ाई में बिना सड़क प्रस्तावित किए ही प्लाटिंग कर भूमि बेच रहे हैं, जिसके कारण प्लाट खरीदने वालों के सामने मुश्किलें बढ़ गई हैं। शहर के सों वार्ड में एक व्यक्ति ने करीब एक एकड़ भूमि पर अवैध रूप से प्लाटिंग की है, जिसमें करीब 25 से 30 प्लाट बनाए गए हैं। उसने सड़क के लिए न तो 30 फीट भूमि छोड़ा है, और न ही ले-आउट स्वीकृत कराया है। नियत प्राधिकारी की तरफ से आरबीओ एक्ट की धारा 10 के तहत नोटिस दिए जाने पर भूमि स्वामी ने कोई जवाब नहीं दिया तो अवैध प्लाटिंग को ढहाने का आदेश दिया गया है। साथ ही 30 दिन का मौका दिया गया है। इसके पूर्व सात जुलाई को नियत प्राधिकारी ने कसया रोड स्थित पलक लान के समीप बभनी नगर अंदर में अवैध रूप से प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया था। इसके अलावा सोंदा व बरवा गोरस्थान के बीच सोंदा ताल में बिना लेआउट के प्लाटिंग करने के मामले में भी ढहाने का आदेश दिया है। भूमि स्वामी ने इसकी अपील नियंत्रक प्राधिकारी डीएम के कोर्ट में की है।

> शहर के नियोजित विकास के लिए प्लाटिंग करने वालों को ले-आउट पास कराना होगा। अवैध रूप से प्लाटिंग की शिकायत मिलने पर आरबीओ एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।
>
> विपिन द्विवेदी, एसडीएम सदर नियत प्राधिकारी, विनियमित क्षेत्र

### ले-आउट प्लान में दिखानी होंगी सुविधाएं

विभागीय लोगों का कहना है कि ले-आउट प्लान पास होने पर लोगों को सड़क, बिजली, पानी, सीवर, ड्रेनेज, पार्क आदि की सुविधाएं मिलेंगी, क्योंकि प्लाटिंग करने वाले को ले-आउट प्लान में इन चीजों का प्रविधान करना होता है। संपूर्ण भूमि का 60 प्रतिशत ही प्लाट बनाकर बेच सकते हैं। इसके अलावा शेष 30 प्रतिशत भूमि में 30 फीट चौड़ाई में सड़क आदि का प्रविधान करना पड़ेगा।

# हूटर बजा ट्रक चालक को पीटने वाले युवकों का हुआ चालान

सुरौली। सुरौली थाना क्षेत्र के देवरिया-रुद्रपुर रोड पर उसरा बाजार के समीप रुद्रपुर की तरफ से आ रहे एक ट्रक को ब्लैक स्कॉर्पियो सवार कुछ मनबढ़ युवक हूटर बजाते हुए ओवरटेक किए। ट्रक पर चढ़कर ड्राइवर के साथ मारपीट की। दो दिनों से यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। कई लोगों ने एक्स समेत कई प्लेटफार्म पर घटना का वीडियो शेयर कर कार्यवाही की मांग की। वीडियो वायरल होते ही सुरौली पुलिस सक्रिय हुई और युवकों की तलाश में जुट गई। मंगलवार की देर रात तीनों युवकों को पुलिस ने पकड़ लिया। पकड़े गए युवकों की पहचान शिवम सिंह निवासी जंगल इमिलिया थाना रुद्रपुर, शिवम निवासी काशीपुर थाना रुद्रपुर तथा सनी निवासी रामचक थाना सुरौली के रूप में हुआ।

# पुरानी रंजिश में मारपीट, दो नामजद

सुरौली। थाना क्षेत्र सुरौली के कोइलगढ़हा निवासी सरिता देवी पत्नी राजू निषाद ने सुरौली पुलिस को तहरीर देकर गांव के दो लोगों पर पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट का आरोप लगाया। पुलिस ने गांव के कपूर पुत्र शैलानी व कलवा पत्नी शैलानी के खिलाफ मारपीट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# महिला से मारपीट में तीन के खिलाफ केस दर्ज

तरकुलवा। बाजार जा रही एक महिला से मारपीट के मामले में पुलिस तीन ने लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। महावल मठिया निवासी लालदेई देवी ने थाने में तहरीर दिया कि 23 सितंबर को वह बाजार जा रही थी। इस बीच रास्ते में घेर कर गांव के संदीप व प्रमोद गालीगलौज देने के साथ मारपीट करने लगे। संदीप का भाई विनोद फोन पर धमकी देता हैं।

# महिला से मारपीट में ससुर और बहू पर केस

तरकुलवा। थाना क्षेत्र के सकतुआ खुर्द में जमीन पर जबरदस्ती कब्जा कर लेने, रात में कटरैन डालने का विरोध करने पर महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ससुर और उसकी बहू के खिलाफ केस दर्ज किया है। ग्राम सकतुआ खुर्द निवासी संजू देवी पत्नी मनीष ने बताया कि गांव के राम बड़ाई प्रसाद और उसकी बहू सुमन ने 19 सितंबर कटरैन रखकर कब्जा कर किया।

# घर से निकला किशोर लापता, मुकदमा दर्ज

तरकुलवा। बेलही का एक किशोर घर से निकला और वापस नहीं आया। पिता की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज किया है। बेलही गांव निवासी हंसराज यादव ने थाने में तहरीर दिया है कि उनका बेटा शुभम यादव (15) 24 सितंबर को सुबह सात बजे घर से निकला। उसके बाद वह लौट कर नहीं आया।



शहर के कोतवाली रोड स्थित राजकीय बाल गृह के सामने कार पर गिरा पेड़।

# पेड़ गिरने से बाल सदन की बाउंड्री और कार क्षतिग्रस्त

- मार्ग पर चहल-पहल थी कम, नहीं तो हो जाती बड़ी दुर्घटना
- पालिका ने हटवाया, पेड़ गिरने के बाद बना रहा अफरातफरी का माहौल

देवरिया, निज संवाददाता। शहर के कोतवाली रोड स्थित राजकीय बाल गृह में लगा गुलमोहर का पेड़ बुधवार की दोपहर में अचानक से बाउंड्री क्षतिग्रस्त करते हुए सड़क पर जा गिरा। पेड़ के नीचे बाउंड्री से सटाकर खड़ी की गई एक क्रेटा कार भी दबकर क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रहा कि उस मार्ग पर चहल-पहल नहीं थी। शहर के व्यस्त इलाके में अचानक सड़क पर पेड़ गिर जाने से अफरा-तफरी की स्थिति हो गई।

राजकीय बाल गृह परिसर में लगा गुलमोहर का पेड़ बुधवार की दोपहर में करीब 12:30 बजे एकाएक सड़क की तरफ़ गिर गया। जिससे परिसर का बाउंड्री वॉल टूट गया। वहीं पेड़ से दबकर एक क्रेटा कार क्षतिग्रस्त हो गई। पेड़ की चपेट में आने से सामने से गुजरा विद्युत तार भी टूट गया, जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। जबकि उस सड़क पर कुछ देर के लिए आवागमन भी बाधित हो गया। इधर पेड़ को गिरता देख मौके पर आफरा-तफरी मच गई। गनीमत रहा कि उसकी जद में कोई नहीं आया, नहीं तो बड़ा हादसा हो जाता। सूचना पर पहुंचे स्थानीय सभासद ने इसकी जानकारी पालिका के कर्मचारियों को दी, जिसके के बाद पालिका के कर्मचारियों ने पेड़ को काटकर किनारे किया और आवागमन शुरू हुआ। वहीं पास ही एक रेस्टोरेंट के काम कर रहे कारीगर भी बाल-बाल बच गए। सूचना पाकर पहुंचे सभासद मनोज गोयल ने स्थिति की जानकारी ली।

# तीसरे दिन भी धरने पर बैठे रहे शिक्षक

लार, हिन्दुस्तान संवाद। स्वामी देवननंद पीजी कॉलेज मठ लार के शिक्षक बुधवार को भी धरने पर बैठे रहे। वह जूनियर को प्राचार्य बनाए जाने का विरोध कर रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि जब तक कॉलेज प्रबंधन उनकी मांगों को नहीं मान लेता तब तक आंदोलन जारी रहेगा। स्वामी देवानन्द पीजी कॉलेज मठ लार के प्राचार्य पद का मामला गरमा गया है। कॉलेज के प्रबंधन ने डॉक्टर ब्रह्मानंद सिंह के त्यागपत्र देने के बाद डॉक्टर धीरज पांडेय को प्राचार्य बनाया है।



एसडीपीजी कॉलेज में नए प्राचार्य के विरोध में धरने पर बैठे शिक्षक • हिन्दुस्तान

स्वामी देवानन्द पीजी कालेज मठ-लार के प्रबन्धक के विरुद्ध महाविद्यालय शिक्षक संघ का धरना, प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रहा। इसमें शिक्षक संघ के अध्यक्ष देवेंद्र, कर्मचारी संघ के फिरोज, वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रवीण सिंह ने संबंधित प्रकरण को उजागर किया। छात्र विकास तिवारी ने ब्रह्मानंद सिंह को ही प्रिंसिपल बनाने की मांग की है। गुआक्टा के उपाध्यक्ष प्रोफेसर राम अवतार वर्मा ने प्रबंधन के निर्णय का पुरजोर विरोध किया।

# रंजिश में पिटाई करने का आरोप, मुकदमा

देवरिया: लार थाना क्षेत्र के चटिया की प्रीति ने पुलिस को तहरीर दी है कि छोटे बच्चे को शौच कराकर लौट रही थी। इस बीच कुछ लोगों ने रंजिश में पिटाई की। पुलिस ने रानू, बृजेश प्रसाद, रीता देवी, आंचल देवी पर मुकदमा दर्ज किया है।

# हूटर बजाकर चालक की पिटाई करने वाले तीन गिरफ्तार

- उसरा बाजार के समीप ट्रक चालक की हुई थी पिटाई
- वीडियो प्रसारित होने पर सख्त हुई पुलिस, वाहन सीज

जागरण संवाददाता, देवरिया: सुरौली थाना क्षेत्र के उसरा बाजार के समीप एक दिन पहले हूटर बजाकर ट्रक चालक की पिटाई करने वालों पर पुलिस का शिकंजा कस गया। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही हूटर वाली लग्जरी कार को भी पुलिस ने सीज कर दिया है।

मंगलवार को गौरीबाजार से ट्रक लेकर चालक देवरिया की तरफ आ रहा था। अभी वह उसरा बाजार के समीप पहुंचा था कि किसी बात को लेकर पीछे चल रहे कार सवार लोगों ने पहले हूटर बताया और फिर साइड मिलते ही ओवरटेक कर लिया। इसके बाद पिटाई की। पिटाई का वीडियो अब इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। मामले में पुलिस ने रुद्रपुर कोतवाली के शिवम सिंह, काशीपुरम कालोनी रुद्रपुर के शिवम, सुरौली थाना क्षेत्र के रामचक निवासी सन्नी सोनकर को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि पिटाई करने वाले तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही तीनों का चालान कर कर दिया गया है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर निकाला जुलूस

जासं, भटनी: राजा देवी महिला पीजी कालेज सल्लहपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर साइकिल जुलूस निकाला गया। लोगों को स्वच्छता का संदेश देते हुए जागरूक किया गया। आयोजक डा. नंदकिशोर तिवारी ने कहा कि राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका होती है। राजेश राव  ने लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर अनुज पांडेय, सतीश त्रिपाठी, पुनीता मिश्रा, दिव्या, सुनीत पाठक व सत्यप्रकाश उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

## दुर्गा पूजा के दौरान रखें शांति

मईल :दुर्गा पूजन व प्रतिमा विसर्जन के मद्देनजर शान्ति व्यवस्था कमेटी की बैठक बुधवार को मईल थाना परिसर में हुई ।इस दौरान क्षेत्राधिकारी आदित्य कुमार गौतम ने कहा कि दुर्गा पूजा का त्योहार हिन्दू वर्ग का प्रमुख त्योहार है। शांति व्यवस्था बनाए रखें।

# शिक्षकों का तीसरे दिन भी प्रबंधक के विरुद्ध धरना जारी

जागरण संवाददाता लार: एसडीपीजी कालेज मठ-लार में प्रबंधक के विरुद्ध बुधवार को महाविद्यालय शिक्षक संघ के द्वारा धरना-प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रहा। शिक्षक संघ के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने वर्तमान स्थिति के संदर्भ में सबके सामने अपने विचारों से अवगत कराया। कर्मचारी संघ की ओर से फिरोज ने दूसरे विद्यालय के प्रबंधक द्वारा कर्मचारी के साथ किए गए अनैतिक कार्य से उत्पन्न वातावरण से प्रबंधन के भंग होने की बात बताई।

वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रवीण सिंह ने कहा कि अनिती के कार्य करने वालों की जगह जेल में है। बीए के छात्र विकास तिवारी ने ब्रह्मानंद सिंह को ही प्रिंसिपल बनाए रखने की मांग की। गुआक्टा के उपाध्यक्ष प्रोफेसर राम अवतार वर्मा ने तानाशाही एवं तानाशाही प्रवृत्ति के प्रबंधन का पुरजोर विरोध किया और व्यक्तिगत समर्थन के साथ गुआक्ता के सम्पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। इंटर कालेज के प्राध्यापक बृजेश ने कि न्याय की जीत होगी। कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अरविंद मणि ने कहा कि महाविद्यालय नियमों से संचालित होगा, किसी की तानाशाही से नहीं। शिक्षकों का समर्थन करते हुए क्षेत्र के शिवदयाल सिंह ने कहा कि इस आंदोलन का मुख्य आधार ईमानदारी और सत्य निष्ठा है तथा मेरा संपूर्ण सहयोग एवं समर्थन इस आंदोलन को है।

इंटर कालेज शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार पांडेय ने आंदोलन में कंधे से कंधा मिलाकर साथ देने का वादा किया। शत्रुघ्न तिवारी प्रधानाचार्य इंटर कॉलेज, डा. महेंद्र राय ( पूर्व उपाध्यक्ष) छात्र संघ गोरखपुर विश्वविद्यालय, राजाराम तिवारी आदि मौजूद रहे। अंत में प्रो. ब्रह्मानन्द सिंह व शिक्षक संघ के अध्यक्ष देवेन्द्र मिश्रा ने धरना-प्रदर्शन में आए हुए शिक्षकों, अभिभावकों, छात्र-छात्राओं सहित गुआक्टा पदाधिकारियों व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का आंदोलन के समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

# अधिकारों की कटौती पर अधिवक्ता नाराज

- दीवानी कचहरी से लेकर तहसील तक प्रदर्शन कर अधिवक्ताओं ने जताया विरोध
- प्रदर्शन के बाद राज्यपाल व मुख्यमंत्री को संबोधित पत्रक एसडीएम को सौंपा

विधि संवाददाता, देवरिया: उच्च न्यायालय द्वारा अधिवक्ता संघ के मौलिक अधिकारों पर लगायी जा रही रोक के विरोध में अधिवक्ता बुधवार को सड़क पर उतर गए। काली पट्टी बांध कर अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया। साथ ही मुख्यमंत्री व राज्यपाल को संबोधित पत्रक एसडीएम को सौंपा। अधिवक्ताओं के हड़ताल के कारण वादकारियों को बिना कार्य हुए लौटना पड़ा।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सिंहासन गिरि, जिला कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कुमार मिश्र के नेतृत्व में अधिवक्ताओं की अलग-अलग बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मत से अधिवक्ताओं ने इलाहाबाद में हुए अधिवक्ता महापंचायत के विचारों पर अपनी सहमति जताई। अधिवक्ताओं ने कहा कि संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों की एक पक्षीय सुनवाई के उपरांत निर्णय लिया जाना अधिवक्ताओं के अधिकारों पर कुठाराघात है। ऐसे में संघ चुप नहीं बैठेगा। आंदोलन जारी रहेगा।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के सचिव अजय कुमार उपाध्याय, सुभाष चंद्र राव, दिव्यांश पति त्रिपाठी, मनीष सिंह, प्रकाश तिवारी निराला, विपिन पाठक, दिवाकर शुक्ला, ऋषि राज मिश्रा, प्रेम नारायण मणि त्रिपाठी, विकास राव, सच्चिदानंद यादव अधिवक्ता मौजूद रहे। सदर तहसील में अध्यक्ष युगुल किशोर तिवारी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं की बैठक हुई। इसके बाद अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही एसडीएम सदर विपिन कुमार द्विवेदी को पत्रक सौंपा। इस दौरान राधेश्याम पटेल, अजय श्रीवास्तव, कमल मणि, विजयसेन यादव, सामंत मिश्र, विवेकानंद, शिव कुमार गोंड, राघव पांडेय, कामेश्वर सिंह, अमरीश मणि, विनोद सिंह, अखिलेश श्रीवास्तव, कन्हैया मिश्र, शंभूनाथ सिंह मौजूद रहे।



सदर तहसील में प्रदर्शन करते अधिवक्ता • जागरण

सलेमपुर संवाददाता के अनुसार तहसील बार एसोसिएशन के तत्वावधान में अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया और एसडीएम दिशा श्रीवास्तव को मांगों से संबंधित पत्रक सौंपा। अध्यक्ष उमाशंकर तिवारी ने कहा कि हड़ताल को आपराधिक अवमानना वाले कानून को खत्म किया जाए। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए। साथ ही स्वास्थ्य बीमा कर प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड योजना मे अधिवक्ताओं को शामिल किए जाने की मांग रखी। सुधांशु तिवारी, परमानंद यादव, देवमोहन तिवारी, बृजेश मिश्र, गणेश उपाध्याय, संजय गुप्ता, प्रमोद तिवारी, रत्नेश श्रीवास्तव, देवेंद्र दूबे, चंद्रभूषण तिवारी, सत्येंद्र तिवारी मौजूद रहे।

रुद्रपुर संवाददाता के अनुसार तहसील बार एसोसिएशन के तत्वावधान में अधिवक्ताओं ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। साथ ही एसडीएम को पत्रक सौंपा। इस दौरान अध्यक्ष सभामणि त्रिपाठी, महामंत्री आनंद शंकर मणि, पूर्व अध्यक्ष ब्रजबिहारी पांडेय, राजेश त्रिपाठी, फणीन्द्र नाथ पांडेय, रमेश मणि त्रिपाठी, सत्यप्रकाश गुप्त, शशि भूषण निगम मौजूद रहे। भाटपाररानी व बरहज में भी अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया।

यह और अन्य खबरें देखे-
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# दुर्गा पूजा को लेकर पीस कमेटी की हुई बैठक

मईल। दुर्गा पूजन व प्रतिमा विसर्जन को लेकर पीस कमेटी की बैठक बुधवार की शाम थाना परिसर में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए सीओ बरहज आदित्य कुमार गौतम ने कहा कि दुर्गा पूजन के दौरान सदैव शांति व्यवस्था बनाए रखें। शराब और नशा युक्त किसी भी सामग्री का उपयोग न करें। पंडाल में विद्युत सजावट, हवन दीप प्रजनन करते समय हमेशा सावधानी बरतें। प्रतिमा पंडाल में अग्निशमन सामग्री की व्यवस्था रखें।

थाना अध्यक्ष अमित कुमार राय ने कहा कि प्रतिमा स्थापित करने से लेकर मूर्ति विसर्जन तक सदैव सौहार्द का वातावरण बनाए रखें। इस अवसर पर अरविंद कुमार, रंजीत कुमार सिंह, विद्यानंद पाठक, अली चौधरी, राकेश सिंह ,डॉ. राम मनोहर तिवारी आदि उपस्थित थे। संवाद

# कमेटी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

देवरिया। जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवेंद्र सिंह के साथ डीएम, एसपी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जेल का बुधवार को निरीक्षण किया। इस दौरान ऐसे निरूद्ध बंदी जो दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 436(क) दं0प्र0सं0 से आच्छादित हैं तथा पूर्ण सजा के सापेक्ष आधी सजा से अधिक अवधि व्यतीत कर चुके हैं। संवाद

# अधिवक्ताओं ने की सुरक्षा एक्ट लागू करने की मांग, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## बरहज तहसील में की नारेबाजी, बुलंद की आवाज

संवाद न्यूज एजेंसी

बरहज। तहसील बार एसोसिएशन के नेतृत्व में बुधवार को अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित आठ सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम अंगद यादव को सौंपा। वकीलों ने अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करने सहित विभिन्न मांगें की है।

तहसील बार संघ अध्यक्ष नागेंद्र सिंह के नेतृत्व में वकील लामबंद होकर नारेबाजी करने लगे। मौके पर चंद्रभान चौरसिया, उदयराज चौरसिया आदि मौजूद रहे।

**एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करे सरकार : देवरिया।** अधिवक्ता हितों को लेकर बुधवार को वरिष्ठ अधिवक्ता दिवाकर शुक्ला के चैंबर में बैठक हुई, जिसमें एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की।

बैठक को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश बार कौंसिल के अनुशासन समिति के सदस्य दिव्यांश पति त्रिपाठी ने कहा कि अधिवक्ता हितों को देखते प्रदेश सरकार एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट शीघ्र लागू करें।



रुद्रपुर तहसील में वकीलों ने किया प्रदर्शन। संवाद

### काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

रुद्रपुर। जिला अधिवक्ता संघ इलाहाबाद (प्रयागराज) के आह्वान पर बुधवार को वकीलों ने तहसील में काली पट्टी बांध कर प्रदर्शन किया। न्यायिक कार्यों से विरत वकीलों ने छह सूत्रीय मांगपत्र उपजिलाधिकारी श्रुति शर्मा को सौंप अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की। अधिवक्ताओं ने कहा कि वकीलों के हितों पर कुठाराघात करने वाले आदेश को तत्काल वापस करना चाहिए। पत्रक देने वालों में बार संघ के अध्यक्ष सभामणि मिश्र, महामंत्री आनंद शंकर मणि त्रिपाठी, रमेश मणि त्रिपाठी, राजेश त्रिपाठी, बृज बिहारी पांडेय, बालेंद्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

# महिला की जमीन पर कब्जा व मारपीट, ससुर और बहू पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

तरकुलवा। एक महिला की जमीन पर रात में कटरैन डालकर कब्जा कर लेने और विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर देने के मामले में पुलिस ससुर और उसकी बहू के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है।

ग्राम सकतुआ खुर्द की रहने वाली मंजू देवी पत्नी मनीष ने थाने में तहरीर दिया है। कहा है कि गांव के राम बड़ाई प्रसाद और उसकी बहू सुमन ने प्रशासन के मना करने के बाद भी उनकी जमीन पर 19 सितंबर की 12 बजे रात में जबरदस्ती कटरैन रखकर कब्जा कर लिया। जब वह इसका विरोध करने गई तो उनलोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# आरोपियों को सजा दिलाने के लिए लड़ेगा परिवार

## ट्रेन से कूदने पर युवक की मौत का मामला, पत्नी व बच्चों ने दर्ज केस वापस लेने की मांग की

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया/भाटपार रानी। नोएडा से हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी कृष्णा को गिरफ्तार कर पुलिस खामपार थाने ला रही थी। इसी बीच शौच जाने का बहाना बनाकर



आस्था नंद का पुत्र

कृष्णा गेट पर पहुंचा और दुल्लहपुर से नायकडीह रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेन से छलांग लगा दी। कृष्णा की इलाज के दौरान मौत हो गई।

पुलिस की लापरवाही सामने आने पर एसपी संकल्प शर्मा ने एएसपी दक्षिणी को जांच की जिम्मेदारी दी। कृष्णा की मौत की सूचना पर मृतक आस्थानंद के परिजनों ने बस इतना कहा कि जो जैसा करेगा वैसा भरेगा। वह अन्य आरोपितों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए लड़ेंगे।



आस्था नंद की पत्नी तेतरी देवी।

खामपार कस्बा निवासी आस्थानंद खटीक और जयप्रकाश बांसफोर परिवार के बीच 21 जुलाई 2024 को विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों का परिवार आपस में भिड़ गए। खामपार थाने से महज 200 मीटर की दूरी पर हुई इस घटना में आस्था नंद की मौत हो गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जयप्रकाश सहित कन्हैया व गोपाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि कृष्णा फरार चल रहा था। कृष्णा की मौत की सूचना के बाद आस्थानंद की पत्नी तेतरी देवी ने कहा कि हम अपने पति के हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए लड़ेंगे। कृष्णा बांसफोर की मौत पर उसने बस इतना कहा कि जो जैसा करेगा वैसा भरेगा।

### प्राथमिकी से आहत है अस्थानंद का परिवार

आस्था नंद की मौत के बाद उसके परिजनों ने जमकर बवाल काटा था। शव को खामपार थाने के गेट पर रख प्रदर्शन किया था। इसके बाद पुलिस ने आस्थानंद के परिजनों व सहयोगियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। जिससे आस्थानंद के परिजन आहत हे। उनका कहना है कि मेरे परिवार के एक सदस्य की जान गई और हम अपनी मांगों को लेकर जब फरियाद करते हुए सड़क जाम किए तो पुलिस ने हम लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया। आस्था नंद की पत्नी ने पुलिस प्रशासन से इस मुकदमे को भी समाप्त करने की मांग की है। आस्था नंद की पत्नी तेतरी देवी व पुत्र नीतेश ने दर्ज मुकदमा वापस लेने की मांग की है। उनका कहना है कि न्याय नहीं मिला तो वह मुख्यमंत्री के जनता दरबार में मुकदमा वापस करने के लिए गुहार लगाएंगे। आस्थानंद के दो पुत्र नीतेश व विवेक व चार पुत्रियां हैं। चार पुत्रियां में दो की शादी हो चुकी है और दो अभी कुंवारी है।

**एएसपी ने कहा शीघ्र सौंपी जाएगी जांच रिपोर्ट :** आस्थानंद हत्या कांड के वांछित आरोपी कृष्णा बांसफोर की गिरफ्तारी के बाद पुलिस कस्टडी में रेल दुर्घटना में हुई मौत की जांच का जिम्मा एसपी संकल्प शर्मा ने अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार सिंह को सौंपा है। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जांच के बाद शीघ्र रिपोर्ट एसपी को सौंपी जाएगी।

# KUSHINAGAR POLICE

5

# सराहनीय कार्य दिनांक:-26-09-2024

# दुष्कर्म के मुकदमे में दो आरोपी गिरफ्तार

कुशीनगर। सेवरही व अहिरौली बाजार थानों में दर्ज दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के दो मुकदमों में वांछित दो अभियुक्तों को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। सेवरही पुलिस ने वांछित अभियुक्त अनिल उपाध्याय पुत्र रमेश चन्द्र उपाध्याय निवासी धनुआ सांड मोहनलालगंज, जनपद लखनऊ को गिरफ्तार कर लिया है। अहिरौली बाजार पुलिस ने वांछित अभियुक्त राजेश दूबे निवासी जमुनी बरवा थाना कप्तानगंज को गिरफ्तार किया है।

# गिरोह पर शिकंजा, पुलिस के रडार पर कई और बदमाश

**कुशीनगर।** जाली करेंसी खपाने वालों का गिरोह बड़ा है। अभी इसमें कुल 11 बदमाशों की ही गिरफ्तारी हो सकी है मगर अब भी पुलिस की रडार पर इस गिरोह से जुड़े कई बदमाश हैं। पुलिस टीमें उनकी तलाश कर रही हैं। एसपी संतोष मिश्र का कहना है कि पुलिस जाली नोट के रैकेट की तह तक जाने की कोशिश में है। गिरोह के सभी बदमाशों को गिरफ्तार किया जाएगा।

उधर इस मामले में एसपी ने जाली करेंसी मामले की पूरी रिपोर्ट डीपीजी व पुलिस मुख्यालय को भेज दी है। माना जा रहा है कि इस मामले में जल्द ही एनआईए की इंट्री हो सकती है। पुलिस के लिए भी यह सवाल परेशान करने वाला है कि आखिर इतनी बड़ी मात्रा में जाली नोट आए कहां से। पुलिस नेपाल व बिहार कनेक्शन की बात स्वीकार कर रही है मगर पक्के तौर पर अभी किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। बदमाशों से बरामद पांच सौ व दो सौ के नोटों को एक नजर में देखने पर यदि



मुठभेड़ स्थल से बरामद बाइक

उन्हें थोड़ा मिट्टी में मिला कर गंदा कर दिया गया हो तो आसानी से पहचानना मुश्किल होगा।

पुलिस का कहना है कि गिरोह के सदस्य अधिकतर तस्करी व अन्य अवैध धंधों में गड्डी में मिलाकर जाली नोट चलाते थे। प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी में भी जाली करेंसी खपाने के प्रमाण सामने आ रहे हैं। एसपी ने कहा कि गिरोह के कुछ बदमाश अभी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। उनकी तलाश की जा रही है।

### अजय लल्लू ने मुठभेड़ को लेकर पुलिस पर उठाए थे सवाल, सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार करने पर हुई कार्रवाई

# कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष को नोटिस

**जाली नोट प्रकरण**

**कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता।** जाली नोटों के साथ पकड़े गए बदमाशों को लेकर सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार करने व पकड़े गए बदमाशों में एक के साथ फोटो पाए जाने एसपी ने कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व तमकुही राज के पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लू को नोटिस भेजा है। एसपी का कहना है कि मामले में उनका स्पष्टीकरण दर्ज किया जाएगा।

एसपी संतोष मिश्र ने बुधवार को प्रेसवार्ता में एक सवाल के जवाब में बताया कि पकड़े गए बदमाशों का लंबा आपराधिक इतिहास है। वे राजनीतिक दल से जुड़े हैं या नहीं, इससे पुलिस का कोई लेनादेना नहीं है। कुछ लोग उनके बारे में भ्रामक सूचनाएं प्रसारित कर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। पुलिस की ऐसे लोगों पर नजर है। इसी क्रम में कांग्रेस नेता अजय कुमार लल्लू की एक तस्वीर गिरफ्तार औरंगजेब खान के साथ प्रकाश में आयी है। उसकी एक तस्वीर मुख्तार अंसारी के साथ की और एक तस्वीर नेपाल यात्रा की भी आयी है, जिसमें लिखा है कि वह किसी विशेष मिशन पर नेपाल यात्रा पर है। यह दोनों तस्वीरें कुशीनगर की जनता द्वारा ही भेजी गयी हैं। इस पर बयान दर्ज कराने के लिए पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लू को नोटिस भेजा गया है। उनका बयान दर्ज किया जाएगा कि उनसे क्या कनेक्शन है। पकड़े गए बदमाशों की कई अन्य बड़े नेताओं के साथ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने के सवाल पर एसपी ने कहा कि बड़े नेताओं से साथ फोटो के बारे में भी जानकारी हासिल की गयी है। राजनेताओं के साथ वह सभी फोटो इत्तेफाक मात्र हैं। इस संबंध में अजय कुमार लल्लू ने कहा कि अभी उन्हें ऐसा कोई नोटिस नहीं मिला है, न ही ऐसी कोई सूचना है। उससे पहले इस संबंध में कुछ भी कहना अनुचित होगा।

**अजय लल्लू ने एक्स पर किया था पोस्ट:** अजय लल्लू ने अपने एक्स हैंडल से पोस्ट किया कि कुशीनगर पुलिस ने जिन जाली नोटों के कथित आरोपियों को प्लास्टर लगा व्हील चेयर पर परेड कराई, वही आरोपी पेशी के बाद बिना प्लास्टर के खुद के पैरों पर पुलिस के साथ जा रहे हैं।

वीडियो में यह स्पष्ट है। डीजीपी उत्तर प्रदेश को बताना चाहिए कि क्या यह प्लास्टर महज दिखावा था? पीआर था? कोई एजेंडा था? जनता सच जानना चाहती है। इसके साथ उन्होंने पैरों में प्लास्टर और पैरों में बिना प्लास्टर शीर्षक लगाकर दो वीडियो भी पोस्ट किए हैं। हालांकि वीडियो की सत्यता की पुष्टि आपका अपना अखबार नहीं करता है।

**पुरानी वीडियो पोस्ट कर कांग्रेस व सपा नेता ने उठाए सवाल:** जाली करेंसी के साथ पकड़े गए गिरोह की जिला अस्पताल की सोशल मीडिया पर एक वीडियो बुधवार को वायरल कर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू व सपा नेता मधुरश्याम राय ने सवाल किया है कि जिन लोगों के घायल होकर व्हील चेयर पर गलती की माफी मांगने का पुलिस ने वीडियो जारी किया था, वह सभी वीडियो में अस्पताल में खुद अपने पैरों से आराम से चलकर जाते दिख रहे हैं। वीडियो 23 सितंबर का बताया गया है। दोनों नेताओं ने उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

## सोशल मीडिया पर सपा-भाजपा में रार

जाली करेंसी के कारोबार से जुड़े आरोपियों को जेल भेजने के मामले में तमकुहीराज क्षेत्र के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर तमाम तरह की चर्चाएं हो रही है। इस घटना को लेकर राजनैतिक रंग सोशल मीडिया पर चढ़ गया है। आरोपियों में दो आरोपी नौशाद खान एवं रफी अहमद उर्फ बबलू के सपा राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी होने के कारण भाजपा कार्यकर्ताओं एवं सपा कार्यकर्ताओं में आरोप प्रत्यारोप का क्रम जारी है।

## सपा नेताओं ने उच्चस्तरीय जांच की मांग की

तमकुहीराज पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही को गलत करार देते हुए सपा जिलाध्यक्ष शुकरुल्लाह अंसारी, पूर्व विधायक पीके राय, पूर्व विधायक कासिम अली एवं अन्य सपा पदाधिकारियों के साथ बुधवार को घटना स्थल का निरीक्षण किया। सपा नेताओं ने घटना की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। इस दौरान सपा नेता मधुर श्याम राय, पूर्व प्रमुख उदय नारायन गुप्ता भी मौजूद रहे।



मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने के बाद पुलिस की गिरफ्त में घायल आरोपी।

## मुस्तकीम की निशानदेही पर तीन प्रतिबंधित पशु भी किए गए बरामद

**कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता।** सेवरही थाना क्षेत्र स्थित बिनटोलिया गांव के सामने आम के बगीचे के पास बुधवार की भोर में हुई मुठभेड़ में पुलिस की गोली से घायल बदमाश मुस्तकीम भारत-नेपाल में जाली नोट खपाने वाले गिरोह का 11वां सदस्य है। वह बीते दिनों अपने अन्य साथियों की गिरफ्तारी के दौरान फरार हो गया था।

एसपी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि पुलिस टीम ने अभियुक्त के कब्जे से 30,000 रुपये के जाली नोट, जाली नोट बदलकर अर्जित 10 हजार रुपये, एक तमंचा, 4 जिंदा व 2 खोखा कारतूस और बिना नंबर की बाइक बरामद की है। उसकी निशानेदही पर बिहार बॉर्डर पर तस्करी कर वध के लिए बांधे गए 3 प्रतिबंधित पशु भी बरामद किए गए। कुशीनगर की पुलिस ने 23 सितंबर को जाली नोटों का कारोबार करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 10 सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने 5.62 लाख रुपये के जाली नोट, भारतीय मुद्रा 1.10 लाख नेपाली मुद्रा, दस असलहे, कारतूस और चार सुतली बम बरामद किए थे। गिरफ्तार किए गए जाली नोट के कारोबारियों में लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव मो. रफी खान उर्फ बबलू, सपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नौशाद खान, एक अन्य सपा नेता औरंगजेब खान शामिल था।

# जाली नोट प्रकरण में एक और मुठभेड़, शातिर दबोचा

**11** वें आरोपी को पुलिस ने गोली मारकर गिरफ्तार किया

- 23 सितम्बर को कुशीनगर में जाली नोट के साथ पकड़े गए थे गैंग के 10 सदस्य

**कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता।** सेवरही थाना क्षेत्र स्थित बिनटोलिया गांव के सामने आम के बगीचे के पास बुधवार की भोर में हुई मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। पुलिस ने उसके पास से 30 हजार के जाली नोट, भारतीय करेंसी और असलहा बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया बदमाश भी भारत-नेपाल में जाली नोट खपाने वाले गिरोह का 11वां सदस्य है जो 23 सितम्बर को पुलिस की कार्रवाई के दौरान फरार हो गया था।

पुलिस को सूचना मिली थी कि जाली नोट के कुछ कारोबारी सेवरही क्षेत्र में है। इस सूचना पर सेवरही, तमकुहीराज, तरयासुजान व साइबर थाने की संयुक्त पुलिस टीम सेवरही थाना क्षेत्र स्थित बिनटोलिया गांव के सामने आम के बगीचे के पास बुधवार की भोर में घेराबंदी कर आने-जाने वालों की चेकिंग शुरू कर दी। तभी एक बाइक सवार आते दिखा। पुलिस टीम ने उसे रोकने का प्रयास किया तो मनबढ़ ने बाइक खड़ी कर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस कर्मियों ने जवाबी फायरिंग की। पुलिस की गोली पैर में लगने से बदमाश घायल हो गया। पूछताछ में उसने अपना नाम मुस्तकीम बताया। वह तरयासुजान थाना क्षेत्र के भुलिया अगरवा निवासी कलाम का पुत्र है। गिरोह पर शिकंजा P03

## पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को पुलिस ने भेजा नोटिस



कुशीनगर। जाली नोटों के साथ पकड़े गए बदमाशों को लेकर सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार करने व पकड़े गए बदमाशों में एक के साथ फोटो पाए जाने पर एसपी ने कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व तमकुही राज के पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लू को नोटिस भेजा है। ब्योरा P03

# घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

विशुनपुरा। जटहा बाजार थाना क्षेत्र के माधोपुर में सोमवार की रात में दो बोरी मांस लेकर कहीं जा रहे बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर गया था। पुलिस ने उसे एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजवाया। इलाज के दौरान ही मौत हो गई थी। पुलिस की काफी मेहनत के बाद परिजन जब पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे, तो उसकी पहचान बिहार के मधुबनी रंगललही निवासी शकील पुत्र हामिद के रूप में हुई।

सोमवार की देर रात को नहर के रास्ते 45 वर्षीय युवक दो बोरी में भैंसे का मांस लेकर चिरगोड़ा- पखनहा मार्ग से कहीं पहुंचाने काफी तेज गति से जा रहा था। माधोपुर के पास कुछ महिलाएं टहलने निकली थी। बाइक सवार महिलाओं को देख अनियंत्रित होकर गिर कर घायल हो गया। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पहुंची पुलिस ने मांस भरी बोरियां व बाइक को अपने कब्जे में लेकर युवक को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजवाया, जहां इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई। मंगलवार को परिजनों के पोस्टमार्टम हाउस पहुंचने पर उसकी पहचान की।

# गिरोह ने दर्ज कराया था फर्जी मुकदमा

**कुशीनगर।** जाली नोटों के साथ पकड़े गए बदमाशों को लेकर स्थानीय लोगों का कहना है कि गिरोह के सदस्य इतने शातिर हैं क्षेत्र के कुछ लोगों पर महिलाओं को ढाल बनाकर फर्जी मुकदमे दर्ज करा देते थे। जाली करेंसी व अवैध हथियार के मामले में आरोपियों के जेल जाने के बाद इन आरोपियों के मकड़जाल में फंसे कुछ पीड़ितों ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगानी शुरू कर दी है।

इमिलिया निवासी विनोद गुप्ता ने उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर गुहार लगायी है कि इस गिरोह के सदस्यों द्वारा एक महिला को ढाल बनाकर उनके ऊपर फर्जी मुकदमा लिखवा दिया गया था। पैसे की डिमांड की गई थी। पैसा नहीं देने पर उनको इस कदर फंसाया गया कि वह तबाह हो गए हैं। प्रशासन से आरोपियों के मोबाइल की सीडीआर निकालने एवं फर्जी मुकदमा लिखवाने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर उनके खिलाफ कारवाई की मांग की है। वहीं पुलिस जांच कर रही है।

# पकड़े गए बदमाशों का नेपाल से था कनेक्शन, जांच में तेजी

- डीजीपी को एसपी ने भेजी पूरे मामले की रिपोर्ट, हो सकती है एनआईए की इंट्री
- पुलिस को परेशान कर रहा सवाल, आखिर इतनी मात्रा में जाली नोट आए कहां से

**तमकुहीराज,।** भारतीय जाली करेंसी के अवैध कारोबार के सरगना रफी अहमद उर्फ बबलू, औरंगजेब समेत अन्य बदमाशों के तार नेपाल से जुड़े हुए हैं। उनके पास से बरामद नेपाली सिमकार्ड के जरिए पुलिस इसकी पड़ताल में जुटी है कि वहां किन लोगों से इनका कनेक्शन था। पुलिस का औरंगजेब की एक पुरानी फोटो स्व मुख्तार अंसारी के साथ मिली है। इसके अलावा उसकी नेपाल यात्रा की फोटो भी मिली है, जिसमें उसने खुद लिखा है कि सिक्रेट मिशन को लेकर नेपाल यात्रा पर गया है।

कभी गरीबी एवं मुफलिसी का जीवन काट रहा रफी अहमद उर्फ बबलू अपने संघर्ष के दिनों में आटो चलाने के साथ ही व्यापार कर बैरियर गाजीपुर में प्राइवेट फर्म चलाता था। सेल टैक्स बैरियर पर ही उसका संबंध सलेमगढ़ निवासी एक व्यक्ति से हुआ था। जो बाद में क्षेत्र में अवैध स्क्रैप कारोबारी के रूप में उभरा। पहले सेल टैक्स चोरी में माहिर इन दोनों खिलाड़ियों ने संयुक्त रूप से स्क्रैप का कारोबार शुरू कर जीएसटी चोरी का एक सिंडीकेट तैयार किया। काफी दिनों तक स्क्रैप के माध्यम में जीएसटी की चोरी का कारोबार करने के दौरान इनका संपर्क असोम के एक बड़े व्यापारी से हो गया। जिसके बाद असोम के फर्म के माध्यम से यह कुशीनगर एवं गोरखपुर में फर्जी जीएसटी लाइसेंस के माध्यम से स्क्रैप के साथ ही नेपाल से लवंग, इलायची, काली मिर्च आदि का कारोबार करने लगे। बबलू के पास धन बढ़ने की दशा में उसने सलेमगढ़ निवासी अपने सहयोगी की तरह अपना लाइफ स्टाइल चेंज कर दिया था। जल्द पैसे कमाने की चाहत में ही इस गिरोह का संपर्क जाली करेंसी चलाने वाले सिंडिकेट से हुआ।

# अल्ट्रासाउंड संचालक पर दर्ज कराया केस

हाटा। बुधवार को नगर में अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर की जांच करने गई टीम से एक संचालक उलझ गया। इस पर डिप्टी सीएमओ ने थाने में तहरीर देकर उस पर केस दर्ज कराया है। अल्ट्रासाउंड सेंटर की जांच के दौरान एक संचालक जांच टीम से उलझ गया और जांचकर्ताओं को खरी खोटी सुनाने लगा। डिप्टी सीएमओ डॉ अवधेश कुशवाहा की तहरीर पर अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालक हर्षचंद्र गुप्त के विरूद्ध मुकदमा हाटा कोतवाली में दर्ज किया गया। डिप्टी सीएमओ ने बताया कि जांच के दौरान देव डायग्नोस्टिक सेंटर पर अल्ट्रासाउंड करने वाले डॉक्टर अनुपस्थित थे।

# चार अल्ट्रासाउंड व एक डायग्नोस्टिक सेंटर सील

पडरौना, निज संवाददाता। डीएम विशाल भारद्वाज के निर्देश पर सीएमओ डॉ. सुरेश पटारिया ने एसडीएम सदर के साथ पहुंचकर बुधवार को दो अल्ट्रासाउंड सेंटर सील कराए। इसके अलावा तरयासुजान में भी एक अल्ट्रासाउंड और एक डायग्नोस्टिक सेंटर सील किया गया।

डीएम ने बुधवार को एसडीएम सदर व्यास नारायण उमराव और सीएमओ डॉ. सुरेश पटारिया को पडरौना क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर, पैथोलॉजी व हॉस्पिटल की जांच कर सील कराने का निर्देश दिया। एसडीएम सबसे पहले कुबेरस्थान सीएचसी के अंतर्गत आने वाले अन्हारीबारी चौराहा पर बिना पंजीकरण अवैध रूप से संचालित पूर्वांचल अल्ट्रासाउंड सेंटर पर पहुंचे। वहां एक अप्रशिक्षित लड़का अल्ट्रासाउंड साउंड करते पाया गया ' अल्ट्रासॉउन्ड से सम्बंधित कोई कागजात नहीं दिखाने पर सीएमओ ने अल्ट्रासाउंड सेंटर सील कराकर सारा सामान कुबेरस्थान थाने के मालखाने में जब्त करा दिया ' यहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुशीनगर का पर्चा पाया गया, जिसे सीएमओ अपने साथ लेते गए ' इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बगल में स्थित पूर्व में दो से अधिक बार सील हो चुके न्यू भारत अल्ट्रासाउंड एंड डिजिटल एक्स रे सेंटर की जांच की गई। उसका रजिस्ट्रेशन दो वर्ष पूर्व ही समाप्त हो चुका था ' डॉक्टर भी नहीं थीं ' इनका रजिस्ट्रेशन दो वर्ष पूर्व ही समाप्त हो चुका था, फिर भी यह अल्ट्रासाउंड सेंटर धड़ल्ले से चल रहा था ' यहां के कुछ लोगों का कहना है कि सभी केंद्र विभागीय मिलीभगत से संचालित होते हैं ' इस अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील कर इसे मुहम्मद शाबिर को ही सुपुर्द कर दिया गया। इस दौरान कुबेरस्थान के थानाध्यक्ष अजय कुमार मौर्य, लेखपाल योगेंद्र गुप्ता, प्रशांत कुमार, अनिल गिरी उपस्थित रहे। उसके बाद जंगल खिरकिया में संचालित संगम अल्ट्रासाउंड सेंटर की जांच के दौरान भारी गड़बड़ी मिली। इसलिए उसे भी सील कर दिया गया।

## अवैध अल्ट्रासाउंड एवं डायग्नोस्टिक सेंटर सील

तरयासुजान। डीएम के निर्देश पर तरयासुजान में स्थित शिवम् अल्ट्रासाउंड व एमके डायग्नोस्टिक सेंटर पर दोपहर 12 बजे पहुंचे उपजिलाधिकारी विकासचंद सिंह व डॉ. अमित राय की टीम ने जांच की। एमके डायग्नोस्टिक सेंटर की जांच के दौरान न कोई डॉक्टर मिला और न ही कोई डिग्री मिली। वहीं बगल में स्थित शिवम् अल्ट्रासाउंड बंद था। मौके पर उपस्थित संचालक को अल्ट्रासाउंड सेंटर खोलने को कहा तो उसने चाबी न होने का हवाला दिया। वह घर से चाबी लाने की बात कहकर गया, लेकिन उपजिलाधिकारी व स्वास्थ्य टीम घंटों इंतजार करती रही। वह वापस नहीं आया तो अल्ट्रासाउंड व डायग्नोस्टिक सेंटर को सील कर दिया। एसडीएम ने बताया कि जांच के दौरान डायग्नोस्टिक सेंटर में आवश्यक उपकरण, डिग्री और डॉक्टर की कमी पाई गई। वहीं शिवम् अल्ट्रासाउंड के संचालक द्वारा घंटों इंतजार के बाद भी सेंटर नहीं खोला गया। इस वजह से लेकर दोनों सेंटर सील कर दिए गए।

# संचालक से 2.83 लाख रुपये लूटे

दुदही, हिन्दुस्तान संवाद। मंगलवार की देर शाम विशुनपुरा थाना क्षेत्र में सीएसपी संचालक से 2.83 लाख रुपये लूट लिए जाने की खबर प्रकाश में आयी है। मामले में सीओ तमकुही में घटनास्थल का देर रात मुआयना किया। बुधवार को पुलिस मामले की तह तक जाने के लिए सक्रिय रही। पुलिस कई पहलुओं की जांच कर रही है। पुलिस ने कुछ संदिग्धों को पूछताछ के लिए उठाया भी है। पुलिस का कहना है कि मामले के खुलासे के काफी करीब पहुंच चुकी है।

थाना क्षेत्र के जंगल नौगवा में आलीम अंसारी के नाम से बैंक का सीएसपी है। जिसे बगल के गांव लुअठहा का युवक राजू गौतम संचालित करता था। राजू मंगलवार को पड़रौना बैंक से 68 हजार रुपये निकालने के बाद अपने सीएसपी पहुंचा और वहां से और रुपया लेकर कुल दो लाख तिरासी लेकर दुदही अलीम अंसारी के घर आ रहा था। इसी दौरान दुदही के बड़हरा गांव में तीन की संख्या में रहे युवकों में दो ने राजू को धक्का देकर बाइक से गिरा दिया और रुपये से भरा बैग लेकर भाग गए। युवक ने पीआरवी को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले में रात से ही छानबीन शुरू कर दिया। देर रात सीओ तमकुही जितेंद्र कालरा तथा प्रभारी थानाध्यक्ष संतोष सिंह ने स्थलीय निरीक्षण किया तथा मामले के विभिन्न पहलुओं पर जांच शुरू कर दिया। बुधवार को भी सीओ ने विशुनपुरा पहुंचकर मामले में आवश्यक निर्देश दिए। प्रभारी थानाध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि मामले के खुलासे के पुलिस काफी नजदीक है।

# रिटायर्ड दरोगा के चालक को मार पीटकर छीन लिए रुपये

खड्डा। थाना क्षेत्र के बंजारीपट्टी व लखुआ लखुई गांव के बीच मुख्य पश्चिमी गंडक नहर पर मंगलवार की देर शाम एक रिटायर्ड दरोगा के चालक को मार पीटकर उससे एक हजार रुपये मनबढ़ों ने छीन लिया। पीड़ित ने बुधवार को थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

लखुआ लखुई निवासी अमर ने बुधवार को थाने में तहरीर देकर बताया कि वह खड्डा थाने के एक रिटायर्ड दरोगा का ट्रक चलाता है। मंगलवार को वह ट्रक खड़ा कर बाइक से मुख्य पश्चिमी गंडक नहर के रास्ते घर जा रहा था। इसी दौरान नहर पर तीन व्यक्तियों ने उसे घेर लिया और मार पीटकर जेब से एक हजार रुपये व मोबाइल छीन लिया। उसके शोर मचाने पर लोग मौके पर पहुंचे, तब तक आरोपी मोबाइल फेंककर भाग गए। इंस्पेक्टर अनिल सिंह का कहना है कि इसकी तहरीर मिली है। सच्चाई क्या है, इसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# विवाहिता से गैंगरेप, पीड़िता को लेकर थाने पहुंचा पति

## हैवानियत

**सेवरही, हिन्दुस्तान संवाद।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक वार्ड में किराए पर रह रही विवाहिता से गैंगरेप का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। बुधवार को पीड़िता को एंबुलेंस लेकर थाने पहुंचे पति ने मुकामी पुलिस पर कार्रवाई की बजाय उसे लौटा देने का आरोप लगाया है। शिकायत पर एसपी ने सेवरही पुलिस को अविलंब कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पीड़िता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सेवरही थाना क्षेत्र के एक वार्ड में गैर प्रांत का दंपति रहकर मजदूरी करता है। विवाहिता का पति सोमवार को किसी काम से बाहर गया था। घर में अकेली महिला को पाकर कुछ मनबढ़ों ने गैंगरेप किया और फरार हो गए। महिला बाहर की है, उसे डायल 112 तक के बारे में जानकारी नहीं है। बुधवार को जब उसका पति बाहर से घर लौटा तो गैंगरेप की बात बतायी। पति उसे लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचा तो डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। एंबुलेंस से थाने भेज दिया और जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पीड़िता को एंबुलेंस लेकर उसका पति थाने पहुंचा। उसका आरोप है कि पुलिस ने उसकी बात पर ध्यान नहीं दिया और लौटा दिया। अस्पतला भर्ती कराने के बाद एसपी तक अपनी शिकायत पहुंचायी। एसपी ने पूछताछ की तो पुलिस तत्काल हरकत में आ गयी। घटना से जुड़े फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने की जानकारी मिलने पर सेवरही पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इस संदर्भ में प्रभारी निरीक्षक सेवरही श्रीप्रकाश राय ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। पीड़िता का इलाज चल रहा है। अभी तहरीर नहीं मिली है।

# मारपीट में 11 पर दर्ज हुआ मुकदमा

विशुनपुरा। बीते 17 सितंबर को कोतवाली क्षेत्र के जंगल बकुलहा निवासी एक व्यक्ति की भतीजी अपने दरवाजे पर बैठी थी।

आरोप है कि गांव के अरविंद, बुलबुल व झीनक उसके घर पर पत्थर फेंकते हुए छींटाकशी कर रहे थे। विरोध पर वह उलझ गए और मारपीट करने के लिए उतारू हो गए। आरोपियों के पक्ष से पुकार, राजन, बृजबल, गनेश, प्रेम, धीरज आदि भी उसके दरवाजे पर पहुंच गये और परिजनों पर हमला कर दिये। इस मामले में पुलिस ने 11 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# नकली नोट खपाने वाले गिरोह का 11वां सदस्य गिरफ्तार

## 30 हजार नकली नोट, अवैध असलहा व कारतूस बरामद

जागरण संवाददाता, पडरौना (कुशीनगर) : साढ़े पांच लाख से अधिक नकली नोट व अवैध असलहों की बरामदगी मामले में वांछित तस्कर को पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार तड़के सेवरही के बिनटोलिया के पास मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 30 हजार भारतीय नकली नोट (पांच सौ व दो सौ) तथा अवैध असलहा व कारतूस बरामद हुआ है। उसकी पहचान मुस्तकीम निवासी भुलिया अगरवा थाना तरयासुजान के रूप में हुई। एसपी ने उसके ऊपर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। नकली नोट मामले में गिरफ्तार तस्करों की संख्या अब 11 हो गई है।



मुठभेड़ में पकड़े गए गो-तस्कर के बारे में जानकारी देते एसपी संतोष कुमार मिश्रा दाएं से दूसरे ● जागरण

एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने पत्रकारों को बताया कि बीते शनिवार की रात नकली व नेपाली नोट, अवैध असलहों व सुतली बम के साथ 10 तस्करों को गिरफ्तार किया गया थी। इसमें शामिल व फरार चल रहे दूसरे तस्करों की तलाश में अलग-अलग टीमें लगाई गईं हैं। तड़के चार बजे पुलिस की संयुक्त टीम सेवरही क्षेत्र के बिनटोलिया के पास से गुजर रही थी इस बीच बगल में स्थित बागीचे के समीप संदिग्ध हाल में दिखे बाइक सवार अधेड़ को रोकने का प्रयास किया गया तो वह बाइक से उतर कर टीम पर फायरिंग करते हुए तेजी से भागा। जवाबी कार्रवाई में उसके दाहिने पैर में गोली, जिससे वह गिर पड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से 30 हजार नकली नोट, 10 हजार नकदी, एक तमंचा, चार कारतूस मिला। मौके से दो खोखा भी मिला। उसकी निशानदेही पर बागीचे से तीन गोवंश, लकड़ी का बड़ा टुकड़ा, रस्सी, लोहे का धारदार हथियार आदि बरामद हुआ। एसपी ने बताया कि मुस्तकीम गो-तस्करी में भी लिप्त है। उसके विरुद्ध अलग-अलग थानों में आठ मुकदमे पंजीकृत हैं। टीम में प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना मनोज पंत, प्रभारी निरीक्षक तमकुहीराज अमित शर्मा, प्रभारी निरीक्षक तरयासुजान राजप्रकाश सिंह, एसओ सेवरही श्रीप्रकाश राय शामिल रहे।

# गो-तस्करी में नकली नोट खपाते थे तस्कर

जागरण संवाददाता, तमकुहीराज : नकली नोटों की खेप यूपी-बिहार के सीमावर्ती इलाकों के साथ-साथ गो-तस्करी में भी खपाई जा रही थी। यह गिरोह यहां से बिहार से लेकर पश्चिम बंगाल तक गो-वंश की खेप भिजवाता था। गोवंश के परिवहन के बदले दी जाने वाली रकम में तस्कर नकली नोटों की खेप आसानी से खपाते थे। पकड़े गए तस्कर गो-तस्करी के धंधे में भी काफी समय से लिप्त थे।

बुधवार तड़के मुठभेड़ में गिरफ्तार मुस्तकीम ने भी पूछताछ में इस बात की पुष्टि की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार गिरोह के अधिकांश सदस्य बिहार सीमा से लगे तमकुहीराज, तरयासुजान व सेवरही थाना क्षेत्र के निवासी हैं। कम समय में अमीर बनने के लिए नकली नोट के कारोबार के साथ-साथ तस्कर कई और अवैध धंधे में भी लिप्त थे। गो-तस्करी इसमें प्रमुख है। बिहार सीमा से सटे इलाके से गो-तस्करी काफी आसान है। यही वजह है कि तस्कर गो-वंश की खेप यहां से आसानी से बिहार से लेकर पश्चिम बंगाल तक पहुंचाते थे। इस आड़ में नकली नोटों की आसानी से खपत भी हो जाती थी। सूत्रों के अनुसार गोवंश लदे वाहनों के परिवहन में अच्छी खासी रकम खर्च होती है। तस्कर आसानी से वाहन चालकों को नकली नोट पकड़ा देते थे। पकड़े जाने के भय से चालक या सहयोगी मिले रुपये लेकर तत्काल अपने गंतव्य को रवाना हो जाते। मिले नोटों के बारे में असलियत जब तक सामने आती तब तक काफी देर हो चुकी होती। इस तरह तस्कर नकली नोटों की खेप गो-तस्करी में आसानी से खपा देते थे।

## कहां से आए थे नकली नोट, अब भी यह बड़ा सवाल

तस्करों के पास से बरामद नकली नोट कहां से आए थे। यह बात अब तक सामने नहीं आ पाई है। पुलिस के सामने यह सबसे बड़ा सवाल है, जिसका जवाब पुलिस फिलहाल नहीं दे पा रही। एसपी ने बताया कई बिंदुओं पर जांच चल रही है। जांच पूरी होने के बाद तस्वीर साफ हो जाएगी।

# छापामारी में एक पैथालाजी व छह अल्ट्रासाउंड केंद्र सील

जागरण टीम, कुशीनगर: डीएम विशाल भारद्वाज के निर्देश पर बुधवार को तीन तहसीलों में एक साथ स्वास्थ्य व प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त टीम ने पैथालाजी व अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जांच की। छह अल्ट्रासाउंड व एक पैथालाजी केंद्र का लाइसेंस न मिलने पर उन्हें सील कर दिया गया।

सदर तहसील में सीएमओ डा.सुरेश पटारिया व एसडीएम व्यास नारायण उमराव कुबेरस्थान पहुंचे। अन्हारी बारी चौराहा पर बिना रजिस्ट्रेशन के अवैध रूप से संचालित पूर्वांचल अल्ट्रासाउंड सेंटर पर अप्रशिक्षित लड़का अल्ट्रासाउंड करते पाया गया, जिसे सील करते हुए सीएमओ ने सारा सामान कुबेरस्थान थाने के मालखाना में रखवाया। यहां सीएचसी का एक पर्चा भी मिला, जिसे सीएमओ साथ लेते गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बगल में स्थित पूर्व में दो से अधिक बार सील हो चुके न्यू भारत अल्ट्रासाउंड एंड डिजिटल एक्स रे सेंटर की जांच में पाया कि लाइसेंस दो वर्ष पहले ही समाप्त हो चुका है। यहां डाक्टर भी नहीं हैं। इसे पत्नी के नाम से संचालित किया जा रहा है। टीम ने इसे सील करते हुए सामान मुहम्मद



अन्हारीबारी में अल्ट्रासाउंड सेंटर सील करने की प्रक्रिया पूरी करते एसडीएम व्यास नारायण उमराव ( दाएं ) व सीएमओ डा . सुरेश पटारिया● जागरण

शाबिर की सुपुर्दगी में दिया। इस दौरान थानाध्यक्ष कुबेरस्थान अजय कुमार मौर्य, लेखपाल योगेन्द्र गुप्ता, प्रशांत कुमार, अनिल गिरि उपस्थित रहे। इसी तरह खिरकिया में एक अल्ट्रासाउंड केंद्र सील किया गया। तरयासुजान में एसडीएम विकास चंद और सीएचसी तमकुहीराज के प्रभारी डा. अमित राय पहुंचे और अवैध रूप से संचालित शिवम अल्ट्रासाउंड केंद्र और एमके डाग्योनिस्टक सेंटर को फर्जी पाए जाने पर सील कर दिया गया। इस दौरान प्रवीण राय, विजय चौहान,वाहिद हुसैन आदि मौजूद रहे। हाटा में डिप्टी सीएमओ डा. अवधेश कुशवाहा व उपजिलाधिकारी प्रभाकर सिंह द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हाटा के आसपास चल रहे तीन अल्ट्रासाउंड केंद्रों का निरीक्षण किया। इन केंद्रों पर जांच के दौरान रेडियोलाजिस्ट के अनुपस्थित मिलने पर दो केंद्रों को सील किया गया। वहीं एक केंद्र को बंद कर संचालक फरार हो गया। इसमें देव अल्ट्रासाउंड सेंटर व बालाजी अल्ट्रासाउंड सेंटर पर पहुंचे। जांच के दौरान विनायक अल्ट्रासाउंड बंद पाया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार सुनील कुमार सिंह, प्रभारी चिकित्साधिकारी हाटा डा. अमित कुमार, लेखपाल अजय सिंह, राजकुमार, आदि मौजूद रहे। इसी प्रकारर सेवरही कस्बे में पुलिस चौकी के समीप अवैध रूप से संचालित जेके अल्ट्रासाउंड सेंटर सीज कर दिया गया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. अमित जायसवाल मौजूद रहे।

## दवा की दुकान सील

जासं,तमकुहीराज :बुधवार की शाम तमकुहीराज के मुख्य मार्ग पर संचालित अजय मेडिकल हाल व बगल में चल रहे लकी पैथालाजी को मानक के विपरीत पाए जाने पर सील कर दिया गया। टीम ने कर्मचारियों से कागजात मांगे, जिसे वह दिखा नहीं पाए। इस पर तहसीलदार तमकुहीराज चंदन शर्मा एवं अधीक्षक डा.अमित राय ने सील करते हुए कागजात प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## जांच टीम से उलझा केंद्र संचालक, मुकदमा दर्ज

अल्ट्रासाउंड केंद्रो की जांच के दौरान एक संचालक टीम से उलझ गया। इस मामले में डिप्टी सीएमओ डा. अवधेश कुशवाहा ने हाटा कोतवाली पुलिस को दिए तहरीर में लिखा है कि जांच के दौरान देव डायग्नोस्टिक सेंटर पर अल्ट्रासाउंड करने वाले डाक्टर अनुपस्थित पाए गए। सेंटर को सील करते समय अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालक हर्ष चंद्र गुप्त ने सरकारी काम में बाधा उत्पन्न किया और अपशब्दों का प्रयोग किया। प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार शुक्ल ने कहा कि मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### मामले की संवेदनशीलता के आधार पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी लेगी निर्णय, देश विरोधी गतिविधियां मिलने पर करेगी जांच

# नकली नोट मामले में जांच करने कुशीनगर आएगी एनआइए की टीम

- दिल्ली से जल्द ही टीम के आने की है संभावना
- पकड़े गए तस्करों का मिला है नेपाल से कनेक्शन

जागरण संवाददाता, पडरौना (कुशीनगर) : नकली नोटों की बरामदगी मामले की जांच करने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) कुशीनगर आएगी। टीम मामले की संवेदनशीलता के आधार पर तय करेगी कि प्रकरण की जांच वह स्वयं करेगी या फिर यह जिम्मेदारी जिले की पुलिस के पास ही रहेगी। माना जा रहा कि जल्द ही दिल्ली से यहां आकर टीम अपनी कार्रवाई शुरू कर देगी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार राष्ट्रीय जांच एजेंसी एक सप्ताह के भीतर यहां आ सकती है। बरामद नोटों की गहराई से छानबीन कर टीम प्रकरण की संवेदनशीलता का पता करेगी। अगर नकली नोटों की छपाई विशिष्ट तरीके से की गई है यानी असली-नकली में भेद कर पाना आम लोगों के लिए कठिन है। या फिर नकली नोट के पीछे विदेशी साजिश की बात सामने आती है तो टीम इसे संवेदनशील मान कर जांच का कार्य अपने जिम्मे ले लेगी।

वहीं अगर नकली नोट विशिष्ट की जगह सामान्य या औसत दर्जे का पाया गया तो इसकी जांच जिले की पुलिस ही करेगी। दरअसल, नकली नोट के पीछे अंतरराष्ट्रीय साजिश की बात सामने आती रही है। इसके जरिये देश विरोधी शक्तियां देश की अर्थ-व्यवस्था को प्रभावित करने का कार्य करतीं हैं।

अक्सर सीमा पार पाकिस्तान से नकली नोटों की खेप भारत में आने के सबूत भी मिलते रहे हैं। बीते शनिवार की देर रात तमकुहीराज कस्बे से पकड़े गए 10 तस्करों के पास से पांच लाख 62 हजार नकली भारतीय नोट, पांच-पांच सौ, के अलावा बड़े पैमाने पर अवैध असलहे आदि बरामद हुए थे। पकड़े गए तस्करों का नेपाल कनेक्शन भी सामने आया है। इनके पास से तीन हजार नेपाली करेंसी भी बरामद हुई थी। इसमें औरंगजेब की कई फोटो वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रही है।

जिसमें वह नेपाल के अलग-अलग जगहों पर दिख रहा है। बीते 11 जून 2023 को उसने अपने फेसबुक वाल पर अपनी फोटो अपलोड कर लिखा है कि पुनः नेपाल में विशेष काम से, पुलिस इन सबका मतलब व मकसद खंगाल रही है। प्रसारित फोटो व लिखे कैप्शन से इस बात की आशंका है कि गिरोह के विदेशी संपर्क भी हो सकते हैं। एसपी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि मामला नकली नोट से जुड़े होने के चलते इसमें देश विरोधी गतिविधियों से इन्कार नहीं किया जा सकता। इसकी जांच करने एनआइए की टीम जिले में जल्द ही आएगी। मामले की संवेदनशीलता के आधार पर टीम तय करेगी कि जांच वह स्वयं करेगी या जिले की पुलिस। फिलहाल पुलिस अपना कार्य कर रही है।

### वाहुवली नेता के साथ भी है औरंगजेव का फोटो

पकड़े गए तस्करों में औरंगजेब का बाहुबली मुख्तार अंसारी के साथ फोटो तेजी से इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। प्रसारित फोटो वर्ष 2017 की बताई जा रही। बाहुबली नेता की इसी वर्ष बीते दिनों जेल में मृत्यु हो गई। हालांकि बाहुबली से औरंगजेब का संपर्क कैसे और किन कारणों से था, पुलिस इसकी जांच कर रही है।

यह और अन्य खबरें देखें-
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html



तमकुहीराज में घटना के बारे में जानकारी लेता सपा का प्रतिनिधि मंडल● जागरण

# प्रकरण की जांच को तमकुही पहुंचा सपा का प्रतिनिधिमंडल

जासं, तमकुहीराजः नकली नोट की तस्करी के मामले में पुलिस की कार्रवाई में सपा के दो पदाधिकारियों की गिरफ्तारी के बाद सपा अब खुलकर सामने आने लगी है। बुधवार को घटना की जांच करने प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष की अगुवाई में तमकुहीराज पहुंचा। पुलिस ने जिस मकान में छापामारी की थी, उसको देखा। कस्बा के कुछ लोगों से जानकारी ली। जिलाध्यक्ष शुकुरुल्लाह अंसारी ने कहा कि पूरी घटना में छेद ही छेद है। रिपोर्ट प्रदेश कार्यालय भेजी जा रही है। अगली रणनीति जल्द तय की जाएगी।

प्रतिनिधिमंडल सबसे पहले परशुराम गुप्ता के मकान पर पहुंचा, जहां शेरू मलिक किराए का कमरा लेकर रहता था। आरोप है कि उसी कमरे में दावत चल रही थी, पुलिस ने यहीं छापेमारी की थी। जिलाध्यक्ष ने बताया कि कस्बा के लोगों से बातचीत में कुछ बातें सामने आई हैं। इसकी रिपोर्ट प्रदेश कार्यालय भेजी जा रही। जैसे ही निर्देश प्राप्त होगा, अगली रणनीति पर कार्य होगा। प्रतिनिधि मंडल में पूर्व विधायक डा. पीके राय, पूर्व विधायक कासिम अली, पूर्व प्रमुख डा. उदयनारायण गुप्ता, सपा नेता चंद्रजीत यादव, मधुरश्याम राय, नियामतुल्लाह अंसारी, नौशाद अहमद, सुरेश यादव, पंकज आर्य शामिल रहे।

# व्रती महिलाओं से भरी मैजिक पलटी, 17 घायल



दुद्धी सीएचसी में घायलों का चल रहा इलाज● जागरण

जागरण संवाददाता, गौरीश्रीराम (कुशीनगर): विशुनपुरा थाना के गौरी श्रीराम के धोबी टोला के समीप बुधवार की शाम मैजिक (लोडर) अनियंत्रित होकर पलट गई। सवार 17 महिलाएं घायल हो गईं। दुद्धी सीएचसी ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने 10 महिलाओं की स्थिति गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों में एक छह वर्षीय बालिका भी शामिल है।

दुर्घटना में उमापति, जानकी, रजनी, मालती, सुनीला, रीमा, गुलाइची, मुन्नी, विमला, सुनीता , मछिया, सुनीता, रामपति, गुलाइची, दुर्गावती समेत 17 महिलाएं घायल हो गईं। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल कुंती, दुर्गावती, मालती, सुनीला, विमला, सुनीता, मरछिया, रजनी, उमापति, व बसंती को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

ग्रामीणों के अनुसार विशुनपुरा क्षेत्र के बतरौली धुरखड़वा से 35 महिलाएं जीवित्पुत्रिका व्रत के अवसर पर बांसी नदी में स्नान करने सेवरही के शिवाघाट गई थीं, जहां से लौटते समय मैजिक के अनियंत्रित होने से घटना घटित हुई।

# प्रधान का युवती के साथ आपत्तिजनक वीडियो प्रसारित

जासं, पटहेरवा : क्षेत्र के एक ग्राम पंचायत के प्रधान की एक युवती के साथ आपत्तिजनक वीडियो सोमवार से इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। यह चर्चा का विषय बना हुआ है। जागरण इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। प्रसारित वीडियो के संबंध में चर्चा है कि प्रधान आधी उम्र की युवती के साथ है, इसकी जानकारी प्रधान की पत्नी को हुई तो उन्होंने काफी सख्त व्यवहार किया। इसके बाद वह गांव छोड़कर कहीं चले गए। चर्चा यह भी है कि एक वर्ष हो गया, गांव आए हीं नहीं। खंड विकास अधिकारी अनिल कुमार राय ने बताया कि इस तरह की कोई शिकायत किसी प्रधान के संबंध नहीं मिली हैं। शिकायत मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



लोकतंत्र रक्षक सेनानी को गार्ड आफ आनर देती पुलिस • जागरण

# लोकतंत्र रक्षक सेनानी को दी गई अंतिम विदाई

जागरण संवाददाता, जोकवा बाजार : फाजिलनगर के मधुरिया निवासी 85 वर्षीय लोकतंत्र रक्षक सेनानी सत्यदेव पांडेय काफी दिनों से बीमार थे। गोरखपुर एम्स में उपचार के दौरान मंगलवार की रात अंतिम सांस ली। बुधवार की सुबह तहसीलदार कसया धर्मवीर सिंह, नायब तहसीलदार शैलेश सिंह उनके घर पहुंच कर पुष्पांजलि अर्पित किए। राजकीय सम्मान के साथ घाघी नदी के कुकुत्था घाट पर उनको अंतिम विदाई दी गई। सत्यदेव पांडेय 1975 में आपातकाल में जेल गए थे।

पुलिस ने घाघी नदी के कुकुत्था घाट पर गार्ड आफ आनर दिया। उनके ज्येष्ठ पुत्र साकेत कुमार पांडेय ने मुखाग्नि दी।

# सचिव की तहरीर पर महिला समेत तीन पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**मंसाछापर।** पडरौना कोतवाली पुलिस ने विशुनपुरा ब्लॉक में तैनात सचिव की तहरीर पर एक महीने बाद एक महिला समेत तीन लोगों के खिलाफ गाड़ी का शीशा तोड़ने, मारपीट और धमकी के मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

विशुनपुरा ब्लॉक में तैनात सचिव शंभू प्रसाद यादव 14 अगस्त की दोपहर ब्लॉक से मीटिंग के बाद अपने चार पहिया वाहन से बड़हरा गांव जा रहे थे। तभी रामधाम विशुनपुरा के पास अचानक से सामने एक महिला आ गई, लेकिन उसका कोई नुकसान नहीं हुआ। सचिव का आरोप था कि तीन लोगों ने उनके गाड़ी का शीशा तोड़ दिया और उनके साथ मारपीट करते हुए धमकी दी। अगले दिन सचिव ने नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी।

# कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष को नोटिस भेजेगी कुशीनगर पुलिस

## नकली नोट मामला

**जासं • पडरौना (कुशीनगर) :** जाली नोट व असलहा के साथ सपा के दो पदाधिकारियों समेत 11 लोगों की गिरफ्तारी के मामले में अब कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू को लेकर पुलिस ने कार्रवाई की बात कही है। आरोपित औरंगजेब के साथ पूर्व प्रदेश अध्यक्ष की फोटो व घटना के बाद पुलिस की कार्रवाई को लेकर उनके एक्स पोस्ट को आधार बनाते हुए पुलिस नोटिस भेजेगी और उनका बयान दर्ज करेगी। इस संबंध में पूर्व अध्यक्ष ने कुछ भी कहने से मना कर दिया।

आरोपित औरंगजेब के साथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष की फोटो और कार्रवाई के बाद इंटरनेट मीडिया पर की गई उनकी टिप्पणी का पुलिस ने संज्ञान लिया है। एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि अजय कुमार लल्लू द्वारा इंटरनेट मीडिया पर यह टिप्पणी करना कि पुलिस गुड वर्क के नाम पर फर्जी मुठभेड़ और पर्दाफाश कर निर्दोष लोगों को फंसा रही है, संदेह खड़ा करता है। इसको काफी गंभीरता से लिया गया है। उनको नोटिस भेजकर बयान दर्ज किया जाएगा, आवश्यकतानुसार पूछताछ भी की जाएगी।

इस तरह के संवेदनशील मामले में पुलिस हर उस बात पर नजर रख रही है, जिसके तार इससे जुड़ते दिख रहे हैं। जिसके भी तार जुड़े मिलेंगे, उसको बख्शा नहीं जाएगा। इस मुद्दे पर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा नो कमेंट। नकली नोटों की बरामदगी मामले की जांच करने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) कुशीनगर आएगी। एनआइए टीम मामले की संवेदनशीलता के आधार पर तय करेगी कि प्रकरण की जांच वह स्वयं करेगी या फिर यह जिम्मेदारी जिले की पुलिस के पास ही रहेगी। पुलिस सूत्रों के अनुसार टीम एक सप्ताह के भीतर यहां आ सकती है।



कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार के साथ नकली नोटों का तस्कर औरंगजेब (फाइल फोटो) • सौ. : इंटरनेट मीडिया

- **आरोपित औरंगजेब के साथ फोटो व एक्स पोस्ट का लिया संज्ञान**
- **मामले में अजय कुमार लल्लू ने कुछ भी बोलने से मना किया**

संबंधित खबर » 5

# मुख्यमंत्री के संज्ञान लेने पर दर्ज हुआ मुकदमा

नेबुआ नौरंगिया: थाने के पिपरा खुर्द गांव की महिला को आंगनबाड़ी केंद्र में नौकरी दिलाने के नाम पर कुबेरस्थान थाने के कटया गांव का एक व्यक्ति रुपये ले लिया था। नौकरी नहीं मिलने पर महिला रुपये मांगने लगी तो वह टालमटोल करने लगा। मामला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दरबार में पहुंचा तो पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। नेबुआ नौरंगिया थाने के पिपरा खुर्द की पुनीता की मुलाकात जुलाई 2023 में कुबेरस्थान थाने के कटया के राकेश से हुई थी। उसने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की नौकरी दिलाने के नाम पर महिला से एक लाख 65 हजार रुपये ले लिया। जब नौकरी नहीं मिली तो महिला अपना पैसा मांगने लगी। पैसा नहीं मिलने पर उसने पुलिस अधीक्षक व थानाध्यक्ष से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता मुख्यमंत्री के जनता दरबार में प्रार्थना पत्र सौंप कार्रवाई की मांग की। निर्देश के क्रम में पुलिस ने राकेश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज की है।

## पुलिस मुठभेड़ में घायल मुस्तकिम पर हो चुकी है गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई

**कुशीनगर।** पुलिस मुठभेड़ में घायल मुस्तकिम पर सेवरही, तमकुहीराज और तरयासुजान थाने में आठ केस दर्ज हैं। सेवरही पुलिस ने गैंगस्टर की भी कार्रवाई की है। वह पशुओं को बॉर्डर पार कराने के साथ ही बिहार के तस्करों की मदद से बेचता रहा है। पुलिस के अनुसार, मुस्तकिम काफी दिनों से इस धंधे में सक्रिय था। मुठभेड़ के दौरान जाली नोट बरामद होने के बाद पुलिस इसके धंधेबाजों से भी मुस्तकिम का कनेक्शन खंगाल रही है। संवाद

# पॉक्सो एक्ट के वांछित को दबोचा

अहिरौली बाजार। पुलिस ने बुधवार को पॉक्सो एक्ट समेत अन्य मुकदमे में वांछित अभियुक्त राजेश दुबे निवासी जमुनी बरवा थाना कप्तानगंज को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। संवाद

# अवैध देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार

गोड़रिया। विशुनपुरा थाने के इंस्पेक्टर रामसहाय चौहान ने बताया कि लोहरपट्टी में थाने के सिपाही भ्रमण कर रहे थे। तभी उन्हें सूचना मिली कि चिरकुटहा नहर पुल से एक व्यक्ति सफेद झोले में कुछ संदिग्ध सामान लेकर जा रहा है। पुलिस ने पकड़कर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 70 टेट्रा पैक देसी शराब मिली। पूछताछ में उसकी पहचान रोहित कुशवाहा निवासी रूपही थाना भितहा जिला पश्चिमी चंपारण बिहार के रूप में हुई। मामले में केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया। संवाद

# दुष्कर्म, पॉक्सो के मामले का वांछित गिरफ्तार

पडरौना। सेवरही पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो आदि के मामले में वांछित चल रहे अनिल उपाध्याय निवासी धनुआ सांड मोहन लालगंज जिला लखनऊ को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ श्रीप्रकाश राय, एसआई शेषनाथ यादव, कांस्टेबल संदीप गौतम, कांस्टेबल विशाल गौड़ शामिल रहे। संवाद

# दो वारंटी गिरफ्तार किए गए

पटहेरवा। पटहेरवा थाने की पुलिस ने वारंटी अभियुक्त रामबहादुर व ओमप्रकाश निवासी बभनौली थाना पटहेरवा को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ दीपक कुमार सिंह, एसआई श्रवण कुमार, हेड कांस्टेबल फूलचन्द चौधरी, कांस्टेबल मनीष सरोज शामिल रहे। संवाद

# कुबेरस्थान पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

पडरौना। कुबेरस्थान थाने की पुलिस ने वारंटी अभियुक्त भुआल उर्फ शत्रुधन निवासी बढ़वलिया बुजुर्ग थाना कुबेरस्थान को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ अजय कुमार मौर्य, एसआई सागर कुमार, हेड कांस्टेबल जितेन्द्र यादव शामिल रहे। संवाद

# जाली नोट खपाने वाले गैंग का गुर्गा मुठभेड़ में गिरफ्तार

## कुशीनगर : 30 हजार के जाली नोट के साथ पुलिस ने 25 हजार के इनामी मुस्तकिम को दबोचा, पशु तस्करी में भी दर्ज हैं कई केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना (कुशीनगर)।** पशु तस्करी और जाली नोट खपाने वाले गैंग के गुर्गे को बुधवार की भोर में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार मुस्तकीम तरयासुजान थाना क्षेत्र के भूलिया अगरवा गांव का रहने वाला है। वह कुख्यात पशु तस्कर के साथ जाली नोट के धंधेबाज सपा नेता रफी खान के गैंग से जुड़ा बताया जा रहा है। 25 हजार के इनामी मुस्तकीम के पास से 30 हजार रुपये के जाली नोट और पशु तस्करी में इस्तेमाल होने वाला सामान भी बरामद हुआ है।



मुस्तकीम

जाली नोट के धंधेबाज जिन 10 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था, मुठभेड़ में गिरफ्तार मुस्तकिम भी उन्हीं के गैंग से जुड़ा है। उसके मोबाइल से कुछ नंबर ऐसे मिले हैं, जो जिले के अलावा बिहार के लोगों के हैं।
**– संतोष कुमार मिश्रा, एसपी**

तमकुहीराज निवासी सपा नेता रफी खान उर्फ बबलू खान और औरंगजेब समेत 10 आरोपियों को जाली नोटों, अवैध असलहे और बम बनाने की सामान के साथ पुलिस गिरफ्तार कर जेल भिजवा चुकी है। इस गैंग से जुड़े अन्य बदमाशों की तलाश में जुटी पुलिस को बुधवार की भोर में पशु तस्कर के बिहार भागने की सूचना मिली। साइबर सेल समेत पुलिस की चार टीमें सेवरही थानाक्षेत्र के बनटोलिया आम के बगीचे में घेराबंदी कर वाहन चेकिंग में जुट गईं।

इस बीच एक बाइक सवार आता दिखा। पुलिस ने टार्च जलाकर रुकने का इशारा किया तो उसने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में उसके पैर में गोली लग गई और वह जमीन पर गिर गया। पुलिस ने उसकी पहचान तरयासुजान थाना क्षेत्र के भूलिया अगरवा गांव निवासी मुस्तकिम के रूप में की। उसके पास से 30,000 रुपये के जाली नोट, दस हजार नकदी, एक तमंचा, बिना नंबर प्लेट की बाइक बरामद की। उसकी निशानदेही पर दो पशु भी बरामद किए गए। >> कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष से भी होगी पूछताछ : पेज 2

# मालवाहक पलटने से 35 महिलाएं घायल

## जिउतिया पर्व पर स्नान कर घर लौट रही थीं व्रती महिलाएं, 15 की हालत गंभीर, मेडिकल कॉलेज कुशीनगर में चल रहा इलाज

संवाद न्यूज एजेंसी

**दुदही/गौरीश्रीराम।** जिउतिया पर्व पर बुधवार की शाम महिलाओं से भरा वाहक (मैजिक) गौरीश्रीराम धोबीटोला के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। मैजिक में सवार 35 महिलाएं घायल हो गईं। 15 महिलाओं की हालत गंभीर है।

आसपास के लोगों ने घायलों को एंबुलेंस से दुदही सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने कुशीनगर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सभी का इलाज चल रहा है। ये महिलाएं जिउतिया पर बांसी नदी के शिवा घाट से स्नान कर लौट रही थीं।



अनियंत्रित होकर मैजिक पलटने से घायल हुई महिला। संवाद

विशुनपुरा थाना क्षेत्र के बतरौली धुरखड़वा गांव की 35 महिलाएं मालवाहन (मैजिक) से बुधवार को बांसी नदी के शिवा घाट स्नान करने गई थी। शाम करीब पांच बजे स्नान कर वापस आ रही थी। सेवरही दुदही मार्ग पर गौरी श्रीराम धोबीटोला के पास पहुंचे थे कि की मैजिक अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें कई महिलाएं दब गई। शोर सुनकर गांव वाले पहुंचे और महिलाओं को बाहर निकाला।



हादसे में घायल महिला। संवाद

इसमें उमापति (40), जानकी (35), रजनी (70), मालती (32), सुनीला (30), रीमा (06), गुलाइची (32), मुन्नी (45), विमला (60), सुनीता (42), मर्छिया (60), सुनीता (40), रामपति (40), गुलाइची(60), दुर्गावती (30) समेत कुंती (45), बसंती (55), इंद्रावती (50) गंभीर रूप से घायल हो गईं।

प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ संदीप कुमार ने बताया कि घायलों का प्राथमिक इलाज किया गया है। जिनकी हालत नाजुक थी, उन्हें कुशीनगर मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। प्रभारी थानाध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि सूचना पर सिपाहियों को भेजा गया था। वाहन को कब्जे में लिया गया है। घायलों का मेडिकल कॉलेज में इलाज में चल रहा है।

# खेत में मिला भ्रूण, दफनाया गया

तमकुहीरोड। सेवरही थाना क्षेत्र के एक गांव के खेत में एक अज्ञात भ्रूण मिला। खेत वाले ने सूचना पर आई पुलिस ने भ्रूण को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसकी जानकारी नहीं हो पाई कि भ्रूण कहा से आया था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को दफना दिया। सेवरही कस्बा पुलिस चौकी इंचार्ज मनीष वर्मा ने बताया कि भ्रूण की पहचान नहीं हो सकी है। संवाद

# पति समेत पांच पर दहेज उत्पीड़न का केस

गोड़रिया। विशुनपुरा थाना क्षेत्र के जंगल नौगांवा के धोबी टोला निवासी असलीना खातून ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उनकी शादी समसाद पुत्र जमील निवासी जमुआन थाना विशुनपुरा के साथ हुई है। शादी में उसके पिता ने खेत बेचकर 40 हजार नकद और सोने की चेन, अंगूठी आदि उपहार दिया था। शादी के कुछ समय बाद उसके पति, सास, ससुर और ननद तथा देवर बाइक की मांग करने लगे। मायके वालों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने का हवाला देकर जब बाइक देने से मना किया तो पति समेत सभी लोगों ने मिलकर चाकू से गर्दन पर वार कर घायल कर दिया। आरोप है कि इन लोगों ने पेट्रोल छिड़ककर जलाने की भी कोशिश की। इस संबंध में इंस्पेक्टर रामसहाय चौहान ने बताया कि महिला की तहरीर पर आरोपी समशाद, जमील, मरियम, जुबैदा व रवेदा समेत पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। संवाद

# बाहुबली शहाबुद्दीन का रिश्तेदार प्रॉपर्टी डीलर भी पुलिस के रडार पर

## हाईवे किनारे ठिकाना बनाकर तमकुहीराज से चुनाव लड़ने की कर रहा तैयारी

संवाद न्यूज एजेंसी

पडरौना। जाली नोट प्रकरण में गिरफ्तार धंधेबाजों से मिले सुराग के बाद पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है। पुलिस के रडार पर एक प्रापर्टी डीलर भी आ गया है।

बिहार का रहने वाला प्रापर्टी डीलर सिवान के बाहुबली सांसद रहे शहाबुद्दीन का रिश्तेदार बताया जा रहा है। उसने एनएच-28 के किनारे ठिकाना बनाया है और तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की तैयारी में है।

जाली नोट प्रकरण का विदेशी कनेक्शन मिलने के साथ इस गैंग की प्रॉपर्टी डीलिंग में सक्रियता की बात सामने आई है। कोई खुद को ट्रांसपोर्टर तो कोई राजनेता के रूप में पेश करता रहा है।

इस गैंग के कुछ सदस्य नेपाल से इलाइची, जायफर आदि मसालों की तस्करी के लिए रूट निर्धारित करते थे तो कुछ बिहार और यूपी में जमीन की खरीद-फरोख्त करते-कराते थे।यही वजह है कि बिहार से आकर हाईवे किनारे बसा एक प्रॉपर्टी डीलर भी जांच के दायरे में आ गया है। अब तक जो भी आरोपी जेल भेजे गए हैं, प्रापर्टी डीलर से उसकी नजदीकियां बताई जा रही हैं। सूत्रों के मुताबिक प्रॉपर्टी डीलर से सैकड़ों युवा जुड़े हुए हैं और जाली नोट खपाने में इस ग्रुप के शामिल होने की भी आशंका है।

### काली करतूतों पर पर्दा डालने की कोशिश

सूत्रों के मुताबिक, रियल इस्टेट ग्रुप का नाम सामने आ रहा है, बिहार के रहने वाले उसके मुखिया ने पटहेरवा क्षेत्र में आलीशान मकान बना लिया है। माना जा रहा है कि पुलिस इस ग्रुप के मालिक से पूछताछ कर सकती है। सूत्रों का कहना है कि काले धंधे के जरिये अकूत संपत्ति बनाने वाले इन लोगों का मकसद सियासत में जगह बनाकर अपने कारनामों पर पर्दा डालना है। तमकुही क्षेत्र से चुनाव लड़ने के मकसद से प्रॉपर्टी डीलर ने हाल ही में जगह-जगह बैनर लगवाए हैं। बैनर पर किसी तरह की जरूरत पर संपर्क करने की अपील की गई है।

# ग्राहक सेवा केंद्र का प्रबंधक संदिग्ध, जांच में जुटी पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

## बड़हरा गांव में एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र के प्रबंधक से लूट का मामला

दुदही। विशुनपुरा थाना क्षेत्र के बड़हरा गांव के पास एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र के प्रबंधक से दो लाख 83 हजार लूट के मामले को लेकर पुलिस जल्द ही खुलासा कर सकती है।

प्रबंधक की भूमिका संदिग्ध मानते हुए पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है। इस मामले में पुलिस केंद्र पर काम करने वाली एक युवती व एक अन्य को भी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सूत्रों की मानें तो बृहस्पतिवार को पुलिस प्रकरण का खुलासा कर सकती है।

विशुनपुरा थाना के दुदही नगर के वार्ड नंबर 10 निवासी आलिम अंसारी एसबीआई का ग्राहक सेवा केंद्र जंगल नौगांवा में चलाते हैं। केंद्र पर मैनेजर के रूप में जंगल लुहठवा निवासी राजू गौतम काम करता है। मंगलवार की रात करीब आठ बजे ग्राहक सेवा केंद्र बंद कर बाइक से 2.83 लाख रुपये लेकर संचालक आलिम के बुलाने पर दुदही के एक होटल पर राजू जाने के लिए निकला। अभी वह राजू बड़हरा गांव के पास ही पहुंचा था कि सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति को देख बाइक की गति धीमी कर दिया।

इस दौरान गन्ने के खेत से निकले दो बदमाश राजू को धक्का दे दिए, जिससे वह बाइक लेकर सड़क पर गिर गया और रुपये से भरा बैग लेकर तीनों बदमाश फरार हो गए। सीओ जितेंद्र कालरा ने बताया कि मामला शुरू से ही संदिग्ध रहा है। इसमें प्रबंधक की भूमिका संदिग्ध है। पुलिस जांच कर रही है।

# जाली नोट प्रकरण : कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष से भी होगी पूछताछ

## कांग्रेस नेता लल्लू ने पुलिस पर उठाए थे सवाल, आरोपी के साथ मिले फोटो

संवाद न्यूज एजेंसी

कुशीनगर। जाली नोट के धंधेबाजों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली को कठघरे में लाने वाले कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू खुद जांच के दायरे में आ गए हैं।

गैंगरेप के आरोपी मीर औरंगजेब और रफी खान उर्फ बबलू के साथ कांग्रेस नेता लल्लू के कई फोटो पुलिस के हाथ लग गए हैं। इसको आधार बनाते हुए पुलिस कांग्रेस नेता की भूमिका को संदिग्ध मानते हुए नोटिस जारी कर पूछताछ करेगी।

पुलिस ने तमकुही राज से सपा नेता रफी खान समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया था। पुलिस के मुताबिक ये सभी जाली नोट, मसाला तस्करी और पशु तस्करी से जुड़े रहे हैं। राजनीतिक दलों से जुड़े इन आरोपियों के पकड़े जाने का मामला पूरे सूब में सुर्खियों में है। आरोपियों का पक्ष लेते हुए कुछ नेता न्यायिक जांच की मांग कर चुके हैं।

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय लल्लू ने भी एक्स और फेसबुक पर पोस्ट की। एक पोस्ट में उन्होंने पुलिस को राबिनहुड बताते हुए सवाल खड़े किए तो दूसरी पोस्ट में आरोपियों के पैर में लगी चोट का जिक्र करते हुए दो वीडियो भी साझा किए और डीजीपी से सवाल किया है।

जांच में पुलिस को पकड़े गए आरोपियों के साथ अजय लल्लू के फोटो सोशल मीडिया से मिल गए।



कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के साथ औरंगजेब खान उर्फ़ लादेन। स्रोत - सोशल मिडिया



Ajay Kumar Lallu

गृह जनपद कुशीनगर की पुलिस ने कथित जाली नोटों के गैंग के पर्दाफाश का दावा किया है। जबकि स्थानीय लोगों का कहना है कि आपसी झगड़े के खत्म होने के उपरांत हो रहे दावत पर सभी लोग पहुंचे थे। इसी बीच पुलिस छापामारी कर 'रॉबिनहुड' बन बैठी। उत्तर प्रदेश की कानून - व्यवस्था अंधे घोड़े वाली राह पर चल पड़ी है जहां वह सरकार के कुछ विशेष एजेंडों की पूर्ति करने में व्यस्त है। प्रदेश भर में पुलिस की तमाम कार्रवाइयों पर इसलिए ही प्रश्न चिन्ह खड़े हैं।

कुशीनगर पुलिस की यह कार्रवाई पूरी तरह से संदिग्ध है। कुशीनगर पुलिस अधीक्षक को 'गुड वर्क' के नाम पर जल्दबाजी के बजाय नैतिक - अनैतिक, न्याय - अन्याय की मूल अवधारणा को समझना चाहिए। अन्यथा पुलिस पर जनता का अविश्वास बढ़ेगा। इस कार्रवाई से तमकुही राज में स्थानीय स्तर पर लोगों में रोष और डर व्याप्त है।

सत्यमेव जयते...

फेसबुक पर अजय लल्लू द्वारा की गई पोस्ट। स्रोत-सोशल मीडिया

एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि अजय लल्लू की भूमिका संदिग्ध लग रही है। उनके खिलाफ जांच शुरू करा दी गई है। जेल भेजे गए आरोपियों के साथ उनका फोटो मिला है और उनको बचाने के लिए वे प्रयास कर रहे हैं। नोटिस जारी कर उनसे पूछताछ की जाएगी।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अजय लल्लू ने कहा कि अभी उन्हे कोई नोटिस नहीं मिली है और न ही कोई ऐसी सूचना है। बिना नोटिस मिले कुछ कहना उचित नहीं होगा। पुलिस की भूमिका की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए।



Ajay Kumar Lallu @... · 9h

कुशीनगर पुलिस ने जिन जाली नोटों के कथित आरोपियों को प्लास्टर लगा व्हील चेयर पर परेड कराई, वही आरोपी पेशी के बाद बिना प्लास्टर के खुद के पैरों पर पुलिस के साथ जा रहे हैं। वीडियो में यह स्पष्ट है।

डीजीपी उत्तर प्रदेश को बताना चाहिए कि क्या यह प्लास्टर महज दिखावा था? पीआर था? कोई Show more



एक्स पर की गई अजय लल्लू की पोस्ट। स्रोत-सोशल मीडिया

### न्यायिक जांच के बाद मिले सजा : इलियास

सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मोहम्मद इलियास अंसारी ने फेसबुक पर पोस्ट कर कहा है कि लोगों के बताने के अनुसार इस घटना की न्यायिक जांच बहुत आवश्यक है। पुलिस की ओर से गिरफ्तारी दूसरी जगह दर्शाई गई है। लोगों के अनुसार, असलहे और गोली बारूद भी वहां पर नहीं मिला था। अगर कोई साक्ष्य मौजूद था तो पुलिस को दर्शाना चाहिए। इस तरह की कार्रवाई से पुलिस से लोगों का विश्वास उठ जाएगा।

# पुलिस की कार्रवाई के बाद चर्चा में आया राधे

## शादी के बहाने महिला को बेचने का मामला : शहर से घर आने के बाद राधे बेचता है अंडा

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** महिला को शादी के बहाने राजस्थान में बेचे जाने में पुलिस गिरफ्त में आया राधे का नेटवर्क आसपास के जिलों में भी सक्रिय है।

पहले वह किसी शहर में रहकर दर्जी का काम करता था। करीब पांच साल से वह घर पर कपड़े की सिलाई के साथ गांव के बाहर ठेले पर अंडे की दुकान लगाता है। वहीं, बुधवार को वन स्टॉप सेंटर में नवजात के साथ मौजूद महिला की काउंसिलिंग नहीं हो सकी।

विशुनपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला की शादी करीब तीन साल पहले पडरौना कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। दोनों से छह माह का बच्चा है। डेढ़ माह पूर्व महिला मायके गई और सौतेली मां ने विशुनपुरा थाना क्षेत्र के



जंगल लुहठहां गांव निवासी राधे का मकान। संवाद

जंगल लुअठहा गांव निवासी राधे की मदद से राजस्थान में शादी कराने के बहाने बेच दिया। राधे और बरेली के रहने वाले इसके दो रिश्तेदारों ने नवजात को कहीं और बेच दिया था।

ससुराल जाने पर पति को पत्नी और बच्चे के बारे में जानकारी नहीं मिली तो उसने पुलिस से शिकायत की थी।

पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया तो उसने गांव के पास गंडक नदी में कूदकर जान देने की कोशिश की थी। एसपी संतोष कुमार मिश्रा तक मामला पहुंचने के बाद पुलिस सक्रिय हुई और राधे की मदद से शादी के बहाने बेची गई महिला और नवजात को ढूंढ़ निकाला।

राधे का देवरिया, महराजगंज और बिहार प्रांत में भी नेटवर्क है। शहर से घर आने के बाद शादी के

### सीडब्ल्यूसी के निर्णय पर टिकी नजर, दोनों परिवारों की मौजूदगी में होगा फैसला

नाम पर गरीब बेटियों को बिकवाने का काम करता है। नवजात को लेकर पति-पत्नी के बीच रार बढ़ गई है। पत्नी नवजात को देने से मना करने लगी। सीडब्ल्यूसी कोर्ट में पुलिस ने पति-पत्नी को पेश किया। मामला पेचीदा होने के कारण महिला और उसके बच्चे को वन स्टाप सेंटर में रखा गया है।

काउंसिलिंग के बाद दोनों परिवारों की मौजूदगी में आगे का फैसला सीडब्ल्यूसी करेगी। इसी पर सभी निगाह टिकी है। समें करीब एक सप्ताह का समय लग सकता है।

# फुटकर बाजार में खपाते थे जाली नोट... विदेशी करेंसी में एक्सचेंज भी

## पेट्रोल पंप और शराब की दुकानों पर जाली नोट खपाने की बात आ रही सामने, शातिरों के नेटवर्क और धंधे की जांच में जुटीं एजेंसियां

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** जाली नोट, देसी बम और अन्य गैर कानूनी सामान के साथ अब तक 11 शातिरों की गिरफ्तारी के साथ ही एजेंसियां इनके नेटवर्क और धंधे की जांच कर रही हैं।

पता चला है कि शातिर धंधेबाज फुटकर बाजारों में जाली नोट खपाते थे। पेट्रोल पंप और शराब की दुकानों के अलावा छोटे व्यापारियों को जाली नोट थमाकर अपनी जरूरतें पूरी करते थे। जाली नोट को नेपाली व अन्य देशों की करेंसी से एक्सचेंज करते थे।



नैपाल टूर के दौरान रफी खान बबलू। स्रोत - सोशल मिडिया

सूत्रों के मुताबिक आरोपी एक बार में बड़ी संख्या में नोट खपाने की कोशिश नहीं करते थे। अलग-अलग तरीके से जाली नोट को खपाते थे। जाली नोट को पहले नेपाली करेंसी में बदल लेते थे और फिर बाद में नेपाली करेंसी को एक्सचेंज कर भारतीय मुद्रा हासिल कर लेते थे।

जेल भेजे गए गैंग में शामिल मीर औरंगजेब खान अक्सर नेपाल आता-जाता रहता था। सोशल मीडिया पर उसकी कई तस्वीरें भी हैं। फेसबुक पर एक तस्वीर पोस्ट कर उसने कैप्शन में लिखा था, 'सीक्रेट मिशन' पर। चर्चा है कि औरंगजेब जाली नोट खपाने नेपाल जाता था।

**पडरौना में एटीएम से निकला था जाली नोट :** 14 सितंबर की शाम करीब पांच बजे रामकोला रोड निवासी एक युवक शहर के कोटक महिंद्रा बैंक के एटीएम से रुपये निकालने गया था। पांच हजार रुपये निकालने के दौरान एक 500 का नोट जाली मिला था। बाहर निकलकर उसने लोगों को इसकी जानकारी दी थी।

उस दिन अवकाश के बावजूद बैंककर्मी भी पहुंच गए। बैंककर्मियों ने तब तर्क दिया था कि एटीएम में रुपये डालने के लिए एक प्राइवेट कंपनी अधिकृत है। जाली नोटों के साथ 11 शातिरों की गिरफ्तारी के बाद फिर मामला चर्चा में है।

**कप्तानगंज के पेट्रोल पंप पर भी मिला था 500 का जाली नोट :** कप्तानगंज क्षेत्र के एक पेट्रोल पंप पर मंगलवार को 500 रुपये का जाली नोट मिला था। बाइक से आए एक युवक ने पहले 500 रुपये देकर 200 रुपये का पेट्रोल भरवाया।

नोट हाथ में लेने के बाद सेल्समैन को संदेह हुआ तो युवक ने चालाकी दिखाते हुए पर्स से 100 रुपये के दो नोट देकर 500 का जाली नोट वापस ले लिया। 2023 के निकाय चुनाव में भी पेट्रोल पंप पर ही जाली नोट पकड़ में आया था।

कई बार शराब की दुकानों पर भी 500 के जाली नोट मिले हैं। जब मुनीम अथवा एजेंसी मालिक बैंक में रुपये जमा करने पहुंचते हैं, इसकी जानकारी हो पाती है।

*जाली नोट नेपाल की करेंसी में कन्वर्ट कराकर बाद में भारतीय मुद्रा में बदले जाने की भी जानकारी मिल रही है। कई अन्य देशों की करेंसी में जाली नोट कन्वर्ट कराने की बात सामने आई है। पुलिस गोपनीय तरीके से कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। इस नेटवर्क में शामिल किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।*

**- संतोष कुमार मिश्रा,** एसपी

### ऐसे करें असली-नकली की पहचान

**कप्तानगंज** एसबीआई शाखा के प्रबंधक प्रदीप कुमार का कहना है कि असली नोट खुरदरा और पतले कागज का होता है। उस पर आरबीआई की लिखावट साफ दिखती है और लिखावट में भी अंतर होता है। असली की प्रिंटिंग साफ-सुथरी होती है। इसको लेकर व्यापारियों को जागरूक किया जाता है और असली व नकली नोट की जांच के लिए सभी को मशीन लगाने का सुझाव भी दिया जा रहा है।

# काली कमाई से टेंपो चालक रफी खान ने जमाई सियासी धमक

## गाजीपुर बार्डर पर सेल्स टैक्स की पर्ची काटता था, ऑफिस बंद हुआ तो टेंपो चलाया

नीलांबुज मिश्र

**पडरौना।** जाली नोटों और अवैध असलहों के अलावा तमाम गैरकानूनी धंधों में लिप्त सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव रफी खान बबलू का बचपन मुफलिसी के अंधेरों में गुजरा। सेल्स टैक्स के बैरियर पर पर्ची काटने और टेंपो चलाकर परिवार का खर्च चलाने वाला रफी खान जब काली कमाई की राह पर उतरा तो एक दशक में अकूत संपत्ति जुटाकर सियासी गलियारों तक अपनी धमका जमा ली।

बस्ती जिले के रहने वाले मोहम्मद हनीफ तीन दशक पहले तमकुहीराज कस्बे के पशु अस्पताल में स्टॉक मैन थे। बाद में शादीशुदा हनीफ ने यहीं की एक युवती से शादी कर गुदरी मोहल्ले में जमीन खरीदकर मकान बनवा लिया। दूसरी पत्नी से रफी खान समेत दो बेटे हुए। रफी का भाई असमय चल बसा था। रफी की पढ़ाई तमकुहीराज के शिशु मंदिर, भटवलिया के फतेह मेमोरियल इंटर कॉलेज और सेवरही के किसान पीजी कॉलेज से हुई।

पिता की मौत के बाद परिवार की जिम्मेदारी रफी पर आ गई। शुरुआती दिनों में आमदनी बहुत कम थी और परिवार मुफलिसी के दौर से गुजरने लगा। रफी हाईवे के गाजीपुर स्थित सेल्स टैक्स बैरियर के फॉर्म दफ्तर में काम करने लगा। वह सामान लदे भारी वाहनों का प्रपत्र भर कर बिहार, आसाम, बंगाल आदि स्थानों पर भेजने का काम करता था। इसके बाद ट्रांसपोर्ट के धंधे में घुसा तो बिहार में उसकी पकड़ बढ़ती गई। उसने वैध-अवैध कामों से कमाई शुरू कर दी।

लोगों से दूरी बनाकर रहने वाला रफी खान अचानक कस्बे के लोगों से संपर्क बनाने में जुट गया और उसका दायरा बढ़ता गया। वह जब भी तमकुहीराज कस्बे में रहता घर पर कम ही भोजन करता था। करीबियों के साथ बाहर ही महफिलें सजतीं और दावत का इंतजाम होता था। काली कमाई जैसे-जैसे बढ़ती गई, उसने सियासी दलों के ताकतवर नेताओं को भी उसने साध लिया। इस समय रफी की नेताओं के साथ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। संवाद




तमकुहीराज में जाली नोट, विस्फोटक व अवैध असलहे के साथ पकड़े गए आरोपी सपा नेता रफी खान बबलू का निवास स्थान खान कांप्लेक्स। संवाद

### पूर्व डीएम के नाम से चलाता था फेसबुक पेज

**जाली** नोटों के गैंग से जुड़े जिन लोगों को पुलिस ने ट्रेस किया है। उनमें अधिकतर बिहार के रहने वाले हैं। इनके संपर्कों को पुलिस खंगाल रही है और अवैध धंधे में शामिल लोगों के तार जोड़ रही है। रफी के साथ गिरफ्तार मीर औरंगजेब पर गैंगरेप समेत 15 केस दर्ज हैं। उसका भी कई नेताओं के साथ सोशल मीडिया पर फोटो वायरल हो रहा है। यह गैंग जिले में डीएम रहे रिग्जियान सैंफिल के नाम से फेसबुक पेज चलाता रहा है। डीएम के नाम पर लोगों को गुमराह भी करता है। पुलिस ने इसे भी जांच भी शामिल किया है।



हवाई जहाज के पास रफी खान बबलू। स्रोत - सोशल मीडिया

### देशभर में घूमता रहता था रफी खान

**जिंदगी** ने करवट बदली तो रफी उर्फ बबलू खान ने तरया रोड पर मकान का निर्माण करा लिया। उसका नाम खान कांप्लेक्स नाम रखा। पुराने मकान में बबलू के भाई का परिवार रहता है। काले कारनामों को सफेद करने के लिए रफी ने कई प्रांतों में नेटवर्क फैला रखा था और राजनीति में सक्रिय हो गया था। विलासपूर्ण जीवन का शौकीन रफी नेपाल, गुजरात, कश्मीर, मुंबई, राजस्थान, असम, बंगाल आदि की यात्राएं करता रहता था। रफी के जेल जाने के बाद कस्बे में उसके आगे-पीछे घूमने वाले भूमिगत हो गए हैं।

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-26-09-2024

# पोल लगाने का विवाद, ईओ व एनटी पहुंचे

## जांच

**महराजगंज, निज संवाददाता।** शहर के शास्त्रीनगर वार्ड में सड़क के किनारे बिजली का खंभा लगाने से रोकने के विवाद में शिकायत के बाद बुधवार को नपा के ईओ आलोक कुमार व नायब तहसीलदार देशदीपक त्रिपाठी मौके पर पहुंचे। दोनों पक्ष को बुलाकर बातचीत की। मामले का जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया। पोल के अभाव में बिजली का केबिल जमीन से महज पांच फीट उपर लटक रहा है। वार्ड के लोगों ने पोल लगाकर तार को उपर करने की मांग किया। जिससे दुघर्टना की गुंजाइश टल सके।

शास्त्रीनगर वार्ड के निवासी प्रमोद सिंह, अशोक तिवारी, दिग्विजयनाथ द्विवेदी, वरुण शाही, संदेश व दीपक मौर्य ने जिला प्रशासन से शिकायत की थी कि वार्ड के कुछ लोग सड़क की जमीन पर अतिक्रमण किए हुए हैं। उसमें बिजली का पोल नहीं लगाने दे रहे हैं। इससे वार्ड के लोग परेशान हैं। बांस-बल्ली के सहारे बिजली की आपूर्ति हो रही है। जिला प्रशासन के निर्देश पर बुधवार को ईओ आलोक कुमार व नायब तहसीलदार देशदीपक पांडेय सदर लेखपाल ऋषिकेश शर्मा के साथ मौके पर पहुंचे। नायब तहसीलदार ने नक्शा देखा। अग्रिम कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान नगरपालिका के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# पुलिस त्योहारों के लिए सक्रियता बढ़ाए: डीआईजी

## निर्देश

**महराजगंज, निज संवाददाता।** डीआईजी आनंद कुलकर्णी ने पुलिस लाइन में आयोजित बैठक के दौरान सभी पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों को आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए पुलिस की सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिया है। सभी पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे त्योहारों के दौरान पूरी तरह से सतर्क रहें और किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि सभी थाना क्षेत्रों में पीस कमेटी की बैठकें सभी समुदायों के लोगों के साथ आयोजित की जानी चाहिए, ताकि त्योहारों के समय कोई समस्या उत्पन्न न हो।

डीआईजी कुलकर्णी ने कहा कि किसी भी कार्यक्रम या त्योहार की अनुमति केवल स्थल का निरीक्षण करने के बाद ही दी जाए, ताकि गड़बड़ी की संभावनाओं को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में कोई नई परंपरा शुरू न होने दी जाए। इसके लिए, थानों में रखे गए त्योहार रजिस्टरों की नियमित जांच की जानी चाहिए।

**आईजीआरएस की शिकायतों में निस्तारण पर गुणवत्ता पर जोर:** डीआइजी ने एंटी रोमियो टीमों को सक्रिय रखने और पैदल गश्त को नियमित करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही, आईजीआरएस (इंटीग्रेटेड ग्रीवांस रिड्रेसल सिस्टम) पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता पर ध्यान देने की बात कही।

**विवेचना का तत्परता से निपटारा का फरमान:** क्राइम कंट्रोल पर ध्यान बनाए रखने का निर्देश देते हुए डीआईजी ने विवेचनाओं का तत्परता से निपटारा करने, और जमीन, दहेज, अपहरण जैसे मामलों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए गए।

थाना दिवस, तहसील दिवस, और प्रतिदिन जनसुनवाई के दौरान गुणदोष के आधार पर सही निस्तारण करने पर जोर दिया गया।



डीआईजी आनंद कुलकर्णी ने बुधवार को कोतवाली का निरीक्षण किया। • हिन्दुस्तान

### कोतवाली का किया निरीक्षण

बैठक के बाद डीआईजी आनंद कुलकर्णी ने थाना कोतवाली का निरीक्षण किया। महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, मलखाना, बैरक, और कार्यालय का अवलोकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एसपी सोमेन्द्र मीना, एएसपी आतिश कुमार सिंह, कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार रॉय समेत अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मी भी उपस्थित रहे।

# नेपाल ने सुपारी, पीली मटर व काली मिर्च का आयात खोला

**सोनौली, हिन्दुस्तान संवाद।** नेपाल के उद्योग, वाणिज्य और आपूर्ति मंत्रालय ने एक नोटिस प्रकाशित करते हुए सुपारी का आयात खोल दिया है। इसमें पीला मटर व काली मिर्च भी शामिल है।

मंत्रालय के सचिव गोविंद बहादुर कार्की के अनुसार इस वित्तीय वर्ष के लिए औद्योगिक उद्देश्यों के लिए मटर, सुपारी, सफेद और काली मिर्च पर आयात प्रतिबंध हटा दिया गया है। वहीं, इस नए आदेश से औद्योगिक उद्देश्यों के नाम पर दोबारा तस्करी की आशंका भी बढ़ जाएगी। नेपाल में सुपारी और मटर जैसे उत्पाद इंडोनेशिया, मलेशिया और कनाडा जैसे तीसरे देशों से आयात किए जाते हैं। चूंकि यह यहां से तस्करी करके भारतीय बाजारों में पहुंचता था, इसलिए उस समय सरकार ने आयात पर प्रतिबंध लगा दिया था।

- आयात खुलने से सीमा पर इनकी तस्करी फिर बढ़ेगी

## अधिक मात्रा में रसायन का होता है प्रयोग

भारत सरकार इन देशों से इन सामानों का आयात नहीं करता, क्योंकि इनकी गुणवत्ता बेहतर नहीं है। ज्यादा मात्रा में रसायन का उपयोग होता है। वहीं आयात न करने से किसानों के उत्पादों का उचित मूल्य मिलता है।

# 76 बोरी चावल के साथ एक गिरफ्तार

**ठूठीबारी।** नायब तहसीलदार निचलौल अभिषेक कुमार मिश्र ने निचलौल की तरफ से आ रही चावल लदी एक पिकअप चंदन नदी पुल के पास रोक कर जांच की। पिकअप में 50 किलो के 76 बोरी चावल बरामद हुए, जिसका कोई कोई वैध कागजात नहीं मिला।

पकड़े गये आरोपित युवक की पहचान प्रदीप कुमार अग्रहरि निवासी सक्सेना नगर थाना सदर महराजगंज के रूप में हुआ। इस संबंध में नायब तहसीलदार अभिषेक कुमार मिश्रा ने बताया कि वैध कागज बिना चावल लदी पिकअप के साथ पकड़ा गया। चावल व पकड़े गए युवक को ठूठीबारी कस्टम के हवाले कर दिया गया है।

# बालिका वधू बनने से बचीं दो बेटियां, रास्ते से लौटी बारात

**सतर्कता**

- दो नाबालिग लड़कियों की शादी की सूचना पर पहुंचीं महिला एवं बाल विकास की टीम
- निकाह के बाद बुधवार को विदाई की थी तैयारी, टीम ने रुकवा दिया बाल विवाह

**चिउटहा, हिन्दुस्तान संवाद।** महिला एवं बाल विकास विभाग की तत्परता से सिन्दुरिया थाना क्षेत्र के सेमरी गांव में 11 साल व 14 साल की दो नाबालिग लड़कियां बालिका वधु बनने से बच गईं। महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम पुलिस लेकर गांव में पहुंची। दो लड़कियों के पिता को समझा-बुझाकर निकाह की तैयारी को रुकवा दिया गया। नाबालिग लड़कियों से निकाह में कार्रवाई के डर से मध्य प्रदेश के इंदौर से ट्रेन से आ रही बारात रास्ते से ही लौट गई। एहतियात के तौर पर गांव में एक कांस्टेबल की ड्यूटी लगा दी गई है।

> दो नाबालिग लड़कियों के शादी कराने की सूचना पर टीम भेज सभी तैयारी रुकवा दी गई है। परिजनों को बताया गया कि बाल विवाह अपराध है। यह कार्रवाई नाबालिगों की सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण है। ग्रामीणों ने भी इस प्रयास की सराहना की और आगे से ऐसी गतिविधियों को न होने देने का संकल्प लिया।
>
> **-शांत प्रकाश श्रीवास्तव**, जिला प्रोबेशन अधिकारी

सिंदुरिया थाना क्षेत्र के सेमरी गांव में मंगलवार शाम दो नाबालिग लड़कियों के निकाह की तैयारी थी। इंदौर से बाराती व दूल्हा ट्रेन से आ रहे थे। इसी बीच गैर सरकारी संस्था के सदस्यों को बाल विवाह की सूचना मिल गई। जिला प्रोबेशन अधिकारी शांत प्रकाश श्रीवास्तव ने बाल विवाह रोकने के लिए जिला विधि सह परिवीक्षा अधिकारी मनोज कुमार श्रीवास्तव वन स्टाप सेंटर की स्टाफ नर्स नैना पटेल के नेतृत्व में टीम मौके पर भेजा। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस भी पहुंची। परिजनों से दोनों लड़कियों के उम्र संबंधी दस्तावेज मांगा, लेकिन वह दिखा नहीं सके। जांच में यह बात सामने आई कि एक लड़की चौदह साल की है।

दूसरी लड़की की उम्र 11 साल मिली। इस पर महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने निकाह की सभी तैयारियों को तुरंत रुकवा दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, गांव में एक कांस्टेबल की तैनाती की गई।

**परिजनों की हुई काउंसलिंग, बोले-बालिग होने पर ही बेटी का करेंगे निकाह:** इस दौरान मौके पर ही परिजनों व रिश्तेदारों की काउंसलिंग की गई। परिजनों को समझाया गया कि लड़कियों का भविष्य अधिक महत्वपूर्ण है और बालिग होने तक उनका निकाह न कराना ही सही होगा।

परिजनों ने सहमति जताई कि लड़कियों के बालिग होने के बाद ही उनकी शादी कराई जाएगी। टीम में हरिप्रसाद, विजय प्रताप, हेड कांस्टेबल रवि प्रताप, सुरेश यादव, चिउटहा चौकी इंचार्ज उमाकांत सरोज शामिल रहे।

# बॉर्डर पर एक गिरफ्तार, स्मैक बरामद

**ठूठीबारी, हिन्दुस्तान संवाद।** एसपी सोमेंद्र मीना के निर्देश पर मादक पदार्थों के रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान में ठूठीबारी कोतवाली के लक्ष्मीपुर खुर्द चौकी इंचार्ज के नेतृत्व में पुलिस व एसएसबी जवानों ने बुधवार को खैरा रोड के पास से पंद्रह ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई।



पुलिस व एसएसबी जवानों की गिरफ्त में स्मैक के साथ पकड़ा गया आरोपित।

मुखबिर की सूचना पर लक्ष्मीपुर खुर्द चौकी इंचार्ज महेंद्र यादव, हेड कांस्टेबल मनीष कुमार गौड़, कांस्टेबल कवि कुमार व एसएसबी 22वीं वाहिनी के एसआई हंसराज, मुख्य आरक्षी ईश्वर, आरक्षी अमरनाथ, एसआई दिव्य प्रकाश लालपुर गांव से खैरा रोड पर पहुंच गए। सागौन के बगीचे व गन्ने के खेत में छिप गए। उसी दौरान एक व्यक्ति आता दिखा। उसे रोक तलाशी लेने पर पंद्रह ग्राम मादक पदार्थ ग्राम स्मैक, मोबाइल व डायरी बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम अहमद (50) बताया।

वह ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के बेलवा गांव का रहने वाला है। पूछताछ में बताया कि वह स्मैक लेकर नेपाल जा रहा था। इस मामले में लक्ष्मीपुर खुर्द चौकी इंचार्ज महेंद्र यादव ने बताया कि स्मैक बरामदगी के आधार पर आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।



घुघली के बैकुंठीघाट पर पुलिस ने दो बच्चों को डूबने से बचाया। ● हिन्दुस्तान

# जीवित्पुत्रिका व्रत पर पुलिस ने नदी में डूबते बच्चों को बचाया

## सतर्कता

- घुघली के बैकुंठीघाट पर पूजा-अर्चना के दौरान दो बच्चे नदी में डूबने लगे
- मौके पर मौजूद पुलिस ने दोनों बच्चों को सुरक्षित बचाया
- दोनों बच्चे घुघली नगर पंचायत के वार्ड नंबर चार के रहने वाले हैं

महराजगंज/खुशहालनगर, निसं। जीवित्पुत्रिका व्रत के दौरान घुघली पुलिस की सतर्कता से रोहिन नदी के बैकुंठीघाट पर दो बच्चों की जान बच गई। पुलिस कर्मियों ने लोगों की मदद से नदी में डूब रहे दोनों बच्चों को सुरक्षित निकाल उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

एसपी सोमेन्द्र मीना के निर्देश पर जीवित्पुत्रिका व्रत के दौरान नदी, नाला, नहर, पोखरा के उन घाटों पर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाकर उनको तैनात किया गया था। बुधवार को घुघली के बैकुंठी घाट अपराह्न 3.40 बजे कस्बे की व्रती महिलाएं पूजा-अर्चन करने पहुंची थीं। महिलाओं के अलावा पास-पड़ोस के बच्चे भी साथ गए थे। महिलाओं के पूजा-अर्चन के दौरान कुछ बच्चे नदी में स्नान करने लगे। इसमें से दो छोटे बच्चे नदी में डूबने लगे। यह देख घुघली थाना के एसआई अमित रंजन सिंह, हेड कांस्टेबल देवानन्द, कांस्टेबल आनन्द कुशवाहा, रजत प्रजापति व महिला कांस्टेबल शालिनी मौर्या ने लोगों की मदद से दोनों बच्चों को नदी से सुरक्षित निकाल लिया। इनमें से एक बच्चे का नाम सागर पुत्र संतोष(10) दूसरे बच्चे का नाम मुहम्मद पुत्र इकबाल (6) है। दोनों बच्चे घुघली नगर पंचायत के वार्ड नंबर चार के रहने वाले हैं। घुघली थानाध्यक्ष राम चरण सरोज ने बताया कि जीवित्पुत्रिका व्रत को लेकर बैकुंठीघाट पर पुलिस कर्मियों को लगाया गया था। उसी दौरान डूब रहे दो बच्चों पर पुलिस कर्मियों की नजर पड़ गई। घाट पर मौजूद लोगों की मदद से एसआई अमित रंजन सिंह व अन्य पुलिस कर्मियों ने दोनों डूबते बच्चों को बचा लिया।

# छात्राओं को किया गया जागरूक

**सिन्दुरिया।** सिन्दुरिया स्थित आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में महिलाओं के अधिकारों के प्रति छात्राओं को जागरूक किया गया।

बच्चियों को महिला पुलिस कर्मियों द्वारा पुलिस विभाग के बारे में विभिन्न जानकारियां दी गयीं। मिशन शक्ति, महिला हेल्प डेस्क, थाना परिसर के विभिन्न हिस्सों, विभिन्न अभिलेखों, यातायात नियमों, यूपी-112, वीमेन पावरलाइन 1090,सीएम हेल्पलाइन 1076, ट्वीटर सेवा आदि के बारे में विस्तार से समझाया गया। जानकारी को साझा करने के लिए प्रेरित भी किया गया। इस अवसर पर बाल कल्याण अधिकारी रोहित यादव, महिला आरक्षी अस्तुरन, विद्यालय प्रबंधक यंत्री प्रसाद विश्वकर्मा, प्रधानाचार्य कृष्ण गोपाल विश्वकर्मा, हरिन्द्र पाल सहित शिक्षकगण रहे।

# नशीली दवाएं बरामद, आरोपी को भेजा गया जेल

**खनुआ।** सोनौली पुलिस ने सीमावर्ती श्यामकाट निवासी एक युवक के पास से नशीली दवाएं बरामद की है। युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है। एसओ अंकित सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर श्याम काट निवासी हरिकेश के पास से बुप्रेनॉरफिन इंजेक्शन और नाइट्राजेपम टैबलेट आईपी (नाइट्रावेट-10) 300 टैबलेट, प्रॉक्सीको-स्पा टैबलेट 472 टैबलेट और स्पास्प्रोक्स टैबलेट 720 पीस बरामद किया गया।

# ग्रामीणों ने थाने में की मनचलों की शिकायत

**निचलौल।** निचलौल थानाक्षेत्र के परागपुर के ग्रामीणों ने एसओ से मिलकर गांव के बाहर मनचलों की गतिविधियों को लेकर शिकायत की है। ग्रामीण सर्वेश गुप्ता,प्रभाकर चौधरी,एडवोकेट अरविंद मिश्रा और छोटू आदि का कहना है कि सिरौली पेट्रोल पंप के आगे पूरब तरफ में डेयरी से परागपुर जाने वाली सड़क पर रात में सुनसान रहता है। इस रोड पर शाम होते ही मनचलों का जमावाड़ा लग जा रहा हैं।

# बच्चों के विवाद में मारपीट, चार पर मुकदमा दर्ज

**निचलौल।** क्षेत्र के ग्राम सेमरहना में मंगलवार को बच्चों के विवाद में मारपीट हो गई। सेमरहना निवासिनी रंगीता देवी द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि बच्चों के विवाद को लेकर उसके पड़ोसियों ने एक राय होकर उसे गाली देते हुए लाठी डंडा से मारा पीटा। इसका विरोध करने पर वे लोग जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। इस मामले में पुलिस ने श्यामू चौहान, गुड्डू, मदन और एक महिला सभी निवासी ग्राम सेमरहना के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।



युवक के नहर में गिरने की आशंका में पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी।

# युवक के नहर में गिरने की आशंका, तलाश

**परतावल।** श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के अमवा निवासी रणजीत सिंह (40) मंगलवार की शाम लगभग 7 बजे जिउतिया व्रत के लिए दही लेने के लिए बाइक लेकर घर से निकला। देर रात तक वह वापस नहीं आया तो परिजनों ने तलाश शुरू कर दी। बुधवार को परिजनों को पता चला कि वह कप्तानगंज रोड पर स्थित देशी शराब की दुकान के सामने नहर पुल पर बैठा देखा गया था। जब वह पुल पर पहुंचे तो देखा कि उसकी बाइक पुल के बगल में खड़ी थी, लेकिन उसका पता नहीं चला। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तलाश शुरू कर दी।

# 29 वर्ष पुराने मामले का एक वारंटी गिरफ्तार

**पुरंदरपुर।** 29 वर्ष पुराने मामले के वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जलालगढ़ निवासी अलगू को एसओ पुरुषोत्तम राव ने अपनी टीम के साथ उसके घर से गिरफ्तार किया है।

# घर में घुस मारपीट 4 के खिलाफ केस

निचलौल। थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरहना में दीवाल चलाने की बात को लेकर एक परिवार के लोगों ने दूसरे पक्ष के लोगों को घर में घुसकर मारा पीटा और जेवर छीन लिया। इस मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

ग्राम सेमरहना निवासिनी शकुंतला देवी द्वारा एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया गया है कि उसके पति रामसमुझ और गांव के परशुराम के बीच दीवाल चलाने की बात को लेकर विवाद हो गया। इस पर परशुराम के घर के लोग एक राय होकर लाठी डंडा से लैश होकर इनके घर के लोगों को गाली देने लगे। इन लोगों द्वारा जब मना किया गया तब वे लोग मारपीट के लिए दौड़ा लिए। एसपी के आदेश पर निचलौल पुलिस ने परशुराम, विशाल, श्यामलता और उसकी बेटी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# घर से गायब हुई किशोरी, केस दर्ज

पनियरा। क्षेत्र के एक गांव से एक 16 वर्षीय किशोरी घर से गायब हो गई है। पिता ने थाने पर तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। तहरीर के अनुसार रविवार की दोपहर में किशोरी घर से गायब हो गई। परिजन इधर-उधर काफी तलाश किये, लेकिन उसका कुछ भी पता नहीं चला।

# प्रतिबंधित नशीली दवाओं के साथ एक युवक गिरफ्तार




सोनौली कोतवाली में आरोपित के साथ पुलिस व एसएसबी की टीम • जागरण

- सोनौली के श्यामकाट बागीचे के पास हुई बरामदगी
- एनडीपीएस एक्ट में आरोपित भेजा गया जेल

जासं, सोनौली : सोनौली कस्बा के श्यामकाट रोड पर पुलिस व एसएसबी की 22 वीं बटालियन के जवानों ने एक युवक को प्रतिबंधित नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार किया है। सोनौली थानाध्यक्ष अंकित सिंह ने बताया कि आरोपित को एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय भेजा गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। एसएसबी व पुलिस को संयुक्त रूप से मुखबिर ने सूचना दी थी कि एक बाइक सवार युवक नशीली दवाओं की खेप नेपाल भेजने के फिराक में है। मिली सूचना के आधार पर पुलिस व एसएसबी ने वाहनों की जांच शुरू की। इस दौरान बाइक सवार हरिकेश निवासी श्यामकाट थाना क्षेत्र सोनौली के पास 30 एंपुल ब्युपुरोनर्फ़ इन इंजेक्शन , नाईट्रावेट टेबलेट 300 अदद , प्रॉक्सी सपाक्स टेबलेट 452 अदद व स्पास्म्रो टेबलेट 720 अदद बरामद हुए।

# किशोरी की मृत्यु के मामले में जांच करने पहुंची स्वास्थ्य टीम

जासं, धानीः विकास खंड धानी के ग्राम सभा कानापार में मंगलवार को एक किशोरी के मृत्यु के बाद बुधवार को जिले से आए चिकित्सकों व स्थानीय सीएचसी के कर्मचारियों ने मृतक किशोरी के घर पहुंच कर जांच पडताल किया। ग्राम कानापार निवासी महिमा की तबीयत खराब होने पर एक सप्ताह पूर्व स्वजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धानी ले गए। किशोरी एक सप्ताह से बुखार से पीड़ित थी। चिकित्सक ने एईएएस के लक्षण के आधार पर भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया। हालात में सुधार नहीं होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। आरोप है कि जिला अस्पताल में भर्ती करने के बाद जांच के नाम पर रुपये की मांग की जाने लगी। इसके अभाव में किशोरी को रेफर कर दिया गया। स्वजन किशोरी को मेडिकल कालेज न ले जाकरण एक प्राइवेट अस्पताल में उपचार कराने लगे। बुधवार की दोपहर में किशोरी की मृत्यु हो गई। उधर, जिला मलेरिया अधिकारी त्रिभुवन चौधरी ने चिकित्सा अधीक्षक, प्रभारी चिकित्साधिकारी को एईएस केस के सत्यापन लिए पत्र भेजा है। चिकित्सकों की एक टीम ने मृतक किशोरी के घर पहुंच कर जांच पडताल की। सीएमओ डा. एपी भार्गव ने बताया कि मामले की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। डा. प्रकाश चंद्र चौधरी ने कहाकि एईएस के लक्षणों पर किशोरी का उपचार किया जा रहा था।

# दो भाइयों पर दुष्कर्म का आरोप, मुकदमा दर्ज

जासं, महराजगंजः पुलिस ने किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में दो भाइयों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

किशोरी की पिता ने बताया कि बेटी 22 सितंबर को एक बजे रात में झोपड़ी से बाहर निकलकर पेशाब करने गई थी, कि पहले से घात लगाए मनीष व आशीष बाइक से आए और जबरन उठाकर अपने मकान में लेकर चले गए। दोनों लोग अपने मां के साथ मिलकर लड़की को एक कमरे मे बंद कर दिए। फिर दोनों युवकों ने दुष्कर्म किया। नींद खुलने पर जब बेटी की तलाश किया तो बेटी मनीष के घर मिली। 22 को कोतवाली पर प्रार्थना पत्र दिया, परन्तु कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित ने एसपी से गुहार लगाया। इसके बाद मुकदमा दर्ज हुआ।

# किशोरी को भगाने के आरोप में केस दर्ज

**महराजगंज।** सिंदुरिया क्षेत्र की एक महिला अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए महराजगंज में किराए का मकान लेकर रहती है। उसकी 14 वर्षीय बेटी कक्षा सात में पढ़ती है। आरोप है कि सोमवार को मोहल्ला का ही एक युवक बहला फुसलाकर अपने साथ लेकर चला गया। काफी खोजबीन के बाद उसी रात उसके भाई के ससुर ने बेटी को लाकर छोड़ दिया। कोतवाली प्रभारी के अनुसार, आरोपी पर केस दर्ज हुआ है। संवाद

# घर से किशोरी लापता, केस दर्ज

**महराजगंज।** पनियरा क्षेत्र के एक ग्राम पंचायत से एक 16 वर्षीय किशोरी घर से लापता हो गई। पिता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। तहरीर के अनुसार, बीते रविवार की दोपहर में किशोरी घर से लापता हो गई। परिजन इधर-उधर काफी तलाश किए, लेकिन उसका कुछ भी पता नहीं चला। थानाध्यक्ष पनियरा निर्भय कुमार सिंह ने केस दर्ज करने की पुष्टि की। संवाद

# कोर्ट के आदेश पर प्रधान पति व पुत्र के विरुद्ध केस

जागरण संवाददाता, निचलौल: पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर थाना क्षेत्र के ग्राम कुआरी सती के ग्राम प्रधान के पति व पुत्र पर सरकारी अनुदान के धन के हेराफेरी करने के आरोप में मुकदमा पंजीकृत किया है।

इस मामले मे अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महराजगंज ने ग्राम प्रधान के पति व पुत्र पर सरकारी अनुदान का धन हेराफेरी करने के आरोप में थानाध्यक्ष को मुकदमा पंजीकृत करने का आदेश दिया था। ग्राम कुआरी सती निवासी पीड़िता सिमिरता ने न्यायालय में अपने दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसके पति की तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी। जिसका अनुदान चार लाख रुपये उसके खाता में आया था। जिसको प्रधान पति विश्वनाथ व पुत्र द्वारा उसे धोखे में रखकर 49000- 49000 रुपये चार बार उसके खाते से लगभग पूरा धन निकलवा लिया गया। जब इसकी जानकारी उसे हुई तो अपनी लड़की के साथ अनुदान राशि मांगने उनके घर पहुंची। पूछने पर बताया कि तुम्हारा सारा धन आवास के लिए व अन्य खर्च के रुप में अधिकारियों को दे दिया गया है। कोई धन नहीं मिल पायेगा। उसके बाद जानमाल की धमकी देकर भगा दिया। इसके बाद थाने में शिकायती पत्र दिया। बावजूद कोई कारवाई नहीं होने पर न्यायालय का दरवाज़ा खटखटाया।

थाना प्रभारी गौरव राय कन्नौजिया ने बताया न्यायालय के आदेश पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। इसकी जांच की जा रही है।

# यातायात नियमों के उल्लंघन में 202 वाहनों का चालान

महराजगंजः जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में यातायात नियमों का उल्लंघन करने के मामले में 202 वाहनों का चालान किया गया। पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर दो पहिया वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की। दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना हेलमेट लगाए, सवारी वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने तथा तेज गति से वाहन चलाने के आरोप में 202 वाहनों का चालान किया गया।

# थानों में 16 विवेचनाओं का हुआ निस्तारण

महराजगंज : पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा गुण–दोष के आधार पर विवेचना की कार्रवाई करते हुए कुल 16 विवेचनाओं का निस्तारण किया गया। पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने कहा कि विवेचनाओं के निस्तारण में तेजी लाएं। (जासं)

# एसएसवी ने तीन युवकों को जांच के लिए पकड़ा

खनुआ : सोनौली कोतवाली क्षेत्र के हरदी डाली –सुंडी मार्ग पर एसएसबी के 66वीं बटालियन के जवानों ने बुधवार की देर शाम तीन युवकों को नशे के कारोबार में संलिप्तता की आशंका में हिरासत में लिया है। युवक भारतीय क्षेत्र के स्थानीय निवासी बताए जा रहे हैं। जिनसे देर रात तक पूछताछ जारी है। हालांकि इस संबंध एसएसबी के अधिकारी कुछ भी बोलने से कतरा रहे हैं।सोनौली थानाध्यक्ष अंकित सिंह ने बताया कि एसएसबी ने तीन युवकों को नशा कारोबार के संदिग्ध आरोप में हिरासत में लिया गया है। (जासं)

# दुष्कर्म के प्रयास मामले में आरोपित दोष मुक्त

जासं, महराजगंज: जिला कारागार महराजगंज में अपनी ही बेटी से दुष्कर्म के प्रयास के आरोप में तीन वर्षों से बंद बंदी नाथू को विशेष न्यायाधीश अन्य न्यायालय पोक्सो द्वारा दिए गए आदेश में दोषमुक्त किया गया है। मुकदमा लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ आशुतोष पांडेय ने लड़ा था। आशुतोष पांडेय ने बताया कि 21 अक्टूबर 2021 को कोठीभार थाना क्षेत्र के एक गांव में बेटी ने अपने ही पिता पर आरोप लगाए थे। जिसके बाद पुलिस ने भी मुकदमा दर्ज कर आरोपित के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। विचारण के दौरान आरोपित ने विधिक सेवा प्राधिकरण महराजगंज को प्रार्थना पत्र लेकर सरकारी अधिवक्ता उपलब्ध कराने की मांग की थी। आरोपित के विरुद्ध लगाए गए साक्ष्यों का परिशीलन करते हुए बहस की गई। गवाहों को देखते हुए विशेष न्यायाधीश अनन्य न्यायालय विनय कुमार सिंह ने आरोपित को दोष मुक्त करार दिया है।

# नदी में डूब रहे बच्चों को बचाकर दी नई जिंदगी

जागरण संवाददाता, महराजगंज: जीवित्पुत्रिका व्रत के समय छोटी गंडक नदी में पूजन-अर्चन के दौरान नदी में नहा रहे दो बच्चे डूबने लगे। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिस के जवान और स्थानीय लोगों ने अपनी जान पर खेलकर किशोरों की जान बचाई। इस मानवीय पहल की जहां सराहना हो रही है, वहीं बच्चों को नई जिंदगी मिलने से घरों में खुशियां छाईं।



नदी से निकाले गए बच्चों के साथ पुलिस टीम • जागरण

छोटी गंडक में वर्तमान में लबालब पानी भरा है। बुधवार की सायं चार बजे जीवित्पुत्रिका पर्व पर व्रती महिलाएं बैकुंठी घाट पर पूजन अर्चन करने गईं थी। इसी दौरान नगर के वार्ड नंबर चार निवासी 10 वर्षीय सागर और छह वर्षीय मुहम्मद भी अपने स्वजन के साथ आया था। महिलाएं पूजन-अर्चन में जुटी थी। इसी बीच दोनों किशोर नहाने चले गए। तभी तेज बहाव के साथ नीचे गहरे पानी मे डूबने लगे। स्वजन की चीख-पुकार मच गई। पुलिस कर्मियों ने तत्काल ग्रामीणों की मदद से दोनों बच्चों को बचाते हुए सुरक्षित बाहर निकाल लिया। बच्चों को सकुशल पाकर स्वजन उन्हें गले लगाकर पुचकारने लगे। संतोष ने बताया कि पत्नी ने बेटे के दीर्घायु के लिए व्रत रखा था। भगवान की कृपा से मेरा बच्चा बच गया। सुरक्षा व में तैनात उपनिरीक्षक अमित रंजन, देवानंद, रजत प्रजापति महिला कांस्टेबल शालिनी मौर्या की लोगों ने प्रशंसा की।

# आगामी त्योहारों में बढ़ाएं सक्रियता :डीआइजी

जागरण संवाददाता, महराजगंज: आगामी त्योहारों को लेकर पूरी सक्रियता बरतें कोई भी असामाजिक तत्व गड़बड़ी न फैलाने पाए। सभी थाना क्षेत्रों में पीस कमेटी की मीटिंग सभी समुदाय के लोगों के साथ कर लें, ताकि किसी भी प्रकार की कोई समस्या त्योहारों के समय न उत्पन्न हो सके।

यह निर्देश डीआइजी आनंद कुलकर्णी ने पुलिस लाइन महराजगंज में बैठक के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्यक्रम और त्योहार की अनुमति बगैर कार्यक्रम के प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किए बिना न दें। इससे गड़बड़ी होने की आशंका रहती है। किसी भी सूरत में कोई नई परंपरा न शुरु होने पाए, इसका ध्यान रखें। थानों पर बने त्योहार रजिस्टर को भली प्रकार से देख लें, ताकि गड़बड़ी होने की गुंजाइश न रहे। एंटी रोमियो टीमों को सक्रिय रखें और पैदल गश्त प्रतिदिन होती रहे। इसके साथ ही डीआइजी ने आइजीआरएस पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण में गंभीरता बरतने के लिए कहा, ताकि जनपद की रैंकिंग हर माह पहले नंबर पर बनी रहे, लेकिन इसके लिये शिकायत निस्तारण में गुणवत्ता का बहुत ख्याल रखें खानापूर्ति न करें।

उन्होंने कहा कि क्राइम कंट्रोल रेट पर ध्यान बनाए रखें, विवेचना का निस्तारण तत्परता से करें। जमीन और दहेज संबंधित मामलों, लड़के-लड़कियों के अपहरण वाले मामलों में सक्रियता बनाए रखें। थाना दिवस, थाना दिवस/तहसील दिवस के साथ ही प्रतिदिन जनसुनवाई को समय दें तथा गुणदोष के आधार पर सही निस्तारण करें। बैठक के बाद डीआइजी ने थाना कोतवाली का निरीक्षण किया, महिला हेल्प डेस्क देखा और वहां पर दर्ज शिकायतों की ताजा स्थिति की जानकारी प्रापत की। इसके साथ ही मलखाना, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, परिसर, बैरक, कार्यालय का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक और निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा, अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह उपस्थित रहे।




पुलिस लाइन में बैठक को संबोधित करते डीआइजी आनंद कुलकर्णी (बाएं से प्रथम) • जागरण



बैठक में उपस्थित पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी • जागरण

- किसी भी त्योहार पर कोई नई परंपरा न शुरू होने पाए
- आइजीआरएस में खानापूर्ति नहीं, गुणवतापूर्ण करें निस्तारण

07:07 • 58%
epaper.jagran.com/n

और नास्ता तथा भोजन की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान डा. एवी त्रिपाठी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. केपी सिंह आदि अन्य चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

उपचार शुरू कर दिया। हालात में सुधार नहीं होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। आरोप है कि जिला अस्पताल में भर्ती करने के बाद जांच के नाम पर रुपये की मांग

# खनुआ गांव में गोदाम सील 40 बोरी चीनी बरामद

जासं, खनुआ : सोनौली कोतवाली क्षेत्र के खनुआ गांव में मंगलवार की शाम पुलिस व प्रशासन की संयुक्त टीम ने तस्करी की सूचना पर छापेमारी की। छापेमारी का दौर देर रात तक चला। इस दौरान 40 से अधिक चीनी की बोरियां बरामद हुई और एक गोदामनुमा मकान को सील कर दिया गया। जिस पर कस्टम अधिनियम के तहत कारवाई की तैयारी चल रही है। प्रशासनिक अमले को सूचना मिली थी कि खनुआ गांव से परदेशी नामक व्यक्ति पिकअप से प्रतिदिन 100 से अधिक बोरी चीनी व मक्खन नामक व्यक्ति अपने टैंपू से प्रतिदिन 50 से अधिक गट्ठर कपड़े की गट्ठर खनुआ में डंप कर रहे हैं। जहां से रात में चीनी व कपड़े कैरियरों के माध्यम से नेपाल भेज दिए जा रहे हैं। नायब तहसीलदार ने बताया कि चीनी को जब्त कर ली गई है। सील हुए गोदाम के मालिक की तलाश चल रही है।



# सामूहिक दुष्कर्म : पुलिस ने पीड़िता का दर्ज किया बयान

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** 18 सितंबर को भारत नेपाल सीमा से सटे रूपनदेही जिले के भैरहवा में सामूहिक दुष्कर्म के मामले में तथ्यों के आधार पर नेपाल पुलिस जांच कर रही है। बुधवार को दोपहर पीड़िता का नेपाल पुलिस ने बयान दर्ज किया और साथियों के संबंध में पूछताछ की।

नेपाल में गैंगरेप के आरोप में पकड़े गए दो युवक गोरखपुर और दो महराजगंज जिले के हैं, जबकि दो नेपाल के रहने वाले हैं। नेपाल के दोनों युवकों ने रात करीब दो बजे शराब के नशे में युवती से मारपीट के बाद दुष्कर्म किया।

इसमें होटल संचालक की भूमिका भी संदेह में है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस होटल में ज्यादा भारतीय ही आते हैं। एक रात रुकने के बाद चले जाते हैं। नेपाल के पुलिस अधिकारियों के अनुसार जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

**होटल मैनेजर से हुई अलग से पूछताछ :** जिस होटल में भारतीय युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई है। उस होटल के मैनेजर को भी नेपाल पुलिस ने जांच की कड़ी में रखा है। बताया गया कि युवक इसके पहले भी इसी होटल में आकर रुकते थे। जहां इन युवकों के साथ नेपाल के भी मित्र आकर मिलते थे। पुलिस उन सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

सूत्रों की माने तो जब यह घटना हुई तब रात्रि ड्यूटी में होटल स्टाफ कहां थे। नेपाल पुलिस क्यों दूसरे होटल संचालक की सूचना पर उक्त होटल में पहुंची। सीसीटीवी फुटेज में नेपाल पुलिस को कई जानकारी मिली है।

## मर्चवार में वारदात के बाद रुपनदेही में भी

रूपनदेही जिले के मर्चवार में अभी एक माह पूर्व एक नाबालिक से पांच युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया था, जिसमें नौतनवा का भी एक दोहरी नागरिकता का युवक भी शामिल है। जिन्हें स्थानीय ग्रामीणों ने मारपीट कर पुलिस के हवाले किया था। सभी आरोपी जेल में हैं। नाबालिक नेपाली नागरिक थी इसलिए पुलिस ने उसे घर भेज दिया था। इस घटना में पीड़ित भारतीय है। दुबारा पूछताछ के लिए आने और जाने की समस्या को देखते हुए अपनी अभिरक्षा में रखा है।

# नशे की दवाओं के साथ एक गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**खनुआ/सोनौली।** कोतवाली क्षेत्र में श्यामकाट बगीचे के पास एसएसबी और पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।

पुलिस क्षेत्राधिकारी नौतनवा जय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि सशस्त्र सीमा बल व पुलिस की टीम गठित गश्त कर रही थी। श्यामकाट बगीचे के पास भारत से नेपाल जाते समय हरिकेश निवासी ग्राम श्यामकाट थाना सोनौली को पकड़ लिया। उसके पास से सेबुप्रेनॉरफिन इंजेक्शन और नाइट्राजेपम टैबलेट आईपी (नाइट्रावेट-10) 300 टैबलेट, प्रॉक्सीको-स्पा टैबलेट 472 टैबलेट और स्पास्प्रोक्स टैबलेट 720 और एक बाइक बरामद हुई।



बरामद दवाएं। स्रोत-पुलिस

# त्योहारों के मद्देनजर सक्रियता बढ़ाएं : डीआईजी

## डीआईजी ने पुलिस लाइन में बैठक के दौरान दिए निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** आगामी त्योहारों को लेकर पूरी सक्रियता बरतें कोई भी असमाजिक तत्व गड़बड़ी न फैलाने पाए। सभी थाना क्षेत्रों में पीस कमेटी की मीटिंग सभी समुदाय के लोगों के साथ कर लें, ताकि किसी भी प्रकार की कोई समस्या त्योहारों के समय न उत्पन्न हो सके।

यह निर्देश डीआईजी आनंद कुलकर्णी ने पुलिस लाइन महराजगंज में बैठक के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को दिया। पुलिस लाइन सभागार में बैठक के दौरान डीआईजी आनंद कुलकर्णी ने कहा कि किसी भी कार्यक्रम और त्योहार की अनुमति बगैर कार्यक्रम के प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किए बगैर न दें। इससे गड़बड़ी होने की आशंका रहती है। किसी भी सूरत में कोई नई परंपरा न शुरु होने पाए इसका ध्यान रखें।

थानों पर बने त्योहार रजिस्टर को भली प्रकार से देख लें ताकि गड़बड़ी होने की गुंजाइश न रहे। एंटी रोमियो टीमों को सक्रिय रखें और पैदल गश्त प्रतिदिन होती रहे। इसके साथ ही डीआईजी ने आइजीआरएस पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण में गंभीरता बरतने के लिये कहा ताकि जनपद की रैंकिंग हर माह पहले नंबर पर बनी रहे, लेकिन इसके लिए शिकायत निस्तारण में गुणवत्ता का बहुत ख्याल रखें खानापूर्ति न करें।

थाना दिवस, थाना दिवस/तहसील दिवस के साथ ही प्रतिदिन जनसुनवाई को समय दें तथा गुणदोष के आधार पर सही निस्तारण करें। बैठक के बाद डीआईजी ने थाना कोतवाली का निरीक्षण किया। बैठक व निरीक्षण में पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा, अपर एसपी आतिश कुमार मौजूद रहे।

# पति, सास, जेठ और जेठानी पर केस दर्ज

**महराजगंज।** पनियरा क्षेत्र के नगर पंचायत निवासी एक महिला ने पति, सास, जेठ और जेठानी पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया है। महिला की तहरीर के अनुसार, उसकी शादी डेढ़ वर्ष पूर्व गोरखपुर जनपद के पीपीगंज में हुई थी। शादी के बाद से ही एक लाख रुपये के लिए पति, सास, जेठ, जेठानी उसे मारने-पीटने और गाली गलौज कर उसका उत्पीड़न करने लगे। एक दिन घर से निकाल दिया। इधर, वह अपने मायके में रहने लगी। संवाद

# मानक विहीन कार्य कराने के आरोप पर दी धमकी

**परसामलिक।** नौतनवा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत तरैनी निवासी राजेश कुमार यादव ने नौतनवा विकास खंड अधिकारी को बुधवार को शिकायती पत्र भेजा। पीड़ित ने शिकायती पत्र में लिखा है कि तरैनी चौराहे पर क्षेत्र पंचायत के द्वारा पक्की नाली निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसमें मानक की धज्जियां उड़ाई जा रही है। मानक विहीन निर्माण कार्य का विरोध करने पर ठेकेदार की ओर से धमकी दी जा रही है। खंड विकास अधिकारी अमित कुमार मिश्र ने बताया कि जांच पड़ताल के बाद कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# युवती से दुष्कर्म के मामले में केस दर्ज

**महराजगंज।** कोतवाली पुलिस ने युवती से दुष्कर्म के मामले में केस दर्ज किया है। आरोप है कि युवती अपने घर में अकेले सोई थी। इसी का लाभ उठाकर बगल का एक युवक घर में घुस गया और दुष्कर्म किया। आरोप है कि युवती ने अपने परिजनों को अपने साथ हुए घटना के बारे में जानकारी दी। इसकी पूछताछ के लिए पीड़िता के परिवार के लोग आरोपी युवक के घर गए और इस मामले को लेकर दोनों परिवारों के बीच कहासुनी हो गई। संवाद

## विद्युल पोल लगाने को लेकर कहासुनी

महराजगंज। शहर के शास्त्री नगर मोहल्ले में विद्युत पोल लगाने को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। जानकारी के अनुसार, बिजली का खंभा लगाने को लेकर विवाद तब उत्पन्न हुआ। जब एक पक्ष ने बिना सहमति के खंभा लगाने का प्रयास किया। दूसरे पक्ष के लोगों ने इसका विरोध किया। इस कारण स्थिति तनावपूर्ण हो गई। जानकारी मिलते ही नायब तहसीलदार सदर, देश दीपक तिवारी मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को शांति पूर्वक समझा-बुझाकर विवाद को शांत करवाया। संवाद

## 15 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

ठूठीबारी। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को एसएसबी पुलिस की संयुक्त टीम 15 ग्राम स्मैक के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। बुधवार को दोपहर एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम लालपुर के समीप एसएसबी रोड पर पेट्रोलिंग कर रही थी, तभी एक व्यक्ति नेपाल की तरफ से आते हुए दिखाई दिया। रोककर तलाशी ली गई तो उसके जेब से 15 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपित की पहचान अहमद निवासी ग्राम सभा बेलवां थाना कोतवाली ठूठीबारी के रुप में हुई। संवाद

## पुलिस ने पूछताछ के लिए युवक को उठाया

खनुआ। सोनौली कोतवाली क्षेत्र के हरदीडाली गांव के पास से एसएसबी और पुलिस ने एक युवक को उठाया और जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, सुरक्षा कर्मी बिना वर्दी के इधर-उधर भ्रमण कर रहे थे। तभी हरदीडाली चौराहे के पास से एक युवक को संदेह के आधार पर पकड़कर पूछताछ के लिए खनुआ चौकी पर ले गई है। जहां पूछताछ चल रही है। खनुआ चौकी प्रभारी अभय कुमार उपाध्याय के अनुसार, एक युवक को उठाया गया और पूछताछ की जा रही है। संवाद

# नेपाल में भारतीय रुपये बदलने में पर्यटकों को चूना लगा रहे दलाल

## भारतीय 100 रुपये के 160 की जगह 140 से 141 नेपाली रुपये देते हैं बदलने वाले

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** भारत से नेपाल भ्रमण पर जाने वाले पर्यटकों को दलाल चूना लगा रहे हैं। भारतीय रुपये को नेपाली में बदलने के नाम पर अधिक कमीशन लिया जा रहा है।

भारतीय 100 रुपये का 160 नेपाली की जगह 140 से 141 रुपये देकर ही दलाल काम चला रहे हैं। 100 रुपये में 19 रुपये ले लिया जा रहा है। दूसरा देश होने के कारण दूर से आने वाले पर्यटक इसकी शिकायत नहीं कर पाते।

भारत में 2000 और 1000 रुपये का भारतीय मुद्रा के चलन पर रोक के बाद नेपाल में भारतीय रुपये का मूल्य लगातार कम होता जा रहा है। नेपाल में सरकारी कार्यालयों से लेकर दुकानों तक में अब भारतीय नोट का प्रचलन पूरी तरह बंद कर दिया गया है।

ऐसे में भारत से नेपाल जाने वाले लोगों को नेपाल बॉर्डर पर ही मुद्रा



नेपाल बॉर्डर। संवाद

एक्सचेंज करने पर भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। पहले भारतीय 100 रुपये के बदले 160 रुपये तक नेपाली नोट दिया जाता था।

अब वहां पर मनमानी की जा रही है। कुछ भारतीय गाड़ियों के टूरिस्ट गाइड तो अपंजीकृत कुछ बाहरी दलाल भारतीय पर्यटकों को गुमराह कर रुपये बदलने में ठगी कर दे रहे हैं।

### रोजाना करोड़ों रुपये का होता है लेनदेन

रोजाना भारत से नेपाल पांच से आठ हजार पर्यटक पहुंचते हैं, जिसमें भारतीय पर्यटकों की संख्या दो हजार से अधिक है। नेपाल में भारतीय मुद्रा के चलन पर रोक है, जिसके कारण पर्यटक भारतीय मुद्रा को नेपाली मुद्रा में बदलकर गंतव्य को जाते हैं। मुद्रा बदलने के लिए सोनौली सीमा से सटे नेपाल बेलहिया में 15 से अधिक पंजीकृत मुद्रा एक्सचेंज काउंटर हैं, जबकि भारतीय सीमा में ऐसे काउंटर नहीं है। यहां कपड़े और जनरल स्टोर चलाने वाले दुकानदार ही जो अवैध रूप से मनी एक्सचेंज का कारोबार करते हैं। सीमा पर पांच करोड़ से अधिक का रुपये बदलने का कारोबार हो जाता है।

500 रुपये का नेपाल में 700 से 750 रुपये तक ही दिया जा रहा है। इसका कम से कम 800 नेपाली नोट मिलना चाहिए, जबकि पंजीकृत मुद्रा काउंटर पर विनिमय दर से नेपाली मुद्रा प्राप्त की जा रही है। नेपाल में जाने के लिए भारतीय क्षेत्र के लोगों को वाहन का भंसार लेना जरूरी है।

पूर्व में भारतीय क्षेत्र के लोग नेपाल जाते समय भारतीय नोट लेकर आसानी से जाते थे, कहीं पर भी नोट का आदान-प्रदान आसानी

पर्यटकों को पंजीकृत काउंटर से पैसे बदलने चाहिए, यहां पर नेपाल सरकार द्वारा तय मानक विनिमय दर पर रुपये बदले जाते हैं। अपंजीकृत लोगों से मुद्रा परिवर्तन नहीं करना चहिए। -**रवि कुमार,** कारोबारी, मनी एक्सचेंज

से हो जाता था। नेपाली लोग भारतीय नोट पाकर उत्साहित भी होते थे। अब हालात बदल गए हैं। इससे पर्यटकों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# पिकअप से 76 बोरी चावल बरामद, एक दबोचा

**ठूठीबारी।** निचलौल की तरफ से ठूठीबारी आ रही चावल लदी पिकअप को नायब तहसीलदार ने पकड़ लिया। बाद में आवश्यक कार्रवाई के लिए ठूठीबारी कोतवाली पुलिस को सौंप दिया।

बॉर्डर पर तस्करी पर रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर बुधवार को निचलौल नायब तहसीलदार अभिषेक कुमार मिश्र ने निचलौल



पकड़ा गया आरोपी। स्रोत-पुलिस

की तरफ से आ रही एक पिकअप को चंदन नदी पुल के पास पकड़ लिया। तलाशी में 50 किलो की 76 बोरी चावल बरामद हुई। चालक वैध कागजात नहीं दिखा पाया। उसे स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया।

आरोपी की पहचान प्रदीप कुमार अग्रहरि सक्सेना नगर थाना कोतवाली सदर के रूप में हुई। नायब तहसीलदार अभिषेक कुमार मिश्रा ने बताया कि चावल लदा पिकअप बरामद हुआ है। कस्टम को सौंप दिया गया। संवाद

# पुलिस ने रुकवाई दो किशोरियों की शादी

संवाद न्यूज एजेंसी

## पुलिस व समाजसेवी संस्था की सूझबूझ से लौटी बारात

सिंदुरिया। क्षेत्र के ग्राम सभा सेमरी में सिंदुरिया पुलिस और सामाजिक संस्था वन स्टाफ के कर्मचारियों ने मंगलवार की रात होने वाली दो नाबालिग किशोरियों की शादी रुकवा दिया। इसके बाद पुलिसकर्मियों के समझाने पर बारात लौट गई।

जानकारी के अनुसार, सिंदुरिया क्षेत्र के ग्राम सभा सेमरी के दो व्यक्ति अपनी नाबालिग लड़कियों की शादी मध्य प्रदेश के इंदौर में तय की थी। बारात मंगलवार को रात में आनी थी, लेकिन किसी ने इसकी सूचना जिला प्रोबेशन अधिकारी को दी। सूचना पर सामाजिक संस्था और वन स्टाफ की नैना पटेल चिउटहां चौकी प्रभारी उमाकांत सरोज के साथ मौके पर पहुंच गईं।

मामले में पुलिसकर्मियों ने दोनों किशोरियों और परिजनों को चौकी चिउटहा लाया और समझाया बुझाया कि आप की लड़की नाबालिग है और इनकी शादी करना गैर कानूनी है। चौकी इंचार्ज उमाकांत सरोज के अनुसार समझाने से परिजन मान गए और बारातियों को भटहट से वापस कर दिया।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-26-09-2024

# मांगों को लेकर बीएसए कार्यालय पर गरजे शिक्षक



मांगों को लेकर ज्ञापन देते शिक्षकगण।

**बस्ती (एसएनबी)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों की 16 सूत्री, शिक्षामित्रों की 6 सूत्री और अनुदेशकों की 3 सूत्री मांगों को लेकर बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशकों ने संघ के जिलाध्यक्ष चन्द्रिका सिंह के नेतृत्व में बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना दिया और मांगो के समर्थन में गरजे। इसके बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बस्ती अनूप कुमार तथा जिलाधिकारी द्वारा नामित नायाब तहसीलदार अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष चन्द्रिका सिंह ने कहा कि बार-बार ज्ञापन देने के बाद भी गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। 50 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को गलत तरीके से बंद कराया जा रहा है। यदि शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशकों की मांगे नहीं मानी गई तो आंदोलन तेज किए जाने के साथ ही मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। बीएसए कार्यालय पर हजारो शिक्षकों, शिक्षामित्रों और अनुदेशकोंकी उपस्थिति में मुख्य रूप से मंत्री बालकृष्ण ओझा, कोषाध्यक्ष दुर्गेश यादव, प्रवीन श्रीवास्तव, शिवप्रकाश सिंह,सुधीर तिवारी, राजेश गिरी,रवि सिंह, रामसागर वर्मा, अखिलेश पाण्डेय, अशोक यादव, हरिओम यादव, राहुल सिंह, विवेक सिंह,देवेंद्र सिंह, सनद पटेल, रामभवन यादव, शिवरतन, सुरेश गौड़,वंदना त्रिपाठी, उमाकांत शुक्ल, रवीश मिश्र, विवेक कांत पाण्डेय, शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र शुक्ला, संतोष भट्ट, बालगोपाल शुक्ल, अनुदेशक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह, मंत्री उमेश यादव,मुक्तेस्वर यादव,मुरलीधर आदि ने धरने को सम्बोधित किया।

वक्ताओं ने गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर कार्यवाही, 50 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों के विलय पर रोक, समायोजन प्रक्रिया में न्यायालय के आदेश का पालन, उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विषय वार शिक्षक की तैनाती, न्यायालय के आदेश पर कार्यवाहक प्रधानाध्यापक का वेतन जारी करने, एनपीएस और जीपीएफ कटौती का अंकन, सेवा पुस्तिका का अपडेशन, शिक्षकों का संकुल पद से कार्य मुक्ति, एफएलएन प्रशिक्षण की धनराशि संबंधित के खाते में भेजना, लोकसभा निर्वाचन के दौरान रोके गए वेतन और मानदेय की बहाली, शिक्षकों के वेतन के साथ ही शिक्षामित्रों और अनुदेशकोंका मानदेय देना, शिक्षामित्र व अनुदेशकों को बीएलओ के पद से कार्य मुक्ति तथा बीएलओ के बाधित मानदेय की बहाली, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के जिला पदाधिकारियों की प्रत्येक माह बैठक आदि मुद्दे उठाए। शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक नेताओं ने अधिकार हासिल करने के लिये एकजुटता बनाये रखने पर जोर दिया।

धरने में मुख्य रूप से मजहर अब्बास, विजय कुमार, हरिशंकर, रवि गुप्ता, दिलीप द्विवेदी, संतोष मिश्रा, राजीव सिंह, राजकुमार श्रीवास्तव, रुकनुद्दीन, अनीस अहमद,अशद जमाल,आनन्द ,राम पियारे, समीउल्लाह अंसारी, राज, विजय यादव, अनिल पाठक, अविनाश दुबे, हरेंद्र यादव, संतोष पाण्डेय, बद्रीविशाल पाण्डेय, अश्विनी सिंह, त्रिभुवन, कमलेश वर्मा, अशोक सिंह, सुशील गहलोत, रीना कन्नौजिया, रेहाना परवीन, आरती कमल, रोमा सिंह,कमला यादव, वंदना वर्मा, किरण बाला, शाहिस्ता अंजुम, नीतू सिंह, प्रीति कटियार, प्रिया शर्मा, कांतिसेन, माहेनूर के साथ ही अनेक शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशक संघ के पदाधिकारी शामिल रहे।

# अन्तरजनपदीय महिला चोर गिरफ्तार



घटना का खुलासा करते पुलिस अधिकारी।

**बस्ती (एसएनबी)।** थाना कोतवाली पुलिस व स्वाट टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में अन्तर्जनपदीय महिला चोर को गिरफ्तार करजेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली राणा देवेंद्र प्रताप सिंह व प्रभारी स्वाट टीम उप निरीक्षक उमाशंकर त्रिपाठी की संयुक्त कार्यवाही में थाना कोतवाली पर पंजीकृत धारा 303(2), 317(2) बीएनसएस से सम्बंधित अभियुक्ता किरण पत्नी बब्लू निवासी सारही थाना खलीलाबाद जनपद संत कबीर नगर को जीआईसी बाउंड्री के पास से गिरफ्तार किया गया । पूछताछ में अभियुक्ता द्वारा बताया गया कि मै तथा मेरे साथ एक महिला गुड़िया उर्फ करियाई पत्नी छेदी राम हरिजन पता मीरगंज थाना खलीलाबाद जनपद संत कबीर नगर तथा गुड़िया के साथ एक और महिला थी जिनका नाम पता मुझे नहीं मालूम है लेकिन उसको गुड़िया पहले से जानती पहचानती है। मै परसों 23/9/2024 को हम तीन लोग एक साथ आए हुए थे हम तीनों लोग सबसे पहले रोडवेज तिराहे के पास से टेंपो में बैठे थे कि वहीं से एक महिला अपने गोद में लिए हुए बच्चे के साथ बैठी थी हम लोग कटेश्वर पार्क पहुंचते उस महिला के पैरों को कुचलने लगे तथा उसके बच्चे को भी छीनने लगे इतने में वह महिला भ्रमित हो गई और उसकी चेन मैंने गले से तोड़ लिया और उस महिला के महिला अस्पताल पर उतरते ही हम लोग वहां से आगे बढ़ गए जिससे मैं तथा गुड़िया कुछ दूर आगे जाने पर एक स्कूल के पास उतर गए और गुड़िया के साथ वाली दूसरी महिला अस्पताल की ओर चली गई इस प्रकार हम लोग आटो में बैठी महिलाओं से उनके गले में पहने चैन निकाल लेते हैं। गिरफ्तार अभियुक्ता का विवरण किरण पत्नी बब्लू निवासी सारही थाना खलीलाबाद जनपद संत कबीर नगर है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली राणा देवेंद्र प्रताप सिंह थाना कोतवाली जनपद बस्ती, प्रभारी स्वाट टीम उप निरीक्षक उमाशंकर त्रिपाठी जनपद बस्ती, उपनिरीक्षक उमेश चंद्र वर्मा थाना कोतवाली जनपद बस्ती, कांस्टेबिल सौरव गौतम थाना कोतवाली जनपद बस्ती, कांस्टेबिल रवि शंकर शुक्ला थाना कोतवाली सहित तमाम लोग शामिल हैं।

# प्रताड़ना से तंग विवाहिता ने की खुदकुशी

**बस्ती (एसएनबी)।** दहेज के लिए विवाहिता को उसके ससुरालियो द्वारा तरह-तरह से प्रताड़ित करते हुए मारापीटा। जिससे आजिज आकर विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। इस सम्बन्ध में मृतक विवाहिता की मां ने हत्या का आरोप लगाते हुए मुण्डेरवा थाने पर तहरीर दिया। जिसमें पुलिस ने पति सहित छह लोगो को नामजद करते हुए छानबीन करने में जुट गयी है। मुण्डेरवा थाना पर लिखित तहरीर देकर कमलावती देवी पत्नी रामनेवास अग्रहरि निवासिनी वाल्टरगंज थाना वाल्टरगंज ने बताया कि उसने अपने पुत्री रंजू की शादी मुण्डेरवा के बोदवल बाजार निवासी रामू अग्रहरी के साथ की थी। लेकिन षादी के बाद से ही रंजू को उसके पति रामू व ससुराल के अन्य लोगो द्वारा दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने के साथ ही मारने पीटने लगे। बीते 23 सितम्बर को शाम करीब 4.50 बजे लड़की के ससुराल से फोन आया कि उसकी लड़की फाँसी लगा ली है। जिसकी सूचना पर हम लोग लड़की के ससुराल पहुंचे तो लड़के के घर का कोई व्यक्ति नहीं मिला तथा लड़की का शव कमरे में पंखे के कुन्डी से लटक रहा था। उसने आरोप लगाया कि ससुरालियों द्वारा उसकी बेटी की हत्या की गयी है। जिसपर मुण्डेरवा पुलिस ने आरोपी पति रामू अग्रहरी पुत्र प्रह्लाद अग्रहरी, देवर सोनू, अमित अग्रहरि, किशन अग्रहरि पुत्रगण प्रहलाद अग्रहरि, ससुर प्रहलाद अग्रहरि, शम्भू अग्रहरि पुत्र हजारी अग्रहरि निवासीगण बोदवल बाजार थाना मुण्डेरवा के विरूद्ध धारा 85, 80 बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पूरे परिवार को पीटा घर पर कब्जे का प्रयास

**बस्ती (एसएनबी)।** जमीनी विवाद को लेकर विपक्षियों द्वारा एक राय होकर एक व्यक्ति के घर पर आये और कब्जा करने की नियम से टीनशेड, नाद को उजाड़कर फेकने लगे। जिसका विरोध करने पर व्यक्ति व उसके परिवार को पीटा व बेटियों के साथ अश्लील हरकत किया। इस सम्बन्ध में पीड़िता की षिकायत व न्यायालय के आदेश पर मुण्डेरवा पुलिस ने अभियुक्तो पर मुकदमा दर्ज किया गया है।मुण्डेरवा थानाक्षेत्र के परसाव गांव निवासी एक व्यक्ति ने न्यायालय में अर्जी लगाते हुए यह आरोप लगाया कि जमीनी विवाद को लेकर उसके घर पर विपक्षी अखिलेश, विश्वनाथ व उसके परिवार के आधा दर्जन से अधिक लोग डण्डा लाठी से लैस होकर आये और घर पर जबरन कब्जा करने के लिए टीनशेट, नाद को उखाड़ कर तोड़ दिया। जिसका विरोध करने पर पूरे परिवार को गालियां देते हुए मारापीटा गया तथा बेटी के साथ अभियुक्तो ने अश्लील हरकत की। हल्ला गुहार सुनकर जब पड़ोसी व गांव वालो की भीड़ जगने लगी तो विपक्षियों द्वारा जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी अखिलेश पुत्र विश्वनाथ, विश्वनाथ, दीनानाथ पुत्रगण हरीराम, चंदन पुत्र राकेश, प्रभावती पत्नी विश्वनाथ, बढन्ता पत्नी दीनानाथ, गुड़िया पत्नी राजेश निवासीगण परसवा थाना मुण्डेरवा के विरूद्ध धारा 191(2), 115(2), 352, 351(2), 333, 329(3), 324(4), 74 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# इलाकाई राजनीति चमकाने को कराया चौकी का पुनः घेराव



चौकी पर पहुंचे लोग।

**कप्तानगंज(एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के तेलिया डीह गांव के पास मंगलवार की देर शाम एक दुकान पर मामूली विवाद में सिपाही द्वारा एक व्यक्ति को थप्पड़ मारने के प्रकरण को लेकर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि भोला निषाद तथा कोटेदार संघ के ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद करीम के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने बुधवार की सुबह महाराजगंज चौकी का घेराव किया हालांकि इससे पूर्व पुलिस द्वारा रिपोर्ट देकर आरोपी सिपाही को यहां से हटा दिया गया था।

इलाके में राजनीति को चमकाने तथा पुलिस पर दबाव बनाने की नियत से ये लोग इस बात की जिद करने लगे कि आरोपी सिपाही को पुनः बुलाकर कोटेदार से मांफी मंगवाया जाए। बाद में पुलिसिया सख्ती देख बैरंग लौटने पर विवश हो गए। गौर तलब है कि मंगलवार की देर शाम तेलिया डीह गांव के समीप एक चाय की दुकान पर बिना नंबर की खड़ी एक बाईक के बारे में पूछताछ करते समय हुए एक मामूली विवाद के चलते महाराजगंज चौकी पर तैनात सिपाही गणेश द्वारा वहां के कोटेदार को थप्पड़ जड़ दिया गया था जिसको लेकर मौके पर उग्र हुई भीड़ सैकड़ों की संख्या में पुलिस चौकी महाराजगंज पहुंच गई थी। चौकी का घेराव कर नारेबाजी करते हुए आरोपी सिपाही पर कार्यवाही की मांग करने लगी थी जिस पर एसएचओ कप्तानगंज दीपक दूबे द्वारा लोगों को इस बात का आश्वाशन दिया गया कि आरोपी सिपाही गणेश को रिपोर्ट देकर तुरंत यहां से हटा दिया जायेगा। इसके बाद लोग वापस लौट गये। आनन-फानन में किए गए आश्वासन के निर्वहन के क्रम में एसएचओ के निर्देश पर महाराजगंज चौकी इंचार्ज वीरेन्द्र सरोज द्वारा तत्काल रिपोर्ट भेजकर सिपाही को वहां से हटा दिया गया । इसके बावजूद बुधवार की सुबह करीब 9:00 बजे कप्तानगंज के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि भोला निषाद तथा कोटेदार संघ के ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद करीम के नेतृत्व में तमाम लोग पुलिस चौकी महाराजगंज पहुंच गए।

चौकी का घेराव करते हुए इस बात की मांग करने लगे कि आरोपी सिपाही गणेश को पुनः चौकी पर बुलाया जाए। उनसे घटना के मद्देनजर पूछताछ करते हुए कोटेदार से माफी मंगवाया जाए। कॉफी समझाने बुझाने के बाद न मानने पर घटना की सूचना चौकी इंचार्ज महाराजगंज द्वारा एसएचओ कप्तानगंज दीपक दूबे को दूरभाष पर दी गई जिस पर उन्होंने सख्ती दिखाते हुए कहा कि इस तरह अकारण घेराव व भीड़ एकत्रित करने पर वैधानिक कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जायेगा। इसके बाद लोग वापस लौट गये। पुलिस चौकी के पुनः घेराव के संदर्भ में जब एसएचओ कप्तानगंज ने कहा कि आरोप के क्रम में रात में ही सिपाही को वहां से हटा दिया गया था। फिर भी यहां लोग संख्या बल के साथ अकारण पुलिस चौकी पर गए जिससे वहां का माहौल खराब हुआ। इसलिए आवाश्यक वैधानिक कार्यवाही जरूर की जाएगी।

# डिप्टी सीएमओ ने एएनएम की शुरू की जांच

**फॉलोअप**

## पीएचसी कुदरहा का मामला

- पीएचसी कुदरहा में प्रसव कराने पर भड़की एएनएम ने बाहर से लगा दिया था ताला
- पुलिस ने ताला खुलवाकर जच्चा-बच्चा को बाहर निकाला, मच गई थी अफरा-तफरी

**गायघाट, हिन्दुस्तान संवाद।** पीएचसी कुदरहा में मंगलवार शाम को प्रसूता, नवजात और उसके तीमारदार तथा स्टाफ नर्स को वार्ड में ताला लगाकर बंद किए जाने के प्रकरण में सीएमओ डॉ. आरएस दूबे ने जांच शुरू करा दी है। सीएमओ ने डिप्टी सीएमओ व नोडल अधिकारी डॉ. एसबी सिंह पूरे प्रकरण की प्रारंभिक जांच कर रिपोर्ट मांगी है। वहीं एडी हेल्थ डॉ. विनीता राय वर्मा ने सीएमओ को पूरे प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट तलब करते हुए संबंधित एएनएम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

बता दें कि मंगलवार को स्टाफ नर्स मंजू ड्यूटी पर तैनात थीं। पियारेपुर गांव की गुंजा पत्नी रविंद्र प्रसव के लिए पहुंची थी। स्टाफ नर्स ने वार्ड में प्रसव कराया। इससे एएनएम विनोदा सिंह भड़क उठी और बाहर से ताला लगाकर सभी को बंद कर दिया। इससे वार्ड में प्रसूता, नवजात और तीमारदार के साथ कर्मी परेशान हो उठे। किसी ने डायल-112 को फोन कर मामले को अगवत कराया। पुलिस पहुंची और ताला खुलवा कर सभी को बाहर किया। वहीं डॉ. अश्विनी यादव ने बताया कि मरीज के परिजनों, स्टाफ नर्स मंजू, एएनएम विनोदा सिंह का स्पष्टीकरण उच्च अधिकारियों को भेज दिया गया है। सीएमओ डॉ. आरएस दूबे ने बताया कि जांच कमेटी बनाई जा रही है। प्रारंभिक जांच के लिए डिप्टी सीएमओ डॉ. एसबी सिंह को लगाया गया है। वहीं एडी हेल्थ ने कहा है कि कई बार एएनएम विनोदा सिंह की शिकायत मिली है। एमओआईसी इसमें कार्रवाई क्यों नहीं किए, यह प्रकरण गंभीर है। कार्रवाई कर अवगत कराएं।

## प्रसूता ने पुलिस को दी तहरीर

प्रसूता गुंजा देवी पुलिस को तहरीर देकर एएनएम के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। तहरीर में उन्होंने कहा है कि मुझे और मेरे नवजात, स्टाफ नर्स, दाई सहित परिवार के सदस्यों को महिला वार्ड में बंद करके बाहर से ताला लगा दिया था। धमकी भी दी गई। कमरे के अंदर अंधेरा और गर्मी से हम लोग तीन घंटे तक परेशान रहे। मजबूरी में डायल-112 पर फोन किया। पुलिस आई तो ताला खुला। पुलिस के जाने पर खरी-खोटी भी सुनाई। धमकी दी है कि अगर कहीं शिकायत की तो मुझसे बुरा कोई नहीं होगा। इस बाबत चौकी प्रभारी कुदरहा राम अशोक यादव ने बताया कि प्रसूता व स्टाफ नर्स मंजू के पत्र पर जांच की जा रही है।

# आक्रोश मार्च को कई संगठनों का समर्थन

**बस्ती (एसएनबी)।** अटेवा एनएमओपीएस द्वारा 26 सितम्बर को एनपीएस तथा यूपीएस के विरोध में आयोजित आक्रोश मार्च को कई कर्मचारी संगठनों ने समर्थन दिया है। संयोजक तौआब अली ने बताया कि 26 सितम्बर आक्रोश मार्च को उत्तर प्रदेश पंचायती राज सफाई कर्मचारी संघ, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ, पीडब्लूडी वर्कचार्ज कर्मचारी संघ, डिप्लोमा फार्मेसी संघ, लेखपाल संघ, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट सहित कई अन्य संगठनों ने समर्थन दिया है। जिनकी एक संयुक्त बैठक पीडब्ल्यूडी वर्कचार्ज संघ के कार्यालय में संपन्न हुई।इस दौरान सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अजय कुमार आर्य, पीडब्ल्यूडी कर्मचारी संघ के अनिल कुमार,जूनियर संघ के विष्णु दत्त शुक्ला, माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट के जिलाध्यक्ष अजय वर्मा सहित सभी जिलाध्यक्षों ने एक स्वर में कहा की अटेवा ही पेंशन बहाली की लडाई शानदार तरीके से लड़ रहा है।

# त्योहारों में खलल डालने वाले जाएंगे जेल

**वाल्टरगंज (एसएनबी)।** आगामी दुर्गा पूजा त्योहार के मद्देनजर रखते हुए मुकामी पुलिस में पीस कमेटी की बैठक की। जिसमें थाना क्षेत्र के सभी दुर्गा पूजा आयोजक शामिल हुए और आने वाले समस्याओं के बारे में पुलिस को अवगत कराया और पुलिस ने सरकारी निर्देशों के बारे में एक-एक करके सभी आयोजक मंडल को जानकारी दिया और अपील किया कि सरकारी निर्देश के अनुसार ही दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना करें और शांतिपूर्वक त्योहार मनाएं। पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्राधिकारी बस्ती सदर सत्येंद्र भूषण तिवारी ने कहा कि दुर्गा पूजा त्यौहार आस्था से जुड़ा हुआ है। इसलिए सभी आयोजक मंडल से अपील है कि सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार ही मनाऐ किसी भी प्रकार की कोई समस्या आने पर 112 या थाने पर सूचित करें जिससे कि तुरंत ही मौके पर पहुंचकर समस्याओं का निराकरण किया जा सके। श्री तिवारी ने मूर्ति विसर्जन दुर्गा पूजा पंडाल और होने वाले समस्याओं के बारे में एक-एक करके सभी से जानकारी हासिल किया और संबंधित अधिकारी और सिपाहियों को त्योहार के पहले मामले का निस्तारण करने का आदेश दिया। पीस कमेटी को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष मोती चंद दुर्गा पूजा आयोजकोंसे अपील किया कि दुर्गा प्रतिमाओं के रखवाली दुर्गा पूजा पंडाल में बिजली व्यवस्था सहित ध्वनि विस्तारक यंत्रों का विशेष निगरानी करने की सलाह दी ।

# कुल्हाड़ी से हमला कर किया घायल, मुकदमा दर्ज

बस्ती। मुंडेरवा पुलिस ने एक व्यक्ति पर कुल्हाड़ी से हमला करने के आरोप में केस दर्ज किया है। इसी थाने के अहरा उमरी निवासी दिनेश ने तहरीर में बताया है कि उनका गांव निवासी कमल के घर से 23 सितंबर को विवाद हो गया था। आरोप है कि इसी बात को लेकर सोमवार को डॉक्टर के यहां से दवा लेकर आते वक्त चौराहे पर विपक्षियों ने पीछे से कुल्हाड़ी के हमला कर दिया। पुलिस ने अमरेश, इन्दल, बुलडोजर व कमल पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

गौर। गौर-बभनान मार्ग पर मंगलवार की रात हुए सड़क हादसे में घायल बाइक सवार ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। रात करीब सवा नौ बजे कृषक पीजी कॉलेज के पास बाइक और ई-रिक्शा की भिड़ंत हो गई थी। हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। एक की इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। गौर थाना के रमवापुर के युवक विजय (19) हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे।परिवार के लोग लखनऊ मेडिकल कॉलेज लेकर जा रहे थे। अयोध्या के पास विजय ने दम तोड़ दिया। वहीं रिक्शा चालक इसी थाने के बुढ़वा के ओमप्रकाश (35) की हालत गंभीर बनी हुई है।

# जंगली जानवर के हमलों से दहशत में ग्रामीण

दुबौलिया। थानाक्षेत्र के रानीपुर लाद गांव में मंगलवार शाम पांच बजे के करीब एक झोपड़ी के पास खेल रही बच्ची पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया था और उसे उठाकर ले जा रहा था। लोगों के शोर मचाने पर छोड़कर भाग गया था। हिंसक हो चुका यह जानवर कई लोगों पर हमला कर चुका है। गांव के लोग अब रखवाली कर रहे हैं। रानीपुर लाद गांव के दक्षिण तालाब के किनारे घुमंतू समुदाय के एक दर्जन लोग झोपड़ी डाल कर रहते हैं। डीएफओ जयप्रकाश सिंह की देख रेख में वन विभाग की टीम जंगली जानवर की खोजबीन कर रही है।

# आठ शिक्षक मिले गैर हाजिर, काटा वेतन

बस्ती। जिले भर में बुधवार को बीएससी अनूप कुमार तिवारी की अगवाई में परिषदीय स्कूलों में चेकिंग अभियान चलाया गया। बीएसए ने बताया कि इस दौरान आठ शिक्षक ड्यूटी से गैर हाजिर मिले। इनके खिलाफ नो वर्क दो पर के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

# मारपीट कर युवती संग की अश्लील हरकत, केस

बस्ती। मुंडेरवा पुलिस ने मारपीट व युवती संग अश्लील हरकत करने के आरोप में सात लोगों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज किया है। इसी थानाक्षेत्र के रहने वाले शिकायतकर्ता ने तहरीर में बताया है कि उनका गांव के कुछ लोगों से भूमि विवाद चल रहा है। आरोप है कि 19 जुलाई को विपक्षी एक राय होकर उनके घर में घुस गए। उनके घर पर जबरन कब्जा करने लगे। उनके टीनशेड व नाद को उखाड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। बीच-बचाव करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए सभी आरोपी भाग गए। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर अखिलेश, विश्वनाथ, दीनानाथ, चंदन, प्रभावती समेत सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# मारपीट का दर्ज होगा मुकदमा

बस्ती। विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट कमलेश कुमार की अदालत ने अनुसूचित जाति के व्यक्ति को गाली देने व मारने पीटने के मामले में चार लोगों विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश कप्तानगंज पुलिस को दिया है।

कप्तानगंज थानाक्षेत्र के मुरली गौतम ने अधिवक्ता राजेश विक्रम सिंह के जरिए कोर्ट में प्रार्थना देकर कहा है कि नौ अगस्त 2024 को दिन में 12 बजे वह अपनी जमीन की गुड़ाई कर रहा था। जमीन की रंजिश को लेकर गांव के हरि प्रसाद, अर्जुन, अजय व रामपाल वर्मा गोल बनाकर आए और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली दिए। मारने पीटने लगे। शोर मचाने पर उसकी भाभी व भाई बचाने आए तो उन लोगों को भी आरोपियों ने मारा पीटा।

घटना की सूचना थाने पर दिया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। न्यायाधीश ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।

# मौलिक अधिकारों को लेकर किया प्रदर्शन

भानपुर। मूलभूत व मौलिक अधिकारों की मांग को लेकर बार एसो. तहसील भानपुर के अधिवक्ताओं ने बुधवार को तहसील में विरोध-प्रदर्शन कर एसडीएम को सात सूत्री मांग-पत्र सौंपा। सीएम को सम्बोधित किए गए सात सूत्री मांग-पत्र में वकीलों ने विधि आयोग उत्तर प्रदेश की ओर से अधिवक्ता प्रोवेशन प्रोटेक्शन एक्ट लागू किए जाने, अधिवक्ताओं को सरंक्षण दिए जाने व अधिवक्ताओं को मौलिक अधिकार प्रदान करने के लिए आवाज उठाई है। विरोध-प्रदर्शन की अगुवाई बार एसो. के अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने किया।

# शारीरिक शोषण का लगाया आरोप युवती ने की एसपी से शिकायत

बस्ती। एसपी से मिलकर नगर थानाक्षेत्र की एक युवती ने शारीरिक शोषण की शिकयत की है। तहरीर में आरोप लगाया है कि लालगंज थानाक्षेत्र के एक गांव में वह रिश्तेदारी में गई थी। जहां रिश्तेदार के पड़ोसी से दोस्ती हो गई। उसने शादी करने का वादा किया और इसका फायदा उठा कर शारीरिक सम्बन्ध बनाने के लिए दबाव बनाने लगा।

रिश्तेदार के घर पर उसने जबरदस्ती दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जल्दी ही शादी की बात करने लगा। बाद में उसके घर वालों ने शादी से मना कर दिया। नगर थाने पर शिकायत करने पर चौकी पर भेज दिया। आरोप है कि चौकी इंचार्ज ने रुपये की मांग की। लालगंज थाने पर गई तो नगर थाने जाने को कहा गया। एसपी से जांच कराकर उचित कार्रवाई की मांग की गई।

# अवैध निर्माण पर चला बीडीए का डंडा, चार भवन सील

- बिना मानचित्र स्वीकृति के हो रहा था तीन भवनों का निर्माण
- स्वीकृत मानचित्र के विपरीत बन रहे घर को किया सील

बस्ती, निज संवाददाता। अवैध निर्माण पर बस्ती विकास प्राधिकरण ने सख्त कदम उठाया है। लगातार नोटिस देने के बाद भी भवन स्वामियों ने समुचित जवाब नहीं दिया तो सीलिंग का नोटिस देते हुए भवन को सील कर दिया गया। यह कार्रवाई बीडीए उपाध्यक्ष व डीएम रवीश गुप्ता के निर्देश पर की गई।

बीडीए ने बुधवार को शहर में सीलिंग अभियान चलाया। पूर्व में इन भवनों के स्वामियों को नोटिस दिया गया था। कार्रवाई के तहत सुशील टिबड़ेवाल के चैनपुर ब्रिज सर्विस लेन रोड बस्ती भवन को सील किया गया। यह भवन बिना मानचित्र स्वीकृत कराए निर्माण किया जा रहा था। महुड़र स्थित एनएच-28 पर हुंडई एजेन्सी के सामने स्थित कृष्ण गोपाल चौधरी के भवन को सील किया गया। यह भवन ग्रीन बेल्ट में स्थित है। इसका भवन मानचित्र पास नहीं हो सकता है। मनहनडीह स्थित सूर्या अस्पताल के पीछे हरेन्द्र नाथ त्रिपाठी और महेन्द्र नाथ त्रिपाठी दो भाइयों के भवन के सीलिंग की कार्रवाई की गई। यह भवन पूर्व में स्वीकृत मानचित्र के अनुसार नहीं बनाया गया। मानचित्र के विपरीत निर्माण के चलते भवन को सील किया गया। इसके अलावा पवन कुमार मिश्रा के पटखौली मनौरी चौराहा फ्लाईओवर के पास बांसी रोड पर बन रहे भवन को सील किया गया। यह भवन बिना मानचित्र स्वीकृत के बन रहा था।

भवन सीलिंग के दौरान बीडीए के जेई हरिओम, अनिल कुमार व अन्य कर्मियों के साथ पुलिस बल मौजूद रहा।

# दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज करने का आदेश

बस्ती। विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट कमलेश कुमार की अदालत ने जानलेवा हमला, बलात्कार व गाली देने के मामले में केस दर्ज करने का आदेश दुबौलिया पुलिस को दिया है। क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने जरिए अधिवक्ता एसएन दुबे के माध्यम से कोर्ट में अर्जी दाखिल कर कहा है कि 31 अगस्त 2024 सुबह 9.30 बजे पीड़िता शौच के लिए गई थी। गांव के बच्चूलाल व उसकी मां नीतू चोरी की नीयत से घर का ताला तोड़कर घुस गए। घर में रखे बक्से में से गहना सहित 29 हजार चुराकर ले जा रहे थे। इतने में वह पहुंच गई। बच्चूलाल को पकड़ लिया, लेकिन नीतू चोरी का सामान लेकर अपने घर भाग गई। शोर मचाया तो बच्चूलाल ने उसे जमीन पर पटक दिया और कपड़ा फाड़ दिया। गलत काम करने के साथ ही उसका वीडियो मोबाइल से बनाकर भाग गया।

## ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

हर्रैया। थानाक्षेत्र के महेवा कुंवर गांव निवासी गंगा सिंह पुत्र बाबूलाल ने पुलिस को दिए तहरीर आरोप लगाया है कि बीते मंगलवार को सुबह साढ़े दस बजे हर्रैया जा रहा था कि रास्ते में प्रावि पेनहा के पास मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्राली के चालक राधिका ने साइड मार दिया। इससे वह खेत में गिर पड़े और आंख-सिर में गंभीर चोटें आई। पुलिस ने पीड़ित गंगा सिंह की तहरीर पर आरोपी चालक राधिका के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

# महिला का चेन उड़ाने वाली चोरनी गिरफ्तार

बस्ती। रोडवेज के पास से प्राइवेट शिक्षिका के गले से सोने की चेन चुराने की घटना में शामिल होने के आरोप में एक महिला को कोतवाली व स्वॉट की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया गया है। महिला के कब्जे से चोरी की एक चेन भी बरामद की गई है। कोतवाली में बुधवार को धरपकड़ की जानकारी देते हुए सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी ने बताया कि कोतवाल राणा देवेंद्र प्रताप सिंह की टीम ने आरोपी महिला किरण निवासी सरही थाना खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर को जीआईसी स्कूल के पास से गिरफ्तार किया है।

# दुबौला भेजा गया आरोपी सिपाही

कप्तानगंज। तेलियाडीह के कोटेदार की पिटाई के आरोपी सिपाही गणेश को महाराजगंज से दुबौला चौकी भेज दिया गया। सिपाही के विरोध में लोगों ने मंगलवार की देर रात्रि चौकी का घेराव कर उसे हटाने की मांग की थी। बुधवार की सुबह भी लोग चौकी पहुंचे लेकिन पुलिस ने लोगों को आश्वस्त किया कि आरोपी सिपाही गणेश को रात में ही उसे दुबौला भेज दिया गया है।

# थाने से अपहरण का आरोपित फरार

जागरण संवाददाता, बस्ती: लालगंज थाने के लाकअप से बुधवार को सुबह अपहरण का आरोपित फरार हो गया। दिन भर पूरे मामले को थानेदार सहित अन्य पुलिस कर्मी पचाए रहे। गुपचुप तरीके से आरोपित को खोजते रहे। देर शाम इसकी भनक जब उच्चाधिकारियों को हुई तो सीओ रुधौली संजय सिंह जांच के लिए पहुंचे। वहां बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का हुजूम जुटा रहा। इस मामले को पुलिस अधीक्षक ने गंभीरता से लिया है। थानेदार पर कार्रवाई तय मानी जा रही है।

किशोरी को भगाने का आरोपित नवरत्न उर्फ भोलू गुप्ता को लालगंज पुलिस मंगलवार को देर रात हिरासत में लिया था। थाने के सीसी कैमरे में उसके ले आने का रिकार्ड दर्ज है। तड़के तीन बजे लाकअप खुला था, जिसमें उसे रखा गया था। फरार होने की सूचना से पुलिस महकमे में हलचल मची हुई है। वहीं देर रात पुलिस की लापरवाही पर लड़की पक्ष से स्थानीय बजरंग दल के पदाधिकारी थाने पर जुटे हुए हैं। लालगंज क्षेत्र के एक गांव की किशोरी घर से लापता हो गई थी। इसके बाद पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी थी। पुलिस ने बीते 15 अगस्त को मुकदमा दर्ज किया था। आरोपित को चालान कर जेल भेजने की प्रक्रिया की जानी थी। बुधवार को देर रात को थानेदार सुनील कुमार गौड़ ने सीओ और एडिशनल व एसपी को जानकारी दी। सीओ रुधौली संजय सिंह रात नौ बजे थाने पर पहुंच मुआयना किया। बताया कि आरोपित नवरत्न उर्फ भोलू गुप्ता को पुलिस पकड़ कर थाने लाई थी। अभी उसका थाने की जीडी तस्करा नहीं लिखा गया था। भोर में वह फरार हो गया।



लाकअप से आरोपित के फरार होने की सूचना पर लालगंज थाने पर मौजूद लोग● जागरण

**लापरवाही नहीं होगी क्षम्य: एसपी**

आरोपित के भागने की घटना पर विभाग ने कड़ा रुख अपनाते हुए एसपी गोपालकृष्ण चौधरी ने सीओ रुधौली को मौके पर भेज फरार आरोपित के मामले में रिपोर्ट तलब की किया है। बताया कि थाने पर पुलिस ने दाखिला भले ही नहीं किया, फिर भी लापरवाही किसी भी स्तर पर क्षम्य नहीं की जाएगी।

# ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

जासं, हरैया: हरैया थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पेनहा के पास साइकिल सवार व्यक्ति को ट्रैक्टर-ट्राली चालक ने साइड से मार दिया, जिससे गिरकर चोटिल हो गया। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। हरैया थाना क्षेत्र महेवा कुंवर गांव निवासी गंगा सिंह पुत्र बाबूलाल ने पुलिस को दी गई तहरीर आरोप लगाया कि मंगलवार को सुबह 10.30 बजे घर से हरैया जा रहा था कि रास्ते में प्राथमिक विद्यालय पेनहा के पास मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्राली के चालक राधिका पुत्र शमशेर निवासी करमडाड ने साइड से मार दिया, जिससे वह सड़क के बगल में खेत में गिर गए। चालक राधिका वाहन लेकर भाग निकला। पुलिस ने पीड़ित गंगा सिंह की तहरीर आधार पर ट्रैक्टर चालक राधिका पर केस दर्ज कर लिया है।

# मांगों के समर्थन में बीएसए कार्यालय पर शिक्षकों का धरना

- शिक्षक, शिक्षा मित्र व अनुदेशकों ने बुलंद की आवाज
- मांगे पूरी न होने पर आंदोलन की धार तेज करने की दी चेतावनी

जागरण संवाददाता, वस्ती: उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले बुधवार को बीएसए कार्यालय पर शिक्षा मित्र व अनुदेशक मांगों के समर्थन में गरजे। कहा कि बिना मान्यता के संचालित हो रहे विद्यालयों को बंद कराया जाए। इसके साथ ही शिक्षकों को संकुल पद से मुक्त कराया जाए।

प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष चन्द्रिका सिंह ने कहा कि बार-बार ज्ञापन देने के बाद भी गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। 50 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को गलत तरीके से बंद कराया जा रहा है। शिक्षा मित्र और अनुदेशकों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा रहा है। यदि शिक्षक, शिक्षा मित्र और अनुदेशकों की मांगे नहीं मानी गई तो आंदोलन तेज किए जाने के साथ ही मांगें पूरी



बीएसए कार्यालय पर आयोजित धरने में मंचासीन शिक्षक संगठन के पदाधिकारी • जागरण

होने तक आंदोलन जारी रहेगा। मंत्री बालकृष्ण ओझा, कोषाध्यक्ष दुर्गेश यादव, प्रवीन श्रीवास्तव, शिवप्रकाश सिंह, शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र शुक्ला व अनुदेशक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह, मंत्री उमेश यादव ने कहा कि समायोजन प्रक्रिया में न्यायालय के आदेश का पालन, उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विषय वार शिक्षक की तैनाती, न्यायालय के आदेश पर कार्यवाहक प्रधानाध्यापक का वेतन जारी करने, एनपीएस और जीपीएफ कटौती का अंकन, सेवा पुस्तिका का अपडेशन का कार्य पूरा कराया जाए। प्राथमिक शिक्षक संघ 16 सूत्रीय, शिक्षा मित्र छह व अनुदेशक संघ तीन सूत्रीय मांग पत्र बीएसए व नायाब तहसीलदार को सौंपा। मजहर अब्बास, विजय कुमार, हरिशंकर, रवि गुप्ता, दिलीप द्विवेदी, संतोष मिश्रा, राजीव सिंह, राजकुमार श्रीवास्तव, रुकनुद्दीन, अनीस अहमद, अशद जमाल, आनन्द, राम पियारे, समीउल्लाह अंसारी, राज, विजय यादव, अनिल पाठक, अविनाश दुबे, हरेंद्र यादव, संतोष पाण्डेय, बद्रीविशाल सहित अन्य मौजूद रहे।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# अमान्य स्कूलों के खिलाफ गरजे शिक्षक व शिक्षामित्र

- प्राथमिक शिक्षक संघ ने शिक्षकों की अन्य मांगों को लेकर दिया धरना
- जिलेभर से जुटे शिक्षक, अनिश्चितकालीन धरने की दी चेतावनी

बस्ती, निज संवाददाता। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले बुधवार को बीएसए कार्यालय शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक ने धरना देकर अपनी आवाज बुलंद की। एक सुर में सभी ने बिना मान्यता वाले स्कूलों को बंद कराने की मांग की। बीएसए अनूप कुमार व डीएम रवीश गुप्ता स्तर से नामित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष चन्द्रिका सिंह ने कहा कि बार-बार ज्ञापन देने के बाद भी गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। सरकारी स्कूलों को गलत तरीके से बंद कराने की तैयारी हो रही है। शिक्षामित्र और अनुदेशकों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया हो रहा है। यदि शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशकों



बीएसए कार्यालय परिसर में बुधवार को धरने में शामिल शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशक।

की मांगे नहीं मानी गई तो आंदोलन तेज किए जाने के साथ ही मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। बीएसए कार्यालय पर उमड़े शिक्षकों, शिक्षामित्रों और अनुदेशकों से मंत्री बालकृष्ण ओझा व कोषाध्यक्ष दुर्गेश यादव ने कहा कि एकजुटता से हर लक्ष्य को हासिल किया जाएगा।

संगठन मंत्री रुकनुद्दीन, शिवप्रकाश सिंह, सुधीर तिवारी, राजेश गिरी, रवि सिंह, रामसागर वर्मा, अखिलेश पांडेय, सनद पटेल, रवीश मिश्र, विवेककांत पांडेय, वीरेंद्र शुक्ल, संतोष भट्ट, अमित सिंह, उमेश यादव व अन्य लोगों ने धरने को संबोधित किया। कहा कि कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों के विलय पर रोक, समायोजन प्रक्रिया में न्यायालय के आदेश का पालन, उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विषय वार शिक्षक की तैनाती समेत अन्य मुद्दों पर अविलम्ब निर्णय लिया जाए। मजहर अब्बास, प्रदीप गुप्ता, संजय यादव, विजय कुमार, हरिशंकर, रवि गुप्ता, दिलीप द्विवेदी, संतोष मिश्रा, राजीव सिंह, राजकुमार श्रीवास्तव, अनीस अहमद, अशद जमाल, आनन्द समेत काफी संख्या में शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक मौजूद रहे।

# जिला जेल में बंद महिला कैदी को मिलेगी समय पूर्व रिहाई

- महिला कैदी लगभग 10 साल की काट चुकी है सजा
- राज्यपाल ने अनुच्छेद-161 के तहत सजा माफ की

बस्ती, निज संवाददाता। महिलाओं पर एसिड अटैक की घटनाएं हो रही हैं। इसको लेकर तमाम प्रकार के उपाय और कड़े कानून भी बने हैं। लेकिन अब से 11 साल पूर्व एक युवती ने अपने कथित प्रेमी पर एसिड फेंक दिया था। इस आरोप में केस दर्ज हुआ, कोर्ट को चार्जशीट गई। गवाही हुई और बहस के बाद न्यायाधीश ने उसे दोषी माना। उसे 14 साल की सजा हुई, जिसमें से उसने 10 वर्ष से अधिक की सजा काट ली है। अब अच्छे आचरण के चलते राज्यपाल ने उसे रिहा करने का आदेश दिया है।

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल ने संविधान के अनुच्छेद-161 से मिली शक्तियों का प्रयोग करते हुए 15 अगस्त 2023 को कैदियों को विशेष माफी देने के लिए केंद्र सरकार से मिले दिशा-निर्देशों के तहत कैदियों की पहचान की थी। आजादी की 75वीं वर्षगांठ अमृत महोत्सव के तृतीय चरण पर जिला कारागार बस्ती में निरुद्ध सीमित सजा से दण्डित सिद्धदोष कप्तानगंज थानाक्षेत्र निवासी महिला बंदी, जिसे न्यायालय ने एसिड अटैक का दोषी मानते हुए 14 साल की सश्रम कारावास की सजा दी थी। अगस्त 2023 में उसने नौ वर्ष 10 माह से अधिक की सजा पूरी कर ली। उसका जेल आचरण संतोषजनक है। इस संस्तुति पर उसे 50 हजार रुपये के निजी मुचलके पर शेष दंडावधि के लिए कारागार से मुक्त करने का आदेश दिया। आदेश में कहा गया है कि यदि महिला पर किसी अन्य वाद में निरुद्ध रखा जाना वांछित नहीं हो तो उसे कारागार से मुक्त कर दिया जाए। यह आदेश राज्यपाल की ओर से विशेष सचिव कारागार प्रशासन मदन मोहन की ओर से जारी किया गया है।

**क्या था मामला**

कप्तानगंज थानाक्षेत्र के पढ़नी गांव निवासी की श्रीमती श्यामा देवी ने थाना कप्तानगंज ने 30 सितंबर 2013 को थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि आरोपी युवती ने बरामदे में सो रहे उसके बेटे पर एसिड फेंक दिया था। घटना एक दिन पूर्व रात की थी। पीड़ित युवक को जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर कर दिया गया था। लखनऊ में काफी इलाज होने के बाद वह घर आ गया था। इस मामले में कप्तानगंज पुलिस ने एसिड अटैक अपराध संख्या 586/13 धारा 326 क व दलित उत्पीड़न का केस दर्ज किया था।

# हादसे में आरोपी जीप चालक संदेह लाभ पाकर हुआ बरी

हर्रैया, हिन्दुस्तान संवाद। ग्राम न्यायालय हर्रैया न्यायाधिकारी अखिल कुमार ने हर्रैया थानाक्षेत्र में 23 वर्ष पूर्व हुई हादसे के एक मामले में आरोपी जीप चालक नंदकिशोर यादव को दोषमुक्त कर दिया है। वादी न्यायालय में 20 वर्षों से अपने गवाहों का बयान व साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाया है, जिससे वह संदेह का लाभ पाकर बरी हो गया। अभियोजन के अनुसार 18 जनवरी 2002 को हर्रैया थानाक्षेत्र नथऊपुर गांव निवासी श्रवण कुमार व पैकोलिया थानाक्षेत्र दौलतपुर गांव निवासी रामसजन एक साइकिल पर सवार होकर महूघाट की ओर जा रहे थे।

हर्रैया कस्बे के बीआर इंटर कॉलेज के सामने हाईवे पर एक तेज रफ्तार जीप चालक ने इनकी साइकिल पर जीप चढ़ा दिया। दुर्घटना में श्रवण कुमार की घटनास्थल पर मौत हो गई थी। वहीं राहगीर सुरजीत व दयाशंकर को गंभीर चोटें आई थीं। इसके बाद मृतक की तरफ से वादी रामसजन वर्मा ने जीप चालक नंदकिशोर निवासी भौनापुर थाना हर्रैया के खिलाफ केस दर्ज कराया। पुलिस मामले की विवेचना कर आरोप-पत्र न्यायालय में दाखिल किया। न्यायालय ने जीप चालक नंदकिशोर को संदेह का लाभ देकर निर्दोष मानते हुए सभी आरोपों से बरी कर दिया।

# मारपीट का मुकदमा दर्ज करने का आदेश

जासं, बस्ती: विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट कमलेश कुमार की अदालत ने एक व्यक्ति को अपशब्द कहने व मारने पीटने के मामले में चार लोगों पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। विवेचना थानाध्यक्ष कप्तानगंज को सौंपी गई है। ककुआ रावत के मुरली गौतम ने अधिवक्ता के माध्यम से अदालत में प्रार्थना देकर कहा कि नौ अगस्त की दोपहर वह अपने खेत में फसल की गुड़ाई कर रहे थे। रंजिश को लेकर हरि प्रसाद, अर्जुन, अजय व रामपाल वर्मा आए व मारने पीटने लगे।

# विशेष अभियान में 235 विवेचनाएं निस्तारित

- पुलिस कप्तान की हर रोज मानीटरिंग से विवेचकों में हड़कंप
- सीओ के पर्यवेक्षण में थानावार हो रहा विवेचनाओं का निस्तारण

जागरण संवाददाता, बस्ती: थानों पर लंबित विवेचनाओं के निस्तारण के लिए एक मुहिम चलाई गई है। विवेचनाओं के निस्तारण अभियान के क्रम में एक पखवारे तक जनपद के सभी 16 थानों में विशेष अभियान चलाया गया। विवेचक द्वारा अभियोग में साक्ष्य के रूप में लोगों के बयान भी दर्ज कराए गए और मेडिकल साक्ष्य भी एकत्र किए गए। पुलिस अधीक्षक गोपालकृष्ण चौधरी की नई पहल से लंबित विवेचनाएं अब जल्दी-जल्दी निस्तारित होंगी। मात्र 15 दिनों के अभियान में लंबे समय से लंबित 235 विवेचनाएं निस्तारित कर दी गईं। यह अभियान आगे भी चलेगा। पुलिस के आकड़ों के मुताबिक जनपद में 2021 से लेकर अबतक 3,400 विवेचनाएं लंबित चल रही हैं। विवेचना के निस्तारण के लिए पुलिस अधीक्षक ने थानावार लक्ष्य निर्धारित किया है। इसकी हर रोज मानीटरिंग की जा रही है। इसकी वजह से विवेचकों में हड़कंप मचा है। सभी सीओ व थान प्रभारियों को विस्तृत निर्देश दिए गए हैं।



लंबित विवेचनाओं के निस्तारण कराने के लिए एक पखवारे तक अभियान चलाया गया था। इसके सार्थक परिणाम आए हैं। मात्र 15 दिन में 235 विवेचनाओं का निस्तारण किया गया है। आगे भी अभियान चलाने का प्लान बना लिया गया है। विवेचनाओं के जल्द निस्तारण को लेकर सीओ को थानावार पर्यवेक्षण में लगा दिया गया है। थाना प्रभारियों को विस्तृत निर्देश दिए जा चुके हैं। गोपालकृष्ण चौधरी, पुलिस अधीक्षक बस्ती

बीते कुछ महीनों से जिले में अपराध व कार्रवाई के मामले बड़ी तेजी से दर्ज हो रहे हैं। ऐसे में विवेचनाओं का पहाड़ भी लग गया है। एसपी ने इन विवेचनाओं को समय से निस्तारण को लेकर कार्ययोजना बनाई है। पूरे सितंबर में विवेचना निस्तारण का अभियान चलेगा। इसकी रोज निगरानी भी हो रही है। गत कुछ महीनों से जिले में केस दर्ज होने की संख्या में करीब 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। प्रति वर्ष करीब तीन हजार दर्ज होने वाले मामले बढ़कर चार हजार से अधिक पहुंच चुके हैं। इसलिए अब इन मुकदमों की विवेचनाओं के निस्तारण को लेकर भी पुलिस पर दबाव है। निस्तारण के लिए विशेष अभियान एसपी स्वयं चला रहे हैं।

# सद्भाव बनाए रखने को प्रशासन सतर्क

- महराजगंज कस्बे में अवैध निर्माण का मामला, बढ़ाई पुलिस की गश्त
- कस्बे में धर्मस्थल के निर्माण का विवाद कोई नया नहीं

जागरण संवाददाता, महराजगंज: कस्बे में सोमवार की रात एक रिहायशी मकान के पीछे के हिस्से में गुपचुप तरीके से मस्जिद के निर्माण की जानकारी पर आक्रोशित भीड़ द्वारा निर्माण स्थल पर पहुंचकर तोड़फोड़ की सूचना पर समय रहते पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रियता ने कस्बे का माहौल बिगड़ने से बचा लिया। बात आगे न बढ़े, इसलिए पुलिस व प्रशासन अभी भी पूरी सतर्कता बरत रहा है। उप जिलाधिकारी हरैया विनोद पाण्डेय मामले पर नजर रखे हुए हैं। पुलिस की गश्त बढ़ गई है।

कस्बे में धर्मस्थल के निर्माण का विवाद कोई नया नहीं है। वर्ष 2008 तथा 2012 में भी कस्बावासियों ने निर्माण कार्य रुकवाया था। वर्ष 2012 में बड़ी संख्या में कस्बावासियों ने हस्ताक्षरित शिकायती पत्र उप जिलाधिकारी हरैया को सौंपा था। इसी घर में संचालित मदरसे के प्रबंधक ने वर्ष 2015 में लिखित रूप में दिया है कि यहां कभी भी मस्जिद का निर्माण या लाउडस्पीकर के द्वारा उद्घोष नहीं किया जाएगा। निर्माणकर्ता पहले भी यही कहते रहे हैं कि वह अपने मकान का ही निर्माण कर रहे हैं। इसके विपरीत कस्बावासियों का कहना है कि मदरसे की आड़ में सेवानिवृत कानूनगो शब्बीर अहमद बिना प्रशासन की अनुमति के बार-बार मस्जिद बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

# सियार का मिला पदचिह्न, तलाशे जा रहे अन्य निशान



रानीपुर लाद गांव में तालाब के पास झाड़ियों में जंगली जानवर को ढूंढते वनकर्मी • जागरण

जागरण संवाददाता, दुवौलिया: क्षेत्र में वन विभाग की टीम खोजबीन कर रही है। रात में भी सर्च अभियान चलाया गया, लेकिन जंगली जानवर का पता नहीं चल था। बुधवार की सुबह रानीपुर लाद गांव में डीएफओ जयप्रकाश सिंह पहुंचे। किसी जानवर का एक पदचिह्न मिला है। छानबीन की गई तो पता चला वह पदचिह्न सियार का है।

वन दारोगा अभिषेक यादव ने बताया कि बुधवार की सुबह से ही तलाशी अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। घरों में जाकर लोगों से संपर्क कर उन्हें अकेले न निकलने की सलाह दी जा रही है। जो पदचिह्न मिले थे, वह सियार के हैं। जंगली जानवर की तलाश की जा रही है। वन विभाग की टीम में क्षेत्रीय वन अधिकारी कप्तानगंज राजीव प्रसाद, वन दारोगा अभिषेक यादव, रविंद्र सिंह, केशव यादव, विराट यादव, संजय निषाद, रवि कुमार, सूर्य प्रकाश सहित अन्य लोग शामिल हैं।

# डेंगू का बढ़ा प्रकोप, अब तक 20 रोगी मिले

जागरण संवाददाता, बस्तीः जिले में डेंगू ने पांव पसारना शुरू कर दिया है। रोगियों की संख्या लगातार बढती जा रही है। इस वर्ष अब तक डेंगू के 20 रोगी मिल चुके हैं। जिला अस्पताल से लेकर कैली अस्पताल में डेंगू प्रभावित रोगी भर्ती किए जा रहे हैं। जिला अस्पताल के पीआईसीयू (बाल गहन चिकित्सा इकाई) वार्ड में डेंगू से प्रभावित दो बच्चे भर्ती किए गए हैं। इनका उपचार चल रहा है।

हर्रैया क्षेत्र के केशवपुर गांव में अब तक आठ लोग डेंगू की चपेट में आ गए हैं। गांव में एक पखवारे से बुखार से लोग पीड़ित होकर अस्पताल जा रहे थे। प्लेटलेट्स घटने पर डेंगू की जांच करा रहे थे, जिसमें दो डेंगू की चपेट में पाए गए। बुधवार को जिला मलेरिया अधिकारी डा. आईए अंसारी व सीएचसी अधीक्षक डा. बीके शुक्ल टीम के साथ गांव में पहुंचे। घर-घर जाकर मच्छररोधी रसायन का छिड़काव कराया। हैंडपंप के पास जलभराव के स्थान पर एंटी लार्वा का छिडकाव कराया गया। ग्रामीणों को डेंगू रोग के लक्षण एवं उससे बचने के तमाम उपाय बताए गए। बुखार से ग्रसित व्यक्तियों का रैपिड डायग्नोसिस किट से जांच कर उन्हें आवश्यक दवाएं दी गई। सुपरवाइजर धीरेंद्र मिश्रा, सीएचओ अनीता चौधरी, आशा संगीता पांडेय सहित अन्य मौजूद रहे।



डेंगू प्रभावित केशवापुर में एंटी लार्वा का छिड़काव करते स्वास्थ्य कर्मी • जागरण

**प्लेटलेट्स के लिए भी खड़ा हुआ संकटः** कैली अस्पताल में प्लेटलेट्स का संकट खड़ा हो गया है। डेंगू से प्रभावित दो रोगी भर्ती किए गए हैं। इन्हें अस्पताल की तरफ से प्लेटलेट्स नहीं उपलब्ध कराया जा रहा है।

बिचौलियों के माध्यम से तीमारदार किसी तरह से निजी ब्लड बैंक से प्लेटलेट्स ले रहे हैं। बुधवार की शाम को कुछ तीमारदारों ने हो हल्ला किया। देर शाम को किसी तरह अस्पताल के भीतर स्थित ब्लड बैंक से डोनर देने पर महज दो यूनिट प्लेटलेट्स उपलब्ध हो सका।

# मतदाता सूची मिलने में देरी होने से गहमागहमी

जागरण संवाददाता, बभनान: गन्ना समिति के डेलीगेट चुनाव के लिए आज यानी गुरुवार को पर्चा दाखिल होगा। बुधवार को मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद बभनान गन्ना समिति पर मतदाता सूची लेने वालों की भीड़ जुट गई। कर्मचारियों द्वारा मतदाता सूची देने में विलंब होने के चलते रात नौ बजे गहमागहमी का माहौल बन गया। खबर लिखे जाने तक लोग मतदाता सूची पाने के लिए समिति पर जुटे रहे।

विभागीय लोगों का कहना था कि मतदाता सूची की फोटो कापी करने में देरी हुई, जिसके चलते मतदाता सूची देने में देरी हुई। बभनान गन्ना समिति में 558 डेलीगेटों का चुनाव 36889 मतदाता करेंगे वही गौर में 164 डेलीगेट के भाग्य का फैसला 14059 मतदाताओं के हाथ में है। बुधवार को डेलीगेट चुनाव में ताल ठोकने वाले दावेदार अंतिम सूची प्रकाशन के बाद सक्रिय हो गए। हालांकि चुनाव की प्रक्रिया पूरा करने के बाद तीन अक्टूबर को डेलीगेट का चुनाव होना है।

# प्रसव कराने को लेकर विवाद में प्रसूता व तीमारदार का बयान दर्ज

जागरण संवाददाता, कुदरहा: प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुदरहा पर प्रसव कराने को लेकर स्टाफ नर्स व एएनएम के बीच हुए विवाद के मामले में डा. अश्वनी यादव ने प्रसूता, तीमारदार व स्टाफ नर्स का बयान दर्ज कर लिया है। वहीं स्टाफ नर्स ने चौकी इंचार्ज कुदरहा को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

पियारेपुर निवासी प्रसूता गुंजा पत्नी रविंद्र ने शिकायती पत्र में बताया कि स्टाफ नर्स उनकी रिश्तेदारी में आती हैं। उनके अनुरोध पर वह प्रसव कराई थी। उसी समय एक एएनएम की ड्यूटी चल रही थी। लेवर रुम खाली न होने पर महिला वार्ड में नर्स ने प्रसव करा दिया। प्रसव की जानकारी होते ही एएनएम नाराज हो गईं। वार्ड में ताला मार दीं। पुलिस के आने पर ताला खोला गया। स्टाफ नर्स मंजू ने दिए बयान में बताया कि प्रसूता उनकी रिश्तेदार हैं। उनके कहने पर ही वह प्रसव कराई थी। यह देख एएनएम नाराज हो गई। वार्ड में ताला बंद कर दी। दो घंटे तक वह लोग गर्मी से बेहाल रहे। डा. अश्वनी ने बताया कि प्रसूता, तीमारदार व स्टाफ नर्स का लिखित बयान लिया गया है। उच्च अधिकारियों को प्रेषित भी कर दिया गया है। एएनएम का बयान गुरुवार को लिया जाएगा। चौकी प्रभारी कुदरहा राम अशोक यादव ने बताया कि स्टाफ नर्स मंजू ने शिकायती पत्र दिया है। मामले की जांच कराई जाएगी।

# संदेह का लाभ पाकर जीप चालक बरी

जासं, हरैंया: ग्राम न्यायालय हरैंया के न्यायाधिकारी अखिल कुमार ने हरैंया थाना क्षेत्र में 23 वर्ष पूर्व हुई सड़क दुर्घटना के एक मामले में आरोपित जीप चालक नंदकिशोर यादव को बुधवार को दोषमुक्त कर दिया है। पुलिस 20 वर्षों से अपने गवाहों का बयान व साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाई, जिससे आरोपित संदेह का लाभ पाकर बरी हो गया है। अभियोजन के अनुसार 18 जनवरी 2002 को हरैंया थाना क्षेत्र के नथऊपुर गांव निवासी श्रवण कुमार व पैकोलिया थाना क्षेत्र दौलतपुर गांव निवासी रामसजन एक साइकिल पर सवार होकर महूघाट की ओर जा रहे थे। कस्बे के बीआर इंटर कालेज के सामने हाईवे पर दोपहर 12 बजे जीप चालक ने इनके साइकिल पर जीप चढ़ा दिया। दुर्घटना में श्रवण की घटनास्थल पर मृत्यु हो गई।

# पुलिस चौकी पर जुटे कोटेदार ने किया प्रदर्शन

जागरण संवाददाता, महराजगंज: कोटेदार के साथ सिपाही की ओर से की गई बदसलूकी के विरोध में आक्रोशित कोटेदारों ने बड़ी संख्या में बुधवार को दिन में पुलिस चौकी पर पहुंचे। आरोपित सिपाही के विरुद्ध कार्रवाई की मांग कर रहे कोटेदारों को जब पता चला कि सिपाही को रात में ही महराजगंज से दुबौला पुलिस चौकी पर स्थानांतरित कर दिया गया तो सभी वापस लौट गए।

मंगलवार की देर शाम तेलियाडीह गांव के निकट व हाईवे किनारे जांच पर निकले महराजगंज पुलिस चौकी के सिपाही गणेश ने बिना नंबर प्लेट की एक बाइक के संबंध में पूछताछ किया तो वहां बैठे कोटेदार जगदीश प्रसाद से उनकी नोकझोंक हो गई। कोटेदार का आरोप है कि सिपाही ने उसे थप्पड़ मारा है। इस बात को लेकर नाराज कोटेदार के परिजन ग्रामवासियों के साथ रात में ही चौकी का घेराव कर सिपाही को हटाने की मांग करने लगे।

प्रभारी निरीक्षक द्वारा कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने पर रात में वह लौट गए। बुधवार की सुबह कोटेदार संघ के जिला महामंत्री सुरेंद्र यादव तथा ब्लॉक अध्यक्ष मो. करीम की अगुवाई में पीड़ित कोटेदार जगदीश प्रसाद के साथ ही महेश गुप्ता, मदन गुप्ता, सियाराम, तिलकराम वर्मा, कमलेश, संदीप, अजय दुबे, दिनेश चौबे, दूधनाथ वर्मा, आसाराम, अमरनाथ, सोनू समेत बड़ी संख्या में कोटेदार चौकी पर पहुंच गए और सिपाही को हटाए जाने की मांग करने लगे। चौकी प्रभारी वीरेंद्र कुमार द्वारा जब कोटेदारों को बताया गया कि आरोपी सिपाही को रात में ही हटा दिया गया है तो वे शांत हो वापस लौट गए।



महराजगंज पुलिस चौकी के पास प्रदर्शन करते कोटेदार● जागरण

**सीओ कलवारी को दी गई जांच:** कोटेदार व सिपाही के बीच हुए विवाद के संबंध में पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि इस मामले की जांच सीओ कलवारी प्रदीप कुमार त्रिपाठी को दी गई। जांच रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने संबंधित से बातचीत कर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

# काली पट्टी बांधकर अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

## सिविल, जनपद व कमिश्नर बार के अधिवक्ता रहे शामिल, बार काउंसिल आफ उप्र के आह्वान पर न्यायिक कार्य से रहे विरत





राज्य कर विभाग के दफ्तर पर प्रदर्शन करते यूपी टैक्स बार एसोसिएशन के अधिवक्ता एवं कचहरी परिसर में काली पट्टी बांध कर प्रदर्शन करते अधिवक्ता व कलक्ट्रेट में एसडीएम रश्मि यादव को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता गण। • जागरण

जागरण संवाददाता, बस्ती: प्रयागराज में 22 सितंबर को हुए अधिवेशन के निर्णय के अनुपालन में बुधवार को बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर जनपद के अधिवक्ताओं ने बांह में काली पट्टी बांध जुलूस निकाला और जमकर नारेबाजी की। अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्य बहिष्कार की वजह से कोर्ट का कामकाज प्रभावित रहा व वादकारी परेशान रहे।

अधिवक्ताओं का कहना था कि अधिवक्ताओं व वादकारियों के बैठने का भी कोई समुचित प्रबंध नहीं है, जिसकी वजह से घोर परेशानी होती है। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट समेत अन्य कई ज्वलंत मुद्दों को लेकर सिविल बार के महामंत्री दयाशंकर दुबे के नेतृत्व में संयुक्त बार के अधिवक्ताओं ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित अपनी मांगों का ज्ञापन कलेक्ट्रेट में जाकर प्रशासन को सौंपा। इस दौरान अधिवक्ताओं ने बांह में काली पट्टी बांध कर न्यायालय परिसर में जुलूस निकाला व जमकर नारेबाजी व प्रदर्शन किया।

सिविल बार, जनपद बार, कमिश्नर व कमिश्नर बार के पदाधिकारी व अधिवक्ताओं में सोमनाथ पाठक, रविशंकर शुक्ल, रक्षाराम शुक्ल, उपेन्द्र दुबे, देवव्रत, धर्मेन्द्र पुरी, एडब्लूसी अध्यक्ष जितेन्द्र नाथ शुक्ल, महामंत्री दिलीप कुमार श्रीवास्तव, रामकृपाल चौधरी, पंकज श्रीवास्तव, कृष्णमोहन उपाध्याय, योगेश श्रीवास्तव, वंशीधर दुबे आदि तमाम अधिवक्ता शामिल रहे।

यूपी टैक्स बार एसोसिएशन ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन: यूपी टैक्स बार एसोसिएशन के बस्ती, संतकबीर नगर एवं सिद्धार्थनगर के अधिवक्ताओं ने न्याय प्रक्रिया में जल्दबाजी और पक्षपातपूर्ण निर्णय आदि मुद्दों को लेकर शांति मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने अपनी बांह पर काला बैंड एवं मुंह पर सफेद पट्टी बांधकर अपना विरोध प्रकट किया।

जुलूस निकालकर अपीलीय अधिकारी के कार्यालय तक पहुंच कर एडिशनल कमिश्नर ग्रेड- 2 (अपील) को विरोध पत्र सौंपा। इस दौरान विरोध स्वरूप दो मिनट का मौन भी रखा गया। कार्यक्रम में मनमोहन श्रीवास्तव काजू, सूर्यनारायन, शशांक सोनी, रिपुंजय सहाय, सरवन अग्रहरि, पतंजलि अग्रहरि दिग्विजय शुक्ल, ओम प्रकाश त्रिपाठी, राजेन्द्र गुप्ता, राधे मोहन अग्रहरि, राजेश श्रीवास्तव, राजेंद्र गुप्ता, नन्द लाल, शशांक सोनी कैलाश मोहन सहित कई प्रमुख अधिवक्ता उपस्थित रहे।

अधिवक्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन: भानपुर: सात सूत्रीय मांगों को लेकर भानपुर तहसील के अधिवक्ताओं ने बुधवार को बांह में काली पट्टी बांधकर कार्य बहिष्कार किया। उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, अध्यक्ष बार काउंसिल आफ इंडिया व उत्तर प्रदेश, मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम आशुतोष कुमार तिवारी को सौंपा। हड़ताल एवं शोक सभा पर रोक लगाए जाने का विरोध कर रहे थे। इस मौके पर बार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप सिंह, लोकनाथ उपाध्याय, विजय सिंह, कृष्ण प्रताप सिंह, राघवेन्द्र पाण्डेय, जगदम्बा पाण्डेय, मार्कण्डेय मिश्र, आशुतोष सिंह, वीरेंद्र चौबे,रमेश वरुण, प्रमोद प्रकाश पाण्डेय, उपेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र कन्नौजिया आदि मौजूद रहे।

# ऑटो में महिलाओं की चेन उड़ाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। ऑटो में महिलाओं के गले से सोने की चेन उड़ाने वाली एक महिला आरोपी को कोतवाली पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। उसके साथ घटना को अंजाम देने वाली दो और महिलाओं का पता चला है।

आरोप है कि इन्हीं दोनों ने मंगलवार को शिक्षिका और एक अन्य महिला के गले से चेन गायब कर दी थी। उसके कब्जे से चोरी की एक चेन भी बरामद की गई। आरोपी किरण ने पुलिस पूछताछ में बताया

## कोतवाली पुलिस ने जीआईसी के पास से किया गिरफ्तार

कि वह और उसकी साथी गुड़िया निवासी मीरगंज थाना खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर समेत तीन महिलाओं ने रोडवेज के पास से ऑटो से सोने की चेन चुराई थी।

सीओ सिटी सत्येंद्र भूषण तिवारी ने बताया कि कोतवाल राणा देवेंद्र प्रताप सिंह की टीम ने आरोपी किरण निवासी सारही थाना खलीलाबाद को जीआईसी के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी किरन ने बताया कि 23 सितंबर को तीनों एक साथ बस्ती आई थीं। तीनों रोडवेज तिराहे से ऑटो में सवार हुईं। वहीं से एक महिला अपने गोद में लिए हुए बच्चे के साथ बैठी थी। हम लोगों ने कटेश्वर पार्क पहुंचते-पहुंचते उस महिला के पैरों को कुचलना शुरू कर दिया। उसके बच्चे को भी छीनने लगे।

इतने में वह महिला भ्रमित हो गई और इसी बीच उसके गले से सोने की चेन चुरा ली। महिला के महिला अस्पताल के पास उतरते ही हम लोग वहां से आगे बढ़ गए।

# आपसी सामंजस्य से शांतिपूर्वक मनाएं त्योहार : सत्येन्द्र




पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी● जागरण

जागरण संवाददाता, बस्ती: दुर्गापूजा व दशहरा में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सदर सर्किल के कोतवाली, पुरानी बस्ती व वाल्टरगंज थाने में शांति समिति की बैठक बुधवार को बुलाई गई। बैठक में सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी ने कहा कि आगामी त्योहार में शांतिभंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। त्योहार को शांतिपूर्वक मनाएं। किसी भी प्रकार के अफवाह से दूर रहें। इंटरनेट मीडिया व्हाट्सएप, फेसबुक, एक्स आदि पर कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट करता है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन करने के रास्ते में कोई समस्या हो तो पहले से बता दें, ताकि समय रहते इसका समाधान निकाल लिया जाए। बैठक के समय थाने के सभी बीट पुलिस अधिकारी एवं सभी चौकी प्रभारी एवं सभी चीता मोबाइल की टीम मौजूद रही।

कप्तानगंज में सीओ कलवारी ने की बैठक : कप्तानगंज थाने पर सीओ कलवारी प्रदीप कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में शांति कमेटी की बैठक आयोजित की गई। उपस्थित लोगों से सीओ ने कहा कि त्योहार में लाउडस्पीकर धीमी आवाज में बजाएं। त्योहार को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने में सभी लोग अपना सहयोग करें। कहीं कोई भी उपद्रव या विवाद की सूचना हो तो तुरंत बताएं। इस दौरान थानेदार समेत स्थानीय गणमान्य नागरिक सहित उपस्थित रहे।

# मार्निंग रेड अभियान में विद्युत चोरी करते पकड़े गए 11 उपभोक्ता

जागरण संवाददाता, बस्तीः विद्युत वितरण खंड प्रथम में विद्युत चोरी रोकने लिए मार्निंग रेड अभियान चलाया गया, जिसमें 11 उपभोक्ताओं पर एफआइआर दर्ज कराने की कार्रवाई की गई है। टीम ने 23 किलोवाट विद्युत चोरी पकड़ी है। विजिलेंस टीम के साथ अभियंताओं ने शक्तिनगर कालोनी, भुवर निरंजनपुर, जेलगेट, लौकिहवा मोहल्ले में विद्युत कनेक्शनों की जांच की। 41 लाख रुपये के बकाये में 37 विद्युत कनेक्शन को विच्छेदित कर दिया गया है। इसी के साथ आठ उपभोक्ताओं के कनेक्शन में भार वृद्धि करते हुए 18 किलोवाट की क्षमता बढ़ाई गई है। साथ ही दो उपभोक्ताओं के टैरिफ भी बदले गए हैं। विद्युत वितरण खंड प्रथम के अधिशासी अभियंता मनोज सिंह ने बताया कि विद्युत चोरी रोकने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। कार्रवाई करते हुए 11 उपभोक्ताओं पर मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई की गई है।

# मारपीट का मुकदमा दर्ज करने का आदेश

जासं, बस्ती: विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट कमलेश कुमार की अदालत ने एक व्यक्ति को अपशब्द कहने व मारने पीटने के मामले में चार लोगों पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। विवेचना थानाध्यक्ष कप्तानगंज को सौंपी गई है। ककुआ रावत के मुरली गौतम ने अधिवक्ता के माध्यम से अदालत में प्रार्थना देकर कहा कि नौ अगस्त की दोपहर वह अपने खेत में फसल की गुड़ाई कर रहे थे। रंजिश को लेकर हरि प्रसाद, अर्जुन, अजय व रामपाल वर्मा आए व मारने पीटने लगे।

# केस दर्ज करने का आदेश

बस्ती। एससी-एसटी कोर्ट के न्यायाधीश कमलेश कुमार ने चार लोगों पर मारपीट, जाति सूचक शब्द के इस्तेमाल के मामले में कप्तानगंज पुलिस को केस दर्ज करने का आदेश दिया है। कप्तानगंज थाना क्षेत्र ककुआ रावत गांव के मुरली गौतम ने कोर्ट में अर्जी देकर बताया कि 9 अगस्त की दोपहर में वह अपनी जमीन की गुड़ाई कर रहा था। जमीन की रंजिश में गांव के हरिप्रसाद, अर्जुन, अजय, रामपाल एक राय होकर जाति सूचक शब्दों से प्रयोग करते हुए मरने-पीटने लगे। संवाद

# युवती से अश्लील हरकत का आरोप, केस

**बस्ती।** मारपीट व युवती से अश्लील हरकत करने के आरोप में मुंडेरवा पुलिस ने सात लोगों पर कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के रहने वाले शिकायतकर्ता ने तहरीर में बताया है कि उनका गांव के कुछ लोगों से भूमि विवाद चल रहा है। 19 जुलाई को विपक्षी एक राय होकर उनके घर में घुस गए। घर पर जबरन कब्जा करने लगे। टीन शेड व नाद को उखाड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। विरोध करने पर उन्हें व घरवालों को अपशब्द कहते हुए मारापीटा। संवाद

# घर से दो मोबाइल फोन चोरी

**बस्ती।** कलवारी पुलिस ने एक घर से दो मोबाइल फोन चोरी के मामले में केस दर्ज किया है। रानीपुर निवासी लक्षिमन कुमार ने पुलिस को तहरीर में बताया कि 23 सितंबर को उनके घर से उनका और उनके साथी धनीराम का मोबाइल फोन चोर चोरी ले गए। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। संवाद

# घर के सामने खड़ी बाइक चोरी

**नगर बाजार (बस्ती)।** बड़गोडा में घर के सामने खड़ी बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने अज्ञात चोर पर केस दर्ज किया है। वहां के विजय पाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि बाइक घर के सामने खड़ी थी। मंगलवार की में अज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले गए। इसकी जानकारी सुबह हुई। गांव में ढूंढने के अलावा आ पास के लोगों से भी पता किया ,लेकिन कुछ पता नहीं चला। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। संवाद

# महिला से मोबाइल छीनकर भागे उचक्के

**बस्ती।** संतकबीरनगर की महिला की तहरीर पर पुरानी बस्ती पुलिस ने बाइक सवार दो बदमाशों पर मोबाइल छीनने के आरोप में केस दर्ज किया है। संतकबीरनगर के खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के महुआर की रहने वाली बबिता चौधरी ने तहरीर देकर बताया है कि वह 17 सितंबर को पुरानी बस्ती क्षेत्र के बनकसही से एक हेल्थ सेंटर को जाने के लिए निकली थीं। सुबह करीब 6:30 बजे साइकिल से जाते वक्त किसी का फोन आ गया तो मोबाइल पर बात करते हुए जा रही थीं। बस्ती-ओडवारा मार्ग पर एक मैरिज हॉल के पास बाइक से आए दो युवकों ने झपट्टा मारकर उनका स्मार्ट मोबाइल फोन छीन लिया और भाग निकले। संवाद

## बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज

**नगर बाजार।** करमा देवी विद्यालय के पास हुए हादसे में घायल की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक के बेटे की तहरीर पर बाइक सवार पर केस दर्ज किया है। महरीपुर निवासी पंकज सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके पिता प्रेमचंद सिंह 15 सितंबर को बस्ती की तरफ जा रहे थे। करमा देवी विद्यालय के पास बाइक सवार लालमणि पाल निवासी महसों थाना लालगंज ने लापरवाही पूर्वक गलत साइड से आकर ठोकर मार दिया। इससे पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल बस्ती में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर लखनऊ रेफर दिया। उपचार के दौरान 21 सितंबर को उनकी मौत हो गई। थाना प्रभारी नगर देवेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर आधार पर चालक पर केस दर्ज किया गया है। संवाद

## कुल्हाड़ी से हमला करने के आरोप में केस

**बस्ती।** मुंडेरवा पुलिस ने एक व्यक्ति पर कुल्हाड़ी से हमला करने के आरोप में केस दर्ज किया है। अहरा उमरी निवासी दिनेश ने तहरीर में बताया है कि गांव के कमल के घर से 23 सितंबर को विवाद हो गया था। इसी बात को लेकर सोमवार को डॉक्टर के यहां से दवा लेकर आते वक्त चौराहे पर विपक्षियों ने पीछे से कुल्हाड़ी के हमला कर दिया। इससे उसके सिर, पेट व पीट पर गंभीर चोट आई। पुलिस ने गांव के अमरेश, इंदल, बुलडोजक व कमल पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संवाद

## दहेज उत्पीड़न में पति समेत 11 पर केस

**नगर बाजार (बस्ती)।** नगर पुलिस ने विवाहिता की तहरीर पर पति, सास, ससुर, ननद समेत 11 लोगों पर दहेज उत्पीड़न, दवा देकर गर्भपात कराने व मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। नगहरा निवासी कंचन तिवारी ने तहरीर में बताया कि उसकी शादी रुधौली थाना क्षेत्र के ग्राम मुनियांव निवासी श्रीकांत पाण्डेय के साथ हुई है। शादी में परिजनों ने दान-दहेज भी दिया था। शादी के कुछ माह तक सब कुछ ठीक-ठाक चलता रहा। उसके बाद ससुराल के लोग दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। संवाद

## तिरपाल उजाड़ने पर मारपीट, केस दर्ज

**बस्ती।** लालगंज थाना क्षेत्र के नेवारी में मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों पर केस दर्ज किया है। गांव की रहने वाली सरस्वती देवी का आरोप है कि उनकी जमीन पर बांस के सहारे लगाए गए तिरपाल को विपक्षी उजाड़ने लगे। यह देखकर उन्होंने और परिवार के लोगों ने विरोध किया तो अपशब्द कहते हुए मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गांव निवासी अनिरुद्ध प्रसाद मिश्रा, वंश गोपाल मिश्रा, आकाश मिश्रा, गंगासागर मिश्रा पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संवाद

# सिपाही पर कार्रवाई के लिए पुलिस चौकी पर जुटे कोटेदार

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज (बस्ती)।** तेलियाडीह के कोटेदार जगदीश प्रसाद को थप्पड़ मारने के आरोपी सिपाही गणेश को चौकी से हटाने की मांग को लेकर बुधवार की सुबह कोटेदार संघ के पदाधिकारिय फिर पुलिस चौकी पर एकत्र हुए।

चौकी प्रभारी ने कोटेदारों को सिपाही को हटाने की जानकारी दी। इसके के बाद वे लोग लौट गए।

## सिपाही पर कार्रवाई की जानकारी के बाद लौटे

मंगलवार की शाम हाईवे से सटे एक चाय की दुकान पर महाराजगंज पुलिस चौकी पर तैनात सिपाही गणेश बाइक की जांच कर रहे थे। वहां मौजूद कोटेदार जगदीश प्रसाद को सिपाही गणेश ने थप्पड़ मार दिया था। एसएचओ प्रदीप कुमार द्विवेदी ने बताया कि सिपाही पर कार्रवाई की जा चुकी है।

# कंपोजिट स्कूल के गेट पर अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

## सभासदों ने डीएम से मिलकर की थी शिकायत, इसके बाद हुई कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**बनकटी।** गांधीनगर वार्ड स्थित कंपोजिट स्कूल के गेट पर कराए जा रहे अवैध निर्माण पर बुधवार को प्रशासन का बुलडोजर चलवा दिया। एसडीएम शत्रुहन पाठक की मौजूदगी में अवैध कब्जे को हटवाया गया। इस दौरान हड़कंप मच गया।

सभासद शबनम बानो एवं अन्य सभासदों ने डीएम से मिलकर बताया कि गांधी वार्डस्थित कंपोजिट स्कूल के गेट पर अवैध निर्माण कराकर रास्ता अवरूद्ध किया जा रहा है। इस पर डीएम ने तत्काल एसडीएम सदर को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद एसडीएम के नेतृत्व में पुलिस फोर्स के साथ प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची। जांच में निर्माण अवैध पाया गया। इसके बाद बुलडोजर से अवैध निर्माण ढहा दिया गया।

वहीं कस्तूरबा विद्यालय का निर्माण करा रहे ठेकेदार ने भी गेट के अंदर कराए गए निर्माण को गिरा दिया। विद्यालय परिसर में बीआरसी कार्यालय व कस्तूरबा विद्यालय तथा छात्रावास है। आने-जाने के लिए दो गेट हैं। एक गेट कस्तूरबा विद्यालय व बीआरसी के लिए तथा स्कूल के लिए दूसरा गेट है। इस मौके पर बीईओ अरुण कुमार यादव, नायब तहसीलदार वीर बहादुर सिंह मौजूद रहे।

### राजस्व टीम ने की खलिहान की पैमाइश, हटाया गया कब्जा

**बहादुरपुर।** सदर तहसील के राजस्व गांव रसोइया में खलिहान की जमीन पर कब्जा की शिकायत पर बुधवार को नायब तहसीलदार स्वाती सिंह के नेतृत्व में टीम पैमाइश करने पहुंची। राजस्व टीम ने जैसे पैमाइश शुरू की, कब्जेदारों ने अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया। जब तक टीम ने पैमाइश पूरी की तब सभी ने अस्थायी कब्जे भी हट लिए। खलिहान के जमीन में एक पक्का निर्माण भी मिला। पैमाइश की स्थिति जानने के लिए दोपहर करीब दो बजे डीएम रवीश गुप्ता व एसडीएम सदर शत्रुहन पाठक मौके पर पहुंचे। तब तक पैमाइश पूरी होने के साथ कब्जा भी हट चुका था। लेखपाल राजेश चौधरी ने बताया कि रसोइया निवासी आशुतोष यादव ने खलिहान पर कब्जे की शिकायत की थी। संवाद

# विवादित जमीन पर पुलिस तैनात आरोपी कानूनगो सहित आठ पाबंद

## महराजगंज कस्बे में धार्मिक स्थल के निर्माण पर शुरू हुआ था विवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**कप्तानगंज (बस्ती)।** महराजगंज कस्बे में धार्मिक स्थल के निर्माण को लेकर उत्पन्न हुआ विवाद शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। कस्बे के लोगों में इसे लेकर सख्त नाराजगी है। लोगों का कहना है कि किसी भी सूरत में वहां धार्मिक स्थल का निर्माण नहीं होने दिया जाएगा।

माहौल को भांपते हुए बुधवार को विवादित स्थल को पुलिस ने अपनी निगरानी में ले लिया है। एहतियातन सेवानिवृत्त कानूनगो सहित दोनों पक्षों के आठ लोगों को पाबंद किया गया है।

कस्बे के लोग पुलिस के साथ रात भर जाग रहे हैं। विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश मंत्री दिग्विजय सिंह राना ने आरोप लगाया कि सेवानिवृत्त कानूनगो शब्बीर अहमद सामाजिक माहौल खराब करने की नीयत से सरकारी जमीन पर धार्मिक स्थल बनाने का प्रयास किया। आरोपी पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं प्रशासन ने विवादित


मदरसे की मान्यता की होगी जांच
जमीन की पैमाइश भी कराई जाएगी

25 सितंबर को प्रकाशित खबर।

जमीन पर पुलिस का पहरा लगा दिया है। कप्तानगंज के प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार दुबे ने बताया कि मामला पूरी तरह से शांत है। विवादित जमीन पर फोर्स तैनात कर दीगई है।

कस्बे के लोगों का आरोप है कि हरैया थाना क्षेत्र के कनघुसरा (शम्भूपुर) के रहने वाले सेवानिवृत्त कानूनगो शब्बीर अहमद अपने घर के पीछे की विवादित जमीन को कब्जा करने की नीयत से धार्मिक स्थल और मदरसा बनवाने का लंबे समय से प्रयास कर रहे है। वर्ष 2008 में पहली बार जब इस जमीन पर निर्माण कराने का प्रयास किया तो कस्बे के लोगों ने विरोध कर दिया था।

बताया जा रहा है कि उसी जमीन पर शब्बीर अहमद दो दिन से गोपनीय तरीके से निर्माण कार्य करा रहे थे। सोमवार की देर शाम 7:30 बजे इसकी भनक कस्बे के लोगों को लगी तो वे उग्र हो गए। कुछ ही देर में काफी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे और वहां हुए निर्माण को गिरा दिया। नारेबाजी करने लगे। सूचना पर महराजगंज चौकी की पुलिस पहुंच गई थी। निर्माण पर रोक लगाने के बाद लोग शांत हुए थे।

### इन लोगों को किया गया पाबंद

कप्तानगंज पुलिस ने महराजगंज कस्बे में सोमवार की रात हुए विवाद में आठ लोगो को पाबंद किया है। इसमे मुख्य आरोपी शब्बीर अहमद, इकबाल अहमद, मो अहमद और दूसरे पक्ष के व्यापारी नेता विनोद कसौधन, अर्जुन कसौधन, सत्य प्रकाश, डीकल, संदेश उर्फ छोटू शामिल हैं।

# हड़ताल पर रोक लगाने के विरोध में वकीलों का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

## कहा- अधिवक्ता अपने हक की लड़ाई लड़ने से पीछे नहीं हटेंगे

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** न्यायिक कार्य से विरत रहने पर हाईकोर्टके रोक के आदेश के खिलाफ बुधवार को जनपद के अधिवक्ताओं ने वप्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति को संबोधित पत्र अपर जिला जज के प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा।

प्रयागराज में 22 सितंबर को अधिवक्ताओं का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन हुआ था। इसमें 25 सितंबर को विरोध दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था।

सिविल बार एसोसिएशन के महामंत्री दयाशंकर दुबे के नेतृत्व में सभी बार के पदाधिकारी व अधिवक्ता एकत्र हुए। अधिवक्ताओं ने मांगपत्र तैयार कर जनपद न्यायालय प्रशासन को सौंपा, जिसे जिला जज की तरफ से अपर जिला जज प्रथम शिवचंद ने प्राप्त किया। वक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ता अपने हक की लड़ाई लड़ते रहेंगे।

अधिकताओं ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने, अधिवक्ताओं को 10 लाख रुपये स्वास्थ्य बीमा देने, अधिवक्ता की मृत्यु के बाद 10 लाख रुपये क्षतिपूर्ति देने व राज्यसभा व विधान परिषद में अधिवक्ता कोटे का सांसद, विधायक चुने जाने की मांग की।

अधिवक्ताओं ने यह भी मांग रखी है की मॉनिटरिंग सेल की मीटिंग में अधिवक्ता नेताओं को भी शामिल किया जाए। यंग बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शेषनाथ पाठक, सिविल बार के उपाध्यक्ष वामदेव मिश्रा, जनपद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जवाहर मिश्रा, मंत्री रविशंकर शुक्ल, उपेंद्रनाथ दुबे, प्रदीप सिंह, महेंद्र उपाध्याय, गोपेंद्र गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद, मस्तराम, सिद्धार्थ शुक्ला, जोखन कुमार व अन्य मौजूद रहे।



जिला न्यायालय के गेट पर प्रदर्शन करते अधिवक्ता। संवाद

### हड़ताल पर रोक के विरोध में कार्य बहिष्कार

**सोनहा (बस्ती)।** बार एसोसिएशन तहसील भानपुर के अधिवक्ताओं ने सात सूत्री मांगों को लेकर बुधवार को कार्य बहिष्कार किया। अधिवक्ताओं ने मुख्य न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट प्रयागराज, अध्यक्ष बार काउंसिल ऑफ इंडिया व उत्तर प्रदेश, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांधकर उच्च न्यायालय इलाहाबाद की ओर से प्रदेश के समस्त बार के हड़ताल एवं शोकसभा पर रोक लगाने के फैसले का विरोध किया। उन्होंने नारेबाजी करते हुए तहसील से बाहर आकर उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह, लोकनाथ उपाध्याय, विजय सिंह, कृष्ण प्रताप सिंह, राघवेंद्र पांडेय, जगप्रसाद पांडेय, मार्कंडेय मिश्र, आशुतोष सिंह आदि मौजूद रहे। संवाद

# पदचिह्न मिले... हिंसक जानवर की तलाश जारी, गांव में 24 घंटे पहरेदारी

## बच्ची समेत तीन पर जंगली जानवर के हमले के बाद दहशत, वन विभाग ने कहा-पदचिह्न सियार के



रानीपुर लाद गांव में सर्च अभियान चलाते वन कर्मी। संवाद



रानीपुर लाद में जंगली जानवर से रखवाली के लिए बैठे ग्रामीण। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**दुबौलिया (बस्ती)।** रानीपुर लाद गांव में बच्ची समेत तीन लोगों पर जंगली जानवर के ताबड़तोड़ हमले के बाद आसपास के गांवों में भी दहशत का माहौल है। मंगलवार को पूरी रात ग्रामीणों के साथ वन विभाग की टीम गश्त करती रही।

बुधवार को दिन में डीएफओ के नेतृत्व में वन कर्मियों ने सर्च अभियान चलाया। हालांकि जंगली जानवर का सुराग नहीं लगा। जिस झोपड़ी के पास जानवर ने बच्ची पर हमला किया था वहां पदचिह्न मिले हैं। वन विभाग की टीम के मुताबिक पदचिह्न सियार के हैं।

जंगली जानवर के पकड़े न जाने के कारण रानीपुर लाद गांव के लोगों में खौफ बरकरार है। बुधवार को लोग टोलियां बनाकर खेतों की तरफ निकले। वन विभाग के अधिकारियों ने बच्चों को समूह में स्कूल जाने की सलाह दी है।

डीएफओ जय प्रकाश सिंह के नेतृत्व में कप्तानगंज के रेंजर राजू प्रसाद, वन दरोगा अभिषेक यादव, केशव राम, सत्यदेव, रविंद्र सिंह, दिनेश, सूर्य प्रकाश सिंह आदि ने मंगलवार को पूरी रात दो किलोमीटर तक सर्च अभियान चलाया। टीम बुधवार को भी खोजबीन में जुटी रही।

बता दें कि रानीपुर लाद गांव में मंगलवार शाम झोपड़ी के पास खेल रही पांच वर्षीय बच्ची पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया था। जानवर उसे उठा कर ले जाने लगा था, लोगों के शोर मचाने पर छोड़कर भागा। रात में घर के बाहर टहल रहे गांव के लक्षण (28) पर भी हमला जानवर ने हमला किया था।

कुछ देर बाद पड़ोस के गांव बरदिया कुंवर में भी एक महिला पर भी हमला किया।

### इलाज के बाद घर लाई गई बच्ची

**जंगली** जानवर के हमले में घायल संतराम की बेटी सुमीर की हालत में सुधार है। हालांकि उसके सिर में तिकोना घाव है जो भरने में वक्त लगेगा। परिवार के लोग उसे पहले सीएचसी हर्रैया ले गए थे। वहां पर उपचार के बाद दर्शन नगर अयोध्या स्थित मेडिकल कॉलेज ले गए। चिकित्सक ने लखनऊ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया था। एक बार फिर प्रधान प्रतिनिधि योगेश सिंह के सहयोग से लखनऊ ले जाया गया। लखनऊ में उपचार के बाद चिकित्सकों ने घर भेज दिया।

### ग्रामीण बोले-जानवर जो भी हो पकड़ा जाए

**रानीपुर** लाद गांव के प्रदीप तिवारी ने कहा कि जानवर जो भी हो उसे पकड़ा जाना चाहिए। जब तक वह पकड़ा नहीं जाता गांव और क्षेत्र के लोगों का भय खत्म नहीं होगा। प्रधान प्रतिनिधि योगेश सिंह ने कहा कि दो दिन से गांव में जंगली जानवर का खौफ है। वन विभाग की टीम लगातार गांव मे कैंप कर सर्च अभियान चला रही है लेकिन सफलता नहीं मिल रही है। प्रशांत सिंह ने कहा कि जानवर हिंसक है, सियार बच्चे को उठा कर नहीं ले जा सकता। ग्रामीण दो दिन से परेशान हैं कि जानवर को किसी तरीके से पकड़ा जाए। घायल बच्ची के पिता संतराम ने कहा कि डर लगता है कि कहीं जानवर फिर न हमला कर दे।

# शोषित वंचित पिछड़ा समाज जोड़ो रैली आज

**वाल्टरगंज।** सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी की शोषित वंचित पिछड़ा समाज जोड़ो रैली का आयोजन 26 सितंबर को आदर्श इंटर कॉलेज सल्टौआ के प्रांगण में सुबह 10 बजे से होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर होंगे। पूर्व विधायक राम कोला रामानंद बौद्ध ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी कर ली गई है। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-26-09-2024

# चोरी का माल बरामद, एक गिरफ्तार

इटवा/गोल्हौरा (एसएनबी)। खड़सरी चौराहे पर बीते सोमवार की रात्रि इलेक्ट्रानिक की दुकान में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने अभियुक्त के पास से चोरी का माल व एक अदद चाकू बरामद कर उसे न्यायालय में पेश कर दिया है।

समय माता कठेला थानाक्षेत्र के ग्राम खड़सरी निवासी इजहार अहमद के गोल्हौरा थानाक्षेत्र के खड़सरी चौराहे पर स्थित इलेक्ट्रानिक दुकान में बीते सोमवार की रात्रि में चोरी हो गई थी। मुकामी थाने की पुलिस ने इजहार की तहरीर पर मुअसं 83/24 धारा 305(1), 331(4), 317(2) बीएनएस दर्जकर छानबीन में जुट गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम मधुबनिया स्थित बागीचे से अभियुक्त भंगाराहे उर्फ आरीफ पुत्र मेंहदी हसन निवासी ग्राम खड़सरी थाना कठेला समय माता को गिरफ्तार कर उसके पास से एक बण्डल 2.5 एमएम तार, एक बजाज कम्पनी का प्रेस, दो अदद बैटरी ई-रिक्शा, 1250 रुपये नकद व एक अदद चाकू नाजायज बरामद कर धारा 4/25 आर्म्स एक्ट की बृद्धि करके उसे न्यायालय में पेश कर दिया है।



जानकारी देते सीओ। फोटो : एसएनबी

# इटवा पुलिस ने किया रेप के आरोपी को गिरफ्तार

इटवा। इटवा थाने की पुलिस ने रेप के एक आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। वह केस दर्ज होने के बाद से फरार चल रहा था। प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव ने बताया कि गुलशन पुत्र मंगरे निवासी सेमरी थाना इटवा के खिलाफ धारा 376,3/4 पाक्सो एक्ट व 67 आईटी एक्ट से संबंधित केस दर्ज था। उसे इटवा के बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है।

# कोटेदार की मनमानी से ग्रामीणों में आक्रोश

औराताल (एसएनबी)। डुमरियागंज विकासखंड के थुम्हवा गांव के ग्रामीणों ने कोटेदार पर अंगूठा लगवा कर राशन न देने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने बताया कि कोटेदार अंगूठा लगावा कर भी राशन देने से इनकार कर देता है। जिससे उनके समक्ष भारी संकट उत्पन्न हो जाता है। यदि कोई जाकर अनाज मांगता है तो कोटेदार उससे बहाना कर वापस कर देता है। बार-बार कहने के बाद भी उसके कान पर जूं तक नहीं रेंगता है। आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा की कोटेदार की मनमानी से पूरा गांव त्रस्त है उसे उच्चाधिकारियों का भी कोई भय नहीं है और आए दिन इस तरह का व्यवहार उसके द्वारा किया जाता है। गांव में कुल पात्र गृहस्ती 270 और 66 अंतोदय राशन कार्ड धारक है जिसके सापेक्ष कुल लाभार्थियों की संख्या 1443 है जिसमें किसी को 2 महीने से किसी को 4 महीने से और किसी को 5 महीने से राशन नहीं मिला है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत ग्राम प्रधान एवं आपूर्ति निरीक्षक से भी की लेकिन कोई असर नहीं हुआ और कोटेदार अपनी मनमानी करता.आ रहा है। मौके पर उपस्थित ग्रामीण रज्जाक, अमीरुल्लाह, कुसुम, तबारक अली, हरिद्वार, गीता, हमीदुन, सुनीता, बदरून्न, रहीमा, शाजिरा खातून, नूरफिजा आदि ने समाचार पत्र के माध्यम से संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि उक्त प्रकरण की जांच कराकर कोटेदार पर तत्काल कार्यवाही की जाए और और ग्रामीणों का जो राशन कोटेदार पर बकाया है उसे भी तत्काल दिलाया जाए।

# नेपाल सीमा पर बढ़ी मोटे चावल की तस्करी

## सीमावर्ती बाजार से खरीदकर महंगे दाम पर बेच रहे तस्कर, अलीगढ़वा व खुनुवा से नेपाल भेज रहे चावल

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : नेपाल में चावल की मांग ने तेजी पकड़ा है। भारतीय बाजार में उपलब्ध मोटे चावल का भाव बढ़ने के बाद धंधेबाज चावल को बार्डर पार कराने में जुटे हुए हैं। धंधेबाज सीमावर्ती क्षेत्र से जुड़े गांवों में घूमकर सस्ते दर पर चावल खरीद रहे हैं और फिर उसे सीमा पार भेज रहे हैं। नेपाल में भारतीय चावल की डिमांड है। इसमें मोटा चावल पर एक हजार रुपये क्विंटल तक की कमाई हो रही है। धंधे में पूरा रैकेट काम कर रहा है। अलीगढ़वा, खुनुवा, बढ़नी के रास्ते इसे धंधेबाज सीमा पार ले जाने में जुटे रहते हैं।



नेपाल के धनगढ़वा बार्डर पर तस्करी के चावल के साथ पकड़े गए आरोपित व एसएसबी के जवान - फाइल फोटो एसएसबी

चावल को नेपाल पहुंचाने में लगे धंधेबाज पगडंडी के रास्ते साइकिल के जरिये सरहद पार कर दिया जाता है। सीमावर्ती इलाकों में पिकअप व साइकिल से चावल सरहद पार हो रहा है। नेपाल में बीते वर्ष जुलाई से चावल निर्यात पर भारत सरकार द्वारा रोक लगाए जाने के बाद चावल की तस्करी बढ़ गई है।

नेपाल में चावल के दाम आसमान छू रहे हैं। ऐसे में तस्करों ने भारी मुनाफा कमाने के लिए चावल को नेपाल भेजना शुरू कर दिया है। जनपद से सटी नेपाल सीमा तो तस्करों के लिए मुफीद साबित हो रही है। ऐसा नहीं है कि सुरक्षा एजेंसियां कार्रवाई नहीं करती हैं। सीमावर्ती जिलों से बच्चों और महिलाओं को लालच देकर भी तस्करी कराई जा रही है। नेपाल के निकट भारतीय सीमा से लगे गांव में चावल रख दिया जाता है, फिर इसे थोड़ा-थोड़ा करके बच्चे और महिलाएं नेपाल ले जाते हैं।

केस- एकः एसएसबी चौकी धनगढ़वा के गस्ती दल ने 20 सितंबर को छह बोरी चावल और तीन साइकिल के साथ एक तस्कर को पकड़ा। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह चावल को लेकर नेपाल जाने की फिराक में था। जवानों को देखकर उसके कुछ साथी मौके से फरार हो गए।

केस-दोः 43वीं वाहिनी के सीमा चौकी धनगढ़वा के जवानों ने 19 सितंबर को सीमा के पास से 35 बोरी चावल और 12 साइकिल को बरामद करने में सफलता हासिल किया। इसे धंधेबाज चावल को नेपाल ले जाने की फिराक में थे।

इसे लेकर जा रहे आरोपित जवानों को देखकर नेपाल सीमा में प्रवेश कर गए। उज्ज्वल दत्ता, कमांडेंट 43वीं वाहिनी एसएसबी ने बताया कि बार्डर पर तस्करी रोकने के लिए एसएसबी के जवान लगातार गश्त करते हैं। इसकी वजह से अक्सर अवैध तरीके से ले जाया जा रहा चावल समेत अन्य सामग्री पकड़ी जाती है। सीमा खुली होने से कई बार कार्रवाई करने में दिक्कत भी होती है।

### नेपाल पुलिस ने बरामद किया तस्करी का 6.25 क्विंटल कीवी

जागरण संवाददाता, बढ़नी : बढ़नी कस्बे से सटे नेपाल के कृष्णानगर कस्बे पुलिस ने कृष्णानगर नगरपालिका के वार्ड नंबर दो गल्ला मंडी स्थित एक दुकान के पास से लावारिस अवस्था में 25 बोरियों में 6.25 क्विंटल कीवी फल बरामद किया है। बरामद कीवी को सीमा शुल्क कार्यालय कृष्णानगर के सुपुर्द कर दिया गया है।

कृष्णानगर थाने के इंस्पेक्टर सूरज खत्री ने बताया कि बुधवार की सुबह ही मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि कुछ लोग बढ़नी कस्बे से तस्करी कर भारी मात्रा में कीवी फल सीमा पार लाए हुए है। सूचना के आधार पर खोजबीन शुरू की गई तो कृष्णानगर नगरपालिका के वार्ड नंबर दो के गल्ला मंडी में 25 बोरियों में छिपाया गया छह क्विंटल 25 किलो कीवी लावारिस अवस्था में जब्त किया गया। इस दौरान कोई पकड़ में नहीं आया। बरामद कीवी को तस्करी कर भारत से नेपाल ले जाया गया था। जब्त किए गए कीवी की कीमत पांच सौ रुपया प्रति किलोग्राम की दर से तीन लाख 12 हजार नेपाली रुपये आंकी गई। इसे अग्रिम कारवाई के लिए सीमा शुल्क कार्यालय कृष्णानगर के सुपुर्द कर दिया गया है।

# चोरी के सामान के साथ आरोपित गिरफ्तार

- गोल्हौरा थाना क्षेत्र के खड़सरी चौराहे पर बिजली की दुकान में हुई थी चोरी
- पुलिस ने मधुबनिया बाग से आरोपित को गिया गिरफ्तार

मिश्रौलिया, हिसं। गोल्हौरा थाना क्षेत्र के खड़सरी चौराहे पर सोमवार रात बिजली के एक दुकान में हुई चोरी की घटना में गोल्हौरा पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी का सामान भी बरामद हुआ है।

खड़सरी गांव निवासी इजहार का खड़सरी चौराहा पर बिजली के सामानों की दुकान चलाते हैं। वह सोमवार की शाम दुकान बंद कर घर चले गए थे। रात दस बजे ही चोरों ने धावा बोल दिया था। छत पर लगे प्लास्टिक के शेड को हटा कर आंगन में घुस कर दुकान में चले गए थे। वहां से लगभग 50 हजार रुपये का सामान बोरी में पैक किया और छत से नीचे सड़क की ओर फेंक दिया। रात में भीषण गर्मी की वजह से ग्रामीण दुकान के पास बैठे थे। उन्हें किसी भारी चीज के गिरने की आवाज सुनाई दी तो उन लोगों ने जाकर देखा तो इजहार की दुकान के तार वगैरह थे। इसकी सूचना उन लोगों ने दुकानदार को दी। वह भी मौके पर पहुंच गया। इस बीच मौका पाकर चोर अंधेरे का फायदा उठा कर फरार हो गए। दुकानदार के अनुसार पांच हजार का ही सामान चोर ले जा सके। उसने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। गोल्हौरा थानाध्यक्ष बृजेश सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद केस दर्ज कर चोरी का पता लगाया जा रहा था। बुधवार को सूचना मिली कि चोरी करने का आरोपी कठेला समय माता थाना क्षेत्र के खड़सरी निवासी भंगाराहे उर्फ आरिफ पुत्र मेंहद हसन है। सूचना पर पुलिस ने पहुंच कर उसे मधुबनिया बाग से गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी का एक बंडल तार, एक प्रेस, दो ई रिक्शा बैटरी, एक चाकू व साढ़े बारह सौ रुपये कैश बरामद किया है।



बुधवार को बढ़नी कस्बे से एसएसबी व पुलिस द्वारा 11.5 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार दोनों आरोपी • हिन्दुस्तान

# बढ़नी कस्बे में 11.5 ग्राम स्मैक के साथ दो व्यक्ति गिरफ्तार

**बढ़नी, हिन्दुस्तान संवाद।** एसएसबी बढ़नी 50वीं वाहिनी व पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार को गश्त के दौरान बढ़नी कस्बा से स्मैक बेचने वाले दो लोगों को 11.5 ग्राम स्मैक व एक बाइक के साथ गिरफ्तार किया है।

बुधवार की सुबह एसएसबी को जानकारी मिली कि दो लोग कई दिन से स्मैक बेच रहे हैं। सूचना पर पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने सक्रियता दिखाते हुए कस्बे के लोहिया नगर निवासी अर्जुन पुत्र स्व.जग प्रसाद उर्फ पुत्तू व अनिल पुत्र राममचंद्र को 11.5 ग्राम स्मैक व एक बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। एसएसबी के उपकमांडेंट दीपक सिंह जायरा ने बताया कि कई दिनों से आसपास के क्षेत्रों में स्मैक बेचने की सूचना मिल रही थी। पुलिस आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया है। इस दौरान एसएसबी के एसआई अंकित सिंह, चौकी बढ़नी प्रभारी सभा शंकर यादव आदि मौजूद रहे।

# जिला जेल से गांजा बरामद जिलाधिकारी ने बैठाई जांच

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : जिला कारागार से गांजा बेचे जाने का मामला प्रकाश में आया है। वहां से दो स्थानों से करीब 20 ग्राम गांजा भी बरामद हुआ है। चार कैदियों के पास से मोबाइल भी बरामद हुआ है। जिलाधिकारी डा.राजा गणपति आर ने इसे जब्त करा लिया है। उन्होंने इस मामले की जांच बिठा दी है। अपर जिलाधिकारी उमाशंकर को इसका जांच अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने कहा है कि जांच के बाद जो भी रिपोर्ट आएगी, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

जनपद न्यायाधीश विरजेन्द्र सिंह, जिलाधिकारी डा.राजा गणपति आर, पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह बुधवार की शाम को जिला कारागार का निरीक्षण करने गए थे। निरीक्षण के दौरान एक पाक्सो अधिनियम के एक बंदी शोर करने लगा। उसने कहा कि उसे जिलाधिकारी से कुछ बात करनी है। उसे शोर मचाते देख कुछ बंदी रक्षक व डिप्टी जेलर उसे पकड़ने लगे।

तब तक जिलाधिकारी की निगाह उस पर पड़ गई। उन्होंने डिप्टी जेलर से कहा कि उसे आने दिया जाए। जिलाधिकारी के पास आने पर उसने बताया कि इस जेल में डिप्टी जेलर उससे गांजा बेचवाते हैं। जिलाधिकारी ने प्रमाण मांगा तो वह एक माचिस की डिबिया में गांजा लेकर आ गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सिर्फ इतना गांजा कैसे बिक सकता है। उसने बताया कि जेल के अस्पताल के पास कुछ गांजा छिपाया भी गया है।

जिलाधिकारी ने उसे दिखाने के लिए कहा तो वह सभी अधिकारियों को ले जाकर गांजा दिखाया भी। उसने यह भी कहा कि यहां से चार कैदी मोबाइल पर बात करते हैं। यहां शराब की बोतलें खुलती हैं। निरीक्षण के दौरान चार कैदियों के पास से मोबाइल भी मिले हैं। जिलाधिकारी ने उसे जब्त कर लिया है।

जिलाधिकारी डा.राजा गणपति आर ने कहा कि यह गंभीर मामला है। गांजा करीब 15-20 ग्राम बरामद हुआ है।

इसे जब्त कर लिया गया है। इस मामले की जांच अपर जिलाधिकारी के जरिये कराई जा रही है। मामले में सच्चाई हुई तो कार्रवाई भी होगी। सिर्फ आरोप के आधार पर किसी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता है।

## एक नजर में

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

इटवा : इटवा थानांतर्गत एक गांव में नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने व उसका वीडियो वायरल करने के मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया। आरोपित गुलशन ने जून में नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। इधर चार दिन पहले इससे संबंधित वीडियो वायरल हुआ। इसके बाद पीड़िता के पिता ने थाने में तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज कराया। निरीक्षक अपराध राम नारायण दुबे के नेतृत्व में पुलिस ने टीम ने बुधवार को इटवा कस्बा स्थित बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध विधिक कार्यवाही के उपरांत उसे न्यायालय के लिए भेज दिया गया है।

# रात में पुलिस संग ग्रामीणों ने दिया पहरा

## भड़भड़वापुर में सोमवार की रात सियारों के हमले से घायल हो गए थे आठ ग्रामीण





पुलिस के साथ रात में पहरा देते ग्रामीण व प्राथमिक विद्यालय भड़भड़वापुर मे प्रधानाध्यापक के साथ विद्यालय आते बच्चे • जागरण

जासं, बढ़नीचाफा : नगर पंचायत बढ़नीचाफा के भड़भड़वापुर में सोमवार की रात सियार के हमले की घटना से नगर पंचायत सहित आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल बन गया है। लोग बच्चों व महिलाओं को घर के अंदर सुलाकर रातभर पहरा देते रहे। डर इतना कि सुबह स्वजन बच्चों को विद्यालय भेजने में आनाकानी करते दिखे। दिन मेंचारो तरफ सन्नाटा पसरा दिखा।

बढ़नीचाफा क्षेत्र में गन्ने की खेती व्यापक पैमाने पर होती है। आसपास जंगल भी है। इसलिए जंगली जानवरों का खतरा बना रहता है। सोमवार की रात भड़भड़वापुर में सियारों के झुंड ने ग्रामीणों पर हमला कर दिया था। इससे आठ ग्रामीण घायल हो गए थे। हालांकि उपचार के बाद सभी अपने घर चले गए हैं। इस घटना के बाद रात में ही निगरानी के दौरान ग्रामीणों ने एक सियार को तो मार दिया, लेकिन तीन अब भी कहीं छिपे हुए हैं। इसलिए लोगों में अब भी दहशत का माहौल है। लोग बच्चों व महिलाओं को कमरे के अंदर सुलाकर रात भर पहरा देते हुए दिखे। सुबह गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को प्रधानाध्यापक उमाशंकर के संरक्षण में आते जाते देखा गया। हालांकि मंगलवार देर शाम डीएम के आदेश पर उपजिलाधिकारी डुमरियागंज, भवानीगंज थाना प्रभारी रामदेव, वन क्षेत्राधिकारी, बढ़नीचाफा पीएचसी चिकित्सक डा. राजेश आदि ने गांव का निरीक्षण कर घायलों से बातचीत की। साथ ही घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नाथनगर से इलाज हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। वन विभाग के उच्चाधिकारियों ने फारेस्ट गार्ड कायम अली को सहयोगी वाचरों के साथ उक्त गांव में पहरा देने के लिए निर्देशित किया। वह अपने दो सहयोगियों व ग्रामीणों के साथ पूरी रात उक्त गांव में पहरा देते रहे। ग्रामीण राजेन्द्र चौधरी बताते हैं कि घर में छोटे-छोटे बच्चे हैं, उन्हीं की सुरक्षा का डर बना हुआ है। कनिकराम ने बताया कि घर के बगल खेत है। कब कही से आकर जानवर हमला कर दें, इसका डर बना हुआ है। भटनू बताते हैं कि गांव में बहुत से ऐसे लोग हैं जिनके दरवाजे नहीं लगे हैं। उनके लिए ज्यादा डर सता रहा है। रामशब्द कहते हैं कि बच्चों की सुरक्षा को लेकर पूरी रात नींद नहीं आई है।



रामशब्द



राजेंद्र चौधरी



भटनू



कनिकराम

**यह और अन्य खबरें देखें**

https://www.jagran. com/local/uttar-pradesh_ gorakhpur-city-news-hindi.html

# हेरोइन के साथ दो गिरफ्तार

जासं, बढ़नी : ढेबरुआ पुलिस तथा एसएसबी 50वीं वाहिनी बढ़नी बीओपी के जवानों की संयुक्त टीम ने बुधवार की दोपहर 11.5 ग्राम हेरोइन के साथ दो युवकों को मुड़िला डिहवा स्थित सरयू नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों का नाम अर्जुन पुत्र जग प्रसाद तथा अनिल कुमार पुत्र रामचंद्र निवासी वार्ड नंबर तीन लोहियानगर बढ़नी, थाना ढेबरुआ है। सभी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

# एसएसबी के जवानों ने स्मैक के साथ दो को पकड़ा

तुलसियापुर। ढेबरुआ पुलिस व एसएसबी बढ़नी के जवानों ने 11.5 ग्राम स्मैक के साथ दो को गिरफ्तार किया है। सितंबर में दूसरी बार कार्रवाई होने से स्मैक तस्करों में हड़कंप मचा है।

ढेबरुआ एसओ संतोष कुमार सिंह ने बताया कि बढ़नी पुलिस चौकी व एसएसबी के जवानों ने जांच के दौरान मुड़िला डिहवा के पास सरयू नहर पुल के पास एक बाइक पर सवार दो युवकों को रोककर तलाशी ली। उनके पास से 11.5 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पकड़े गए आरोपी अर्जन व अनिल कुमार ढेबरूआ थाना क्षेत्र के बढ़नी कस्बा स्थित लोहियानगर निवासी हैं।

इसके पहले दोनों सुरक्षा एजेंसियों की टीम ने चार सितंबर को बढ़नी स्थित समय माता मंदिर से मधवानगर के बीच 10 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया था।

इस दौरान बढ़नी चौकी प्रभारी सभाशंकर यादव, राकेश कुमार, धर्मेन्द्र मौर्या, राजू प्रसाद व एसएसबी के एसआई अंकित सिंह सहित अन्य जवानों ने गिरफ्तारी की। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-26-09-2024

# पुलिस बल को दंगाइयों से निपटने के लिए सिखाये गए तरीके

संतकबीरनगर (एसएनबी)। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देश पर दूसरे दिन भी पुलिस लाइन परिसर में आगामी त्योहारों को सकुशल/भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने एवं किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति से निपटने हेतु पुलिस टीम के द्वारा दंगा निरोधक/बलवा ड्रिल का पूर्वाभ्यास किया गया। इसमें पुलिस टीम को दंगा निरोधक/बलवा निरोधक उपकरणों का प्रशिक्षण एवं अभ्यास कराया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने बताया कि दूसरे दिन भी पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर आगामी त्योहारों नवरात्रि, दशहरा व मूर्ति विसर्जन के दृष्टिगत त्योहारों को सकुशल व भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने व जनपद में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने तथा किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति से निपटने के उद्देश्य से बलवा ड्रिल का पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान पुलिस टीम को दंगा निरोधक/बल्वा निरोधक उपकरणों का प्रशिक्षण एवं अभ्यास कराया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस बल के कर्मियों को विभिन्न प्रकार के शस्त्रों एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा पुलिस बल को दंगाइयों से निपटने के लिए विभिन्न तरीके/गुर सिखाये गये। अभ्यास के दौरान भीड़ को तितर बितर करने के विभिन्न तरीकों के साथ फायर ब्रिगेड की गाड़ी से पानी की बौछार, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले और दंगाइयों पर रबर के गोले, एंटी राइट गन, रबर बुलेट गन, टीयर गैस गन, हैंड ग्रेनेड, मिर्ची बम आदि शस्त्रों को चला कर पूर्वाभ्यास किया गया। साथ ही विभिन्न टीमें बनाकर दंगा नियंत्रण हेतु अमल में लाये जाने वाले सभी विधिक प्रावधानों का क्रमवार अभ्यास किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षणाधीन प्रियम राजेश्वर पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा सहित पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



पूर्वाभ्यास के दौरान हंगामा करते दंगाई।

# सरकारी भूमि पर कब्जा करने के आरोप में मां-बेटा नामजद

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के सिरसी गांव में बंजर (सरकारी भूमि) पर कब्जा कर दीवार खड़ी कर लेने के आरोप में धनघटा पुलिस ने आरोपी मां-बेटे के विरूद्ध बुधवार को मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई पुलिस ने हलका लेखपाल की तहरीर पर पूरी की है। पूरे मामले में पुलिस को दी गई तहरीर में धनघटा तहसील में कार्यरत लेखपाल सुनील कुमार ने बताया है कि वह तहसील क्षेत्र के हलका नम्बर 112 में स्थित ग्राम सिरसी का लेखपाल है।

ग्राम सिरसी, तप्पा सिरसी के गाटा संख्या 1673 घ मि./7.624 राजस्व अभिलेख में बंजर की भूमि है। उक्त बंजर की भूमि में लगभग 0.024 हेक्टेयर भूमि पर अवैध कब्जा करके थाना क्षेत्र के सिरसी गांव निवासी राहुल पुत्र मुन्नीलाल तथा कलावती पत्नी मुन्नीलाल द्वारा पक्की दीवार खड़ी कर ली गई है। सूचना पर मौके पर जाकर निर्माण कार्य को कई बार रोका गया था किन्तु उक्त अतिक्रमणकारी रात के अंधेरे में चोरी से निर्माण कार्य कराते हुए दीवार खड़ी कर लिए। अतिक्रमणकारियों द्वारा सार्वजनिक संपत्ति का एक लाख चालीस हजार रूपए की क्षति पहुंचाई गई है। मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रोकने पर उक्त मां-बेटा द्वारा कर्मचारी को सरकारी कार्य में बाधा डालने का कुकृत्य किया गया है। उच्चाधिकारियों के पहुंचने पर किसी प्रकार निर्माण कार्य रोका जा सका। लेखपाल की तहरीर के आधार पर पुलिस ने बंजर भूमि पर दीवार खड़ी करने वाले अतिक्रमणकारी उक्त राहुल और उसकी मां कमलवती देवी के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 132 व सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा 3 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा अनिल कुमार ने बताया कि जांच में आरोप पुष्ट होने पर नामजद मां-बेटा को गिरफ्त में लेकर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# कोर्ट के आदेश पर पांच लोगों पर मारपीट का केस

नाथनगर (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के कलान गांव के समीप रास्ता रोक कर बीते अप्रैल माह में हुई मारपीट की घटना में महुली पुलिस ने कथित तौर पर घायल व्यक्ति की तहरीर पर थाना क्षेत्र के कोदवट गांव के पांच लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के संबंध में थाना क्षेत्र के कोदवट गांव निवासी दुर्गेश गुप्ता पुत्र धनुषधारी गुप्ता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीते 19 अप्रैल 2024 की शाम करीब 8 बजे वह थाना क्षेत्र के कलान गांव से होते हुए अपने घर जा रहा था। पुरानी रंजिश को लेकर कोदवट गांव निवासी विपक्षी ध्रुवचन्द निषाद पुत्र रामशब्द निषाद, विद्या निषाद पुत्र जगन्नाथ निषाद,विक्रम पुत्र कन्हैयालाल, श्वेत निषाद पुत्र गिरजेश तथा विष्णु निषाद पुत्र रामनाथ गोलबन्द होकर कलान गांव के समीप उसका रास्ता रोक कर उसे रोक लिए और भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। गाली देने का विरोध करने पर उक्त सभी जान से मार देने की धमकी देते हुए उसके उपर हमला कर दिया और मारपीट कर उसे बुरी तरह घायल करने के बाद फरार हो गए। घटना के संबंध में तत्काल पुलिस एवं पुलिस उच्चाधिकारियों को प्रार्थनापत्र दिया लेकिन मुकदमा दर्ज नही किया गया तो वह न्यायालय की शरण में पहुंच गया और वाद दाखिल कर न्यायालय से मुकदमा दर्ज कराने की गुहार लगाई।

# फुटपाथ पर अवैध अतिक्रमण को यातायात पुलिस ने हटवाया

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** यातायात पुलिस ने बुधवार को विशेष अभियान चलाकर सड़क किनारे से अतिक्रमण हटवाया और आम लोगों को जागरुक किया। प्रभारी यातायात परमहंस ने अवैध अतिक्रमणकारियों को हिदायत दिया कि अतिक्रमण ना करें अन्यथा उच्चाधिकारियों के निर्देश प्राप्त होने पर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात अजीत चौहान के नेतृत्व/निर्देशन में हुआ।

प्रभारी यातायात परमहंस ने बताया कि खलीलाबाद शहर के मोती तिराहा, गोला बाजार बैंक रोड, मुखलिसपुर तिराहा, मधुकुंज समय माता मंदिर से लेकर मेहदावल बाईपास तक अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया। फुटपाथ के किनारे अवैध रूप से लगाये गये ठेले, अनियमित तरीके से किये गये वाहन पार्किंग/वाहन स्टैण्ड द्वारा किये गए अतिक्रमण को भी हटाया गया। आम जनमानस को यातायात जागरुकता के नियमों के बारे में जागरुक करते हुए वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगे वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड से न चलाने के साथ लोगों से अपील भी किया गया कि वे अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने हेतु प्रेरित करें। इस उ.नि. बीरल कुमार, हे.कां. अयोध्या साहनी, कां. मयंक कुमार पाठक, हे.कां. जमाल, कां. टीपी शाहिद सहित अन्य यातायात पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# मृत बच्चे का पीएम कराने को सीएमओ ने इंस्पेक्टर मेंहदावल को लिखा पत्र

**निजी अस्पताल में नवजात की मौत तथा शव देने के नाम पर बीस हजार मांगने के आरोप का मामला**

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** मेंहदावल तहसील क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में गर्भवती महिला के नवजात शिशु की मौत पर मृत बच्चे को अपने पास लेकर ₹ 20 हजार की मांग करने और ₹ जमा करने पर ही बच्चा देने के मामले में सीएमओ के नेतृत्व में इसकी जांच प्रारंभ कर दी गई है। वहीं सीएमओ ने थाना मेंहदावल के प्रभारी निरीक्षक रामकृपाल सिंह को अपने स्तर से बच्चे की मृत्यु के संबंध में सही जानकारी हेतु पोस्टमार्टम कराने को पत्र लिखा है।

पत्र में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रामानुज कन्नौजिया ने बताया कि बुधवार को थाना मेंहदावल के ग्राम टेंडुआ निवासी पीड़ित आशीष कुमार मिश्रा ने कहा है कि उनकी छह माह की गर्भवती पत्नी को 21.09.2024 को करीब 11:00 बजे रात्रि में दिव्यदेव हास्पिटल एण्ड मैटेरनिटी सेंटर में पेट दर्द व हल्के रक्तस्राव की शिकायत पर उपचार के लिए संपर्क किया। वहां के उपस्थित चिकित्सक ने अनट्रेंड स्टाफ को भेजकर दवा व इंजेक्शन लगवाया। जिसके कारण उनकी पत्नी को रक्तस्राव शुरू हो गया। 22.09.2024 की भोर में 03:00 बजे नवजात शिशु ने जन्म लिया जो मृत था। सीएमओ ने बताया कि इसकी जांच टीम द्वारा प्रारम्भ कर दी गई है। प्रथम दृष्टया फीट्स में कुछ अंग विकृत व बच्चेदानी में गांठ (फाइब्राईट)की जानकारी मिली है। बच्चे की मृत्यु के संबंध में सही जानकारी हेतु पोस्टमार्टम कराने की आवश्यकता है। सीएमओ ने थाना मेंहदावल के प्रभारी निरीक्षक रामकृपाल सिंह को अपने स्तर से बच्चे की मृत्यु के संबंध में सही जानकारी हेतु पोस्टमार्टम कराने को कहा है।

# पुलिस कर्मियों ने किया पूर्वाभ्यास

**प्रशिक्षण**

- एएसपी की अगुआई में पुलिसकर्मियों ने दंगा नियंत्रण के सीखे गुर
- हैंडग्रेनेड, मिर्ची बम आदि शस्त्रों को चला कर किया पूर्वाभ्यास

**संतकबीरनगर, निज संवाददाता।** एएसपी सुशील कुमार सिंह ने आगामी त्योहारों को सकुशल संपंन कराने के लिए लगातार दूसरे दिन पुलिस लाइंस के ग्राउंड में पुलिस कर्मियों को बलवा ड्रिल का पूर्वाभ्यास कराया। पुलिस बल को दंगाईयों से निपटने के लिए विभिन्न तरीके के गुर सिखाए गए।

एएसपी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि नवरात्र,दशहरा व मूर्ति विसर्जन को सकुशल व भयमुक्त वातावरण में संपंन कराने एवं जनपद में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षित कराया जा रहा है। जिससे पुलिस बल किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति से निपटने के उद्देश्य से तैयार रहे। इसके लिए रिजर्व पुलिस लाइंस परेड ग्राउड पर बलवा ड्रिल का पूर्वाभ्यास कराया गया।

इस दौरान पुलिस टीम को दंगा निरोधक, बलवा निरोधक उपकरणों का प्रशिक्षण एवं अभ्यास कराया गया। पुलिस बल के कर्मियों को विभिन्न प्रकार के शस्त्रों एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण दिलवाया गया। पुलिस बल को दंगाईयों से निपटने के लिए विभिन्न तरीके के गुर सिखाए गए।

अभ्यास के दौरान भीड़ को तितर-बितर करने के विभिन्न तरीकों के साथ फायर ब्रिगेड की गाड़ी से पानी की बौछार, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले दगवा कर अभ्यास कराया गया।

दंगाईयों पर रबर के गोले, एंटी राइट गन, रबर बुलेट गन, टीयर गैस गन, हैंड ग्रेनेड, मिर्ची बम आदि शस्त्रों को चला कर पूर्वाभ्यास कराया गया। इसके साथ ही विभिन्न टीमें बनाकर दंगा नियत्रंण के लिए अमल में लाए जाने वाले सभी विधिक प्रावधानों का पुलिस कर्मियों ने क्रंमवार अभ्यास किया।

# अतिक्रमण हटवाने के साथ ट्रैफिक की दी जानकारी

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। ट्रैफिक प्रभारी परमहंस की अगुवाई में बुधवार को विशेष अभियान चलाकर सड़क किनारे से अतिक्रमण हटवाया। इस दौरान लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी। नियमों का पालन करके सुरक्षित सफर करने का सुझाव दिया।

ट्रैफिक पुलिस की टीम ने मोती तिराहा, गोला बाजार बैंक रोड, मुखलिसपुर तिराहा, मधुकुंज तिराहा, समय माता मंदिर से लेकर मेंहदावल बाईपास तक अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को हटवाया। फुटपाथ के किनारे अवैध रूप से लगाए गए ठेले, अनियमित तरीके से किए गए वाहन पार्किंग, वाहन स्टैंड के जरिए किए गए अतिक्रमण को हटवा कर रास्ता साफ कराया। ट्रैफिक इंचार्ज परमहंस ने बताया कि वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठाएं।

बिना नंबर प्लेट लगे वाहन को न चलाए। नशे की हालत में गाड़ी कत्तई न चलाए। वाहन को ओवर स्पीड से न चलाने के साथ लोगों से अपील भी किया कि वे अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें।

# अधिकारों के लिए कानून की जानकारी जरूरी

## एनसीसी कैडेट्स के पूछे गए प्रश्नों का एडीजे ने दिया जवाब, एचआर इंटर कालेज खलीलाबाद में हुआ कार्यक्रम





हीरालाल रामनिवास इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम में एडीजे महेंद्र कुमार सिंह( दाएं से तीसरे)। उपस्थित एनसीसी कैडेट्स • जागरण

जासं, संतकबीर नगर: अपर जिला जज (एडीजे) व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि अधिकारों की रक्षा के लिए प्रत्येक नागरिक को कानून की जानकारी रखना आवश्यक है। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स द्वारा पूछे गए अनेक प्रश्नों का जवाब देकर उनके जिज्ञासाओं को शांत किया।

उन्होंने यह बातें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बुधवार को हीरालाल रामनिवास इंटर कालेज-खलीलाबाद में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में कही। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्यस्थल पर जहां महिला कर्मियों की संख्या 10 या इससे अधिक है, वहां कानून के तहत आंतरिक सुरक्षा समिति का गठन करना अनिवार्य है। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अन्जय कुमार श्रीवास्तव ने प्राधिकरण के द्वारा दिए जाने वाले विभिन्न विधिक सेवाओं के बारे में बताए। लोक अदालत, पुलिस चालान, विधि के सामान्य पहलुओं के बारे में जानकारी दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामकुमार सिंह ने कहा कि कानून के प्रति जागरूक किया जाना अच्छी पहल है। उप प्रधानाचार्य अरुण कुमार ओझा, एनसीसी के डा.चंद्र प्रकाश त्रिपाठी, डा. अभिषेक सिंह व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## गबन का आरोपी पूर्व प्रधान गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस ने बुधवार को मुखलिसपुर ओवर ब्रिज के नीचे से सरकारी धन के गबन मामले के आरोपी पूर्व प्रधान को गिरफ्तार किया। कोतवाल सतीश सिंह ने बताया कि चौकी इंचार्ज मगहर राजीव सिंह ने सूचना के आधार पर गबन के मामले में वांछित चल रहे दरुआजसी अदालत के आरोपी पूर्व प्रधान अशोक कुमार चौधरी को गिरफ्तार किया। आरोपी पूर्व प्रधान ने शौचालय का पैसा हड़प कर लिया था। आरोपी पूर्व प्रधान को कोर्ट में पेश किया गया।

## हाईवे पर पहुंचा अजगर, ट्रक की चपेट में आया

कांटे। खलीलाबाद थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बुधाकला चौराहे पर बुधवार की शाम सात बजे के लगभग रोड किनारे अजगर दिखाई दिया। जिससे रोड पर अफरा तफरी मच गई। तभी एक तेज रफ्तार ट्रक अजगर को कुचलते हुए निकल गया। ट्रक की चपेट में आने से अजगर की वहीं मौत हो गई।

## जनसहयोग से तीन सीसीटीवी कैमरे लगवाए

संतकबीरनगर। धनघटा पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत बुधवार को जनसहयोग से तीन सीसीटीवी कैमरा लगवाया। पुलिस ने कैमरे लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्ति को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। एसओ अनिल कुमार ने अपील किया कि लोग अपने- अपने घरों, कॉलोनियों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरें जरूर लगवाएं। कम से कम एक कैमरे से सड़क पर भी निगरानी रखें। जिससे कि अपराधिक व असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा सकें।

## अतिक्रमण के खिलाफ लेखपाल ने दर्ज कराया केस

धनघटा। धनघटा तहसील क्षेत्र के सिरसी में गांव के कुछ लोगों द्वारा बंजरा की भूमि पर दीवार खड़ाकर अतिक्रमण कर लिया गया है। बार-बार मना करने के बाद जब लोग नहीं माने तो सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया। उसके बाद भी चोरी छुपे उनका कार्य जारी रहा मजबूर होकर लेखपाल ने उनके ऊपर फिर मुकदमा दर्ज करवाया है।

## एमवी एक्ट में 126 वाहनों का किया गया चालान

संतकबीरनगर। एसपी सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस ने संदिग्धों की तलाश में वाहनों की चेकिंग की। पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत 126 वाहनों का चालान किया। इसके अलावा 1,62,500 रुपये शमन शुल्क की वसूली की। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# फोन पर धमकी देने वाले के खिलाफ केस

संतकबीरनगर। शहर के मेंहदावल चौक पर स्थित एक दुकान पर काम करने वाले युवक को बेवजह फोन पर मनबढ़ युवक अपशब्द कहते हुए धमकी दे रहा है। बघौली निवासी पीड़ित पन्ने लाल पुत्र स्वर्गीय बनारसी लाल का आरोप है कि वह मेंहदावल चौक पर सत्यानंद अग्रहरि की दुकान पर काम करते है। आरोप है कि बेवजह उसकी मोबाइल पर कोईरीपुरवा निवासी प्रभात मद्धेशिया उर्फ राजू ने फोन किया। फोन पर ही उसे अपशब्द कहते हुए धमकी देने लगे। माल लूट लेने को कहा। वह पता करने के लिए उसके घर गए तो वहां भी उसे अपशब्द कहा। तीन चार दिनों से राजू उसके साथ ऐसा कर रहे हैं। कोतवाल सतीश सिंह ने बताया कि इस मामले में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

# पांच लोगों पर कोर्ट के आदेश पर केस

नाथनगर। महुली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर महुली थाना क्षेत्र के कोदवट गांव निवासी एक व्यक्ति की तहरीर पर गांव के ही पांच लोगों के खिलाफ एक राय होकर वादी को रास्ते में रोककर मारने -पीटने, गाली व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है।

# लेखपाल ने दर्ज कराया मां-बेटे के खिलाफ मुकदमा

जासं,धनघटा: धनघटा पुलिस ने बुधवार को हल्का लेखपाल की तहरीर पर सिरसी गांव निवासी मां व बेटा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इनके द्वारा बंजर की भूमि पर अवैध कब्जा करने की सूचना मिलने पर हल्का लेखपाल गांव में पहुंचे थे। दीवार चलवा रहे मां-बेटे को रोकने पर ये लोग मारने-पीटने पर उतारू हो गए थे।

तहरीर में हल्का लेखपाल सुनील कुमार ने उल्लेख किया है कि सिरसी में राजस्व अभिलेख में बंजर की भूमि है। इस बंजर की भूमि पर कब्जा करने के लिए इस गांव के राहुल व उनकी मां कमलावती दीवार चलवा रहे थे। इसकी जानकारी होने पर वह निर्माण कार्य को रोकने के लिए पहुंचे। इस पर ये लोग उन्हें मारने-पीटने पर उतारू हो गए। भागकर उन्होंने अपनी जान बचायी। इसकी सूचना तहसील के अधिकारियों को दी। थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि लेखपाल की तहरीर पर दोनों आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। प्रकरण की जांच की जा रही है।

# युवक ने पेड़ से लटककर दे दी जान

## कोहराम

- शादी के बाद से ही पति-पत्नी में संबंध ठीक नहीं चल रहा था
- पुलिस जांच में जुटी, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतज़ार

बखिरा, हिन्दुस्तान संवाद। कम्हरिया गांव निवासी एक 32 वर्षीय युवक ने बुधवार की सुबह सात बजे गांव के एक आम के पेड़ से लटककर जान दे दी। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मोहम्मद नसीर ने बताया कि बेटा अब्दुल करीम उर्फ सलमान( 32) की मानसिक स्थिति ठीक नही थी। वह अक्सर उल जुलूल हरकत करता रहता था। उसकी शादी महराजगंज जनपद के लालपुर गांव में हुई थी। शादी होने के बाद से ही बेटे का अपनी पत्नी से सम्बन्ध ठीक नही था। दोनों में आए दिन तकरार होती रहती थी। उसकी दो बेटियां है। एक बेटी 12 वर्ष, जबकि दूसरी छह वर्ष की है। कुछ वर्षों से बेटे की पत्नी अपने मायके लालपुर में ही रह रही है। बुधवार को सुबह नींद खुलने पर जानकारी हुई कि बेटे अब्दुल करीम ने गांव में स्थित एक आम के पेड़ से लटककर जान दे दिया है। भागकर वह मौके पर गया।

देखा बेटा मृत अवस्था में पेड़ से लटका हुआ है। उसने इसकी सूचना तत्काल बखिरा पुलिस को दी। मौके पर ग्रामीण काफी संख्या में जुटे थे। बेटे की मौत को लेकर लोग तरह - तरह की चर्चाएं करते रहे। एसओ श्याममोहन ने कहा कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



शव मिलने की सूचना पर पहुंची बखिरा पुलिस।

# हत्या में चार वर्ष आठ माह की कारावास

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। बिना आशय हत्या के एक आरोपी अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश रमेश दूबे की कोर्ट ने दोषसिद्ध करार देते हुए चार वर्ष आठ माह 12 दिन के कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने आरोपी हरिश्चंद्र यादव पर सजा के अतिरिक्त दस हजार रुपए का अर्थदण्ड का भी फैसला दिया। अर्थदण्ड का भुगतान न करने पर आरोपी को एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विवेक प्रताप सिंह ने बताया कि प्रकरण जिले के कोतवाली खलीलाबाद थानाक्षेत्र का है।

मामला वर्ष 2020 का है। वादी के प्रार्थना पत्र पर बिना आशय हत्या का अभियोग पंजीकृत हुआ था। आरोपी हरिश्चंद्र यादव पुत्र मोहित यादव ग्राम राऊतपार थाना कोतवाली खलीलाबाद का रहने वाला है। पुलिस ने विवेचना के उपरांत आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विवेक प्रताप सिंह ने बताया कि अभियोजन साक्षियों ने अभियोजन कथानक का समर्थन किया।

पक्षों की बहस सुनने के पश्चात अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश रमेश दूबे की कोर्ट ने आरोपी को दोषसिद्ध करार देते हुए चार वर्ष आठ माह 12 दिन के कारावास की सजा सुनाया।

# शटर का ताला तोड़ कर लाखों की चोरी

सेमरियावां। दुकानदार इमरान ने बताया की सुबह दुकान पर आने पर देखा की उसके दुकान का ताला तोड़कर शटर खुला हुआ है। उसमें रिपेयर के लिए आए 12 पीस मोबाइल, इनवर्टर की बैटरी, पत्नी का झाला, हाथ से चलाने वाली बैट्री 35 पीस, कपड़ा प्रेस करने वाला तीन पीस आदि उठा ले गए।

# नवजात के शव का पीएम कराने को सीएमओ ने थानाध्यक्ष को भेजा पत्र

**निर्देश**

- कस्बे के एक अस्पताल में प्रसव के बाद नवजात की मौत होने का है आरोप
- नवजात के पिता ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस को दिया था प्रार्थना पत्र

**मेंहदावल, हिन्दुस्तान संवाद।** मेंहदावल कस्बे में स्थित एक निजी अस्पताल में प्रसूता के नवजात बच्चे की मौत के मामले में बुधवार को सीएमओ ने संबंधित थानाध्यक्ष को मृतक नवजात का पीएम कराने के निर्देश दिए हैं। इस बावत सीएमओ ने थाने पर पत्र भेज दिया है।

मेंहदावल कस्बे में स्थित एक हास्पिटल में प्रसव के दौरान नवजात बच्चे की मौत के मामले में नया मोड़ सामने आया है। बुधवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ रामानुज कन्नौजिया ने थानाध्यक्ष के द्वारा भेजे गए पत्र को संज्ञान में लेते हुए मृतक नवजात का पीएम करवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मत्र में संदर्भित किया है कि जब तक पोस्टमार्टम नहीं होगा तब तक मौत के कारण को स्पष्ट नहीं किया जा सकता है। ऐसे में उक्त प्रकरण में पोस्टमार्टम कराना आवश्यक है।

**क्या था मामला:** मेंहदावल कस्बे के टेडूआ मोहल्ला निवासी आशीष मिश्र पुत्र मोहरत ने पुलिस को एक तहरीर दी थी। जिसमें लिखा था कि उनकी पत्नी मंजुला गर्भवती थी। 21 सितंबर की रात 11 बजे अचानक उन्हें प्रसव पीड़ा शुरू हो गया। कस्बे के एक हास्पिटल के एक कर्मचारी को भेजकर घर पर ही एक इंजेक्शन लगवा दिया। इंजेक्शन लगने के बाद दर्द तेज हो गया। पत्नी को रक्तस्राव होने लगा और उनकी तबियत बिगड़ने लगी।

जैसे-तैसे पत्नी को लेकर अस्पताल पर पहुंचे तो चिकित्सक मौजूद नही मिले। पति-पत्नी डाक्टर से फोन पर अस्पताल आने की गुहार लगाते रहे, लेकिन वह नही आए। भोर में तीन बजे मरा हुआ बच्चा पैदा हुआ। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन पर आरोप लगाया है कि इलाज के लिए 20 हजार रुपए की मांग की गई। पैसे नहीं देने के कारण बच्चे के शव को देने में भी आनाकानी की गई।

# चोरी या गुम हो मोबाइल तो खुद पोर्टल पर करें कम्प्लेन

**रोहित कुमार पांडेय**

संतकबीरनगर। मोबाइल चोरी हो या फिर गुम हो तो थाने और पुलिस कार्यालय की भागदौड़ नहीं करनी पड़ेगी। शासन ने नया सीईआईआर पोर्टल लांच कर दिया है। इस पोर्टल पर पीड़ित को खुद अपनी कम्प्लेन करने की सुविधा प्रदान की गई है। इसमें शिकायतकर्ता खुद पुलिस कार्रवाई की प्रगति भी जान सकेंगे। संतकबीरनगर जिले में जनवरी 2024 से अब तक पोर्टल पर करीब 300 शिकायतें दर्ज हो चुकी है। जबकि पुलिस गुम हुए 110 मोबाइल को ढूंढ भी चुकी है। पहले अगर फोन चोरी हो जाए, तो सवाल उठता था कि आखिर उसकी शिकायत कहां की जाए। जिससे फोन को तुरंत ढूढ़ा जा सके। थाने स्तर से अगर फोन ढूढ़ने की कोशिश की जाए तो काफी लंबा वक्त लगता। पुलिस थानों में क्रिमिनल केस का इतना बोझ होता है, कि शायद पुलिस वाले फोन ढूंढने में आपकी मदद कर सकें। इसी समस्या के मद्देनजर भारत सरकार के गृह मंत्रालय के इंडियन साइबर क्राइम कोआर्डिनेशन सेंटर के जरिए नया सीईआईआर पोर्टल विकसित किया गया है। जिससे गायब या चोरी हुए फोन को खोज पाना आसान होगा। साइबर सेल थाने के एक्सपर्ट बताते है कि चोरी या गुमशुदा मोबाइल को ट्रैक करने के लिए पीड़ित खुद कंप्लेन कर सकते है।

> मोबाइल चोरी अथवा गायब होने पर सीईआईआर यानि यूपीकाप पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की सुविधा प्रदान की गई है। इसमें यह भी सुविधा है कि पीड़ित खुद पुलिस की कार्रवाई की प्रगति भी जान सकेंगे। मोबाइल चोरी या गुम होने पर लोग पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। जिससे पुलिस को मोबाइल ढूंढ़ने में मदद मिलेगी। पीड़ित को अनावश्यक भागदौड़ नहीं करनी पड़ेगी।
>
> सत्यजीत गुप्ता, एसपी, संतकबीरनगर

**नई व्यवस्था में ये हैं सुविधाएं**

पहले मोबाइल चोरी या गुम होने पर पुलिस थाने अथवा एसपी को आवेदन देना पड़ता था। इसमें बार-बार थाने से जानकारी करनी पड़ती थी। आईएमईआई को बार-बार रन कराना पड़ता है। जब तक मोबाइल में कोई सिम नही पड़ता है, तब तक कोई प्रगति नही होती है। जबकि नई व्यवस्था में एक बार चोरी या गुमशुदा मोबाइल की शिकायत पोर्टल पर दर्ज कर जाती है। जब भी मोबाइल में सिम डाला जाएगा तो उसका नोटिफिकेशन सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से पीड़ित व पुलिस को आ जाएगा। जिनका नाम पता मंगाकर पुलिस मोबाइल बरामद कर लेती है।

# दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

संतकबीरनगर। अवयस्क किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी का जमानत प्रार्थना पत्र एडीजे व विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम की कोर्ट ने निरस्त कर दिया। आरोपी रवि सिंह पर पीड़िता को जान से मारने की धमकी देकर तथा बहला-फुसलाकर सात माह से दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया है। पीड़िता पांच माह की गर्भवती है।

विशेष लोक अभियोजक पाक्सो एक्ट सत्येन्द्र शुक्ल ने बताया कि मामला जिले के महुली थानाक्षेत्र के एक गांव का है। पीड़िता का आरोप है कि उसकी उम्र 17 वर्ष है। आरोपी रवि सिंह पुत्र देवेन्द्र सिंह उर्फ देवी सिंह जान से मारने की धमकी व बहला-फुसलाकर सात माह से जबरदस्ती दुष्कर्म करता रहा। पीड़िता को लगभग पांच माह का गर्भ है। पीड़िता के प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने जान से मारने की धमकी के साथ दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया।

# थानाध्यक्ष, चौकी प्रभारी व अन्य पुलिसकर्मियों का कार्यक्षेत्र बदला

जासं, संतकबीर नगरः एसपी ने पुलिस कर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। महुली के थानाध्यक्ष रहे रामकृष्ण मिश्र को एएचटीयू का प्रभारी बनाया है। पेशी में रहे हरेश कुमार तिवारी को महुली का थानाध्यक्ष बनाया है। धर्मसिंहवा थाने के वरिष्ठ उप निरीक्षक ओम प्रकाश यादव को क्षेत्राधिकारी-खलीलाबाद कार्यालय, डीसीआरबी में रहे वरिष्ठ उप निरीक्षक शशिकांत तिवारी को धर्मसिंहवा थाने में भेजा है।

वहीं उप निरीक्षक दुर्गेश कुमार पाण्डेय को वाचक कार्यालय से हटाकर बिड़हरघाट पुलिस चौकी का प्रभारी बनाया गया है। उप निरीक्षक अरविंद कुमार यादव को पुलिस लाइन से धनघटा थाना, गोला पुलिस चौकी के प्रभारी रहे मनीष कुमार जायसवाल को मगहर पुलिस चौकी का प्रभारी, मगहर पुलिस चौकी के प्रभारी रहे राजीव सिंह को गोला बाजार पुलिस चौकी का प्रभारी बनाया गया है। जबकि उप निरीक्षक जयंत कुमार गौड़ को धनघटा थाने से पुलिस लाइन, उप निरीक्षक पवन कुमार को पुलिस लाइन से बखिरा थाना, पुलिस लाइन में तैनात रहे उप निरीक्षक राघवेंद्र प्रताप सिंह को बौरव्यास पुलिस चौकी का प्रभारी, मेंहदावल थाने में रहे उप निरीक्षक सत्येंद्र यादव को महुली थाना, बखिरा थाने में रहे उप निरीक्षक राम प्रवेश यादव को कोतवाली खलीलाबाद, बखिरा थाने में रहे उप निरीक्षक वीर बहादुर यादव को दुधारा, धनघटा थाने में रहे सहेंद्र कुमार यादव को मेंहदावल थाने में भेजा गया है। वहीं पुलिस लाइन में रहे उप निरीक्षक देव प्रयाग सिंह को धनघटा, महुली थाने में रहे उप निरीक्षक शमशेर खां को पुलिस लाइन तथा दुधारा थाने में रहे उप निरीक्षक सुरेश यादव को बखिरा थाने में भेजा गया है।

# बंदर के हमले में पांच लोग घायल

जासं,महुलीः एक बंदर के हमले में बुधवार को महुली थाना के इटौवा गांव निवासी पांच लोग घायल हो गए। उन्हें गांव के लोगों ने उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र(सीएचसी) नाथनगर में दाखिल कराया। प्रधान ने इस घटना के बारे में वन विभाग को सूचना दी लेकिन कोई कर्मी गांव में नहीं पहुंचे। गांव में दहशत का माहौल है।

महुली थाना के इटौवा गांव में बुधवार को सुबह के करीब आठ बजे खेत में काम करने जा रहे मुन्नू व विश्वनाथ मिश्र पर बंदर ने अचानक हमला कर काट दिया। इससे ये दोनों घायल हो गए। इसकी सूचना मिलने पर गांव के लोग लाठी, डंडा लेकर पहुंचे। बंदर को मारने के लिए बढ़े। इस पर बंदर भाग गया। कुछ घंटे बाद इस गांव के रवींद्र उपाध्याय, रामबरन व एक अज्ञात महिला गांव से बाहर जा रहे थे। बंदर ने इन पर भी हमला कर काट दिया।

पुनः ग्रामीण बंदर को मारने के लिए पहुंचे लेकिन वह भाग गया। बंदर के हमले में इस गांव के पांच लोगों के घायल होने से दहशत बना हुआ है। सीएचसी नाथनगर में पांचों घायलों का उपचार हुआ।

# परिस्थितियों से निपटने के लिए किया पूर्वाभ्यास

• शस्त्रों, दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन के लिए मिला प्रशिक्षण

• पानी की बौछार, आंसू गैस व रबर के गोले दागने का किया अभ्यास

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर:** एएसपी सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में आगामी पर्व को सकुशलपूर्वक संपन्न कराने, किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति से निपटने के लिए पुलिस कर्मियों ने पूर्वाभ्यास किया।

पुलिस कर्मियों को विभिन्न प्रकार के शस्त्रों, दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस बल को दंगाइयों से निपटने के लिए विभिन्न तरीके सिखाए गए। अभ्यास के दौरान भीड़ को तितर-बितर करने, पानी की बौछार करने, आंसू गैस व रबर के गोले दागने, एंटी राइट गन, रबर बुलेट गन, टीयर गैस गन, हैंड ग्रेनेड, मिर्ची बम चलाने का पूर्वाभ्यास किया। एएसपी ने बताया कि कई टीम बनाकर यह पूर्वाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी प्रियम राजेश्वर, प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार शर्मा, राजू पासवान रजनीकांत ओझा, कमलेश पांडेय, आदि कई लोग उपस्थित रहे।



पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में पूर्वाभ्यास करते पुलिस कर्मी • जागरण

# जनसहयोग से तीन स्थानों पर लगे चार सीसी कैमरे

**जासं, संतकबीर नगर:** आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत बेलहरकला पुलिस ने गत 24 सितंबर को जनसहयोग से तीन स्थानों पर चार सीसीटीवी कैमरा लगवाया है। कैमरा लगवाने वाले लोगों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए आम जनमानस से अपील की जा रही है कि वे अपने घरों, कालोनियों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे जरूर लगवाएं। कम से कम एक कैमरे से सड़क पर भी नजर रखें।

# रडार गन से तेज रफ्तार वाहनों का हो रहा चालान

- वाहनों की गति पर नियंत्रण करके हादसे को कम करने में मदद मिलने की संभावना
- इससे दो,चार पहिया सहित अन्य बड़े वाहनों के चालकों व स्वामियों में खलबली

जासं,संतकबीर नगरः गोरखपुर-लखनऊ राष्ट्रीय मार्ग पर वाहनों की गति को नियंत्रित कर हादसे में कमी लाने के लिए पहल शुरु हो गयी है। हाईवे पर स्पीड रडार गन से तेज गति से चलने वाले वाहनों की चालान काटने की कार्रवाई प्रारंभ हो गयी है। यातायात पुलिस कर्मी इस उपकरण के साथ हाईवे पर तैनात हो गए हैं। इससे दो व चार पहिया सहित अन्य बड़े वाहनों के चालकों व स्वामियों में खलबली मच गयी है।

तेज गति से वाहन चलाने के कारण अक्सर हाईवे पर हादसे होते रहते हैं। इसमें कुछ लोग घायल हो जाते हैं तो कुछ की जिंदगी चली जा रही है। इसलिए गति पर नियंत्रण करके सड़क हादसे में कमी लाने के लिए यातायात पुलिस कर्मी हाईवे पर अलग-अलग स्थानों पर स्पीड रडार गन के साथ तैनात हो गए हैं। तेज गति से वाहन चलाने वालों का इस उपकरण की सहायता से चालान काट रहे हैं। चालान कटने के बाद पंजीकृत मोबाइल नंबर पर चालान कटने का मैसेज पहुंच रहा है। ब

ुधवार को सुबह करीब साढ़े 10 बजे यातायात प्रभारी परमहंस यादव हाईवे पर मलोरना के पास स्पीड रडार गन के साथ खड़े मिले। निर्धारित से अधिक गति से चल रहे 14 वाहनों का चालान काटा। उन्होंने बताया कि रडार में आने वाले तेज रफ्तार वाहनों की तस्वीर कैमरे द्वारा स्वतः खींच उठती है।

कैमरा वाहनों की गति भांप लेता है। फोटो खींच कर वाहन का चालान कर देता है। उस वाहन का वीडियो भी बना लेता है।



मलोरना के पास स्पीड रडार गन के साथ खड़े यातायात प्रभारी परमहंस • जागरण

# न्यायिक कार्य से दूर रहे अधिवक्ताओं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

जासं, संतकबीर नगर: कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन-खलीलाबाद के अधिवक्ता बुधवार को न्यायिक कार्य से विरत रहे। इस दिन ये कलेक्ट्रेट में पहुंचकर डीएम महेंद्र सिंह तंवर को ज्ञापन सौंपा।

संगठन के अध्यक्ष एडवोकेट रवींद्र नाथ पाण्डेय ने कहा कि जिला अधिवक्ता संघ इलाहाबाद द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश अधिवक्ता मौलिक अधिकार प्रस्ताव को गत 22 सितंबर को संघ के द्वारा अनुपालन व समर्थन किया जाएगा। अधिवक्ताओं के हितों के लिए उनका संगठन सदैव तत्पर है। इन्होंने कहा कि गत 24 सितंबर को दोपहर के करीब साढ़े तीन बजे उनके संगठन की बैठक हुई थी। इसमें विभिन्न बिंदुओं पर विमर्श किया गया था। विचार-विमर्श के बाद प्रस्ताव पारित किया गया था। इस अवसर पर अधिवक्ता नन्हेंलाल, राजेश्वर राव, गोविंद सिंह, सुरेंद्र पाठक, संजीव कुमार, आनंद वीर मिश्र, इंद्रजीत यादव, रामललित के अलावा अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।



डीएम महेंद्र सिंह तंवर(दाएं)को ज्ञापन सौंपते कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अधिवक्ता।

## ग्रामीणों ने डीएम से कहा, मनबढ़ों ने रास्ते पर कर लिया कब्जा

जासं, संतकबीर नगर: बखिरा थाना के बूंदीपार गांव निवासी ग्रामीण बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित डीएम महेंद्र सिंह तंवर के कक्ष मे पहुंचे। इन्होंने डीएम को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि उनके यहां मनबढ़ों ने रास्ते पर जबरन कब्जा कर लिया है। इससे ग्रामीणों को आवागमन मे दिक्कत हो रही है। इस पर डीएम ने त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस गांव के वशिष्ठ मुनि, बसंत, हरि प्रसाद, श्यामबिहारी, प्रमोद कुमार ने कहा कि कुछ मनबढ़ों ने सार्वजनिक रास्ते पर कब्जा कर लिया है। इसका विरोध करने पर ये मारपीट करने पर उतारू हो जाते हैं। इस समस्या के कारण लोगों को आवागमन मे दिक्कत हो रही है। इन्होंने रास्ते से अवैध कब्जा हटाने की मांग की है। इस पर डीएम ने जांच कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# आम के पेड़ में लटका मिला युवक का शव

## ग्रामीणों ने यह दृश्य देखकर मचाया शोर, ग्रामीण व स्वजन घटनास्थल पर पहुंचे

जासं, बखिरा/मेंहदावल, संतकबीर नगर: बखिरा थाना के कम्हरिया गांव के पश्चिम स्थित बाग में आम के पेड़ पर बुधवार को युवक का शव लटका मिला। कुछ ग्रामीणों ने यह दृश्य देखकर शोर मचाया। इस पर ग्रामीण व परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पूछताछ करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



करीम • फाइल फोटो



घटनास्थल पर भीड़ के बीच जांच करती बखिरा पुलिस • जागरण

बखिरा थाना के कम्हरिया गांव निवासी 32 वर्षीय करीम उर्फ सलमान पुत्र मो. नसीर की शादी करीब 13 वर्ष पूर्व महराजगंज जिले के पुरंदरपुर थाना के लालपुर गांव निवासी फरीदा से हुई थी। शादी के बाद से पति-पत्नी के संबंध ठीक नहीं थे। इसके कारण इनकी पत्नी 10 वर्ष तक मायके में रही। उसके बाद वह कम्हरिया गांव स्थित अपने ससुराल में रह रही थी। करीम की सात वर्ष व 11 वर्ष की दो बेटियां हैं। वह लकड़ी काटने व बेचने का काम करता था। वह बुधवार को सुबह करीब छह बजे शौच के लिए गांव के पश्चिम बाग में गए थे।

सुबह करीब सात बजे कुछ ग्रामीणों ने आम के पेड़ में इनका शव रस्सी के फंदे में लटका हुआ देखा। इनके शोर मचाने पर ग्रामीण व परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे। इसकी सूचना बखिरा पुलिस को दी। पुलिस ने लोगों से पूछताछ की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष श्याम मोहन ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद कारण स्पष्ट हो पाएगा। रिपोर्ट के आधार पर आगे उचित कार्रवाई की जाएगी।

# लेखपाल ने दर्ज कराया मां-बेटे पर केस

**संवाद न्यूज एजेंसी**

## सिरसी में सरकारी भूमि पर कब्जा और लेखपाल से दुर्व्यवहार का मामला

**धनघटा।** क्षेत्र के सिरसी में ग्राम समाज की भूमि पर अतिक्रमण करने और मना करने पर लेखपाल से दुर्व्यवहार किए जाने के मामले में पुलिस ने बुधवार को केस दर्ज किया है।

हल्का लेखपाल सुनील कुमार का आरोप है कि सिरसी में गाटा संख्या राजस्व अभिलेख में बंजर की भूमि है। जमीन पर कब्जा करने के लिए गांव निवासी मां-बेटा दीवार चलवा रहे थे। जानकारी हुई तो निर्माण कार्य को रोकने पहुंचा जिस पर वह लोग मारने-पीटने पर अमादा हो गए। इसकी सूचना तहसील के उच्चाधिकारियों को दी गई। जब तक उच्च अधिकारी पहुंचे तब तक अतिक्रमणकारी जमीन पर दीवार चला चुके थे।

एसओ अनिल कुमार ने बताया कि इस मामले में लेखपाल सुनील कुमार के तहरीर पर सिरसी निवासी राहुल पुत्र मुन्नीलाल, कमलावती पत्नी मुन्नीलाल के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।

# फरार चल रहे वारंटी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**संतकबीर नगर :** मेंहदावल पुलिस ने फरार चल रहे वारंटी समदा गांव निवासी किशुनलाल लोध को बुधवार को उसके गांव के पास गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने के बाद उसे जेल भेज दिया। उप निरीक्षक मैनेजर यादव ने बताया कि वारंट जारी होने के बाद भी यह आरोपित कोर्ट में पेश होने की बजाय फरार चल रहा था। पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। सूचना मिलने पर वह मुख्य आरंक्षी वीरेंद्र चौधरी के साथ दबिश दिए।

# 126 वाहनों से वसूले 1.62 लाख रुपये समन शुल्क

**संतकबीर नगर :** जनपद की विभिन्न थानों की पुलिस व यातायात पुलिस कर्मियों ने बुधवार को सार्वजनिक स्थानों पर दबिश दी। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 126 वाहनों से एक लाख 62 हजार 500 रुपये समन शुल्क की वसूली की गयी। इससे देर शाम तक वाहन चालकों में खलबली मची रही।

# नवजात बच्चे के शव का होगा पोस्टमार्टम

- लापरवाही पूर्वक उपचार से बच्चे की मृत्यु का लगाया था आरोप
- पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की टीम कर रही है जांच

जागरण संवाददाता, मेंहदावल: मेंहदावल कस्बे में स्थित दिव्य देव हॉस्पिटल में प्रसव के दौरान नवजात बच्चे के मृत्यु के मामले में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ रामानुज कनौजिया ने नवजात बच्चे के शव का पोस्टमार्टम कराने का आदेश मेंहदावल पुलिस को दिया है।

उन्होंने आदेश में उल्लेख किया है कि बच्चे की मृत्यु के संबंध में सही जानकारी के लिए पोस्टमार्टम करने की आवश्यकता है। जिससे जांच को आगे बढ़ाया जा सके। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही बच्चे की मृत्यु का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा। मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देश के बाद गुरुवार को मजिस्ट्रेट की निगरानी में नवजात का शव कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही इस मामले में कुछ अग्रिम कार्रवाई हो सकेगी। स्वास्थ्य विभाग व मेंहदावल पुलिस दोनों इस मामले में अलग-अलग जांच कर रही है। उल्लेखनीय कि मेंहदावल नगर पंचायत के टेडूआ निवासी आशीष मिश्र पुत्र मोहरत ने पुलिस को दिए तहरीर में उल्लेख किया है कि उनकी पत्नी मंजुला गर्भवती थी। गत 21 सितंबर की रात 11 बजे उन्हें अचानक से दर्द शुरू हुआ। अस्पताल के जिम्मेदार चिकित्सक को मामले से अवगत कराया गया। उन्होंने निजी कर्मी को भेजकर घर पर ही इंजेक्शन लगावाया। जिसके बाद से दर्द बढ़ गया। साथ ही रक्तस्राव होने लगा। आनन-फानन में मैं अपनी पत्नी को लेकर अस्पताल पर पहुंचा। वहां पर मैं चिकित्सक दंपति से फोन पर मनुहार करता रहा लेकिन डॉक्टर मौके पर नहीं आए। सुबह 3 बजे मरा हुआ बच्चा पैदा हुआ। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन पर आरोप लगाया कि उपचार के लिए 20 हजार रुपए की मांग की गई। पैसे नहीं देने के कारण मरे हुए बच्चे को देने में भी आनाकानी की गई। इस मामले में पीड़ित ने जिम्मेदार चिकित्सक और कर्मियों के खिलाफ पुलिस से कार्रवाई की मांग की थी।

> नवजात बच्चे के शव का पोस्टमार्टम कराने का आदेश मिला है। इस मामले में एसडीएम से वार्ता होने के उपरांत मजिस्ट्रेट की निगरानी में नवजात के शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। रिपोर्ट मिलने के बाद उच्चाधिकारियों से प्राप्त निर्देश के क्रम में अग्रिम कार्रवाई होगी।
>
> रामकृपाल सिंह, प्रभारी निरीक्षक, मेंहदावल

# रास्ते के विवाद में मारपीट, केस दर्ज

संतकबीरनगर। खलीलाबाद से मनियरा जा रहे एक व्यक्ति के साथ रास्ते में मारपीट का मामला पुलिस के समक्ष आया। पुलिस ने मामले में तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया है। धर्मराज दूबे ने बताया कि वह 19 सितंबर को शाम पांच बजे खलीलाबाद से मनियरा जा रहे थे। रास्ते में रामप्रीश कुमार, सर्वेश कुमार, अंकुर उनके भतीजे हिमांशु को बेवजह गाली देकर मारपीट करने लगे। वह लोग अपना बचाव कर रहे थे। संवाद

# दंगाइयों से निपटने के लिए पुलिस ने किया पूर्वाभ्यास

**संतकबीरनगर।** पुलिस लाइंस परेड ग्राउंड में आगामी त्योहारों को देखते हुए बुधवार को आरआई रजनीकांत ओझा की देखरेख में पुलिस टीम ने पूर्वाभ्यास किया। नवरात्रि, दशहरा और मूर्ति विसर्जन को देखते हुए किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति से निपटने के लिए परेड ग्राउंड पर पुलिस ने पूर्वाभ्यास किया। इस दौरान पुलिस टीम को दंगा निरोधक, बलवा निरोधक उपकरणों का प्रशिक्षण एवं अभ्यास कराया गया। पुलिस बल के कर्मियों को विभिन्न प्रकार के शस्त्रों एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण दिया गया। दंगाइयों से निपटने के लिए विभिन्न तरीके व गुर सिखाए गए। अभ्यास के दौरान भीड़ को तितर-बितर करने के साथ फायर ब्रिगेड की गाड़ी से पानी की बौछार, लाठी चार्ज, आदि शस्त्रों को चला कर पूर्वाभ्यास किया। इस दौरान प्रशिक्षु सीओ प्रियम राजेश्वर पाण्डेय आदि मौजूद रहे। संवाद

# अभियान चलाकर हटवाया अतिक्रमण

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। शहर में ट्रैफिक पुलिस ने बुधवार को विशेष अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाया।

प्रभारी यातायात परमहंस यादव की अगुवाई में पुलिस टीम ने शहर के मोती तिराहा, गोला बाजार, बैंक रोड, मुखलिसपुर तिराहा, समय माता मंदिर से लेकर मेंहदावल बाईपास तक अतिक्रमण को हटवाया। साथ ही फुटपाथ के किनारे अवैध रूप से लगाए गए ठेले, अनियमित तरीके से किए गए वाहन पार्किंग और वाहन स्टैंड द्वारा किए गए अतिक्रमण को खाली करवाया।

पुलिस ने वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठाने, बिना नंबर प्लेट लगे वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन की ओवरस्पीड से न चलाने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान एसआई बीरल कुमार समेत अन्य उपस्थित रहे।

# महुई हत्याकांड के आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के महुई गांव में जमीन विवाद में हुई हत्या के मामले में आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई पुलिस ने की है। घटना में सेना के दो जवान समेत छह लोग आरोपी बनाए गए थे। पुलिस की रिपोर्ट के बाद डीएम ने अनुमोदन किया है।

महुई गांव में आठ जून को जमीनी विवाद को लेकर धर्मेंद्र यादव की मौत हो गई थी। पुलिस ने मामले में मृतक के पत्नी सुमन की शिकायत पर सेना के दो जवान समेत छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस को आरोपियों के घर से अवैध शस्त्र बरामद हुआ था। जिसके बाद पुलिस ने मामले में सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने के साथ ही अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाकर तोड़ दिया था।

इधर पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ कानूनी शिकंजा कसना और तेज कर दिया। इसके लिए कोतवाली पुलिस ने

## पुलिस की रिपोर्ट पर डीएम ने किया अनुमोदन

## घटना में सेना के दो जवानों समेत छह बने थे आरोपी

मामले सभी आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई के लिए डीएम से पत्राचार किया। जिस पर 24 सितंबर को डीएम ने अनुमोदन कर दिया।

कोतवाल सतीश कुमार सिंह ने बताया कि मामले में गैंगलीडर गोरखनाथ यादव पुत्र स्वर्गीय रूदल यादव निवासी महुई व सदस्य शेषनाथ यादव, बोधनाथ यादव, इन्द्रजीत यादव पुत्रगण स्वर्गीय रूदल यादव निवासी महुई, पन्नेलाल उर्फ पुन्नेलाल पुत्र पारसनाथ यादव निवासी बेलाड़ीह थाना महुली और सत्या यादव पत्नी बोधनाथ यादव निवासी महुई थाना कोतवाली खलीलाबाद के क्रिया-कलापों पर अंकुश लगाने के लिए डीएम से अनुमोदित कराकर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रहा है।

# चेन स्नेचिंग करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। ऑटो में महिलाओं के गले से सोने की चेन उड़ाने वाली एक महिला आरोपी को कोतवाली पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। उसके साथ घटना को अंजाम देने वाली दो और महिलाओं का पता चला है।

पुलिस उनकी तलाश की जा रही है। आरोप है कि इन्हीं दोनों ने मंगलवार को शिक्षिका और एक अन्य महिला के गले से सोने की चेन गायब कर दी थी। पकड़ी गई महिला के कब्जे से चोरी की एक सोने की चेन भी बरामद की गई।

आरोपी किरण ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह और उसकी साथी गुड़िया उर्फ करियाई निवासी मीरगंज थाना खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर समेत तीन महिलाओं ने रोडवेज के पास से ऑटो से सोने की चेन चुराई थी। सीओ सिटी सत्येंद्र भूषण तिवारी ने बताया कि कोतवाल राणा देवेंद्र प्रताप सिंह की टीम ने

## बस्ती पुलिस ने जीआईसी के पास दबोचा

## खलीलाबाद के सारही की रहने वाली है आरोपी किरण

आरोपी महिला किरण निवासी सारही थाना खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर को जीआईसी के पास से गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी किरन ने बताया कि 23 सितंबर को तीनों एक साथ बस्ती आई थीं। तीनों रोडवेज तिराहे से ऑटो में सवार हुई। वहीं से एक महिला अपने गोद में लिए हुए बच्चे के साथ बैठी थी।

हम लोगों ने कटेश्वर पार्क पहुंचते-पहुंचते उस महिला के पैरों को कुचलना शुरू कर दिया। उसके बच्चे को भी छीनने लगे। इतने में वह महिला भ्रमित हो गई और इसी बीच उसके गले से सोने की चेन चुरा ली। महिला के महिला अस्पताल के पास उतरते ही हम लोग वहां से आगे बढ़ गए।

# दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

संतकबीरनगर। न्यायालय अपर सत्र और विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम की कोर्ट ने किशोरी को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और दुष्कर्म करने के आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त कर दी।

किशोरी की मां ने थाना महुली में प्रार्थनापत्र देकर बताया था कि नाबालिग बेटी 14 जून को दोपहर दो बजे अभिषेक पुत्र श्यामलाल निषाद निवासी बरपरवा थाना बेलघाट जनपद गोरखपुर शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर घर से भगा ले गया। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज हुआ। आरोपी ने विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम की कोर्ट में जमानत अर्जी दाखिल की। आरोपी ने कहा कि वह बेकसूर है उसने कोई जुर्म नहीं किया है।

विशेष लोक अभियोजक फौजदारी ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि आरोपी ने नाबालिग लड़की के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया है। पीड़िता ने पुलिस को दिए बयान में आरोपी पर दुष्कर्म की बात कही है। अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की कोर्ट ने पक्षों की बहस को सुनने के बाद और पत्रावली का अवलोकन करने के बाद अभिषेक उर्फ बिन्देश की जमानत प्रार्थनापत्र निरस्त कर दिया। संवाद

**अदालत से**

## दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी रद्द

संतकबीरनगर। न्यायालय अपर सत्र और विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम की कोर्ट ने किशोरी को जान से मारने की धमकी देकर लगातार सात माह तक दुष्कर्म करने के आरोपी की जमानत प्रार्थनापत्र सुनवाई के बाद निरस्त कर दिया। किशोरी ने महुली पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर गांव का आरोपी मृत्यु का भय दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर सात माह तक दुष्कर्म करता रहा। संवाद

# मारपीट के मामले में पांच लोगों पर केस

**धनघटा।** महुली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर क्षेत्र के कोदवट गांव निवासी व्यक्ति की तहरीर पर कोदवट गांव के पांच लोगों पर मारपीट, गाली और धमकी देने का केस दर्ज किया है।

कोदवट गांव निवासी निवासी दुर्गेश गुप्ता पुत्र धनुषधारी गुप्ता ने तहरीर में लिखा है कि 16 अप्रैल की रात लगभग आठ बजे कलान गांव के पास गांव के ही ध्रुव चंद निषाद पुत्र राम शब्द, विद्या निषाद पुत्र जगरनाथ, विक्रम पुत्र कन्हैया लाल, श्वेत निषाद पुत्र गिरजेश, विष्णु निषाद पुत्र रामनाथ एक राय होकर रास्ते में रोक कर कर गाली देते हुए मारे-पीटे।

पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

# एक लाख 62 हजार शमन शुल्क वसूला

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने वाहन जांच के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों से एक लाख 62 हजार जुर्माना वसूला। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की गहनता जांच की। इस दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में कार्रवाई करते हुए 126 वाहन चालकों से शमन शुल्क वसूल किया। संवाद

# एक वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई पूरी करके जेल भेज दिया। जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर दबिश दी। थाना मेंहदावल पुलिस ने वारंटी किशुनलाल लोध पुत्र कोदई निवासी समदा को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय में पेश करके जेल भेज दिया। संवाद

# दुकान पर काम करने वाले को मिली धमकी

संतकबीरनगर। शहर के मेंहदावल चौक स्थित दुकान पर काम करने वाले कर्मी को जानमाल की धमकी मिली। पुलिस ने तहरीर मिलने पर मामले में केस दर्जकर लिया। पुलिस के अनुसार बघौली निवासी पन्नेलाल ने बताया कि वह मेंहदावल चौक स्थित दुकान पर काम करता है। उनके मोबाइल पर प्रभात उर्फ राजू निवासी कोईरीपुरवा बिना किसी कहासुनी के फोन पर गाली देने के साथ की माल लूटकर ले जाने की धमकी दे रहा था। इसके बाद उनके घर का पता करके वहां पर जाकर गाली व माल लूटने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में उक्त आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

b

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-26-09-2024

# दो महिलाओं को पीटा, चार पर केस

परसपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे अजब की सुमन ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि घरेलू विवाद में उसके ने जेठ राधे श्याम ने अपशब्द कहते हुए उसे पीट दिया। वहीं ग्राम पसका के नायब पुरवा की गुड़िया सिंह ने भूमि विवाद में जगदीश सिंह सहित तीन लोगों पर पिटाई का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि दोनो प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध थाने में धमकी सहित मारपीट का केस दर्ज हुआ है।

# कारतूस के साथ तीन लोग दबोचे

मनकापुर। कोतवाली पुलिस ने रेलवे क्रासिंग के पास से तीन लोगों को क्षेत्र भ्रमण के दौरान संदिग्ध दिखने पर तलाशी ली। इन लोगों के पास तीन तमंचा व चार कारतूस बरामद हुए। सभी आरोपियों पर केस दर्ज करके जेल भेज दिया गया। कोतवाल संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि आरोपियों में निर्मल पुत्र मिश्रीलाल निवासी मऊ, बलराम पुत्र गया प्रसाद निवासी भिटौरा थाना मनकापुर व सत्यम पुत्र इन्द्रजीत निवासी पूरेडाढू थाना वजीरगंज शामिल हैं।

# विवाहिता को भगाने में युवक पर केस

परसपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव में ससुराल से मायके आई नवविवाहिता को शादी की नीयत से क्षेत्र के एक युवक ने अगवा कर लिया। जानकारी होने पर पिता ने ग्राम मरचौर के मोनू के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मामला दूसरे समुदाय से जुड़ा है। रिपोर्ट में पिता ने कहा बीते फरवरी में उसने अपने 19 वर्षीय बेटी की शादी गैर जनपद में की था। मायके आकर वह रह रही थी। 21 सितम्बर की रात वह भोजन के बाद परिवार के बीच सो गई। सुबह अचानक संदिग्ध हालात में बेटी के गायब पर परिजनों के होश उड़ गए। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कार्रवाई की जा रही है।

# छेड़छाड़ मामले में डेढ़ माह बाद केस दर्ज

परसपुर, संवाददाता। थाना क्षेत्र के एक गांव के किनारे रास्ता रोककर एक स्कूली छात्रा से छेड़छाड़ करने व उलाहना पर घर में घुसकर मारपीट किए जाने के मामले में पुलिस ने डेढ़ माह बाद दो युवकों के विरुद्ध छेड़छाड़ सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

छात्रा ने रिपोर्ट में कहा है 7 अगस्त को विद्यालय से वापस घर जा रही थी तभी रास्ते में एक नहर के पास दो युवकों ने जबरन उसे रोक लिया, और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे। शोर पर पहुंचे लोगों के बाद उसने भागकर किसी तरह अपनी जान बचाई। परिजनों के उलाहना से गुस्साए युवकों ने उसके घर पहुंचकर छात्रा व सदस्यों को पीट दिया। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि सुमित व विनय के खिलाफ थाने में केस दर्ज हुआ है।

# छात्राओं को दिया आत्मरक्षा का मंत्र

## आयोजन

**उमरी बेगमगंज।** सुभाष इंटर कॉलेज में बुधवार को 'पुलिस की पाठशाला' का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं को ऐसा पाठ पढ़ाया गया, जिससे जुड़े सवाल हो सकता है कि परीक्षाओं में न पूछे जाएं, पर जीवन की परीक्षा की बेला में बड़े काम के साबित हो सकते हैं। शिक्षक की भूमिका पुलिस उपनिरीक्षक संजीव कुमार चौहान ने निभाई। उन्होंने यूपी-112 और 1090 के बारे में भी जानकारी दी।

प्रधानाचार्य सहदेव सिंह ने विद्यार्थियों को समझाया कि वो कल के नागरिक हैं, उनके व्यवहार से समाज का दिशा तय होगी, इसलिए मजबूत बनकर और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें। अनुशासित रहें, पढ़ाई के साथ खेलकूद पर भी ध्यान दें। स्कूल के प्रबंधक प्रशांत सिंह ने पुलिस कर्मियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।



उमरी बेगमगंज के सुभाष इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को पुलिस ने दिए सुरक्षा के टिप्स।

यह पाठशाला विद्यार्थियों के लिए बड़ी लाभदायक है। उप निरीक्षक ने बताया कि छात्र-छात्राओं को बताया कि यूपी 112 सेवा बहुत अच्छे ढंग से काम कर रही है। फोन किए जाने के सिर्फ 15 मिनट में पुलिस आ जाती है। उन्होंने कहा कि लोगों को यह भी मालूम होना चाहिए कि उनके क्षेत्र का बीट कांस्टेबल कौन है और उसका मोबाइल नंबर क्या है। महिला कांस्टेबल प्रियंका ने कहा कि एंटी रोमियो स्क्वायड मनचलों की ठीक से खबर ले रहा है। हेल्पलाइन 1090 इसलिए है ताकि अगर कोई पीड़िता अपनी पहचान को उजागर न करते हुए कार्रवाई चाहती है तो इस नंबर पर कॉल करे।

# जांच रिपोर्ट में नर्स को दोषी पाया

- तीमारदारों को पिटवाने के मामले में जांच पूरी, रिपोर्ट सौंपी
- सीसीटीवी कैमरे में बाहरी को अस्पताल में बुलाने की हुई पुष्टि

**गोण्डा, संवाददाता।** स्वशासी मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध बाबू ईश्वर शरण अस्पताल में महिला की मौत के बाद विवाद होने पर बाहरी व्यक्तियों को बुलाकर तीमारदारों को पिटवाने के मामले की जांच पूरी हो गई है। चिकित्सकों की तीन सदस्यीय टीम ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। जांच रिपोर्ट में आउटसोर्सिंग से तैनात स्टाफ नर्स दोषी पायी गयी है। उसकी सेवा समाप्त की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। इससे अस्पताल में खलबली मची हुई है। उधर, मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने इस मामले की शिकायत पर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने डीएम गोण्डा नेहा शर्मा को निर्देश दिए हैं कि वे प्रकरण की जांच एडीएम से कराएं।

हाल ही में नगर कोतवाली क्षेत्र के इमामबाड़ा निवासी महेश निषाद अपनी 40 वर्षीय भाभी अंजू को उल्टी-दस्त से पीड़ित होने के कारण इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। देर रात तबीयत बिगड़ने पर परिजनों से समुचित इलाज के लिए रुपये की मांग की गई। रुपए न देने पर इलाज में लापरवाही की गई, जिसकी वजह से महिला की मौत हो गई। परिजनों का आरोप था कि मौत के बाद मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए भी स्टाफ नर्स ने 700 रुपये की मांग की। जब परिजनों ने पैसे देने से इनकार किया और विरोध किया तो बाहरी व्यक्तियों को बुलाकर तीमारदारों की जमकर धुनाई की गई। पीड़ित के बजरंग दल से जुड़े होने के कारण मामले ने काफी तूल भी पकड़ा।

बाहर से अस्पताल में आकर मारपीट करने वाले लोगों पर कार्रवाई के लिए नगर कोतवाली को भी पत्र भेजा गया है। बताया जाता है कि अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से बाहरी व्यक्तियों की पहचान भी हो चुकी है। वहीं फोन से बाहरियों को बुलाने की पुष्टि भी फुटेज से ही हुई है। बाबू ईश्वर शरण अस्पताल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. एमडब्ल्यू खान ने कहा कि बाहरी व्यक्तियों को बुलाकर अस्पताल में तीमारदारों से मारपीट करने के मामले की जांच पूरी हो गई है। आउटसोर्सिंग पर तैनात स्टाफ नर्स को जांच रिपोर्ट में दोषी करार दिया गया है। उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# दुष्कर्म के दोषी को बीस साल की कैद

**अदालत से**

- करनैलगंज थानाक्षेत्र में फरवरी 2018 में हुई थी घटना
- अदालत ने दोषी पर 35 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

गोण्डा, विधि संवाददाता। अपर जिला जज राजेश नारायण मणि त्रिपाठी ने नाबालिग लड़की से दुराचार के जुर्म में अभियुक्त को बीस वर्ष की कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर दोषी को छह माह अतिरिक्त सज़ा भुगतनी होगी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अशोक कुमार सिंह व सुनील कुमार मिश्रा के अनुसार करनैलगंज थाने में फरवरी 2018 में वादी मुकदमा ने अपनी नाबालिग लड़की से दुराचार करने के आरोप में थाना कटरा बाजार अंतर्गत ग्राम चौधरी पुरवा निवासी चांद बाबू पुत्र सिराजुल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने प्रकरण की विवेचना के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अदालत ने अभियोजन की बहस व दलीलों को सुनने तथा पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद आरोपित को दुष्कर्म करने का दोषी करार दिया। कोर्ट ने दोषी को बीस वर्ष की कैद व पैंतीस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

इसके अलावा अर्थदंड की अदायगी न करने पर छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# तमंचा के साथ तीन गिरफ्तार

**दतौली :** मनकापुर के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि हरसिंहवा मोड़ के पास तीन संदिग्ध व्यक्ति दिखाई पड़े। तीनों को पकड़ा गया। पूछताछ में अपना नाम निर्मल निवासी ग्राम मऊ, बलराम निवासी ग्राम भिटौरा व सत्यम निवासी ग्राम पुरे डाढ़ू वजीरगंज बताया है। तमंचा व कारतूस बरामद किया गया है। (संसू)

# विवाहिता का किया अपहरण

संसू, जागरण • परसपुर (गोंडा): एक विवाहिता का अपहरण किए जाने का मामला सामने आया है। स्वजन ने मतांतरण कराने की आशंका जताई है।

गांव निवासी व्यक्ति ने दी गई तहरीर में कहा कि उसके भाई की मृत्यु हो गई थी। 22 सितंबर को तेरहवीं संस्कार में शामिल होने उसकी विवाहित पुत्री आई थी। इसी दौरान एक युवक ने उसका अपहरण कर लिया। आशंका जताई कि आरोपित उसकी पुत्री का मतांतरण करा सकता है। उधर 12वीं की छात्रा ने कहा कि स्कूल से घर जाते समय रास्ते में युवक छेड़खानी करते हैं। सात अगस्त को नहर पुलिया पर छेड़छाड़ की। आरोपित के घर उलाहना देने गई उसकी मां की पिटाई की गई। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने कहा कि छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले दो आरोपितों व विवाहिता के अपहरण के आरोपित पर मुकदमा किया गया है।

# दुष्कर्म में दोषी को 20 वर्ष का कारावास

संसू, जागरण • गोंडा : किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के दोषित को न्यायालय ने सजा सुनाई। विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट/अपर सत्र न्यायाधीश राजेश नारायण मणि त्रिपाठी ने ग्राम छोटा चौधरी पुरवा थाना कटराबाजार निवासी चांद बाबू को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषित को 30 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। साथ ही अदायगी पर अर्थदंड का पचास फीसद राशि पीड़िता व पीड़िता के विधिक प्रतिनिधि को देने का आदेश दिया है। विशेष लोक अभियोजक अशोक कुमार सिंह व सुनील कुमार मिश्र ने बताया कि दोषित ने छह जनवरी 2018 की दोपहर में थाना कटरा बाजार के एक गांव की किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म किया था।

# शादी का झांसा देकर महिला का अपहरण

**परसपुर (गोंडा)।** परसपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के पिता ने थाने पर दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी माह फरवरी 2024 में बलरामपुर जिले में की थी। उनकी बेटी विदा होकर ससुराल गई। कुछ दिनों बाद ससुराल से आकर मायके में रह रही थी। 21 सितंबर की रात वह घर में सो रही थी। दूसरे दिन जब वह सोकर उठे तो बेटी घर पर नहीं थी। तलाश करने पर पता चला कि पास गांव का रहने वाला मोनू उनकी बेटी को शादी का झांसा देकर अगवा कर ले गया। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि आरोपी मोनू के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

## तीन संदिग्ध गिरफ्तार, तमंचा व कारतूस बरामद

मनकापुर(गोंडा)। मनकापुर कोतवाल संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि एसआई उमेश सिंह बुधवार की दोपहर हमराहियों के साथ क्षेत्र भ्रमण पर निकले थे। दोपहर करीब 12 बजे बंदरहा क्रॉसिंग के आगे हरसिंहवा मोड़ के पास तीन संदिग्ध युवक दिखाई पड़े। जो पुलिस को देखकर भागने लगे। तीनों को दौड़ाकर पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर उनके पास से 12 बोर का एक व 315 बोर के दो तमंचा व चार कारतूस बरामद हुए। पकड़े गए संदिग्धों ने पूछताछ में अपना नाम कोतवाली मनकापुर क्षेत्र के मऊ गांव निवासी निर्मल, भिटौरा गांव निवासी बलराम व वजीरगंज थाना क्षेत्र के पूरेडाढ़ू गांव निवासी सत्यम बताया। तीनों के खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। तीनों से असलहों के स्रोत के बारे में पूछताछ की जा रही है। (संवाद)

## दुकान-मकान के विवाद में महिला गिरफ्तार

मुजेहना (गोंडा)। कस्बा बग्गी रोड में दुकान व मकान के कब्जे को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। जिससे बवाल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने एक पक्ष की महिला को गिरफ्तार किया है। धानेपुर थाना क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर स्थित कस्बा बग्गी रोड में रहने वाले नईम खान के मुताबिक उनका और उनकी चाचा से विवाद चल रहा है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को उनके कब्जे वाले मकान के हिस्से में विपक्षी ने ताला लगाकर कब्जा कर लिया था। जिसको लेकर विवाद हुआ है। उधर सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि इस मामले में आरोपी नासरीन का चालान किया गया है। (संवाद)

# साइबर सेल ने वापस कराई गलत खाते में गई रकम

गोंडा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि कौड़िया थाना क्षेत्र के मल्लापुर निवासी प्रदीप कुमार मिश्रा, कोतवाली मनकापुर क्षेत्र के लालपुर बंदही गांव निवासी उमेश कुमार व नवाबगंज थाना क्षेत्र के सुभागपुर गांव निवासी अजय कुमार गुप्ता ने शिकायत दर्ज कराई थी। ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के दौरान उनकी रकम गलत खाते में चली गई। इसी सूचना पर साइबर सेल ने बैंक इंटीमेडरी से संपर्क कर 37,000 रुपये वापस करा दिए। एसपी ने बताया कि साइबर ठगों से सावधान रहने की जरूरत है। किसी भी अनजान फोन कॉल पर अपनी बैंक डिटेल, ओटीपी, बायोमीट्रिक डेटा, पैन कार्ड व आधार कार्ड की डिटेल किसी के साथ साझा न करें। फ्रॉड ट्रांजेक्शन होने पर तत्काल अपने बैंक एवं थाना पर गठित साइबर सेल के साथ ही साइबर हेल्पलाइन 1930 या डायल-112 पर भी शिकायत दर्ज कराएं। जिससे समय से कार्रवाई की जा सके। (संवाद)

# किशोरी से दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में दोषी को 10 साल की सजा

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। किशोरी के अपहरण, दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के मामले में दोषी को अदालत ने 20 साल कारावास और 35 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार कटराबाजार क्षेत्र के एक व्यक्ति ने थाने में केस दर्ज कराया कि छह जनवरी 2018 को दिन में 11 बजे उसकी 14 साल की लड़की को बहला फुसलाकर मीना देवी व एक नाबालिग ने गायब कर दिया।

विवेचना में अपहरण, दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट का पुख्ता साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने नामजद बाल अपचारी के खिलाफ न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया। लेकिन मुकदमे के दौरान न्यायालय के आदेश से बाल अपचारी की पत्रावली किशोर न्याय बोर्ड भेज दी गई। जबकि वादी मुकदमा की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना पत्र की सुनवाई के दौरान पत्रावली में पर्याप्त साक्ष्य के आधार पर अदालत ने ग्राम छोटा चौधरीपुरवा निवासी आरोपी अभियुक्त चांदबाबू को विचारण के लिए तलब कर लिया।

पेश किए गए गवाहों के बयान व अभिलेखीय साक्ष्यों से संदेह से परे साक्ष्य साबित होने पर न्यायालय ने अभियुक्त चांदबाबू को दोषी करार दिया। बुधवार को निर्णय सुनाते हुए विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) राजेशनारायण मणि त्रिपाठी ने दोषी अभियुक्त चांद बाबू को अपहरण, दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के अपराध में 20 साल कठोर कारावास और 35 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-26-09-2024

# विद्यालय में चोरी करने वाले को पुलिस ने दबोचा

बलरामपुर संवाददाता। सरकारी विद्यालय में चोरी की घटना को लेकर एसपी विकास कुमार ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। एसपी के निर्देश पर बुधवार को थाना कोतवाली देहात की पुलिस ने विद्यालय में चोरी की घटना को अंजाम देने पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के साथ चोरी की गई सामान की भी बरामदगी की है।

अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव व सीओ बृजनंदन राय ने बताया कि थाना कोतवाली देहात में सरकारी विद्यालय में चोरी होने के दो मामले पंजीकृत किए गये थे। पूर्व माध्यमिक विद्यालय भकचहिया, प्राथमिक विद्यालय सेमरहना सिसई की घटना को लेकर एसपी विकास कुमार ने टीम बनाकर चोरों को गिरफ्तार करने का निर्देश जारी किया था। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि छापेमारी में सुधीर कुमार उर्फ सोनू पुत्र चंद्र प्रकाश सिंह व एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आरोपी के पास से दो अलमारी, दरी, भगौना बरामद किया है।

# महिलाओं को किया जागरूक

**जागरण संवाददाता** • **बलरामपुर**: अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-4 के तहत बेटियों व महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने को अभियान चलाया गया। ललिया व हरैया थाना की पुलिस ने गांवों के चौराहों, गांवों व भीड़ वाले स्थानों पर चौपाल लगाकर बेटियों व महिलाओं को आत्मरक्षा के बारे में जानकारी दी गई।

इसके साथ ही उन्हें वूमेन पावर लाइन 1090, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, यूपी डायल 112, आपातकालीन सेवा 181 आदि के बारे में जानकारी दी गई।

# महिलाओं को किया जागरूक

बलरामपुर। एंटी रोमियो टीम, महिला बीट पुलिस अधिकारी व नारी सुरक्षा दल की संयुक्त टीम ने बुधवार को भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में महिला खाताधारकों को ठगी से बचाव के बारे में जानकारी दी। बताया कि साइबर अपराधों से सावधान रहें। मोबाइल पर आने वाली ओटीपी किसी को शेयर न करें। लकी ड्रॉ व फ्रॉड कॉल से सावधान रहें। स्मार्ट एडिटिंग वीडियो कॉल व बैंकिंग फ्राड के बारे में भी उन्हें जानकारी दी। परिषदीय विद्यालयों, बैंक शाखाओं, गांवों व शहरों के सार्वजनिक स्थलों पर टीम ने कार्यक्रम करके छात्राओं, बेटियों व महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090, 181 व 1098 आदि के बारे में जानकारी दी। (संवाद)

# गाली देने वाले पर कार्रवाई की मांग, नारेबाजी

संवादसूत्र, जागरण • तुलसीपुर (बलरामपुर): तुलसीपुर निवासी अखिलेश कश्यप द्वारा फेसबुक पर गत दिनों उतरौला में जुलूसे मोहम्मदी के दौरान लगे राष्ट्र विरोधी नारों का वीडियो पोस्ट किया गया। इस पर कोतवाली जरवा के रनियापुर निवासी फहीम ने उत्तेजक टिप्पणी कर दी। इसको लेकर बवाल मच गया। हिंदू संगठन के लोगों ने थाना परिसर में नारेबाजी कर फेसबुक से नंबर निकालकर गाली देने वाले फहीम के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।



थाना तुलसीपुर परिसर में नारेबाजी करते हिंदू संगठन के लोग • जागरण

हिन्दू संगठन के नेता दिलीप गुप्त के नेतृत्व में शैलेश कश्यप, राजा सिंह, राजकुमार कश्यप, रवि यादव, गोलू कश्यप, प्राणनाथ पांडेय, शुभम गुप्त, रजनीश कश्यप, सत्येंद्र सिंह, राहुल गुप्त, सोमनाथ पांडेय, राजेश कुमार निषाद, निखिल जयसवाल, रजत सोनी, आजाद सिंह, संतोष गुप्त व राजन पटवा ने थाना परिसर में नारेबाजी की।

पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई किए जाने की मांग की। वहीं, दिलीप गुप्त ने कहा कि यह किसी भी तरह से बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

अखिलेश कश्यप ने बताया कि उसने उतरौला में नारेबाजी का वीडियो फेसबुक पर दो दिन पीले पोस्ट किया था। जिसे लेकर फहीम ने हमारे पोस्ट पर उत्तेजक शब्दों का इस्तेमाल किया तथा फेसबुक से नंबर निकालकर फोन किया। आरोप लगाया कि फोन पर उसने मुझे एवं हिंदू देवी देवताओं को गाली दी। प्रभारी थाना अध्यक्ष क्राइम ब्रांच के सब इंस्पेक्टर कन्हैया कुमार ने बताया कि फहीम के खिलाफ नामजद प्रार्थना पत्र मिला है। मामले की छानबीन की जा रही है। दोषी पर कार्रवाई की जाएगी।

जिले की महत्वपूर्ण खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें

# पुलिस ने लोगों को जागरूक किया

बलरामपुर। मिशन जागरूकता के तहत बुधवार को उप निरीक्षक अविरल शुक्ला ने बलुहा चौकी क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि लोगों को ऑनलाइन फ्रॉड के साथ-साथ कानून की भी जानकारी दी गई। जिससे लोग सतर्क रहें और अपराध से बच सकें।

# विद्यालयों में चोरी करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता • बलरामपुर:** परिषदीय विद्यालयों में चोरी करने वाले दो बदमाशों को देहात कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चोर की पहचान गौरा चौराहा के परसा चौबेपुर गांव निवासी सुधील कुमार सिंह उर्फ सोनू सिंह के रूप में हुई है। चोरी में शामिल दूसरा अभियुक्त बाल अपचारी है। अन्य दो की तलाश पुलिस कर रही है। चोर के पास से विद्यालय से चुराए गए सामान बरामद हुए हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्व माध्यमिक विद्यालय भकचहिया बेलहा और प्राथमिक विद्यालय सेमरहना सिसई में चोरी की घटनाएं हुई थीं। इसमें विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने देहात कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था।

प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छानबीन शुरू की तो सुधील कुमार सिंह उर्फ सोनू सिंह के साथ बेलहा गांव निवासी हरिओम सिंह उर्फ बंटी सिंह, अतीश दुबे व एक बाल अपचारी के नाम सामने आए। स्कूलों से चुराई गई दो अलमारी, दरी, भगौना, थाली, कुर्सी आदि बरामद किया गया है। हरिओम व अतीश की तलाश पुलिस कर रही है। शीघ्र ही दोनों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।



पकड़े गए चोर के बारे में जानकारी देतीं अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव (बाएं) • सौ. पुलिस मीडिया सेल

## वांछित चल रहे आरोपित को किया गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता • बलरामपुर:** उतरौला कोतवाली की पुलिस ने वांछित आरोपित की गिरफ्तारी की है। प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे ने बताया कि भारत एजेंसी के प्रोपराइटर अलीफजौत गांव निवासी अजीज अहमद की गिरफ्तारी की गई है। आरोपित के विरुद्ध लखनऊ के आशियाना थाना में मुकदमा दर्ज था।

# अब राजस्व कर्मियों की भूमिका की जांच

**बलरामपुर।** उतरौला व सादुल्लाहनगर के पूर्व सपा विधायक आरिफ अनवर हाशमी पर शिकंजा कसता जा रहा है। थाने की जमीन पर कब्जा करने के मामले में पूर्व विधायक के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने के बाद पुलिस अब राजस्व कर्मियों की भूमिका की जांच कर रही है।

01 अप्रैल 2024 को लेखपाल सुनील कुमार ने सादुल्लाहनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें थाने की जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए पूर्व विधायक समेत अन्य पर आरोप लगाए गए थे। इस मामले में सड़क किनारे थाने के नाम तथा थाना परिसर में चारदीवारी के अंदर भूमि के अभिलेखों में छेड़छाड़ का आरोप लगाया गया था। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव का कहना है कि पूर्व विधायक के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है। अब राजस्व कर्मियों की भूमिका की जांच की जा रही है। इसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

अमर उजाला फॉलोअप

# स्कूलों में चोरी के दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

बलरामपुर। स्कूलों में चोरी के दो आरोपियों को देहात कोतवाली की पुलिस ने बुधवार को दबोच लिया, चोरी का सामान भी बरामद कर लिया है। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि देहात कोतवाली क्षेत्र के तीन विद्यालयों में चोरी हुई थी। पूर्व माध्यमिक विद्यालय भकचहिया, बेलहा व प्राथमिक विद्यालय सेमरहना सिसई के प्रधानाध्यापकों ने तहरीर देकर केस दर्ज करवाया था। मामले में पुलिस टीम ने गौरा चौराहा थाना के ग्राम परसा चौबेपुर निवासी सुधील कुमार सिंह व एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों ने पूछताछ के दौरान स्वयं के साथ दो अन्य के नामों का भी खुलासा किया है। चोरी में शामिल दो अन्य की भी तलाश की जा रही है। इनके पास से दो लोहे की अलमारी, लाल व नीले रंग की दरी, दो भगोने, तीन थाली, दो चम्मच, चार प्लास्टिक की कुर्सी, लोहे की बेंच बरामद हुई है। (संवाद)

## सामान बरामद, चोरी में शामिल दो अन्य की तलाश

# नेपाल सीमा पर एसएसबी के साथ करें कांबिंग : डीआईजी

बलरामपुर। देवीपाटन रेंज के डीआईजी एपी सिंह ने मंगलवार की रात को पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा को लेकर नये सिरे से रणनीति तैयार की गई। सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ मिलकर स्थानीय पुलिस को कांबिंग करने को कहा गया। डीआईजी ने शांति व्यवस्था प्रभावित करने वाले असामाजिक व शरारती तत्वों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कहाकि ब्लैक मनी संचरण पर रोकथाम के लिए अभियान चलाया जाए। अवैध मादक पदार्थों एवं शराब की तस्करी पर रोकथाम के लिए विशेष मुहिम चलाएं। दुर्गापूजा, रामलीला, दशहरा आदि को लेकर की गई तैयारियों के बारे में जानकारी ली गई। साथ ही अन्य निर्देश दिए गए।

डीआईजी ने सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने तथा सांप्रदायिक सौहार्द प्रभावित करने वाली भ्रामक पोस्टों पर तत्काल कार्रवाई करने के लिए भी निर्देशित किया। एसपी विकास कुमार ने कार्ययोजना को लेकर जानकारी दी। एएसपी दक्षिणी नम्रिता श्रीवास्तव, उत्तरी योगेश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजद थे। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-26-09-2024

# दहेज हत्या आरोपी गिरफ्तार

विशेश्वरगंज। प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि पूरे दीननामगढ़ थाना इकौना श्रावस्ती निवासी लवलेश कुमार श्रीवास्तव पुत्र श्याम नरायण श्रीवास्तव की तहरीर पर जुलाई में चार लोगों पर भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत दहेज हत्या का केस दर्ज कराया था। तभी से मुख्य आरोपी मृतका का पति फरार चल रहा था।

हिन्दुस्तान

जांच में सरकारी जमीन पर मिले थे मकान, हाईकोर्ट के आदेश पर हुई कार्रवाई, डटे रहे पुलिस और पीएसी के जवान

# सराय जगना गांव में बुलडोजर ने 23 पक्के भवन जमींदोज किए

अतिक्रमण पर वार

फखरपुर, संवाददाता। फखरपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत सराय जगना में सरकारी जमीन पर बने ढाई दर्जन के करीब मकानों पर बुधवार को बुलडोजर चल गया। नोटिस देने के बाद भी कब्जेदार हटने को तैयार नहीं थे। अवैध कब्जा हटाने पर ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए मौके पर एसडीएम कैसरगंज व पुलिस संग पीएससी के जवान भी मुस्तैद रहे। यह कार्रवाई हाईकोर्ट के आदेश पर तहसील प्रशासन की ओर से की गई है।

जिले में फखरपुर के सराय जगना में हाईकोर्ट के आदेश पर प्रशासनिक अमले व भारी सुरक्षा बल की मौजूदगी में बुधवार को खलिहान की भूमि पर बने 23 मकानों को बुलडोजर ने एक-एक कर धराशाई कर दिया। लगभग एक वर्ष से यह कार्रवाई कानूनी पेचीदगियों के चलते टल रही थी। बुधवार को एसडीएम कैसरगंज आलोक प्रसाद जब भारी लाव लश्कर, बुलडोजर लेकर पहुंचे, तो अवैध अतिक्रमणकारियों में अफरा- तफरी मच गई।



फखरपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत सराय जगना में अवैध निर्माण को ढहाने में लगा बुलडोजर।

## सात दिन पहले तहसील से जारी हुई नोटिस

पिछले सप्ताह बुधवार को तहसील प्रशासन ने अवैध निर्माण करने वाले 23 लोगों को नोटिस जारी की थी। उन्हें सरकारी भूमि पर बने अवैध निर्माण को बिल्कुल खाली करने की चेतावनी दी गई थी। भूमि खाली न करने पर तहसील प्रशासन ने बुधवार को बुलडोजर की कार्यवाई करते हुए अवैध रूप से बने 23 मकान व दुकानों को एक- एक कर ढहा दिया।

## एक साल पहले भी दी गई थी नोटिस

थाने के सराय जगना गांव निवासी वसीम खान, कुलसुम, अबू सहमा, मोसिम जोधु, जावेद, फहद सिद्दीकी, फारुख खा, जुबेर, शहजाद, समेत अन्य को 10 नवंबर 2023 को बेदखली का नोटिस दिया गया था। इसके बाद भी कब्जा नही छोड़ा गया। कोर्ट के आदेश के बाद तहसील प्रशासन ने तेजी पकड़ी थी। इससे गांव के सैकड़ों ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।

" वजीरगंज निवासी हदीसुल ने रास्ते के विवाद को लेकर हाईकोर्ट में अपील की थी। जिसके आदेश के पालन में सरकारी भूमि में अवैध रूप से बनाए गए 23 मकान चिन्हित कर बुलडोजर की कार्यवाई की जा रही है।

-आलोक प्रसाद, एसडीएम, कैसरगंज

# मछली मंडी पर ब्रेक ढहाया अतिक्रमण

बहराइच, संवाददाता। रिसिया रेलवे स्टेशन परिसर में लंबे समय से चल रही अवैध मछली मंडी को बुधवार हटवा दिया गया। बुलडोजर से दुकानों को भी ढहा दिया गया। सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे अधिकारी व पुलिस के जवान मुस्तैद रहे। सात दिनों के अंदर पूरी तरह से परिसर छोड़कर सामान समेटने की चेतावनी दी गई है। रेलवे के इस कदम से अतिक्रमणकारियों की नींद उड़ गई है। ढहाए गए मलबे को लोग समेटने में लगे रहे।

रिसिया रेलवे स्टेशन परिसर में खाली पड़ी जमीन पर मछली मंडी का संचालन हो रहा था। मछली मंडी के नाम पर दुकानें स्टेशन भवन तक बढ़ाई जा रही थी। मंडी से कुछ ही दूरी पर मंदिर व स्कूल का संचालन होने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही थी। कई बार रेलवे बोर्ड को शिकायती पत्र भेजकर पूरे प्रकरण की जानकारी दी गई, लेकिन कोई कदम नहीं उठाए जा रहे थे।

कस्बे के लोगों के आंदोलन की चेतावनी पर रेलवे के अधिकारियों ने बुधवार को बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटवाया। लोगों के विरोध को देखते हुए आरपीएफ के जवान भी मौके पर मौजूद रहे। कार्य निरीक्षक नीरज कुमार व उप निरीक्षक ब्रिजेश गुप्ता ने बताया कि अवैध अतिक्रमण का हटा दिया गया है। सात दिनों में पूरी तरह से कैंपस खाली करने की चेतावनी भी दे दी गई है।

# लाखों की नकदी बरामद, दो गिरफ्तार

संसू, जागरण • बहराइच : नेपाल का बांके जिला तराई के बहराइच से जुड़ा हुआ है। बुधवार को पुलिस ने नेपालगंज में छापा मारकर दो लोगों को गिरफ्तार कर इनके पास 16 लाख से अधिक की नकदी बरामद की। बांके जिले के डीएसपी व पुलिस प्रवक्ता नारायन डांगी ने बताया कि नेपालगंज उप महानगर पालिका वार्ड नं 4 गणेशपुर स्थित मोहम्मद कादिर सिद्दीकी व मोहम्मद हबीब सिद्दीकी के पास से 16 लाख 10 हजार 255 नेपाली मुद्रा व 59 हजार 500 मुद्रा बरामद की गई है। दोनों आरोपितों के घरों को खंगाल कर विभिन्न बैंकों व विभिन्न व्यक्तियों के नाम बैंक वाउचर भी बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 10 व 11 मार्च को नेपालगंज में ही एक करोड़ 56 लाख 28 लाख 300 की नेपाली मुद्रा व 16 लाख 65 हजार 600 भारतीय मुद्रा समेत आठ लोगों को पकड़ा गया था। 16 जुलाई को चार युवकों को 24,62,315 रुपयों की नेपाली मुद्रा के साथ गिरफ्तार किया गया था।

# अर्दली रूम के दौरान तल्ख रहे एएसपी के तेवर

जासं • बहराइच : एएसपी रामानंद कुशवाहा ने बुधवार को थाना दरगाह शरीफ के विवेचकों का अर्दली रूम कर विवेचना के स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने लंबित विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया।

एएसपी ने वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने व यातायात नियमों का पालन कराने के दृष्टिगत चार पहिया/दोपहिया वाहनों में बिना नंबर प्लेट, बिना हेलमेट, तीन सवारी, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, लाल नीली बत्ती व प्रेशर हार्न आदि का चालान करने के लिए निर्देशित किया गया। बैंकों की नियमित चेकिंग करने की बात कही। एक्सीडेंट की घटना को ई-डीपीआर एप पर मौके पर फीडिंग करने के लिए निर्देशित किया गया व आइजीआरएस की प्रार्थना पत्रों को समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की बात कही। जीआइसी चौकी के अंतर्गत बाइक चोरी की घटनाओं पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने, नियमित वाहन चेकिंग व रात्रि गश्त के लिए सख्त निर्देश दिए। महिला अपराध संबंधी प्रार्थना पत्रों व पंजीकृत अभियोगों के शीघ्र निस्तारण को निर्देशित किया।

# एक अक्टूबर से तय रूटों पर ही चल सकेंगे ई-रिक्शे

## शहरवासियों को जाम की समस्या से निजात दिलाए के लिए प्रभावी होगी वन-वे रूट डायवर्जन व्यवस्था

**जागरण प्रभाव**

जासं • बहराइच : आमजन को जाम की समस्या से निजात दिलाए जाने के उद्देश्य से नगर क्षेत्र में एक अक्टूबर से वन-वे रूट डायवर्जन व्यवस्था प्रभावी हो जाएगी। रूट डायवर्जन व्यवस्था सुबह नौ से रात्रि 10 बजे तक प्रभावी रहेगी। स्कूल वाहन, एंबुलेंस व अन्य आपातकालीन सेवाएं डायवर्जन व्यवस्था से मुक्त रहेंगे। इसके अलावा त्योहार, जुलूस या अन्य किसी विशेष आयोजन के समय आवश्यकता अनुसार रूट में परिवर्तन किया जा सकता है।

दैनिक जागरण ने 24 सितंबर के अंक में 'उफ! इतना जाम...वाहन छोड़िए पैदल चलना तक हो रहा मुश्किल' शीर्षक से खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया। खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन एवं पुलिस ने जाम से निजात दिलाने का प्लान तैयार किया।



पानी टंकी चौराहे पर खड़े ई-रिक्शे • अरुणा दीक्षित

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि तिकोनीबाग चौराहा से रोडवेज होकर आने वाले ई-रिक्शा को गुरुद्वारा तिराहे से नगरपालिका होते हुए डीएम तिराहा की तरफ डायवर्जन किया जाएगा। डीएम तिराहा से नगर पालिका होते हुए आने वाले ई-रिक्शा का गुरुद्वारा तिराहा से रोडवेज, तिकोनीबाग की तरफ डायवर्जन किया जाएगा। बशीरगंज से गुदड़ी होते हुए पीपल तिराहा आने वाले ई-रिक्शा का गुरुद्वारा की तरफ डायवर्जन किया जाएगा। पीपल तिराहा से गुदड़ी बाजार, बशीरगंज की ओर ई-रिक्शा प्रतिबंधित रहेगा। इसी प्रकार ट्रांसफार्मर तिराहा, मूंगफली मंडी होते हुए घंटाघर की तरफ आने वाले ई-रिक्शा का चांदपुरा की तरफ डायवर्जन किया जाएगा। घंटाघर से ट्रांसफार्मर तिराहा, मूंगफली मंडी की ओर ई-रिक्शा प्रतिबंधित रहेगा। अस्पताल चौराहे से छोटी बाजार, कानूनगोपुरा होते हुए घंटाघर आने वाले ई-रिक्शा को घंटाघर से छावनी की तरफ डायवर्जन किया जाएगा। घंटाघर से कानूनगोपुरा, अस्पताल चौराहा की ओर ई-रिक्शा प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा छावनी चौराहा से घंटाघर, पीपल तिराहा आने वाले ई-रिक्शा पूर्णतया प्रतिबंधित रहेंगे।

छावनी चौराहा की तरफ से घंटाघर आने वाले ई-रिक्शा का चांदपुरा चौराहे से पुराना नानपारा बस स्टैंड से आगे आकर केवानागंज मोड़ से तांगा स्टैंड से छावनी बाजार की तरफ डायवर्जन किया जाएगा। गुरुद्वारा तिराहा, छावनी चौराहा, चांदपुरा चौराहा की तरफ से घंटाघर की ओर ई-रिक्शा नहीं जा सकेगा, जबकि फखरपुर-कैसरगंज की ओर से आने वाले आटो गोलवाघाट तक ही आ सकेंगे। शहर के अंदर आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

# लंबित विवेचनाओं को शीघ्र करें पूर्ण

**बहराइच।** एएसपी नगर रामानंद कुशवाहा ने दरगाह शरीफ थाने में विवेचनाओं की समीक्षा की। इस दौरान लंबित विवेचनाओं को देख उन्होंने नाराजगी जाहिर की और शीघ्र निस्तारण के लिए निर्देशित किया। साथ ही वाहन चोरी की घटनाओं पर पूर्ण अंकुश लगाने व यातायात नियमों का पालन कराए जाने आदि के लिए निर्देश दिया। (संवाद)

# आत्महत्या के लिए उकसाने वाले को जेल

**बहराइच।** विशेश्वरगंज थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि रमनगरा बेसिया निवासी सुनील कुमार पर आत्महत्या के दुष्प्रेषण का मुकदमा दर्ज है। आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही थी। गुप्त सूचना पर बुधवार को आरोपी को श्रीनगर बाजार के पास बड़ागांव नहर पुल से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। (संवाद)

## छह वारंटी गिरफ्तार

**इकौना (श्रावस्ती)।** इकौना पुलिस ने बुधवार क्षेत्र भ्रमण के दौरान छह वारंटियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार पासी पुरवा निवासी सूबेदार, संचित यादव, राजकुमार उर्फ कुंवारे, मुबारक नगर निवासी अकील, मदारा निवासी बेनी माधव मिश्रा व चंद्रदेव यादव के विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर संबंधित न्यायालय के सुपुर्द कर दिया है। (संवाद)

## किशोरी का अपहरणकर्ता गिरफ्तार

बहराइच। जरवलरोड थाना प्रभारी वृजराज प्रसाद ने बताया कि हसना धवरिया के भुंडेपुरवा निवासी सूरज पर किशोरी के अपहरण व पॉक्सो का मुकदमा दर्ज है। बुधवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। टीम में उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार यादव, सिपाही रामसागर वर्मा, व्यास मुनि वर्मा शामिल रहे। (संवाद)

## धर्म परिवर्तन के आरोपी को जेल

बहराइच। कैसरगंज कोतवाल राजनाथ सिंह ने बताया कि डिहवा शेरबहादुर निवासी सहादत अली पर उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज है। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। (संवाद)

## मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

बहराइच। नवाबगंज थाना प्रभारी शीला यादव ने बताया कि केवलपुर निवासी गुज्जू खान पर घर में घुस कर मारपीट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है। बुधवार को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक अशोक कुमार जायसवाल, सिपाही राधेश्याम यादव, स्वतंत्र विक्रम सिंह शामिल रहे। (संवाद)

## एनडीपीएस का वारंटी को पकड़ा

बहराइच। नगर कोतवाल मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि नाजिरपुरा निवासी मकसूद उर्फ लंबू पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। आरोपी न्यायालय से फरार चल रहा था। जिसे उपनिरीक्षक विशेष सिंह, हेड कांस्टेबल नागेन्द्र प्रसाद व पंकज गुप्ता की टीम ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। (संवाद)

## जुआ खेलने के आरोप में दो गिरफ्तार

बहराइच। नगर कोतवाल मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि बुधवार को छोटी तकिया के पास जुआ खेले जाने की गुप्त सूचना मिली थी। जिस पर उपनिरीक्षक दीपेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल सुरेंद्र यादव, सुग्रीव यादव व धनंजय यादव की टीम मौके पर पहुंची। जहां से धनकुट्टीपुरा निवासी फरियाद व चिक्कीपुरा निवासी साबिर को गिरफ्तार किया गया। (संवाद)

## लकड़कट्टा गिरफ्तार

**बहराइच।** मोतीपुर थाना प्रभारी राकेश कुमार पांडये ने बताया कि बंजारन टांडा निवासी बब्बू पर वन अधिनियम की विभिन्न धाराओ में मुकदमा दर्ज है। आरोपी न्यायालय पर हाजिर नहीं हो रहा था। जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है। टीम में उपनिरीक्षक सुरेश चंद्र गिरि व सिपाही अनूप ओझा शामिल रहे। (संवाद)

# 23 घरों व दुकानों पर चला बुलडोजर

## हाईकोर्ट के आदेश पर फखरपुर के वजीरगंज बाजार में कार्रवाई

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**फखरपुर(बहराइच)।** कैसरगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत सराय जगना के वजीरगंज बाजार में रास्ते व खलिहान की जमीन पर अवैध रूप से पक्के मकान बना लिए गए थे। जिस पर बुधवार को हाईकोर्ट के आदेश पर बुलडोजर चला दिया गया। भारी पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे एसडीएम आलोक कुमार ने 23 पक्के घरों को बुलडोजर से गिरवाकर जमीन को कब्जामुक्त करवाया। इस दौरान काफी गहमागहमी का माहौल रहा।

कैसरगंज तहसील के फखरपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत सराय जगना में गाटा संख्या 92, 211 और 212 की जमीन खलिहान और रास्ते के लिए दर्ज है, लेकिन इसी जमीन पर गांव के लोगों ने कब्जा कर मकान बना लिया है। जिसे खाली करवाने के लिए हाईकोर्ट ने आदेश जारी किया था। इस पर बुधवार को भारी पुलिस फोर्स, पीएसी जवानों के साथ एसडीएम कैसरगंज आलोक कुमार सराय जगना पहुंचे।

एसडीएम ने सरकारी जमीन पर बने अवैध घरों पर बुलडोजर की कार्रवाई शुरू करवाई। इस दौरान गांव में अफरातफरी का माहौल रहा और भारी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा रहे। गहमागहमी के बीच भी बुलडोजरों से एक-एक कर 23 पक्के घरों को ध्वस्त कर जमीन को कब्जा मुक्त कर दिया। एसडीएम आलोक कुमार ने बताया कि पहले शिफ्ट में 23 घरों को तोड़कर सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त किया गया है। सुरक्षा के लिहाज से गांव में भारी संख्या में पुलिस व पीएसी तैनात है।



सरकारी जमीन पर बने अवैध मकान को तोड़ती जेसीबी। संवाद

### विवाद ने बोया बुलडोजर कार्रवाई का बीज

सराय जगना के कुछ ग्रामीणों ने बताया कि गांव निवासी गुड़िया व जावेद के बीच कुछ फीट रास्ते को लेकर विवाद हो गया था। देखते ही देखते विवाद ने तूल पकड़ लिया और मामला हाईकोर्ट तक पहुंच गया। जहां सुनवाई के दौरान जिला प्रशासन को पता चला कि जिसके लिए विवाद हो रहा है, वो जमीन सरकारी है। जिसके बाद जिला प्रशासन ने नोटिस जारी किया। सराय जगना में लगभग 129 फूस व पक्के मकान सरकारी जमीन पर कब्जा कर बनाए जाने का दावा किया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों की मानें तो इन सभी 129 घरों को तोड़ा जाना है।

### एक साल पहले दिया था नोटिस

खलिहान व रास्ते की सरकारी जमीन पर अवैध रूप से किए गए कब्जे की जानकारी होने पर एक साल पूर्व 2023 में ही तहसील प्रशासन ने नोटिस दिया था। जिसमें सरकारी जमीन पर बने सभी घरों के स्वामियों को स्वतः घर खाली करने की बात कही गई थी, लेकिन ग्रामीणों ने ध्यान नहीं दिया और बुधवार को बुलडोजर कार्रवाई की शुरुआत हुई।

### घंटों में मिट्टी में मिल गया घरौंदा

**फखरपुर(बहराइच)।** फखरपुर ब्लॉक के वजीरगंज बाजार में बुधवार को शुरू हुई बुलडोजर की कार्रवाई ने कई परिवारों को बेघर कर दिया। सभी खुले आसमान तले रहने को विवश हो गए। फखरपुर विकासखंड का वजीरगंज बाजार मुस्लिम आबादी से भरा हुआ है। यहां के लोगों ने गाढ़ी कमाई कर एक-एक तिनका जोड़ा, इसके बाद पक्का निर्माण कराया। बुधवार को पूरे दिन चले अभियान में 23 मकान पूरी तरह जमींदोज हो गए। चारों तरफ लोग रोने लगे। वहां माहौल पूरी तरह गमगीन हो गया। लेकिन अधिकारी भी कोर्ट के आदेश का अनुपालन करवाने के लिए मजबूर दिखे। हालांकि शाम चार बजे तक चले अभियान में 11 दुकान व 12 मकान पूरी तरह से मिट्टी में मिल गए।

एसडीएम कैसरगंज आलोक कुमार ने बताया 11 दुकान व चार खाली जगह आठ मकान पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। इसके अलावा वजीरगंज बाजार में रियाज खान, शाहरुख खान, मुकीत खान, दरी खान, कुलसुम, इश्तियाक भाई, नजीर अहमद, फहीम खान, शहजाद, अबू सहमा, बेचन, औराई, सहमत, असलम खान, आमिर अहमद समेत 23 मकान शामिल हैं। (संवाद)

### मछली मंडी में रेलवे की बुलडोजर कार्रवाई

**रिसिया (बहराइच)।** रिसिया स्थित रेलवे कैंपस में काफी दिनों से अवैध तरीके से मछली मंडी, कई चिकन शॉप चल रहे थे। बगल में मंदिर व परिषदीय विद्यालय तक इसकी दुर्गंध पहुंच रही थी। कस्बेवासी काफी दिनों से इसे हटाए जाने की मांग कर रहे थे। बुधवार को रेलवे प्रशासन ने बुलडोजर से अतिक्रमण को हटवा दिया। रेलवे के निरीक्षक आईओडब्ल्यू नीरज कुमार, आरपीएफ के उप निरीक्षक बृजेश गुप्ता ने बताया कि रेलवे स्टेशन कैंपस के पीछे रेल की भूमि पर अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को हटाया गया है। (संवाद)

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-26-09-2024

# भ्रमण कर एसपी ने सुरक्षा परखी

श्रावस्ती। सुरक्षा इंतजमों की हकीकत जानने के लिए एसपी ने भिनगा कोतवाली क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने शान्ति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने को पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च भी किया। उन्होंने शांति व्यवस्था व सौहार्द्र बनाए रखने के लिए लोगों से अपील की। उन्होंने कहा कि कोई समस्या है तो पुलिस को अवगत कराएं। जिसका समाधान किया जाएगा। माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। भ्रमण के दौरान एसपी ने ड्यूटीरत डायल 112 की पीआरवी को चेक किया व पुलिस कर्मियों को सतर्क रहकर ड्यूटी करने को निर्देशित किया।

# व्यापारियों ने उठाया सड़क पर अतिक्रमण का मुद्दा

संसू, जागरण • श्रावस्ती : पुलिस कार्यालय सभागार में बुधवार को व्यवसायियों व भट्ठा स्वामियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था व समस्याओं के निस्तारण के संबंध में गोष्ठी हुई। अध्यक्षता सीओ संतोष कुमार ने की। उन्होंने व्यापारियों से उनके क्षेत्र की समस्याएं जानी। व्यापारियों ने सीओ को सड़क पर अतिक्रमण, टैक्सी, बस स्टैंड की व्यवस्था न होने, थाना व पुलिस चौकियों पर निरंतर बैठक न होने की समस्याओं से अवगत कराया।

सीओ ने भीड़भाड़ वाले स्थानों, बाजारों व कस्बों में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने, अतिक्रमण विरोधी अभियान चलवाने, बाजारों की सुरक्षा के लिए रात में पुलिस गश्त व पिकेट ड्यूटी बढ़ाने, बैंक, एटीएम के आसपास निरंतर संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की जांच करने के लिए व्यापारियों को आश्वासन दिया। व्यापारियों के प्रति पुलिस के व्यवहार को और बेहतर करने के लिए आश्वस्त किया। सीओ ने कहा कि सुरक्षा को लेकर व्यवसायी प्रतिष्ठानों पर रखे गए गार्डों व चौकीदारों का पुलिस वेरिफिकेशन अवश्य कराएं। बालश्रम न कराने की भी अपील की। चोरी व लूट की रोकथाम के लिए व्यापारियों को प्रतिष्ठानों पर सीसी कैमरा लगवाने को कहा। अग्निसुरक्षा के उपकरणों को संस्थान पर लगाने के निर्देश दिए। प्रशिक्षु सीओ आलोक कुमार सिंह, अग्निशमन अधिकारी संजय जायसवाल, व्यापारी राजेश कुमार रस्तोगी, सूफी सगीर अहमद, अमित श्रीवास्तव, हामिद मंसूरी, ज्ञानचंद, दयाशंकर गुप्ता मौजूद रहे।




पुलिस कार्यालय सभागार में आयोजित गोष्ठी में मौजूद सीओ संतोष कुमार व व्यापारी • जागरण

# साइबर अपराध की दी गई जानकारी

श्रावस्ती। क्षेत्राधिकारी यातायात आलोक कुमार सिंह व साइबर क्राइम थाना चन्द्रहास मिश्रा की ओर से साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को टीम ने सिरसिया थाने के बनवारी देवी अशोक कुमार महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उपस्थित करीब 550 एनसीसी कैडेट्स को साइबर अपराधों के खतरों के बारे में बताया गया। सीओ ने विशेष रूप से साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में जानकारी दी। जो कि साइबर अपराध की शिकायत दर्ज करने के लिए उपयोगी है। इस हेल्पलाइन का प्रयोग करके आम जनता किसी भी साइबर धोखाधड़ी की त्वरित सूचना देकर मदद प्राप्त कर सकती है।

# व्यापारियों के संग पुलिस ने की बैठक

श्रावस्ती। क्षेत्राधिकारी नगर संतोष कुमार ने पुलिस कार्यालय सभागार में जिले के प्रमुख व्यवसायियों के साथ बैठक की। जिसमें सर्राफा, पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी एवं भट्ठा स्वामियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था तथा उनकी समस्याओं के निराकरण की जानकारी दी। क्षेत्राधिकारी ने सभी व्यापारियों का परिचय प्राप्त किया और प्रमुख समस्याओं के बारे में जानकारी ली। सीओ ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी व्यवसायियों से गार्डों व चौकीदारों का पुलिस वेरिफिकेशन कराने तथा बाल श्रम न कराने की अपील की। इस दौरान पुलिस उपाधिक्षक (प्रशिक्षु) आलोक कुमार सिंह, अग्निशमन अधिकारी संजय जायसवाल, सूफी सकीर अहमद, अमित श्रीवास्तव, हामिद मंसूरी, ज्ञानचंद आदि मौजूद रहे।

# तीन वारंटी गिरफ्तार किए गए

श्रावस्ती। वारंटियों के विरुद्ध पुलिस की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत न्यायालय से तीन लोगों के खिलाफ वारंट जारी किया गया था। इन वारंटियों में मारपीट, चोरी, आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम व वन अधिनियत तथा एनडीपीएस एक्ट जैसे मामलों के अपराधी शामिल हैं। सभी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# 51 वाहनों का चालान व 62 हजार 500 जुर्माना

श्रावस्ती। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पुलिस की ओर से चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न स्थानों पर बैरियर व चेक पोस्ट लगाकर चेकिंग की गई। वाहनों की चेकिंग की दौरान 51 वाहनों का मोटर ई-चालान कर 62 हजार 500 रुपए का शमन किया गया।

# चोरी के तीन दोषियों पर 15-15 सौ का जुर्माना

श्रावस्ती। चोरी मामले के तीन दोषियों पर न्यायालय की ओर से 15-15 सौ रुपये का जुर्माना लगाया गया। कोतवाली भिनगा में वर्ष 2002 में क्षेत्र के पुरैनी गांव निवासी विद्यासागर पुत्र राममिलन, जीवन कुम्हार पुत्र मंगल व भुसौली यादव पुत्र जगाऊ के विरुद्ध इंजन चोरी के आरोप में चोरी का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने विवेचना पूरी की और आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। मामले की सुनवाई न्यायालय में चल रही थी।

# अभियान चलाकर लोगों को किया जागरूक

श्रावस्ती। यातायात प्रभारी मोहम्मद शमीम की ओर से यातायात पुलिस टीम के साथ सड़क सुरक्षा को लेकर मंगलवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात पुलिस ने स्कूली वाहनों को रोककर उनकी जांच की।

## छह वारंटी गिरफ्तार

**इकौना (श्रावस्ती)।** इकौना पुलिस ने बुधवार क्षेत्र भ्रमण के दौरान छह वारंटियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार पासी पुरवा निवासी सूबेदार, संचित यादव, राजकुमार उर्फ कुंवारे, मुबारक नगर निवासी अकील, मदारा निवासी बेनी माधव मिश्रा व चंद्रदेव यादव के विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर संबंधित न्यायालय के सुपुर्द कर दिया है। (संवाद)

# बेहतर स्वास्थ्य व सुरक्षा भी जरूरी

## अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** स्वर्गीय चौधरी श्यामता प्रसाद महिला महाविद्यालय खरगौरा बस्ती कटरा में अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से बुधवार को अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शिम्मी तिवारी ने की।

प्राचार्य ने कहा कि शिक्षा के साथ ही बेहतर स्वास्थ्य व सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने छात्राओं को अपनी देखभाल व उचित शिक्षा प्राप्त करने के साथ ही सही उम्र में विवाह करने की सलाह दी। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. वंदना मिश्रा ने कन्या भ्रूण हत्या रोकने, परिवार नियोजन व स्वच्छता अपनाने, नियमित टीकाकरण, गर्भधात्री महिलाओं व बच्चों को पौष्टिक व पोषक आहार दिलाने व बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की बात कहीं।

महिला थाना प्रभारी पुष्पलता ने महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस की ओर से उठाए जाने वाले कदमों के बारे में जानकारी दी। स्टाफ नर्स प्रियंका ने कहा कि गर्भधारण की जानकारी के बाद अपने एएनएम व आशा के संपर्क में रह कर नियमित टीकाकरण व उचित सलाह लेना चाहिए। शिक्षिका डॉ. संज्ञा सिंह ने कन्या भ्रूण हत्या को जघन्य पाप बताते हुए बचने की सलाह दी। शिक्षिका रुचि वर्मा ने बाल विवाह से दूर रहने, गीता चौधरी ने बेटा-बेटी में फर्क न करने व शैनलता द्विवेदी ने शिक्षा के साथ ही स्वास्थ्य का ध्यान रखने की सलाह दी।

महिला आरक्षी सुषमा सिंह ने पुलिस के टोल फ्री नंबर, मिशन शक्ति अभियान व पूजा तिवारी ने महिलाओं व बच्चियों के हित में संचालित योजनाओं की जानकारी दी। सरिता जायसवाल ने महिला सुरक्षा से संबंधित टिप्स देते हुए उसका अभ्यास भी कराया। इस दौरान छात्रा कोमल, लक्ष्मी जायसवाल, चांदनी तिवारी, अनुष्का व अंजनी ने महिलाओं से संबंधित बीमारियों व सुरक्षा के बारे में सवाल पूछे। मौजूद चिकित्सक व थाना प्रभारी ने उनके उत्तर दिए। छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच हुई। कार्यक्रम में करीब 250 छात्राएं मौजूद रहीं।



स्वर्गीय श्यामता प्रसाद महिला महाविद्यालय में आयोजित अपराजिता कार्यक्रम के दौरान मौजूद पुलिस, चिकित्सक, शिक्षिकाएं व छात्राएं। संवाद

# बाजार की सुरक्षा के लिए रात में बढ़ेगी पुलिस गश्त

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** व्यापारियों की सुरक्षा व समस्याओं के निराकरण के लिए बुधवार को पुलिस कार्यालय सभागार में सीओ नगर संतोष कुमार की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन हुआ। गोष्ठी में सीओ ने व्यापारियों से उनके क्षेत्र में आ रहीं समस्याओं की जानकारी ली।

व्यापारियों ने यातायात, अतिक्रमण, टैक्सी व बस स्टैंड न होने के साथ ही थानों व चौकियों में निरंतर बैठक न होने की जानकारी दी। सीओ ने भीड़ वाले थानों, बाजारों व कस्बों में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने, अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाने, बाजारों की सुरक्षा के लिए रात में पुलिस गश्त, पिकेट बढ़ाने, बैंक, एटीएम के आसपास निरंतर जांच करने तथा व्यापारियों की समस्याएं दूर करने के लिए थानों व चौकियों में मासिक गोष्ठी कराने का आश्वासन दिया। सीओ ने व्यापारियों से गार्ड व चौकीदारों का पुलिस वेरिफिकेशन कराने, सीसीटीवी कैमरे लगवाने और बालश्रम न कराने की अपील भी की। इस दौरान सीओ आलोक सिंह, एफएसओ संजय जायसवाल सहित काफी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## शहर के व्यापारियों के साथ पुलिस ने की गोष्ठी

## अतिक्रमण, टैक्सी व बस स्टैंड का मुद्दा उठा

## हुई कार्रवाई

**श्रावस्ती।** पुलिस ने मंगलवार रात आठ लोगों को शांतिभंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया। उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया है। (संवाद)

# ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के लिए सतर्कता जरूरी

**श्रावस्ती।** सिरसिया के बनवारी देवी अशोक कुमार महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम बुधवार को सीओ यातायात आलोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना चंद्रहास मिश्रा ने मौजूद एनसीसी कैडेट्स को साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं के बारे में बता कर उससे बचने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के लिए सतर्कता जरूरी है। कहा, आप सभी को साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी होनी चाहिए, ताकि साइबर क्राइम होने पर शिकायत दर्ज की जा सके। इस दौरान कैडेटों को फिशिंग, ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी व सोशल मीडिया हैकिंग के बारे में बताया गया। लोग अपने व्यक्तिगत और वित्तीय डाटा को कैसे सुरक्षित रखें, इसकी जानकारी भी दी गई। इस दौरान काफी संख्या में एनसीसी कैडेट्स मौजूद रहे। (संवाद)

# घायल मिली अज्ञात महिला

**श्रावस्ती।** थाना क्षेत्र मल्हीपुर के कानी बोझी चौराहे पर मंगलवार देर शाम कुछ लोगों ने एक घायल महिला को देखा, जो बेहोश पड़ी थी। थाना प्रभारी मल्हीपुर जयहरी मिश्रा ने बताया कि महिला की शिनाख्त कराई जा रही है। उसके साथ एक महिला आरक्षी भी है। (संवाद)